# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024



पीएसी परिसर में स्थित सम्मेलन कक्ष में उप्र पुलिस स्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का लोकार्पण/शिलान्यास करते महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव साथ में एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, सीडीओ संजय कुमार मीना व अन्य। फोटो : एसएनबी

# दहेज उत्पीड़न के मामले में केस

पादरी बाजार (एसएनबी)। शाहपुर थानाक्षेत्र के शिवपुर सहवाजगंज मिलन चौक निवासिनी विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए लगातार उत्पीड़न व जान से मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शाहपुर पुलिस बुधवार को शाम केस दर्ज कर मामलें की छानबीन कर रही है।

शाहपुर के शिवपुर सहवाजगंज मिलन चौक निवासिनी पिंकी गौड़ ने शाहपुर पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाई है कि 3 वर्ष पहले उसकी शादी शिवपुर सहवाजगंज निवासी दीपक गौड़ के साथ हुई थी। ससुरालियों द्वारा दहेज में मांगा गया 2 लाख नगद,सीडी डीलक्स वाइक ,सोने का चेन ,अंगूठी सहित आवश्यक सभी घरेलू उपयोग की वस्तुएं माँ द्वारा दिया गया। पति दीपक गौड़, सास शकुन्तला देवी,ननद रिया, आरती,राधा व अनीता द्वारा वार-वार कम दहेज देने व गरीव घर की लड़की का ताना तथा सभी द्वारा मिलकर मारते पीटते हुए प्रताड़ित किया जाता रहा। 5 माह वाद 24 फरवरी को पति स्वजनों के साथ मिलकर मारपीट किया जिससे प्रार्थनी के हाथ व अन्य जगह चोटें आई। प्रार्थिनी द्वारा पादरी वाजार पुलिस चौकी पर सूचना दिया गया।

# बारात में आर्केस्ट्रा बजाने को लेकर मारपीट

बड़हलगंज (एसएनबी)। बड़हलगंज क्षेत्र के जाईपार में शादी समारोह में आर्केस्ट्रा में गाने की फरमाइश को लेकर मारपीट व पथराव में कार का शीशा टूट गया। दो बारातियों को भी चोट लगी।

मंगलवार की रात जाईपार निवासी शिवलाल यादव की पुत्री की शादी थी। देवरिया जनपद के नगरौली गांव से बारात आयी थी। बकील शिवलाल बराती आर्केस्ट्रा की धुन पर डांस कर रहे थे कि इस बीच तिवारीपुर के कुछ लड़के आर्केस्ट्रा में गाने की फरमाइश करने लगे। इस बात को लेकर बरातियों से लड़को का विवाद हो गया। इस बीच पथराव से बारात मे आये कार के आगे शीशा टूट गया। पथराव से दो बरातियों को चोट लगी।

शिवलाल ने 112 पर फोनकर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस के आने के पूर्व खुराफाती फरार हो गये। किसी तरह शादी निपटा कर लड़की की बिदाई हुई। इस संबंध में कोतवाल अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि किसी पक्ष ने तहरीर नही दिया हैं।

# अब हर जिले में साइबर थाना : योगी



लखनऊ (एसएनबी)। लोकभवन में पुलिस विभाग के कार्यक्रम में बुधवार को सीएम योगी ने बताया कि यूपी देश का पहला राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाये गये थे, शेष 57 का आज शुभारंभ हो रहा है। इसके साथ ही सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि नये भारत के नये उत्तर प्रदेश में पुलिसबल के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने का जो काम 2017 से शुरू हुआ है वह तेज गति से जारी है। उन्होंने कहा कि यही प्रदेश था जहां कोई आना नहीं चाहता था।

■ सीएम ने लोकभवन में किया 57 साइबर थानों का शुभारंभ

**सबसे ज्यादा निवेश धरातल पर उतारने वाला प्रदेश बन गया है यूपी :** सीएम योगी ने कहा कि यूपी आज देश का सबसे अग्रणी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। आज हमारा यूपी सर्वाधिक 10 लाख 24 हजार करोड़ रुपए के निवेश को जमीनी धरातल पर उतारने वाला प्रदेश बन चुका है। यूपी के परसेप्शन को बदलने में हमारी पुलिस की बड़ी भूमिका है।

**2310 करोड़ की इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण :** लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2310 करोड़ रुपए से अधिक के 144 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया गया। वहीं 3 थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

**उत्तर प्रदेश में जल्द होगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन :** सीएम ने कहा कि यूपी में जल्द ही स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूपी के अंदर एसडीआरएफ का गठन, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, यूपी में फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, एसएसएफ का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या श्रीरामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है। सीएम योगी ने यूपी पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए।

कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, डीजी साइबर क्राइम सुभाष चंद्र, एडीजी डॉ एन रविन्द्र सहित प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे। इसके अलावा सभी 75 जनपदों के अधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे।

## 12 दिन से क्राइम ब्रांच व दो थाने की पुलिस कर रही आरोपितों की तलाश

# एंबुलेंस माफिया मनोज ने चकमा देकर किया समर्पण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज में मरीजों की दलाली करने वाले एंबुलेंस माफिया मनोज निगम ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय में अर्जी देने के बाद से ही रामगढ़ताल व चिलुआताल थाना पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम कचहरी में उसकी निगरानी कर रही थी, लेकिन वह चकमा देकर हाजिर हो गया। सूचना पर पुलिस ने न्यायालय पहुंचकर बयान दर्ज किया।

## रोगियों की सौदेबाजी करने वाले सरगना की तलाश तेज

### माफिया मनोज के नेपाल जाने और कोर्ट में सरेंडर करने की आशंका

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज के रोगियों की सौदेबाजी करने वाले गिरोह के सरगना मनोज निगम की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। नेपाल भागने की आशंका में भी पुलिस जांच कर रही है। इसके अलावा कोर्ट में सरेंडर करने के लिए आवेदन की अफवाह पर भी पुलिस लगी है। इसके गिरोह



ने संचालक, डाक्टर समेत एक

इसके सात और साथी चल रहे फरार, इनाम घोषित के लिए भेजी गई फाइल

केस दर्ज कर संचालक भाइयों समेत सात को गिरफ्तार किया। अन्य आठ फरार चल रहे हैं। इनके अलावा पुलिस रोगियों को निजी अस्पताल पहुंचाने वाले आटो गिरोह की भी

दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर ●

### एंबुलेंस माफिया ने खुद को बताया चालक

न्यायालय में समर्पण करने वाले मनोज निगम ने खुद को एंबुलेंस चालक बताया, जबकि गोरखपुर के अलावा आसपास के जिलों में उसका नेटवर्क फैला है। पूछताछ के बाद पुलिस मनोज के साथियों व कमीशन लेकर वह जिस अस्पताल में मरीज पहुंचाता था वहां के संचालक पर भी शिकंजा कसेगी।

16 फरवरी को डीएम के निर्देश पर सीएमओ व सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस टीम के साथ पैड़लेगंज स्थित ईशु अस्पताल में छापा डालकर जांच की। इस दौरान पांच मरीज मिले, जिन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज से अच्छे उपचार का झांसा देकर लाया गया था। एक मरीज की मृत्यु हो चुकी थी, लेकिन उसे जिंदा बताकर वेंटीलेटर पर रखा गया था। मरीजों को बीआरडी मेडिकल कालेज में शिफ्ट करने के बाद सीएमओ ने ईशु हास्पिटल को सील कर दिया। मरीजों से पूछताछ व जांच के बाद एडिशनल सीएमओ डा. अनिल कुमार सिंह ने संचालक, डाक्टर सहित 10 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

इसमें आठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचना में दो लोगों का नाम बढ़ाया गया। अस्पताल संचालक रेनू यादव के साथ ही झुंगिया का रहने वाला एंबुलेंस माफिया मनोज निगम, अजय और अजीत फरार चल रहे थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि एंबुलेंस संचालक मनोज निगम की अहम भूमिका है, तो उसकी तलाश तेज कर दी गई। इस बीच उसने शुक्रवार को न्यायालय में समर्पण की अर्जी दे दी। सादे कपड़ों में पुलिस उसकी धर पकड़ के लिए कचहरी में सक्रिय हो गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि फरार चल रहे अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है। मनोज निगम को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ करेगी। आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने के साथ ही अपराध से अर्जित उसकी संपत्ति भी जब्त कराई जाएगी।

# हाथ मलती रही पुलिस, मास्टरमाइंड मनोज ने किया कोर्ट में सरेंडर

## मेडिकल कालेज से मरीजों को नर्सिंग होम में सप्लाई करने का मामला

■ ईशू व यूनिवर्सल हास्पिटल में छापेमारी के बाद खुला था राज

■ मनोज झुगिया में आलीशान बनाया है मकान, कई जगहों पर खरीदा है प्लाट

गोरखपुर (एसएनबी)। एक सप्ताह पूर्व बीआरडी मेडिकल कालेज से मरीजों व तीमारदारों को मोटी रकम कमाने के लिए वार्ड ब्वाय व कुछ कर्मचारियों के मिलीभगत से नर्सिंग होम में सप्लाई करने वाला पुलिस पकड़ से दूर मास्टर माइंड मनोज गुप्ता निवासी झुंगिया थाना चिलुआताल ने मंगलवार को दिवानी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। चिलुआताल, रामगढ़ता थाने में मनोज वांटेड था। मेडिकल कालेज से नर्सिंग होम में मरीज भर्ती कराने के खेल में शामिल मेडिकल कालेज के वार्ड ब्वाय सहित सात को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

बीआरडी मेडिकल कालेज में दूर दराज से इलाज कराने के लिए पहुंचने वाले मरीजों व तीमारदारों को गुमराह कर कर्मचारी और वाहरी दलालों की मिलीभगत से नर्सिंग होम में भर्ती कराने का गंदा धंधा पुराना है। कर्मचारी मोटी रकम कमाने के लिए मरीजों व तीमारदारों को अपने जाल में फंसाकर एम्बुलेंस के दलालों के जरिये नर्सिंग होम में भर्ती कराते थे। इस बात का खुलासा तव हुआ जब पिछले दिनों रामगढ़ताल इलाके के इशू नर्सिंग होम में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त छापेमारी के वाद स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली और तावड़तोड़ छापेमारी शुरू हो गयी।

इसके वाद पुलिस को मिले साक्ष्य के आधार पर चिलुआताल इलाके के झुगिया स्थित यूनिवर्सल हास्पिटल में स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी किया, पता चला कि विना चिकित्सक के छह माह से मेडिकल कालेज के वार्ड व्वाय उमेश कुमार व उसके भाई मिलकर यूनिवर्सल हास्पिटल में मरीज भर्ती कर रहे हैं। पुलिस टीम ने मेडिकल कालेज के तीन वार्ड व्वाय सहित सात दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस धंधे में संलिप्त दो सिपाहियों पर भी गाज गिर चुकी है।

पुलिस की जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि मेडिकल कालेज के संविदा वार्ड व्वाय उमेश कुमार और उसका फरार भाई उमेश यूनिवर्सल हास्पिटल का संचलान करता था। । उमेश कुमार ने मेडिकल कालेज के वार्ड व्वाय महेन्द्र और वार्ड व्वाय दीनदयाल समेत अन्य की मिलीभगत से मेडिकल कालेज में पहुंचने वाले मरीजों को यह वताते थे कि मेडिकल कालेज में इलाज करने का चिकित्सक नहीं है लिहाजा वेहतर इलाज के लिए यूनिवर्सल हास्पिटल जाएं वरना मरीज की जान जा सकती है। नर्सिंगहोम में जाने को हामी भरते ही मो. असलम और एम्बुलेंस मुहैया कराने वाला विचौलिया सहनवाज के जरिये मरीज को रोजाना यूनिवर्सल अस्पताल के अलावा अन्य नर्सिंग होम में भर्ती कराते थे।

जानकारों का कहना है कि मनोज गुप्ता मेडिकल कालेज के सामने सब्जी वेचने का काम करता था। गेट के सामने रहने के दौरान उसने मेडिकल कालेज से मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को भर्ती कराने के वदले मोटी रकम कमाने लगा। फिर वाद वह एम्बुलेंस खरीद कर उससे मरीजों की सप्लाई करता था। गत दिनों मनोज के खिलाफ रामगढ़ताल और चिलुआताल पुलिस ने मनोज के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस उसे पकड़ने में सुस्ती दिखायी जिससे वह कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

# विवादित भूमि पर रख दी प्रतिमा, पुलिस ने हटवाया

घघसरा : नगर पंचायत घघसरा के वार्ड नंबर एक बिजौवा में बुधवार को बैनामा की भूमि से पुलिस ने बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को हटवाकर विवाद खत्म कराया। बिजौवा में खाली पड़ी चार डिसमिल भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद है। मंगलवार की रात चबूतरे पर कुछ लोगों ने डा.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा रख दी। एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिमा हटवा दी। (जासं)

# हत्या के मामले में चार को आजीवन कारावास

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट संतोष कुमार गौतम ने बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी अभियुक्त बुद्धिसागर उर्फ बबलू शुक्ला, रामसागर शुक्ला, पप्पू पासी व ज्ञानमती उर्फ ज्ञानती को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार का कहना था कि वादी गुलाब पासी बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव का निवासी है। घटना पांच अप्रैल, 2014 की है। वादी के परिवार की औरतें फसल काटकर घर वापस आ रही थीं। बुद्धिसागर के घर के पास उसका बेटा शुभम अश्लील भाषा का प्रयोग करने लगा। औरतों के मना करने पर गाली देते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इसके बाद अभियुक्तगण एक राय होकर टूट पड़े।

शोर सुन वादी के परिवार के अन्य लोग मौके पर आए तो अभियुक्तगण ने रिवाल्वर, पिस्टल, कट्टा व लाठी डंडा से लैस होकर वादी के परिवार के ऊपर हमला कर दिया और फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में वादी के भाई सुमेर की गोली लगने से मौके पर मृत्यु हो गई और गांव का गिरजेश गोली लगने से घायल हो गया।

उपचार के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

# कहासुनी के दौरान युवक ने कुदाल से किया हमला

भीटी रावत : सहजनवां के भीटी रावत टोला भरपुरवा में कहासुनी से नाराज युवक ने विजय पर कुदाल से हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार को पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। विजय ने बताया कि वह मजदूरी करता है। मंगलवार की सुबह सहजनवां थाने के बगल में श्रमिक मंडी गया था। काम को लेकर गांव के ही युवक से कहासुनी होने लगी। नाराज होकर उसने कुदाल के पासे से कंधे और सिर पर हमला कर दिया। (जास)

# जानलेवा हमला करने वाले चार पर मुकदमा दर्ज

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के गगड़ा गांव के रामचंद्र मौर्या ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि बेटा शत्रुघ्न व नीरज घर के पास खड़े थे। इसी दौरान गांव के माधव, सूरज, सतेंद्र और शीला रंजिश में गाली देने लगे। बेटों ने मना किया तो आरोपितों ने मुझे और पुत्र शत्रुघ्न व नीरज को पीटकर घायल कर दिया। गंभीर चोट लगने से एक बेटा बेहोश हो गया था। उसे डाक्टर ने पीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने चारों के विरुद्ध जानलेवा हमला, मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# क्लिनिक संचालक पर छेड़खानी का आरोप, तोड़फोड़

जासं, गोरखपुर : एम्स के सोनबरसा बाजार में बुधवार की शाम क्लिनिक पर बेटी का उपचार कराने पहुंची मां ने डाक्टर पर छेड़खानी का आरोप लगाकर हंगामा किया। महिला की सूचना पर पहुंचे लोगों ने क्लिनिक में तोड़फोड़ की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं क्लिनिक संचालक का कहना है कि दवा और उपचार के रुपये मांगने पर महिला झूठे आरोप लगा रही है।

पिपराइच क्षेत्र की रहने वाली महिला शाम साढ़े पांच बजे बेटी के पैर में मोच का उपचार कराने के लिए क्लिनिक पर पहुंची थी। महिला द्वारा लाए गए एक्सरे को देखने के बाद डाक्टर ने उपचार करते हुए दवा दी। आरोप है कि डाक्टर ने उपचार के बहाने कमरे में ले जाकर किशोरी के साथ छेड़खानी की। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर महिला से तहरीर देने को कहा।

# छात्रा की हालत नाजुक डॉक्टरों ने किया रेफर

छात्रा का हाल जानने के लिए पूरे दिन स्कूल के शिक्षक व शुभचिंतको का लगा रहा तांता

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Feb):** सीबीएसई इंटर केमिस्ट्री की परीक्षा देने के बाद मंगलवार को छत से कूदकर जान देने का प्रयास करने वाली छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई है. गोरखनाथ स्थित अस्पताल में भर्ती छात्रा बुधवार देर शाम तक कोमा में थी. इस दौरान बीच-बीच में उसके हाथ-पैर में हरकत देखी गई. घटना के 32 घंटे बाद भी छात्रा के होश में नहीं आने के कारण स्वजन परेशान दिखे. स्थिति में सुधार न होने पर अस्पताल के चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया. शाम लगभग 7:30 बजे स्वजन उसे लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गए.

## मामूली सा सुधार हुआ था

घायल छात्रा का हाल जानने के लिए पूरे दिन स्कूल के शिक्षकों से लेकर शुभचिंतकों का अस्पताल में तांता लगा रहा. पूर्वोत्तर रेलवे में गार्ड छात्रा के पिता ने बताया कि बुधवार को बेटी की हालत में मामूली सुधार हुआ. हाथ-पैर में हरकत हो रही है. उन्होंने बताया कि रेलवे अस्पताल के डॉ.नंदकिशोर ने हास्पिटल पहुंचकर छात्रा की स्थिति देखी. उन्होंने बेहतर इलाज के लिए लखनऊ लेकर जाने की सलाह दी है. हम लोग बिटिया को लेकर लखनऊ जा रहे हैं.




**32** घंटे बाद भी छात्रा के होश में नहीं आने के कारण स्वजन परेशान दिखे. स्थिति में सुधार न होने पर अस्पताल के चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया. शाम लगभग 7:30 बजे स्वजन उसे लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गए.

## यह है पूरा मामला

मंगलवार को सीबीएसई इंटरमीडिएट केमिस्ट्री की परीक्षा थी. जेपी एजुकेशन एकेडमी में दोपहर डेढ़ बजे के करीब परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी जब कापियां जमा कर केंद्र से बाहर निकल रहे थे, उसी दौरान परीक्षा देने आई बिछिया इलाके के निधि आइडियल पब्लिक स्कूल की छात्रा ने हाथ की नस काटने के साथ ही भवन की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी. घटना के बाद जेपी एजुकेशन एकेडमी के निदेशक डॉ.सलिल कुमार श्रीवास्तव ने उसे आनंदलोक अस्पताल में भर्ती कराया था.

# ‘सुरक्षा’ के नहीं कोई इंतजाम ‘हथेली पर जान’ लेकर काम

### चौरीचौरा एरिया में हुई घटना के बाद भी नहीं चेत रहा बिजली निगम

**GORAKHPUR (28 Feb):** सीतापुर निवासी बलवंत यादव, मोबिन अहमद के घर का आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. कम उम्र में ही परिवार की हालत को ठीक करने के लिए कमाने निकल पड़े. ये प्राइवेट फर्म में इन्होंने बिजली का काम शुरू कर दिया, जिससे अब परिवार चल रहा है. पेट की खातिर बिना सेफ्टी इक्विपमेंट्स के ही खंभे पर चढ़कर काम शुरू कर दे रहे हैं. वह यह भी नहीं सोचते हैं कि ऐसा करने से उनकी जान को खतरा है. मगर पापी पेट जो न करवाए. अभी हाल में ही चौरीचौरा खंड के पलिया उपकेंद्र एरिया में करंट से कई कर्मियों के हाथ बुरी तरह से झुलस गए. आलम यह है कि अब वह कुछ दिनों तक कार्य करने में असमर्थ हैं. परिवार वाले भी चिंता में हैं कि अब आगे क्या होगा. यही कमाने वाले थे, अब घर का खर्च कैसे चलेगा.

## बिना सुरक्षा उपकरण काम

हर महीने कंज्यूमर्स से करोड़ों रुपए का बिजली बिल वसूल करने वाले बिजली निगम के जिम्मेदार की लापरवाही कर्मियों के लिए जानलेवा साबित हो रही है. मैनपॉवर की सप्लाई करने वाली फर्म बिना सुरक्षा किट के बिजली खंभों पर चढ़ाकर काम करवा रहे हैं. सुरक्षा किट के अभाव में पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही है. काम कराने वाली फर्म इन कर्मियों को जान से खिलवाड़ करते हुए कोई उपकरण नहीं उपलब्ध करा रही हैं.

i CONCERN



## दुर्घटना का हो रहे शिकार

जिले में बिजली निगम में प्राइवेट फर्म लाइन मेंटनेंस, क्षमता वृद्धि और खंभों को लगाने का कार्य कर रही है. कर्मी बिना सुरक्षा उपकरणों के चढ़कर काम करने को विवश हैं. सुरक्षा के अभाव में अक्सर कर्मी किसी न किसी दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं. लेकिन संस्थाएं बिजली निगम संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मियों के भरोसे ही संचालित हो रही हैं. गोरखपुर जिले में तीन सर्किल हैं.

## बिना सेफ्टी पोल पर नहीं चढ़ना है

नियमानुसार सुरक्षा उपकरण के साथ ही लाइनमैन बिजली के पोल पर चढ़ सकता है. लेकिन कंपनी के ठेकेदार की ओर से कर्मियों को बिना सुरक्षा उपकरण के ही कार्य करा रहे हैं. इतना ही नहीं कोई भी बड़ा छोटा फॉल्ट आने पर इन्हीं कर्मियों से लाइन को दुरुस्त करवाया जाता है. ऐसे में बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य करने पर घटनाएं होती रहती हैं.

## नहीं दी गई नोटिस

चौरीचौरा एरिया के पलिया में जुगाड़ के शटडाउन के बीच बिजली आने से 18 फरवरी को झुलसे पांच कर्मचारियों से काम कराने वाली भदोही जिले के दुर्गागंज की संकट मोचन इलेक्ट्रिकल्स को नोटिस तक नहीं दी गई है, जबकि सभी कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण काम कर रहे थे. इसकी पुष्टि के बाद भी अभियंता आंख बंद किए बैठे हैं. कार्यदायी संस्था ने स्थानीय हाइडा संचालक भोला को काम दिया है.



“बिना सुरक्षा उपकरणों के प्राइवेट फर्म अपने कर्मियों से काम करना रही है तो गलत है. इसकी जांच कराई जाएगी. जांच की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई की जाएगी.

**आशु कालिया,** चीफ इंजीनियर गोरखपुर प्रथम जोन

## ये 18 प्रकार के सुरक्षा उपकरण

- हेलमेट
- सेफ्टी बेल्ट
- अर्थ चेन
- कटिंग प्लायर
- ग्लव्स
- सीढ़ी
- रस्सा
- पैनपुली ब्लॉक
- फर्स्ट एड बॉक्स
- टेस्टर
- स्पेनर सेट
- वर्दी
- आईडी कार्ड
- शूज
- टॉर्च
- स्क्रू ड्राइवर
- अर्थ रॉड
- रेन कोट

## हो चुकी हैं घटनाएं

16 फरवरी 2024 चौरीचौरा के पलिया में करंट लगने से पांच कर्मी झुलसे.

09 सितंबर 2023 गगहा परिया में संविदा कर्मी के सहयोग से राजन कार्य कर रहा था. करंट लगने से उसकी मौत गई थी.

29 मई 2023 भटहट विकास खंड के जंगल डुमरी में फाल्ट ठीक करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया. लापरवाही पर केस दर्ज.

14 अगस्त 2020 फोन पर गलत शटडाउन देने से राप्तीनगर में एक प्राइवेट कर्मी की करंट लगने से मौत.

# आंबेडकर की मूर्ति रखने पर विवाद, पुलिस ने हटवाया



घघसरा नगर पंचायत के विजौवा वार्ड में मूर्ति रखने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम।

घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक विजौवा में दूसरे की जमीन पर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा रखने को लेकर विवाद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रतिमा को हटवाकर मामला शांत कराया। बुधवार की सुबह दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर हिदायत दी। गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात कर दी गई है।

सहजनवा के विजौवा में रिहुआखोर निवासी कृष्णमुरारी सिंह समेत 14 काश्तकारों की 15 डिसमिल भूमि है। उसमें विजौवा गांव के ओम प्रकाश यादव ने 10 डिसमिल का बैनामा कराया है। उसी भूमि पर मंगलवार की रात लोगों ने आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। जानकारी बुधवार की सुबह ओम प्रकाश यादव को हुई। आपत्ति जताई तो विवाद शुरु हो गया।

सूचना मिलते ही सीओ गीडा अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, एसओ मदन मोहन मिश्र, चौकी प्रभारी अवधेश पांडेय, चेयरमैन प्रभाकर दुबे मौके पर पहुंच गए। तत्काल प्रतिमा को हटवाकर दोनों पक्षों

- नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक विजौवा मोहल्ले का मामला
- दूसरे की जमीन पर स्थापित कर दी प्रतिमा लोगों ने किया विरोध

को थाने बुला लिया। ओम प्रकाश ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पत्नी विद्यावती के नाम से जमीन खरीदी है। उसी भूमि पर जबरिया प्रतिमा स्थापित कर दी गई।

उधर विजौवा निवासी उर्मिला ने कहा कि दो साल पूर्व कृष्ण मुरारी सिंह ने जमीन देकर आंबेडकर पार्क बनाकर प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि दी थी। लेकिन भूमि का बैनामा हो गया है। मामले की जानकारी पाकर एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव भी पहुंचे। ग्रामीणों से प्रकरण की जानकारी ली। सीओ गीडा अनुराग सिंह ने बताया कि प्रतिमा दूसरे की जमीन में स्थापित करने की सूचना मिली थी। उसे हटवा कर गांव में फोर्स तैनात की गई है।

# छात्रों की फीस के 30 लाख हड़पे

गोरखपुर। घर से दूर परदेस में पढ़ रहे छात्रों के कोचिंग सेंटर और कॉलेजों से एग्रीमेंट करके फीस जमा कराने वाली कंपनी के कर्मचारी ने फीस के 30 लाख 45 हजार 340 रुपये का गबन कर लिया। फीस नहीं जमा होने पर इसकी जानकारी कंपनी के अधिकारियों को हुई। जांच के बाद कंपनी के अधिकारी ने दूरदर्शन कॉलोनी निवासी कर्मचारी ऋषभ मिश्रा के खिलाफ कैंट थाने में जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है।

# डॉक्टर पर छेड़खानी का आरोप, क्लिनिक में तोड़फोड़

सोनबरसा/ चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। एम्स क्षेत्र के सोनबरसा बाजार में बुधवार की शाम क्लिनिक पर बेटी का उपचार कराने पहुंची मां ने डॉक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर हंगामा किया। महिला की सूचना पर पहुंचे लोगों ने क्लिनिक में तोड़फोड़ की। पुलिस जांच में जुटी है। क्लिनिक संचालक का कहना है दवा के पैसे मांगने पर महिला ने झूठा आरोप लगाया।

पिपराइच इलाके की रहने वाली एक महिला बुधवार की शाम साढ़े पांच बजे अपनी बेटी के पैर में मोच का उपचार कराने सोनबरसा में क्लिनिक पर पहुंची। महिला एक्सरे भी लेकर आई थी। डॉक्टर ने एक्सरे ने देखा। इसके बाद दवा दी। डॉक्टर ने उपचार करने के बाद पांच सौ रुपये मांगे।

आरोप है कि इसके बाद महिला ने बेटी संग छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उसने गांव के कुछ लोगों को बुला लिया। वहां पहुंचे लोगों ने क्लिनिक में तोड़फोड़ शुरू कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। महिला से तहरीर देने को कहा।

## बाइक सवारों ने लूट ली आशा कार्यकर्त्री की चेन

भटहट। पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम सोहसा गांव की आशा कार्यकर्त्री नन्दनी की चेन लूटकर बाइक सवार बदमाश भाग गए। सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की करतूत कैद हो गई है। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। बुधवार की दोपहर में नन्दनी पिपराइच-बरगदही मार्ग पर हॉकर से रसोई गैस ले रही थी। तभी बाइक सवार दो युवक पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर चेन लूट ली।

# हत्या के दोषियों को आजीवन कैद

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) संतोष कुमार गौतम ने बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी अभियुक्त बुद्धिसागर उर्फ बबलू शुक्ला, रामसागर शुक्ला, पप्पू पासी व ज्ञानमती उर्फ ज्ञानती को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमित पांडेय का कहना था कि वादी गुलाब पासी बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव का निवासी है।

घटना 5 अप्रैल 2014 को समय करीब 5.30 बजे की है। वादी के परिवार की औरतें फसल काटकर घर वापस आ रही थीं। जैसे ही बुद्धिसागर के घर के पास से गुजरी तो बुद्धिसागर का लड़का शुभम अश्लील भाषा का प्रयोग करने लगा। वादी के परिवार की औरतों के मना करने पर गाली देते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। अभियुक्तगण एक राय होकर टूट पड़े। अभियुक्तगण रिवाल्वर, पिस्टल, कट्टा व लाठी डंडा से लैस होकर वादी के परिवार के ऊपर हमला कर दिए और फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में वादी के भाई सुमेर की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। गांव का गिरजेश घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने फैसला सुनाया।

# आरोपियों की तलाश अब एसओजी भी करेगी

**फॉलोअप**

- स्टॉम्प फर्जीवाड़े में जेल जा चुका है मुख्य आरोपी
- 17 संदिग्धों की पुलिस की एसआईटी को तलाश

गोरखपुर, निज संवाददाता। फर्जी स्टाम्प प्रकरण में पुलिस की जांच जारी है। एसआईटी प्रभारी की अगुवाई में पूर्व में चिन्हित किए गए 17 लोगों की भूमिका को लेकर टीम सबूत जुटा रही है। इस मामले में शामिल लोगों की तलाश एसओजी भी करेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फर्जीवाड़ा में शामिल आरोपियों पर जल्द ही शिकंजा कसेगा।

बीते 10 जनवरी को हुमायूंपुर दक्षिणी, दुर्गाबाड़ी रोड निवासी राजेश मोहन ने कैंट थाना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने सहायक महानिरीक्षक निबंधन के कार्यालय में 28 फरवरी 2023 को ऑनलाइन आवेदन द्वारा भारतीय कोर्ट फीस 53 हजार का स्टाम्प रिफंड के लिए आवेदन किया था। बाद मालूम हुआ कि स्टांप ही फर्जी है। कुल तीन हजार का स्टाम्प ही सही पाया गया।

# कचहरी का चक्कर काटती रही पुलिस, जेल गया मनोज

**फॉलोअप**

गोरखपुर, निज संवाददाता। बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज के मरीजों को नर्सिंग होम में भेजकर रुपये कमाने के आरोपी मनोज निगम ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उसके कोर्ट में अर्जी देने के बाद सादे कपड़ों में पुलिस कचहरी का चक्कर लगाती रही। वह चकमा देकर न्यायालय में हाजिर हो गया। उसके जेल पहुंचने की जानकारी होने पर विवेचकों ने बयान दर्ज किया। उसने खुद को महज एम्बुलेंस संचालक बताते हुए कुछ जानकारी पुलिस को



दी है। उसकी जांच चल रही है।

बीते 16 फरवरी को डीएम के निर्देश पर सीएमओ और सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस टीम संग रामगढ़ताल क्षेत्र के

> बीआरडी के मरीजों को नर्सिंग होम में भेजकर रुपये कमाने के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अभी जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।
>
> - डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

पैडलेगंज स्थिति ईशु अस्पताल में जांच की। इस दौरान एक मृत व्यक्ति का वेंटीलेटर पर उपचार चल रहा था। इस मामले में छानबीन के दौरान बीआरडी मेडिकल कॉलेज के मरीजों के तीमारदारों को सरकारी व्यवस्था खराब होने का हवाला देकर नर्सिंग होमों में भेजने की बात सामने आई।

इस मामले में अस्पताल संचालक, डॉक्टर सहित 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया। दो अन्य अभियुक्तों के नाम जांच में सामने आए। पुलिस ने इस मामले में कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भिजवा दिया।

अस्पताल संचालक की पत्नी रेनू, मनोज निगम, अजय और अजीत की तलाश जारी रही। पुलिस की जांच में सामने आया कि एंबुलेंस संचालक मनोज निगम की अहम भूमिका है तो उसकी तलाश तेज कर दी गई। इस बीच उसने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर करने की अर्जी दे दी। सादे कपड़ों में पुलिस उसकी धरपकड़ के लिए कचहरी में सक्रिय हो गई। लेकिन उसने पुलिस को चकमा देकर सरेंडर कर दिया।

इसकी जानकारी होने पर विवचेकों ने जेल पहुंचकर उसका बयान दर्ज किया। मनोज के खिलाफ चिलुआताल और रामगढ़ताल थानों में केस दर्ज है। फिलहाल मरीज माफिया मनोज की चालाकी और पुलिस के सतर्कता के दावे की चर्चा गरम है।

# पीएसी महिला वाहिनी के भवन का हुआ शिलान्यास



लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास के बाद 26 वाहिनी पीएसी बिछिया में मौके पर शिलान्यास करते मेयर डॉ मंगलेश, एसएसपी डॉ गौरव व अन्य।

गोरखपुर, निज संवाददाता। जिले में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल दूसरी वाहनीं और महिला पीएसी वाहिनी के आवासीय और अनावासीय भवनों का बुधवार को वर्चुअल शिलान्यास हुआ। लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम से 26वीं वाहिनी पीएसी बिछिया के सम्मलेन कक्ष में मौजूद जनप्रतिनिधि और अधिकारी सीधे जुड़े। प्रसारण के बाद मेयर ने निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी।

इस मौके पर सीडीओ संजय कुमार मीणा, एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर, पीएसी 26 वाहिनी के कमांडेंट आनंद कुमार, विशेष सुरक्षा बल के कमांडेंट देवेंद्र भूषण, सांसद प्रतिनिधि समरेंद्र विक्रम, विधायक प्रतिनिधि प्रभाशंकर, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन अरविंद सिंह, एई स्वप्निल चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा भवनों का निर्माण जल्द शुरू होगा।

वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री द्वारा राजधानी लखनऊ में लोकभवन में परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले के थानों में पुलिस कर्मियों व अन्य लोगों ने देखा।

# हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद की सजा

**गोरखपुर।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट संतोष कुमार गौतम ने बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी अभियुक्त बुद्धिसागर उर्फ बबलू शुक्ला, रामसागर शुक्ला, पप्पू पासी व ज्ञानमती उर्फ ज्ञानती को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमित पांडेय का कहना था कि वादी गुलाब पासी मलांव का निवासी है। घटना पांच अप्रैल 2014 की समय करीब 5:30 बजे की है। ब्यूरो

**अदालत से**

# चोरी के आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर।** चोरी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने खोराबार थाना क्षेत्र के रामपुर उर्फ रामगढ़ निवासी आरोपी सावित्री पासवान, राजघाट थाना क्षेत्र के हांसूपुर निवासी आरोपी अशोक कुमार वर्मा व अंशु कुमार वर्मा की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

घटना 10 फरवरी 2024 की रात की है। वादी ने आलमारी खोला तो देखा की सभी जेवरात गायब हैं। दौरान विवेचना अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गय। ब्यूरो

# तीन संदिग्धों पर टिकीं निगाहें तलाश में एसओजी भी लगी

## फर्जी स्टांप प्रकरण : मास्टरमाइंड के अलावा नहीं पकड़ा गया कोई और

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। फर्जी स्टांप प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी जल्द से जल्द मामले की तह तक पहुंचना चाहती है। कुछ सदिग्धों से पूछताछ के बाद एसआईटी को इस मामले में फरार चल रहे तीन संदिग्धों पर शक गहरा हो गया है। इसलिए उनकी तलाश में एसओजी को भी लगा दिया गया है। एसआईटी को उम्मीद है कि फरार संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद उसे इस मामले से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लग सकेंगी।

पुलिस ने मंगलवार को देवरिया और महराजगंज के रहने वाले दो स्टांप विक्रेताओं को बुलाकर पूछताछ की, लेकिन उन दोनों ने भी दूसरों की तरह कोई जानकारी न होने का ही बयान दिया। पुलिस कॉल डिटेल की मदद से जांच को आगे बढ़ा रही है। मास्टरमाइंड रविदत्त मिश्रा को पुलिस जेल भिजवा चुकी है। इसके बाद से नेटवर्क में शामिल दूसरे किसी को भी पुलिस अभी दबोच नहीं सकी है। पुलिस का दावा है कि अहम सुराग हाथ लग गए हैं, जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, फर्जी स्टांप का मामला सामने के बाद से ही पुलिस इसकी तह तक जाने के लिए गहराई से जांच कर रही है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पहले जांच को एसआईटी और फिर अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर इसे एसआर केस भी घोषित कर दिया।

एसआईटी को मास्टरमाइंड से पूछताछ और वेंडरों की जांच में जो साक्ष्य अब तक मिले हैं, उसमें 17 लोग संदेह के घेरे में हैं। इसमें वह लोग भी शामिल हैं, जो हो सकता है कि गिरोह में नहीं हैं, लेकिन अनजाने में ही सही ये भी कभी न कभी फर्जी स्टांप का इस्तेमाल किए हैं लेकिन मास्टरमाइंड के मोबाइल नंबर की सीडीआर के बाद से पुलिस की निगाहे तीन लोगों पर टिक गई हैं।

आशंका है कि यही तीन लोग रविदत्त के साथ मिलकर पूरे गिरोह का संचालन कर रहे थे, क्योंकि यह लंबे समय से दुकान भी बंद किए हैं, इस वजह से पुलिस का शक और गहरा गया है। अब इनकी ही तलाश में एसओजी टीम लगी है, ताकि इनसे पूछताछ कर आगे की कड़ी को सामने लाया जा सके।


स्टांप प्रकरण : ट्रेजरी से मिलान करेगी पुलिस, तेज की जांच

संदिग्धों के खरीदे गए स्टांप की जांच करेगी एसआईटी

25 फरवरी को प्रकाशित खबर।

एसआईटी पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है। मदद में पुलिस टीमों को भी लगा दिया गया है। पुलिस जांच व साक्ष्यों के आधार पर ही कार्रवाई को आगे बढ़ा रही है। जो भी लोग इस गिरोह में शामिल हैं, उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। - डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

### मास्टरमाइंड ने भी उगले थे तीन नाम

गिरोह के मास्टरमाइंड रविदत्त मिश्र ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस की पूछताछ में तीन नाम उगले थे। इन तीनों से पूछताछ के बाद ही अन्य लोगों के नाम भी सामने आए थे, लेकिन इनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न होने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं किया। अब पुलिस की जांच में इनके खिलाफ कई सबूत हाथ लगे हैं, जिसके बाद पुलिस इनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिस की चौकसी बेअसर, कोर्ट में हाजिर हुआ मरीज-एंबुलेंस माफिया

## कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा, पुलिस ने दर्ज किया बयान

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** मरीज-एंबुलेंस माफिया गिरोह का सरगना मनोज निगम बुधवार को कोर्ट में हाजिर हो गया। पुलिस की घेराबंदी और दबाव के बीच चकमा देकर कोर्ट में पहुंचे मनोज को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

रामगढ़ताल पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर उसका बयान दर्ज किया है। उसने पुलिस को पूछताछ में कई अहम जानकारियां दी हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है। खबर है कि अब भी गिरोह के तीन सदस्य फरार हैं, जिसकी तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस इनके खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू लेने की कोशिश तेज कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, बीआरडी मेडिकल कॉलेज से मरीजों को बरगला कर ईशु अस्पताल में लाने का खुलासा करने के साथ ही पुलिस ने सात लोगों को जेल भेजा था। इसके बाद पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया तो मेडिकल कॉलेज के सामने यूनिवर्सल हॉस्पिटल में भी इसी तरह का मामला सामने आया और फिर आठ लोग जेल भेजे गए थे। दोनों ही केस में मनोज निगम का नाम सामने आया था।

पुलिस की जांच में पता चला कि यही गिरोह का सरगना है। यह एंबुलेंस चलवाता है और मरीज को नर्सिंग होम तक पहुंचाने का मददगार है। मेडिकल कॉलेज में संचालित होने वाले सभी गिरोहों में मनोज की पैठ है और बिना इसके कोई भी मरीज बाहर आ ही नहीं सकता है। इसकी पुष्टि होने के बाद पुलिस इसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी थी।

पुलिस की ओर से एनबीडब्ल्यू कराने की भी कोशिश की गई, लेकिन इसी बीच इसने हाजिर होने की अर्जी दे दी। इसके नेपाल में भागने की सूचना पर भी पुलिस काम कर रही थी। पुलिस की पूरी कोशिश की थी कि इसकी गिरफ्तारी की जाए, लेकिन चकमा देकर बुधवार को मनोज निगम सीधे कोर्ट में हाजिर हो गया।

### दो दिन से कोर्ट में हाजिर होने के प्रयास में लगा था मनोज


पुलिस वालों पर एक्शन... स्वास्थ्य विभाग में दफन हो जा रहे सारे मामले

26 फरवरी को प्रकाशित खबर।

### तीन दिन से लोकेशन ले रही थी पुलिस लेकिन खा गई गच्चा

पुलिस को तीन दिन पहले ही जानकारी मिल गई थी कि मनोज नेपाल से निकल चुका है, कोर्ट में हाजिर होने के फिराक में है। पुलिस इस सूचना के बाद से ही अपने खुफिया सूत्रों को भी सक्रिय कर दी थी। कचहरी के आसपास पुलिस ने अपनी मौजूदगी बढ़ा दी थी। कोशिश की जा रही थी कि आरोपी मनोज को दबोच लिया जाए, लेकिन वह आखिरी समय में सफल हो गया। वह किस गेट से घुसा इसकी पुलिस को भनक तक नहीं लग पाई। वह सीधे कोर्ट में हाजिर हो गया। हालांकि, यह भी सही है कि पुलिस के दबाव की वजह से ही वह कोर्ट में हाजिर हुआ है।

पुलिस के दबाव की वजह से सरगना मनोज निगम कोर्ट में हाजिर हो गया। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी है, जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

\- डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी



**शुभारंभ : मुख्यमंत्री योगी ने शेष 57 जिलों में की शुरुआत, यूपी इस मामले में पहला राज्य**

# हर जिले में साइबर अपराध थाना

**लखनऊ, प्रसं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारें दंगाइयों की हमदर्द रहीं। इस कारण दंगाइयों के लिए काल कहे जाने वाले पीएसी बलों की कंपनियों को समाप्त करने की कोशिश की गई। वह बुधवार को लोक भवन सभागार में यूपी पुलिस से संबंधित 2310 करोड़ की 144 परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के अवसर पर पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 57 जिलों में साइबर क्राइम थाने के शुरुआत की। इसके साथ ही यूपी देश का पहला राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जिलों में साइबर थाने होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यूपी निवेश का सबसे बड़ा गंतव्य बनकर उभरा है। यूपी पर मां लक्ष्मी की कृपा छप्पर फाड़कर बरस रही है तो इसमें पुलिस का योगदान सबसे अहम है। पिछली सरकारों को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि उस वक्त दंगाइयों को गले लगाया जाता था। हर कोई जानता है कि पीएसी बल दंगाइयों के लिए काल है, मगर पिछली सरकारों ने पीएसी की 54 कंपनियों को ही खत्म कर दिया, जिसे मेरी सरकार ने पुनर्गठित किया। पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए है, आम आदमी के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर क्राइम थाने मंडल मुख्यालय के 18 जिलों में पहले बनाए गए थे, शेष 57 का आज शुभारंभ हो रहा है। इसके साथ ही सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने का जो काम 2017 से शुरू हुआ है वह तेज गति से जारी है। प्रदेश में नए जिले तो बना दिए गए थे मगर पुलिस लाइंस का ही गठन नहीं किया गया था। पुलिस की आत्मा पुलिस लाइंस में होती है, जिलों में पुलिस लाइंस ही नहीं बनाई गई थी, जैसे किसी इंसान के शरीर से आत्मा निकाल ली गई हो। बूथ मजबूत करें P10



लोक भवन सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस से संबंधित परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने भगवान गणेश की प्रतिमा सीएम को दी।

**2310** करोड़ की 144 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**1523** थानों में यूपी भर के साइबर सेल बनी, आठ जिलों में भ्रष्टाचार निवारण यूनिट

"पीएसी दंगाइयों के लिए काल है, इसे खत्म करने की कोशिश की गई थी। आज यूपी पर मां लक्ष्मी की कृपा छप्पर फाड़कर बरस रही है तो इसमें पुलिस का अहम योगदान है।

\-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### माहौल अनुकूल, यूपी की 80 सीटें जीतेंगे: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान के शुभारंभ के मौके पर कहा कि माहौल हमारे अनुकूल है। मोदी जी के 10 साल के काम, उनके नाम और नेतृत्व के साथ भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। ब्योरा P10

### आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को बांटे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** सीएम ने लोकभवन में मिशन रोजगार के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में 3,077 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार 2014 में शिशु मृत्यु दर 48 हजार प्रति लाख थी, जो घटकर 38 हजार हो गई है। ब्योरा P10

## किशोर लापता, तलाश में पुलिस

**भटहट।** पिपराइच थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा स्थित ननिहाल से घर जा रहा किशोर रास्ते में लापता हो गया। उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। किशोर के नाना की तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर जांच कर रही है। पोखरभिंडा निवासी नौमीनाथ राजभर ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनका नाती महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के महमदा पोखरा गांव का आर्यन उर्फ दीपक (13) 19 फरवरी को अपने घर जाने के लिए बैग लेकर निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा। उसकी काफी तलाश की गई। परिजनों का कहना है कि इसके पहले भी वह दो बार लापता हो चुका है। ब्यूरो

## धोखे से जमीन बैनामा कराने का आरोप

**जंगल कौड़िया।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी चंपा देवी की करोड़ों रुपये कीमत की जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा कराने का मामला सामने आया है। हाईवे पर स्थित जमीन को रिश्तेदारों ने बैनामा कराया है। पीड़ित महिला के भतीजे ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

## महिला का सिर फोड़ा, केस दर्ज

**खजनी।** बांसगांव इलाके में महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरिहरपुर के टोला रघुनाथपुर निवासी बबिता पत्नी अशोक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि वह 26 फरवरी को अपने भूमिधरी खेत की जुताई करा रही थी। इसी दौरान सुबह 8.30 बजे गांव के रामकवल, दिनेश, विनय, सूर्यनाथ, सोनू, श्यामलाल, रामसकल, नेहा लाठी डंडे से लैस होकर खेत पर पहुंचे और बबिता को मारने पीटने लगे, जिससे सिर फटने से वह लहूलुहान हो गई। ब्यूरो

# छात्रा की हालत गंभीर, बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रवाना

## मंगलवार को परीक्षा देने के बाद छत से लगाई थी छलांग

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। जेपी एजुकेशन एकेडमी में मंगलवार को सीबीएसई इंटर की परीक्षा देने के बाद छत से छलांग लगाने वाली छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है। बुधवार को मामूली सुधार आया, लेकिन डॉक्टरों की सलाह पर परिजन उसे लेकर लखनऊ रवाना हो गए।

छात्रा के पिता सतीश सिंह ने बताया कि बुधवार को बेटी की हालत में मामूली सुधार हुआ। उसके हाथ पैर में हरकत हुई। उन्होंने बताया कि रेलवे अस्पताल के डॉ. नंद किशोर ने हॉस्पिटल पहुंचकर छात्रा की स्थिति देखी। उन्होंने लखनऊ लेकर जाने की सलाह दी है। हम लोग छात्रा को लखनऊ लेकर जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मंगलवार को सीबीएसई इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान की परीक्षा देने के बाद जेपी एजुकेशन एकेडमी में दोपहर डेढ़ बजे के करीब बिछिया इलाके के निधि आइडियल पब्लिक स्कूल की छात्रा अक्षिता ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। घटना के बाद जेपी एजुकेशन एकेडमी के निदेशक डॉ. सलिल कुमार श्रीवास्तव ने उसे पास के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। छत से गिरने से छात्रा के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उसके बाएं हाथ की नस भी कटी है। डॉक्टरों ने उसे आइसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया। मामले की जानकारी मिलने पर गोरखनाथ पुलिस ने भी जेपी एजुकेशन एकेडमी पहुंचकर जांच की। स्कूल प्रबंधन ने उन्हें सीसीटीवी फुटेज दिखाया। इसमें छात्रा रेलिंग के पास आती नजर आ रही है।

## उलझन में सभी...छात्रा ने क्यों लगाई छत से छलांग

गोरखपुर। परीक्षा देने के बाद छात्रा के स्कूल की दूसरी मंजिल से छलांग लगाने के बाद उसके फैसले को लेकर हर कोई उलझन में है। घरवाले, सहेलियां और शिक्षक सब हैरान, हैं कि परीक्षा देने के बाद आखिर चंद पलों में ऐसी कौन सी बातहो गई कि उसे ऐसा कदम उठाना पड़ा। छात्रा के पिता सुनील सिंह अभी कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें बस इस बात की चिंता है कि उनकी बिटिया ठीक हो जाए। बोले, सिर में क्लॉटिंग नहीं है। डॉक्टरों का कहना है कि दवा से इलाज हो सकता है। ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक्सपर्ट की सलाह पर लखनऊ लेकर निकले हैं। वहां पीजीआई में बेहतर इलाज हो जाएगा। बेटी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह समझ में नहीं आ रहा। खुशी-खुशी परीक्षा देने आई थी। उसके मन में क्या है, अब वही होश में आने पर बताएगी। ब्यूरो

**एक्सपर्ट कमेंट**



*जरूरी नहीं कि बच्चों को हमेशा पढ़ाई और कॅरिअर का ही तनाव हो। उनके साथ कुछ और भी समस्या हो सकती है। कई बार कोई घटना उनके दिमाग में बैठ जाती है या एक साथ कई समस्याएं जब दिमाग में घूमती हैं तो बच्चे ऐसा कदम उठाते हैं। इसके लिए जरूरी है कि मां-बाप बच्चों के साथ समय व्यतीत करें। किशोरावस्था में उनपर किसी चीज का दबाव न बनाएं और उनसे प्यार से बात करें। अभिभावक थोड़ा धैर्य रखें। जब बच्चा उनके सामने खुलेगा तभी कुछ बोल पाएगा।* – **डॉ. विस्मिता पालीवाल,** एसोसिएट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, डीडीयू

# विशेष सुरक्षा बल, महिला पीएसी आवास का वर्चुअल शिलान्यास

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में किया शिलान्यास

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बड़े मंदिर, एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए बने विशेष सुरक्षा बल दूसरी वाहनी, महिला पीएसी के आवास और अनावासीय भवन का बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल शिलान्यास किया। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम से 26वीं वाहिनी पीएसी के सम्मलेन कक्ष में मौजूद जनप्रतिनिधि और अधिकारी सीधे जुड़े।

प्रसारण के बाद मेयर ने निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर में पीएसी के लिए माड़ापार के पास जमीन मिली हुई है। इसके अलावा विशेष सुरक्षा बल के एक टुकड़ी भी काम कर रही है। अब इसका विस्तार किया जाना है। बुधवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ से सीधे पूरे प्रदेश की योजनाओं का शिलान्यास किया है। इसी दौरान गोरखपुर की योजनाओं को भी हरी झंडी मिल गई।



पीएसी 26 वीं वाहिनी स्थित सभागार में शिलान्यास करते मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, सीडीओ संजय मीणा व अन्य। संवाद

इस मौके पर सीडीओ संजय कुमार मीणा, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, पीएसी 26 वाहिनी के कमांडेंट आनंद कुमार, विशेष सुरक्षा बल के कमांडेंट देवेंद्र भूषण, सांसद प्रतिनिधि समरेंद्र विक्रम, विधायक प्रतिनिधि प्रभाशंकर, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अरविंद सिंह, सहायक अभियंता स्वप्निल चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही भवनों के निर्माण संबंधी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# आर्केस्ट्रा को लेकर मारपीट, तोड़फोड़

## बड़हलगंज के जाइपार गांव में पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी, किसी पक्ष ने नहीं दी तहरीर

अमर उजाला ब्यूरो

चिल्लूपार (गोरखपुर)। बड़हलगंज इलाके के जाइपार गांव में मंगलवार रात शादी समारोह में बवाल हो गया। आरोप है कि बिन बुलाए बगल के गांव के कुछ लोग आ गए और फिर आर्केस्ट्रा पर गाना बजाने को लेकर उलझ गए। तब मामला शांत हो गया और संभ्रांत लोगों ने गाना बंद कर दिया, लेकिन उत्पाती खाना की ओर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। घराती और बराती दोनों ही पक्ष के लोगों से मारपीट की। घर में छिपकर पुलिस को फोन किया गया तो गाड़ियों में तोड़फोड़ की। बाद में पुलिस की मौजूदगी में शादी की रस्मों को पूरा कराया गया। हालांकि, किसी भी पक्ष ने थाने में तहरीर नहीं दी है।

जानकारी के मुताबिक, जाइपार गांव में शिवलाल यादव की बेटी की मंगलवार को शादी थी। बरात नगरौली, देवरिया से आई थी। रात में द्वार पूजा के बाद सभी लोग शादी में आर्केस्ट्रा देख रहे थे और कुछ लोग खाना खाने चले गए। इसी दौरान गांव के बगल के तिवारीपुर के कुछ मनबढ़ किस्म के युवक बिन बुलाए ही शादी में पहुंच गए और आर्केस्ट्रा पर फरमाइशी गाना बजवाने की कोशिश करने लगे। बरात से आए कुछ युवकों ने मना किया, जिससे विवाद हो गया।

घराती पक्ष के लोग भी पहुंच गए और फिर मामले को वहां पर शांत करा दिया गया। रात में 12 बजे के करीब युवक फिर खाना के स्टाल के ओर जाकर विवाद करने लगे और मारपीट शुरू कर दिए। इससे अफरा-तफरी मच गई। लोग भागकर घर में गए और खुद को बचाने की कोशिश करने लगे।

इसी बीच किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर डायल 112 के पुलिस वाले पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस की मौजूदगी में शादी कराई गई।

## कानफाड़ू डीजे छीन रहा सुकून, मारपीट की वजह भी बना

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर में पुलिस-प्रशासन ने सख्ती बरत कर जुलूस, शोभायात्रा में डीजे का शोरगुल बंद करा दिया लेकिन शादी-विवाह के मौके पर देर रात आर्केस्ट्रा और डीजे के कानफोड़ू आवाज ने लोगों को परेशान कर दिया है। यही नहीं, अब यह समस्या मारपीट की वजह भी बनने लगी है। हाल में कई घटनाएं हुई हैं जिसमें डीजे को लेकर लोग भिड़ गए और चोटिल हुए। ये हाल तब है जब दस बजे के बाद डीजे बजने पर पुलिस की पाबंदी है।

वैवाहिक कार्यक्रमों के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने से आसपास के मोहल्ले में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। रात में तेज आवाज के कारण लोग सो नहीं पाते हैं। इस समय बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं। इससे विद्यार्थियों की तैयारी प्रभावित हो रही है। शहर में करीब 470 मैरिज हॉल और लॉन हैं, जहां पर मांगलिक कार्यक्रम होते हैं। कुछ जगहों पर आसपास में ही तीन से चार मैरिज हॉल हैं, जहां लगन के समय एक साथ कार्यक्रम होते हैं। वहां तेज आवाज में देर रात डीजे बजने से लोग परेशान हो जाते हैं।

आजाद चौक के पास अगल-बगल में तीन मैरिज हाल हैं। लगन के सीजन में यहां के लोग काफी परेशान होते हैं। बुधवार की दोपहर 12.40 बजे मानसपुरम कॉलोनी के भानु प्रताप सिंह, दिनेश, राजेश और आशीष मिले। लोगों ने बताया कि एक मैरिज हाल बगहा बीर बाबा मंदिर के रोड पर है। तो आगे जाने पर दूसरा है। इसी क्षेत्र में दो सौ मीटर के दायरे में तीन मैरिज हाल हैं। यहां शादी के सीजन में डीजे का खूब धमाल मचता है। इससे रात में काफी दिक्कतें होती हैं।




आप बरातियों का स्वागत धूमधाम से कीजिए.. कानफोड़ू डीजे बजाकर नहीं
470

9 नवंबर-23 को प्रकाशित खबर।

### पहले भी हुई मारपीट की घटनाएं

- **30 नवंबर 2023 :** कैंपियरगंज इलाके के खरकड़िया गांव में डीजे पर मनपसंद गाना बजाने को लेकर मारपीट हुई, छह लोग घायल हुए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की।
- **15 सितंबर 2023 :** बड़हलगंज में कृष्ण प्रतिमा विसर्जन के दौरान मारपीट हुई।
- **26 जुलाई :** बड़हलगंज के रुधौली में डीजे उधर दी पर गाने को लेकर युवक की हत्या हुई थी।

# थाना, चौकी व सड़क पर जनता से अच्छा व्यवहार करे पुलिस : योगी

## मुख्यमंत्री ने गृह विभाग की 144 योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस को थाना, चौकी और सड़क पर आमजन से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। लोकतंत्र में संवाद से बड़ी समस्या का भी समाधान हो जाता है। पुलिस वर्दी में प्यार से बात करेगी तो लोग खुश होते हैं। गाली देने से गलत संदेश जाता है। वह बुधवार को लोकभवन में आयोजित गृह विभाग की 2,310 करोड़ रुपये लागत वाली 144 आवासीय व अनावासीय योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी के बदलाव में पुलिस की अहम भूमिका है।

**कहा कि वर्दी में प्यार से बात करने पर लोग होते हैं खुश, गाली देने से जाता है गलत संदेश**

योगी ने कहा कि वाराणसी के प्रवासी भारतीय दिवस व अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आए अतिथियों ने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। एक प्रवासी ने मुझसे कहा कि पहले पुलिस का व्यवहार बहुत खराब रहता था। राम मंदिर में आने



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन से गृह विभाग की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा भी मौजूद रहे। -अमर उजाला

### अब नहीं दिखता है कोई गुंडा

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विपक्ष में रहने के दौरान मैंने देखा कि थानेदार इलाके के बाहुबली से दोस्ती कर लेता था। सीओ की बाहुबली से बात करने की हिम्मत नहीं होती थी। हमारे कार्यकर्ताओं को पुलिस चुनाव में जबरन बैठा लेती थी। अब थाना क्षेत्र में कोई गुंडा नहीं दिखता है। यह बदलाव अब देखने को मिला है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस में तकनीकी आधुनिकीकरण नए बदलाव की नींव रखेगा। इससे जवाबदेही वाला वातावरण बनेगा।

### दंगाइयों की काल है यूपी पुलिस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात साल पहले कोई यूपी आना नहीं चाहता था। बीते वर्ष 35 करोड़ पर्यटक यूपी आए थे। पहले यूपी की पहचान माफिया और दंगा थी। पूर्व की सरकार दंगाइयों को गले का हार बनाती थी। दंगाइयों की काल यूपी पुलिस की पीएसी वाहिनियों को समाप्त कर रहे थे। आज यूपी सबसे तेज गति से आर्थिक प्रगति करने, निवेश और पर्यटकों को आकर्षित करने वाला राज्य है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

# किशोरी को भागने का आरोप

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी को भागने का आरोप पिता ने लगाते हुए अपने बगलगीर और एक अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दिया था। तहरीर में लिखा है कि उसकी लड़की एक विद्यालय में पढ़ने गई थी जहां से उसके पड़ोसी ने एक अज्ञात के साथ उसकी लड़की को भगाने में मदद किया। तहरीर में आधार पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

# दुकान का काउंटर तोड़ मिठाई की चोरी

**भटनी(देवरिया)।** भटनी बाईपास रोड पर 115 नंबर रेलवे ढाला के पास दर्जनों की संख्या में नगर सहित आस पास के लोगों ने दुकानें कर रखी हैं। नगर निवासी अवधेश मद्धेशिया की मिठाई की दुकान भी 115 नंबर रेलवे ढाला पर है। मंगलवार की रात्रि चोरों ने दुकान का काउंटर तोड़कर रखी मिठाई चुरा लिया। दुकानदार को जब इसकी जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दिया। 115 नंबर पर दुकान किए अन्य दुकानदारों ने संयुक्त रूप से एक प्रार्थना पत्र भटनी पुलिस को देकर बताया है कि यहां अक्सर चोरियां हो जा रही हैं जिससे यहां के दुकानदारों में भय व्याप्त है। दुकानदारों का कहना है कि इसके पूर्व भी आफताब अंसारी, गुड्डू मद्धेशिया, सहमद अंसारी की दुकान में चोरी हो चुका है। दुकानदारों ने यहां सुरक्षा व्यवस्था कायम करने की मांग की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि 115 नंबर रेलवे ढाला पर सुरक्षा के लिए दो गार्ड की रात्रि में तैनाती कर दी जाएगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा : एसओजी ने युवक को उठाया

**खुखुन्दू(एसएनबी)**। थाना क्षेत्र के पिपरा खेमकरन के एक युवक को सिद्धार्थनगर एसओजी मंगलवार को गिरफ्तार कर साथ लेकर चली गई। एक पखवाड़ा पूर्व हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में युवक अपनी जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा दिलवाया है। ऐसा यहां की पुलिस का कहना है। पुलिस ने बताया कि आरोपी घर नहीं मिला तो उसके भाई को लेकर गई है। खुखुन्दू थाना क्षेत्र के पिपरा खेमकरन गांव के एक युवक का उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में सिद्धार्थनगर में सेंटर गया था। वहां बीते 18 फरवरी को परीक्षा संचालित हुई। जिसमें युवक अपने बजाय किसी और को बैठाकर परीक्षा दिलवाया है। सिद्धार्थनगर एसओजी मंगलवार को युवक की तलाश करते खुखुन्दू पहुंची। यहां से स्थानीय पुलिस के साथ एसओजी टीम सीधे युवक के गांव पहुंची। हालांकि इस दौरान आवेदक घर पर नहीं मिला। फिर एसओजी उसके भाई को लेकर चली गई। इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि एसओजी टीम आई थी। आरोपी के भाई को लेकर गई है।

# एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, केस

**तरकुलवा(एसएनबी)**। जिले के चनुकी पोस्ट आफिस के खारीडीह गांव के रहने वाले रंजीत शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि तरकुलवा क्षेत्र के भिसवा गांव निवासी दुर्गेश यादव ने गोरखपुर के एम्स में नौकरी लगवाने के नाम पर 10 हजार रुपए अपने खाते में मंगवा लिए। काफी दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने न तो नौकरी दिलाई और न पैसा वापस कर रहें हैं। आरोप है कि पैसा मांगने पर आरोपी घुड़की-धमकी दे रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित दुर्गेश यादव के खिलाफ धारा 420 व 406 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

# आठ के खिलाफ बलवा का केस दर्ज

रुद्रपुर। तहसील के एक अधिवक्ता ने आठ नामजद एवं दर्जनों अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा का केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में एकौना थाना के छपरा बुजुर्ग गांव के रहने वाले राजेश त्रिपाठी ने कहा है कि वह रुद्रपुर तहसील में अधिवक्ता हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के लोग उनके काबिज भूमि पर चाहर दीवारी को तोड़ दिए हैं।

# पुलिस ने दर्ज किया चार पर मुकदमा

लार। थाना क्षेत्र के कोहरा गांव के युवक अनूप यादव के अपहरण का प्रयास करते हुए मारपीट की गई थी। इस मामले में पुलिस ने उसके पिता शिवकुमार यादव की तहरीर के आधार पर चार युवकों पीयूष प्रजापति, नितेश खरवार, शाकिर व सूरज के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

देवरिया(एसएनबी)। संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में फांसी के फंदे से किशोरी का शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। महुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौनपुर निवासी रामप्रवेश सिंह की 15 वर्षीया बेटी निधि का शव मंगलवार की रात घर के कमरे के अंदर कुंडी में दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से लटका मिला। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# सीएम ने वर्चुअली किया तीन थानों के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास व साइबर थाने का शुभारम्भ

देवरिया(एसएनबी)। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद देवरिया के साइबर क्राइम थाना का वर्चुअली शुभारम्भ तथा थाना सुरौली, महुआडीह, श्रीरामपुर के प्रशासनिक भवन का वर्चुअली शिलान्यास किया । साइबर क्राइम थाने का लोकार्पण होने से आमजनमानस को साइबर सम्बन्धी अपराधों के निस्तारण करने में मदद मिलेगी तथा साइबर सम्बन्धी मुकदमों की विवेचना इसी थाने के माध्यम से की जायेगी । इस दौरान पुलिस लाइन्स स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में सलेमपुर के सांसद रविन्द्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी, विधायक रूद्रपुर जयप्रकाश निषाद, विधायक बरहज दीपक मिश्र आदि जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ लोकार्पण के समय जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी भीम कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी लाइन्स अंशुमान श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना सुनील कुमार पटेल, प्रधान लिपिक भुवनेश कुमार राय, पीआरओ विनोद कुमार अग्निहोत्री सहित सैकडों गणमान्य नागरिक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।



वर्चुअली शिलान्यास के अवसर पर मौजूद सांसद, विधायक व डीएम।

# नौकरी दिलाने के नाम पर दस हजार की ठगी

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के भिसवा गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर दस हज़ार रुपए की ठगी करने के आरोप में जालसाजी का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

जिले के चनुकी पोस्ट ऑफिस के खारी डीह गांव के रहने वाले रंजीत शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि तरकुलवा क्षेत्र के भिसवा गांव निवासी दुर्गेश यादव ने गोरखपुर एक्स में नौकरी लगवाने के नाम पर 10हज़ार रुपए अपने खाते में मंगवा लिए। काफी दिन बीत जाने के बाद भी उसने ना तो नौकरी दिलाई और ना ही पैसा वापस कर रहें हैं। आरोप है कि पैसा मांगने पर आरोपी घुड़की-धमकी दे रहा है।

इस मामले में पुलिस ने आरोपित दुर्गेश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

# पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

रुद्रपुर। क्षेत्र के फतेहपुर गांव की रहने वाले सोनम देवी पत्नी राहुल मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में कही है कि उसके ससुराली व पति के रिश्तेदारों द्वारा उसे दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। पति राहुल मौर्य, ससुर कन्हैया लाल मौर्य, सास लालमती मौर्य एवं उसके पति के मामा धर्मेन्द्र कुशवाहा व मौसा धनश्याम मौर्य के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज की है।

# तीन पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

खुखुन्दू। मकान निर्माण रोकने को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने महिला समय तीन लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। गांगी गांव निवासिनी संगीता देवी ने तहरीर में कहा है कि वह अपने हिस्से में मकान निर्माण कर रही थी। उसी दौरान पट्टीदारी के लोग मकान निर्माण का कार्य रोकने लगे। जिसको लेकर लाठी डंडा से उन्हें मारपीट कर घायल कर दिए।

# डीडीसी कोर्ट के लिपिक पर छेड़खानी का केस

देवरिया, निज संवाददाता। एक महिला अधिवक्ता की तहरीर पर डीडीसी कोर्ट के बाबू के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

देवरिया सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली एक महिला अधिवक्ता है । उसने सदर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 22 फरवरी की शाम 4:45 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में अपने सीट पर बैठी थी। उसके पति दीवानी न्यायालय में किसी कार्य से गए हुए थे। इसी बीच डीडीसी कोर्ट के लिपिक मनीष श्रीवास्तव अपने मित्र के साथ वहां पहुंचा। वह महिला अधिवक्ता को अकेले देख गंदा इशारा करने लगा। महिला अधिवक्ता ने इसके बारे में अपने पति को फोन कर बताने की बात कही तो वह वहां से भाग कर एडीएम कार्यालय में जाकर बैठ गया। महिला ने इसके बारे में अपने पति को फोन से बताया। कुछ देर बाद महिला पति के साथ एडीएम कार्यालय में पहुंची, जहां लिपिक बैठा हुआ था। लिपिक महिला अधिवक्ता से अपनी गलती मानते हुए माफी मांगने लगा। महिला उसके विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दे रही थी। इसी बीच लिपिक ने महिला अधिवक्ता का हाथ पड़कर कुर्सी पर बैठा दिया। इस पर अधिवक्ता ने एतराज किया तो उसने कहा कि मेरा कुछ नहीं होगा जो करना है कर लो। महिला अधिवक्ता ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में आरोपी लिपिक मनीष श्रीवास्तव के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

दर्द की खास दवा
टेक्नोफार्म की
अजूबी®
टेबलेट★बाम से आराम
(M): 8601841515 Available at TATA 1MG

# 7 इंस्पेक्टरों का तबादला, अर्चना सिंह को भलुअनी की कमान

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जिले के सात इंसपेक्टरों का विभिन्न जगहों पर तबादला किया है। इसमें रामपुर कारखाना के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार को एसपी का पीआरओ बनाया गया है, जबकि पुलिस लाइन से महेन्द्र कुमार को खामपार का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह से एकौना की एसओ अर्चना सिंह को भलुअनी थाने की कमान दी गयी है।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंगलवार की देर रात को तीन निरीक्षक तथा चार उप निरीक्षकों का तबादला किया। उन्होंने इंसपेक्टर सुनील कुमार को प्रभारी फील्ड यूनिट से एकौना थाने काम प्रभारी बनाया है। जबकि एकौना की प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह को भलुअनी थाने की जिम्मेदारी दी गयी है। इसी तरह से खामापार के थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद को रामपुर कारखाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भलुअनी के थानाध्यक्ष अनिल कुमार को सुरौली थाने की कमान दी गयी है।

पुलिस लाइन से महेन्द्र कुमार को खामपार का थानाध्यक्ष बनाया गया है। सुरौली के एसआसे विनोद कुमार को वीआईपी सेल में भेजा गया है। जबकि करीब तीन माह बाद ही रामपुर कारखाना थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार को पुलिस अधीक्षक का पीआरओ बनाया गया है। एसपी ने सभी को नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है।

# दो पर एससी एसटी एक्ट के तहत केस

खुखुन्दू। शादी में बाधा डालने के आरोप को लेकर मना करने के दौरान हुई मारपीट में पुलिस ने महिला की तहरीर पर दो पर मारपीट एवं एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र की बीजापुर झंगटौर गांव निवासिनी विमलावती देवी ने पुलिस को बताया है कि 24 फरवरी की शाम मेरे लड़की की बारात आई हुई थी। सारा कार्यक्रम हमारे दरवाजे से हो रहा था। उसी दौरान रात को करीब 2 बजे गांव की कुछ लोग शादी में बाधा डालने लगे। जिसको लेकर मेरे देवर बंसराज प्रसाद ने विरोध किया। वे लोग मेरे देवर को मारपीट कर घायल कर दिए। जिससे उनका सर फट गया। मौके पर सूचना पर डायल 112 पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने विपुल एवं छोटू पर मारपीट एवं एससी एसटी के तहत केस दर्ज किया है।

सुरौली, महुआडीह और श्रीरामपुर में बनेगा प्रशासनिक भवन, पुलिस लाइन में हुआ आयोजन

# सीएम ने तीन थानों के प्रशासनिक भवन का किया वर्चुअल शिलान्यास

- प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में सांसद, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद
- प्रशासनिक भवन बनने से पुलिस कर्मियों को कार्य करने में होगी सहूलियत

देवरिया, निज संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सुरौली, महुआडीह तथा श्रीरामपुर थाना के प्रशासनिक भवनों का शिलान्यास और साइबर क्राइम थाना का वर्चुअली शुभारम्भ किया। पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में सांसद, विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

थानों पर प्रशासनिक भवन बनने से वहां तैनात पुलिस कर्मियों को कार्य करने में सहूलियत होगी। वर्तमान में तीनों थानों का कार्य करने के दौरान पुलिस कर्मियों का काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तथा अभिलेख आदि को सुरक्षित रखने में भी परेशानी होती है। पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री के प्रशासनिक भवन के शिलान्यास का सीधा प्रसारण किया गया। इसमें सलेमपुर के सांसद रविन्द्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी, रूद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, विधायक बरहज दीपक मिश्र तथा जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी भीम कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी लाइन्स अंशुमान श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना सुनील कुमार पटेल, प्रधान लिपिक भुवनेश कुमार राय, पीआरओ विनोद कुमार अग्निहोत्री सहित सैकडों गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन में आयोजित शिलान्यास समारोह में मौजूद सांसद, विधायक व डीएम।

## नगर विकास मंत्री करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

देवरिया। नगरपालिका परिषद देवरिया के पंडित दीनदयाल सभागार में गुरुवार को 11 बजे से मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा वर्चुअली इसमें सम्पन्न करेंगे। अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला ने सभी सभासदों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## जिले में साइबर थाने का किया गया शुभारंभ

बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा ि ले के साइबर क्राइम थाने का वर्चुअली शुभारंभ किया गया। साइबर क्राइम थाने का लोकार्पण होने से लोगों के साथ होने वाले साइबर सम्बन्धी अपराधों के निस्तारण करने में काफी मदद मिलेगी। साइबर सम्बन्धी केस की विवेचना इसी थाने के माध्यम से की जायेगी। कुछ समय से साइबर संबंधी अपराधों में बढ़ोतरी को देखते हुए साइबर क्राइम थाने का शुभारंभ किया गया।

# एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, मुकदमा

**जासं, तरकुलवा:** एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से दस हजार रुपये की ठगी की गई है। इस मामले में जालसाज के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के खरीडीह के रहने वाले रंजीत कुमार शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तरकुलवा के भीसवा गांव का रहने वाला दुर्गेश यादव एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर दस हजार रुपये खाते में लियए। अब न तो वह नौकरी लगवा रहा है और न ही रुपया ही वापस कर रहा है। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

# साल्वर गैंग के चार और सदस्य गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस भर्ती परीक्षा में बुधवार को पुलिस टीम के हाथ बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने साल्वर गैंग के चार अन्य सदस्यों को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नेपाल सीमा क्षेत्र के पास स्थित कोटिया से गिरफ्तार किया। इनमें तीन देवरिया जिले और एक पश्चिम बंगाल का निवासी है। इसके पूर्व पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान 17 व 18 फरवरी को जिले में कुल 10 लोग फर्जीवाड़े में पकड़े जा चुके हैं। इनमें इटवा के दो परीक्षा केंद्रों पर तीन साल्वर, दो परीक्षार्थी समेत कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इनके पास से टीम ने अभ्यर्थियों की मार्कशीट, सादा बैंक चेक, स्टांप पेपर सहित अन्य सामग्री बरामद किया था।



इटवा थाने पर पुलिस गिरफ्त में साल्वर गैंग के सदस्य ● जागरण

पुलिस भर्ती परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों के पकड़े जाने के बाद एसपी प्राची सिंह ने एसओजी, इटवा पुलिस व सर्विलांस टीम को एसटीएफ के साथ मामले की तह तक जाने का निर्देश दिया था। टीम की जांच में गैंग के चार और साल्वरों का नाम आया।

एसटीएफ व पुलिस टीम ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें जितेंद्र कुमार भारती पुत्र सुरेश निवासी धनगड़ा थाना सलेमपुर, संजय कुमार गोंड पुत्र शादा प्रसाद गोंड निवासी कैलानी थाना मईल, नटराज पुत्र सुद्दू निवासी विंदवलिया मिश्र थाना भटनी जिला देवरिया व बिट्टू कुमार यादव पुत्र विद्या यादव उर्फ विद्या राय निवासी मकान नंबर 75' जोलिया पाड़ा लेन थाना गोलबाड़ी हावड़ा, पश्चिम बंगाल शामिलहैं।

# छह नामजद समेत 12 पर मुकदमा

**देवरिया :** शहर के पोस्ट आफिस के समीप हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम सेहुणा के अवनीश दुबे ने पुलिस को तहरीर दी है। मंगलवार को देवरिया पोस्ट आफिस के समीप कुछ लोगों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने सोहुणा के रहने वाले निखिल दुबे, सुधांशु दुबे, पंकज दुबे, प्रेम नारायण दुबे, रोहित यादव, अभि राजपूत व छह अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# नौ के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा

**रुद्रपुर**: उपनगर के पश्चिमी बाइपास के समीप बार संघ के पूर्व अध्यक्ष की भूमि की चहारदीवारी गिराने और जबरिया भूमि पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। उपनगर के मलहटोली वार्ड के रहने वाले राजेश त्रिपाठी बार संघ के पूर्व अध्यक्ष हैं। उपनगर के पश्चिमी बाइपास के समीप इनकी मुख्य मार्ग पर भूमि है। जिसपर चहारदीवारी बनवा रहे थे। आरोपितों ने उसे गिरा दिया। इस मामले में पुलिस ने उमेश, मोती यादव, नरायन, भोला, पदमाकर दूबे, कोलेनंदर,सोनू तिवारी और भीमल साहनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला अधिवक्ता ने कलेक्ट्रेट के बाबू के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**जासं, देवरिया**: कलेक्ट्रेट के बाबू पर महिला अधिवक्ता ने गलत इशारा करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला पेशे से कलेक्ट्रेट में अधिवक्ता हैं। आरोप है कि 22 फरवरी को शाम पौने पांच बजे वह अपने सीट पर अकेले बैठी थी। इस बीच डीडीसी कोर्ट के बाबू मनीष श्रीवास्तव अपने साथियों के साथ आया और गलत इशारा करते हुए अपने साथियों के साथ चला गया। इस बीच हमने अपने पति को फोन कर बुला लिया। इसके बाद मैं मनीष के पास पहुंची तो मनीष पहले तो किसी से शिकायत न करने की बात कही। बाद में धमकी देने लगा। कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

**मारपीट के मामले में मुकदमा : तरकुलवा**: क्षेत्र के पथरदेवा की रहने वाली प्रमिला देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें आरोप लगाया है कि अजय राजभर ने उनके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# लूट की घटना, पुलिस ने चोरी का दर्ज किया मुकदमा

जासं, लार: अपराध पर अंकुश लगाने में विफल लार पुलिस अब धारा अल्पीकरण पर ही विश्वास करने लगी है। एक पखवारा में हुई दो लूट की घटना ने पुलिस की मुस्तैदी पर सवाल खड़ा कर दिया है। अब पुलिस धारा का अल्पीकरण करते हुए लूट की बजाय चोरी का मुकदमा दर्ज कर ली है।

हालांकि जिम्मेदार अधिकारी प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर कस्बा के रहने वाले चंदन वर्मा की लार के बिरनी में सराफा की दुकान है। प्रत्येक दिन की भांति 25 फरवरी को वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे, पिंडी-भागलपुर मार्ग पर मठिया मोड़ के समीप बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर बाइक की डिग्गी में रखा नगद व आभूषण लूट कर फरार हो गए।

विरोध करने पर दुकानदार की पिटाई भी की। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की, लूट की बजाय चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। उपनगर के गयागीर वार्ड में अधिवक्ता के घर चाकू के नोक पर हुई दिनदहाड़े लूट की घटना में भी पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। सीओ दीपक शुक्ला का कहना है कि लूट के मामले में चोरी का मुकदमा दर्ज होने की जानकारी नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी।

# चोरी की गई गाड़ियों से जिले में हो रही है शराब तस्करी

**जासं, देवरिया:** शराब तस्करों ने एक बार फिर शराब तस्करी का ट्रेंड बदल दिया है। अब खुद के नहीं, चोरी के वाहनों से शराब तस्करी कर रहे हैं। हाल के दिनों में शराब तस्करी में कई चोरी के वाहनों को पकड़ कर पुलिस ने खुद इसका पर्दाफाश किया है। वर्ष 2016 तक बिहार से यूपी में शराब तस्करी होती थी, लेकिन अप्रैल 2016 में बिहार सरकार ने शराब बेचने व पीने पर रोक लगा दिया। इसके बाद यूपी के रास्ते शराब की बिहार में तस्करी शुरू हुई। पहले ट्रकों से हरियाणा निर्मित शराब बिहार भेजी जाती थी, लेकिन पुलिस की सख्ती बढ़ी तो अब शराब तस्कर बार्डर इलाके में शराब को एकत्रित कर रहे हैं और छोटे-छोटे वाहनों से उसे बिहार भेज रहे हैं। खास बात यह है कि अब तस्कर शराब की तस्करी खुद के वाहन की बजाय चोरी के वाहनों से कर रहे हैं।

**चोरी के पकड़े गए हैं वाहन** : 12 जनवरी को बनकटा पुलिस ने 26 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक स्कार्पियो को बरामद किया। जांच में पता चला कि बिहार के बेगुसराय से यह स्कार्पियो चोरी हुई थी। जबकि इसके चार दिन बाद बनकटा पुलिस ने गोरखपुर के बड़हलगंज से चोरी गई कार भी बरामद किया था। जबकि सोमवार की रात बनकटा पुलिस ने दो बाइक बरामद किया, वह भी बलिया जनपद के उभांव थाने से चोरी हुई थीं। यह तो एक बानगी मात्र है। आए दिन चोरी के वाहन शराब तस्करी में पकड़े जा रहे हैं।

**यह हो रहा तस्करों को लाभ** : महंगी गाड़ियों से शराब तस्कर यह अवैध कार्य करते हैं। कम कीमत पर चोरों से तस्कर वाहन खरीदते हैं और शराब तस्करी करते हैं। जब वाहन पकड़े जाते हैं तो तस्कर वाहन छोड़ देते हैं। जबकि इनकी खुद के वाहन जब पकड़े जाते हैं तो ज्यादा नुकसान होता है।

शराब तस्करों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चल रहा है। इसके तहत कार्रवाई भी हो रही है। शराब तस्करी में हाल के दिनों में चोरी के वाहनों प्रयोग किया गया हैं और उन्हें बरामद किया गया है।

**दीपेन्द्र नाथ चौधरी**, एएसपी।

# चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

लार : थाना क्षेत्र के कोहरा गांव के रहने वाले शिवकुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका पुत्र अनूप यादव 10वीं का पेपर देने रेवली गया था। परीक्षा के बाद वह अपने दोस्तों के साथ बाइक से घर आ रहा था। बभनौली पांडेय के समीप कुछ युवकों ने पिटाई की और उसका कपड़ा उतारकर वीडियो बनाकर चुरिया गांव के समीप छोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने पीयूष प्रजापति, नीतेश कुमार निवासी चौमुखा, शाकिर निवासी चनुकी मोड़ व सूरज निवासी लार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# ठगी के शिकार युवकों का कोतवाली में प्रदर्शन

जासं, देवरिया: विदेश भेजने के नाम पर 68 युवकों से हुई ठगी के मामले में कार्रवाई न होने पर युवकों ने बुधवार को कोतवाली में प्रदर्शन किया। साथ ही कार्रवाई की मांग की। बाद में युवकों के साथ कोतवाली पुलिस शहर के देवरिया रामनाथ स्थित कार्यालय पर पहुंची, लेकिन जालसाज फरार मिला और कार्यालय भी बंद मिला। जिसके बाद पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा।

शहर के देवरिया रामनाथ में छोटा हनुमान मंदिर के समीप एक व्यक्ति ने विदेश भेजने के लिए कार्यालय खोला। देवरिया, कुशीनगर, सिवान, महराजगंज समेत विभिन्न जनपदों के 68 युवकों से उसने 65-65 हजार रुपये लिया और ओमान भेजने की बात कही। इसके बाद से ही वह कार्यालय बंद कर फरार हो गया है। तीन दिनों से कार्रवाई की मांग को लेकर लगातार ठगी के शिकार युवक प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन उनके विरुद्ध अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बुधवार को ठगी के शिकार नीतेश, सोनू कुमार, हेमंत यादव, सुनील कुमार, शिव कुमार यादव, जयप्रकाश यादव समेत अन्य युवकों ने भी कोतवाली पहुंच प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद कोतवाल के निर्देश पर दारोगा पुलिस टीम के साथ कार्यालय पर पहुंचे, लेकिन कार्यालय बंद मिला। युवकों ने कार्यालय का ताला तोड़ने के लिए दबाव बनाया तो दारोगा ने मजिस्ट्रेट के आने के बाद ही कार्यालय का ताला तोड़ने व पासपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही। जिसके बाद युवक पुलिस के साथ ही लौट आए।

**साइबर सेल की टीम खंगाल रही जालसाजों की कुंडली**: एक प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अब विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाजों की कुंडली खंगालने की जिम्मेदारी साइबर सेल की टीम को सौंपा गया है। पुलिस उनका डिटेल खंगाल रही है।

सूत्रों का कहना है कि जालसाजों का रैकेट देवरिया ही नहीं, यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली व महाराष्ट्र तक फैला है। इस गिरोह में हर जिले के एजेंट शामिल हैं। जिन्होंने सरगना तक रुपया पहुंचाया है और ठगी के शिकार युवकों को भी पहुंचाया है। पुलिस उनका भी काल डिटेल निकाल रही है।

## फर्जी वीजा देकर युवकों से 30-30 हजार रुपये की ठगी

जिले के युवक आए दिन विदेश जाने के नाम पर ठगी के शिकार हो रहे हैं। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के परसौतिमा के रहने वाले संजय यादव, लार के उसरहा के रहने वाले मुस्तकीम अंसारी विदेश भेजने के लिए गोरखपुर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक टेस्ट सेंटर में परीक्षा दिए। पास हो गए। इसके बाद संस्था के संचालक ने दोनों से 30-30 हजार रुपये लिया और पासपोर्ट भी जमा करा लिया। कुछ दिनों बाद उसने फर्जी वीजा व टिकट भी दे दिया। जब यह दिल्ली पहुंचे तो पता चला कि दोनों फर्जी है। इसके बाद दोनों को वापस लौटना पड़ा। अब न तो वह रुपया दे रहा है और न ही इन्हें विदेश ही भेज रहा है। जालसाज के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर दोनों पीड़ितों ने बुधवार को एसपी से मुलाकात की और कार्रवाई की मांग की।

## किशोरी का अपहरण

**सलेमपुर :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। साथ ही आरोपित जान से मारने की धमकी भी स्वजन को दे रहे हैं। किशोरी की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें आरोप लगाया है कि लार थाना क्षेत्र के भरौली का रहने वाला एक युवक दिसंबर माह में किशोरी को भगा ले गया। इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ। बाद में बेटी बरामद कर ली गई। मुकदमे को सुलह करने के लिए आरोपित पक्ष धमकी दे रहा था।

## महिला को पीटा

**खुखुंदू :** थाना क्षेत्र के गांगी की रहने वाली सुनीता देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि भूमि विवाद में आरोपितों ने पिटाई की। पुलिस जांच में जुट गई है।

# जनपद में खुला साइबर थाना सीएम ने किया वर्चुअल शुभारंभ

## एसपी कार्यालय परिसर में थाना सक्रिय, एक्सपर्ट की तैनाती

जागरण संवाददाता, देवरियाः पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में बुधवार को जिले के साइबर थाना के शुभारंभ, सुरौली, महुआडीह व श्रीरामपुर थाने के प्रशासनिक भवन के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल शिलान्यास व साइबर थाने का शुभारंभ किया। इसके साथ ही एसपी कार्यालय परिसर में साइबर थाना सक्रिय हो गया।

सांसद सलेमपुर रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराध पर अंकुश लगाने को हर दिन नए-नए संसाधन विकसित किए जा रहे हैं। साइबर थाना खुलने के बाद साइबर अपराध से जुड़े सभी मामले सुने जाएंगे और अपराध पर अंकुश लगेगा।

इसमें थानाध्यक्ष से लेकर एक्सपर्ट पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही सभी थानों पर भी साइबर हेल्प डेस्क खोला गया गया है। इसके लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि जिले में तीन वर्ष के अंदर चार थाने खोले गए हैं। उनके खुलने से अपराध पर लगातार अंकुश लग रहा है।



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में साइबर थाना के शुभारंभ व प्रशासनिक भवनों के शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद सांसद रविन्दर कुशवाहा, विधायक जयप्रकाश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी, डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

- सुरौली, महुआडीह व श्रीरामपुर थाने में प्रशासनिक भवन का भी किया गया शिलान्यास
- पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों ने भी लिया हिस्सा

इस दौरान विधायक रुद्रपुर जयप्रकाश निषाद, बरहज दीपक मिश्र शाका, डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, एएसपी भीम कुमार गौतम, सीओ लाइन अंशुमन श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना सुनील कुमार पटेल, पीआरओ विनोद कुमार अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# छात्र को बंधक बनाकर पीटने में चार पर केस दर्ज

सलेमपुर। लार थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज से मंगलवार को परीक्षा देकर घर लौट रहे दसवीं के छात्र अनपू यादव को कुछ छात्रों ने जबरदस्ती चारपहिया वाहन में बैठा लिया। आरोप है कि बंधक बनाकर उसकी पिटाई की। इसके बाद कपड़ा उतार वीडियो बना जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को चार के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। उधर, घायल छात्र का इलाज चल रहा है। संवाद

# भाजपा नेता के दो मोटर चोरी, केस दर्ज

**चनुकी।** भाजपा नेता बरडीहा परशुराम निवासी कुंजबिहारी सिंह हाकिम के खेत में लगे दो बिजली के मोटर चोरी हो गए। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के बरडीहा परशुराम निवासी कुंजबिहारी सिंह उर्फ हाकिम के खेत में मोटर लगा था। कुछ दिन पूर्व वह मोटर चोरी हो गया। भाजपा नेता ने फिर दूसरा मोटर लगाया, उसको भी चोरों ने रात में चुरा लिया। इस मामले में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। अभी चार दिन पहले इसी गांव के रहने वाले एक व्यक्ति का 12,000 रुपये का बकरा चोरी हो गया था, लेकिन पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया। संवाद

# तीन इंस्पेक्टर व चार सब इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र बदले

**देवरिया।** एसपी संकल्प शर्मा ने मंगलवार की देर रात तीन इंस्पेक्टर व चार सब इंस्पेक्टर के कार्य में बदलाव किया है। पुलिस महकमे में हुए इस फेरबदल में एकौना थाने की प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर अर्चना सिंह को भलुअनी प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। वहीं, फील्ड यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार को एकौना थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। इसी प्रकार रामपुर कारखाना के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर संतोष कुमार को एसपी का पीआरओ नियुक्त किया गया है। इसी तरह खामपार थानाध्यक्ष नंद प्रसाद को रामपुर कारखाना थानाध्यक्ष बनाया गया है। संवाद

# पति और स्वयं को पीटने का आरोप

**देवरिया।** तरकुलवा थाना क्षेत्र के बेलही गांव की एक महिला ने पटीदारों पर पुरानी रंजिश को लेकर पति और स्वयं को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। उसने तरकुलवा थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के बेलही खुशी टोला की रहने वाली शीला देवी पत्नी राणा प्रताप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि पुरानी रंजिश में बुधवार को सुबह दस बजे उनके पटीदार गोलबंद होकर हॉकी, लाठी-डंडे आदि से उनको मारने-पीटने लगे। आरोप है कि शोरगुल सुनकर जब पति बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# एसडीएम के स्थानांतरण के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री से मिलेंगे वकील, डीएम के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। स्थानीय तहसील परिसर में बुधवार को अधिवक्ताओं ने एसडीएम अवधेश कुमार निगम के स्थानांतरण के विरोध में प्रदर्शन किया। वकीलों ने डीएम अखंड प्रताप सिंह के अविवेकपूर्ण निर्णयों को लेकर उनके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से शिकायत करने के लिए कहा। वकीलों ने एसडीएम का स्थानांतरण रद्द करते हुए डीएम के स्थानांतरण की मांग की है।

तहसील बार संघ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में वकील लामबंद होकर डीएम के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने लगे। नाराज कुछ वकीलों ने जिलाधिकारी पर सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया।

सभी का कहना था कि चंद रोज पूर्व [illegible] यादव, जबकि अचानक एसडीएम का भी स्थानांतरण कर दिया गया। इससे तहसील की न्यायिक व्यवस्था लड़खड़ा जाएगी। वकीलों का कहना था कि आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए बृहस्पतिवार को बैठक कर रणनीति तय की जाएगी।

इस दौरान मुरलीधर यादव, हृदयराज चौरसिया, चंद्रभान चौरसिया, खुर्शेद आलम, लक्ष्मी प्रसाद दीक्षित, एसएन दीक्षित, गिरीश वर्मा, ओंकार उपाध्याय, रणजीत मिश्र, रामायण तिवारी, अभिकेश सिंह, अमित भार्गव, अरविंद उपाध्याय, विमलेश रावत, अरविंद प्रजापति, भारतेंदु विशेन, उधव प्रसाद, धात्री पुजिता यादव, नंदकिशोर चौहान आदि मौजूद रहे।



एसडीएम के स्थानांतरण के विरोध में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

### अधिवक्ताओं ने बदली रणनीति, गठन की संघर्ष समिति

देवरिया। ग्राम और राजस्व न्यायालय द्वार-द्वार को लेकर अधिवक्ता संगठनों ने बुधवार को भी न्यायिक कार्य ठप कर दिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व सिविल कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने अलग-अलग बैठक कर हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक संघर्ष समिति का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष लल्लन मिश्र चुने गए। संघर्ष समिति की बैठक में यह तय हुआ कि हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक उच्च [illegible] याचिका दाखिल करने के लिए अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल जल्द उच्च न्यायालय इलाहाबाद रवाना होगा। संघर्ष समिति में मंत्री अरुण कुमार उपाध्याय, लाल बाबू श्रीवास्तव, अशोक दीक्षित, श्रीराम तिवारी, प्रबोध श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम गोयल, सिंहासन गिरी, सुभाष चंद्र राव, मदन मोहन श्रीवास्तव, विद्यासागर मिश्र शामिल हैं। इस दौरान प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र तिवारी, देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। संवाद

### वादकारियों को न्याय दिलाना बार-बेंच की जिम्मेदारी : डीएम

देवरिया। दी कलक्ट्रेट सेंट्रल बार एसोसिएशन का बुधवार को नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि निर्विरोध चुनाव होना एक अच्छी पहल है। ऐसे ही सामंजस्य बने रहना चाहिए। जरूरतमंदों को न्याय दिलाना बार और बेंच दोनों का दायित्व है। दोनों की सहभागिता भी बराबर-बराबर की है। ऐसे में एक-दूसरे पर दोषारोपण करना ठीक नहीं है। बार और बेंच का सहयोग बनाए रखने की जरूरत है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि वादकारियों को त्वरित न्याय दिलाने की जरूरत है। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामजीत यादव को निवर्तमान अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी, सचिव ब्रजेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राम आशीष यादव, आलोक शरण त्रिपाठी, मनोज कुमार श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, संयुक्त सचिव विनोद कुमार सिंह, बृजमोहन पांडेय, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह शामिल रहे। संवाद

### अधिवक्ता ने डीडीसी कोर्ट के बाबू पर लगाया छेड़खानी का आरोप

देवरिया। कलक्ट्रेट कचहरी की एक महिला अधिवक्ता ने डीडीसी कोर्ट के बाबू पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। महिला अधिवक्ता ने शिकायत की है कि 22 फरवरी को जब वह अपनी सीट पर अकेली बैठी थी तो डीडीसी कोर्ट का एक बाबू ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मुझे गंदा इशारा किया। इसके बाद मेरे पास आया। तभी मैं अपने पति को फोन की जो दीवानी में किसी कार्य से आए थे। इसके बाद उसने धमकी और कहा कि जहां शिकायत करनी हो कर लो। पुलिस ने कहा कि अधिवक्ता की शिकायत पर बाबू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। संवाद

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भाटपाररानी। अधिवक्ता संघ ने तहसील सभागार में बुधवार को बैठक कर जिलाधिकारी के बयान की निंदा की। उन्होंने इसे वापस लेने की मांग करते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम हरिशंकर लाल को सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा है कि जिलाधिकारी का यह कहना कि अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण मुकदमों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है निंदनीय है। वास्तविकता यह है कि अधिकतर मुकदमे राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की रिपोर्ट न आने के चलते वर्षों से लंबित हैं। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से इस बयान को वापस लेने, भाटपाररानी के नायब तहसीलदार सोहनपुर सुनील सिंह के नियम प्रक्रिया के विरुद्ध जाकर कार्य करने की जांच कर कार्रवाई किए जाने तथा जमा खतौनियों में आदेश करने की मांग की है। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार ओझा, राणा प्रताप सिंह, चंद्रशेखर सिंह, उदयभान प्रसाद, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, रामाधार यादव, लाल साहब यादव, राजू सिंह, प्रदीप गुप्ता सहित सभी अधिवक्ता मौजूद रहे। संवाद

### तहसील के अधिवक्ताओं ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

सलेमपुर। वादों को निरस्त करने समेत दो सूत्री मांगों को लेकर नाराज तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। डीएम को संबोधित दो सूत्री मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष [illegible] तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि समाचार पत्रों से जानकारी हुई है कि जनपद के समस्त राजस्व न्यायालय गांवों में जाकर निर्णय करेंगे। इसके कारण अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इससे जनपद के अधिवक्ता मर्माहत व आक्रोशित हैं। सलेमपुर तहसील में राजस्व कर्मियों द्वारा राजस्व अभिलेखों, खतौनियों में की गई त्रुटियों को सुधार करने के लिए सैकड़ों की संख्या में त्रुटियों को सुधार करने के लिए प्रार्थनापत्र बिना वाद संख्या दर्ज निस्तारण में पड़ी हैं। पिछले महीने शासन के दबाव में निस्तारण के स्थान पर बड़े पैमाने पर वादों को निरस्त किया गया है। संवाद

# पुलिस भर्ती : पेपर लीक मामले में चार गिरफ्तार

## शोहरतगढ़ क्षेत्र के कोटिया बाजार से पकड़े गए सभी, तीन देवरिया और एक पश्चिम बंगाल का

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने के मामले में बुधवार सुबह शोहरतगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में तीन देवरिया और एक पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले का रहने वाला है। पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह बताया कि 17 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर के पकड़े जाने के बाद इटवा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसओजी और इटवा पुलिस की टीम मामले की छानबीन कर रही थी। जानकारी मिली कि इस गिरोह से जुड़े लोग पेपर लीक करने में भी शामिल हैं। इसके बाद एसटीएफ गोरखपुर यूनिट, एसओजी सिद्धार्थनगर और इटवा पुलिस की टीम मामले की छानबीन में लग गई थी।

### पूछताछ के बाद पकड़े गए आरोपी भेजे गए जेल

बुधवार को टीम को मुखबिर से जानकारी मिली कि पेपर लीक करने वाले लोग शोहरतगढ़ क्षेत्र के कोटिया बाजार के पास आने वाले हैं। सूचना को संज्ञान में लेते हुए संयुक्त टीम अलर्ट हो गई और नेपाल बॉर्डर के पास स्थित कोटिया बाजार गणेशपुर मार्ग पर पहुंच गई। इसी बीच सड़क के पास चार संदिग्ध दिखे। सभी पुलिस को देख हड़बड़ा गए। टीम ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ में सभी ने बताया कि पेपर लीक होने के मामले में वो शामिल हैं। पुलिस की धरपकड़ के बाद लगातार व स्थान बदलकर भाग रहे थे। >> संबंधित भीतर

### इनकी हुई गिरफ्तारी

संजय कुमार गौड़ निवासी कलानी थाना मईल(देवरिया), नटराज प्रजापति निवासी बिंदवालिया मिश्र थाना भटनी (देवरिया), जितेंद्र कुमार भारती निवासी धनगड़ा थाना सलेमपुर (देवरिया)और पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले का बिट्टू कुमार यादव। इनके कब्जे से आधार कार्ड, मार्कशीट, चेक बुक सहित अन्य सामान बरामद हुए हैं।

# खुला साइबर थाना, मामलों के निस्तारण में मिलेगी सहूलियत

## सीएम ने साइबर क्राइम थाने का किया वर्चुवली शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया के साइबर क्राइम थाने, सुरौली, महुआडीह, श्रीरामपुर थाने के प्रशासनिक भवन का वर्चुअली शिलान्यास किया।

साइबर क्राइम थाने का लोकार्पण होने से आम जनमानस को साइबर संबंधी अपराधों के निस्तारण करने में मदद मिलेगी। साइबर संबंधी मुकदमों की विवेचना इसी थाने के माध्यम से की जाएगी। जिले में आए दिन हो रहे साइबर क्राइम के मामलों का त्वरित निष्पादन भी करने में सहूलियत होगी।

पुलिस लाइंस स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में सांसद सलेमपुर रविंद्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी, विधायक रुद्रपुर जयप्रकाश निषाद, विधायक बरहज दीपक मिश्र आदि जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



साइबर थाने के लोकार्पण के मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि। सूत्र पुलिस विभाग

### सुरौली, महुआडीह और श्रीरामपुर थाने के प्रशासनिक भवन का भी किया शिलान्यास

लोकार्पण के समय जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी भीम कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी लाइंस अंशुमान श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना सुनील कुमार पटेल, पीआरओ विनोद कुमार अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

बदल रहा

देव

# बहू छोड़ने की जिद पर अड़े पति सास-ससुर सहित पर आठ पर केस

## दो माह पहले हुई थी शादी, पत्नी की तहरीर पर केस हुआ दर्ज

न्यूज संवाद एजेंसी

**देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के पुरवा निवासी एक परिवार पर नई नवेली बहू को छोड़ने की जिद भारी पड़ गई। दो माह पहले ही उसकी शादी हुई और बात बिगड़ी तो मामला थाने में पहुंचा। समझौते में ससुराल पक्ष ने उसे अपने घर में नहीं रखने की जिद कर ली। उसके बाद पत्नी ने सास-ससुर और पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की तहरीर दी है।

तहरीर को संज्ञान में लेकर कोतवाल ने सास, ससुर पति व उसके दोनों बहनोई को कोतवाली बुला लिया। जिन्हें समझौता करने की गुहार लगाने पर दो दिन की मोहलत दे दी। परंतु ससुर अपनी जिद पर अड़ा रहा। थक-हार कर महिला के मायके वालों ने 12 लाख रुपये दहेज लेने के बाद प्रताड़ित करने और घर में नहीं घुसने का आरोप लगाते हुए बुधवार को केस दर्ज करा दिया। इसमें पति, सास-ससुर सहित आठ लोग नामजद हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

शहरी क्षेत्र में पनीर और मिठाई की दुकान चलाने वाले परिवार के लिए पारिवारिक कलह बर्बादी की जड़ बन गई। दो दिन की मोहलत मिलने के बाद भी ससुर बहू को रखने को तैयार नहीं हुआ तो बाध्य होकर उसके परिजनों ने ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। बहू की तहरीर पर पति अतुल कुमार, ससुर रामानंद, सास लालपरी देवी, ननद ललिता देवी, सुनीता देवी, भाग्य श्री व बेटियों के पति राजू व योगेश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस से समझौता करने के लिए विवाहिता के ससुर ने ली थी दो दिन की मोहलत

बतादें कि नीशू की शादी पुरवा निवासी अतुल चौहान से चार दिसंबर 2023 को शादी हुई। आरोप है कि नीशू के पिता ने उसके ससुर को पांच लाख नकद, 2.80 लाख की कीमत की बुलेट बाइक, गहने आदि को मिलाकर करीब 12 लाख रुपये दहेज दिया था। इसके बाद भी उसके ससुर व उनके परिवार के सदस्य संतुष्ट नहीं थे। शादी के एक सप्ताह बाद ही उसे ससुरालियों की ओर से प्रताड़ित किया जाने लगा और दहेज की मांग की जाने लगी।

करीब एक माह पहले ही उसने बीए की परीक्षा दी और यूपीपी कांस्टेबल परीक्षा में देने के लिए मायके गई थी। परीक्षा समाप्ति के बाद जब वह ससुराल पहुंची तो घर में घुसने के बाद उसके पति अतुल चौहान, ससुर रामानंद और परिवार के अन्य सदस्य गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारने-पीटने लगे। बार-बार घर से बाहर जाने की धमकी दे रहे थे। इसके साथ ही उसने और भी आरोप लगाए हैं। ससुराल पहुंची मेरी मौसी निर्मला देवी व दादा मौके पर पहुंचे। इसके बाद हेल्पलाइन को फोन कर महिला पुलिस बुलाई, तब जाकर उसकी जान बची। हमलोगों ने कोतवाली पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी कोतवाल को दी।

### कोतवाल ने सभी को बुलाकर बैठा दिया था थाने में

बहू से मारपीट करते हुए घर से निकालने की मामले की जानकारी होते ही कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने अतुल उसके माता-पिता और दोनों बहनोई को थाने बुला लिया। इसके बाद थाने में बैठाकर आगे की कार्रवाई में जुट गए। इसके बाद ससुर ने मामले का समझौता करने के लिए दो की मोहलत मांगी। उसने बेटे का घर उजड़ जाने व बदनामी होने की बात कहकर गुहार लगाई तो उसे दो दिन का समय दिया, परंतु कोतवाली से निकलते ही उसके तेवर बदल गए। उसने बहू के परिजनों की एक न सुनी और न रखने की जिद पर अड़ा रहा। थकहार कर बहू के परिजनों ने बुधवार को पति, ससुर सहित आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवा दिया। कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि युवती के ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वे बहू को घर ले जाने को तैयार नहीं हुए। इस मामले में बहू के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

# अभियुक्त गिरफ्तार

पटहेरवा।अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पटहेरवा पुलिस ने बुधवार को एक वांछित अभियुक्त को फाजिलनगर कस्बे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ राकेश रोशन सिंह ने बताया कि पुलिस टीम में थाने के एसआई दशरथ कुमार, रामप्रवेश यादव व अखिलेश शर्मा ने एक अभियुक्त स्वामीनाथ कोइरी पुत्र सुकई निवासी लोहरवलिया को जेल भेज दिया है।

## साइबर थाने का सीएम योगी ने किया वर्चुअल लोकार्पण

# जिले के साइबर थाने पर किए गए विशेषज्ञ तैनात

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर के साइबर थाने का लखनऊ से वर्चुअल लोकार्पण किया। इसका लाइव प्रसारण जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में साइबर थाने के कर्मियों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, एसपी धवल जायसवाल, एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी व एएसपी उत्तरी रितेश कुमार सिंह ने देखा। इसके बाद सभी ने एसपी कार्यालय परिसर स्थित नवनिर्मित साइबर थाने का भौतिक उद्घाटन कर दिया गया।

इसी के साथ साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज पंत, साइबर विशेषज्ञ एक हवलदार, तीन पुरुष व दो महिला सिपाहियों ने कार्यालय में बैठकर विधिवत काम शुरू कर दिया। सीसी कैमरे से लैस थाने के लिए जरूरी संसाधन कंप्यूटर व वाईफाई आदि की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने साइबर थाने में संसाधन देखने के बाद प्रसन्नता जतायी। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि साइबर क्राइम के शिकार आम लोग या कोई भी व्यक्ति साइबर थाने पहुंच कर अपनी एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराने की भी व्यवस्था है। सभी थानों में पहले से स्थापित साइबर डेस्क पहले की तरह ऐसी शिकायतों पर केस दर्ज कर कार्रवाई करते रहेंगे। एसपी ने बताया कि दूर दराज के सभी थानों में साइबर अपराध संबंधित डेस्क पहले से स्थापित हैं। इसका उद्देश्य यह है कि वहां के निवासी अपनी शिकायत वहीं दर्ज करा सकें और उन्हें बेवजह की भाग दौड़ नहीं करनी पड़े। संबंधित थाने के साथ संयुक्त रूप से साइबर थाना जांच करेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल साइबर थाने में प्रभारी निरीक्षक के अलावा एक हेडकांस्टेबल व पांच सिपाहियों की तैनाती है। आगे इनकी संख्या और बढ़ायी जाएगी। लोकर्पण समारोह में दोनों एएसपी के अलावा सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



साइबर थाने के शिलापट का अनावरण करने के बाद एसपी धवल जायसवाल व एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी। • हिन्दुस्तान

# युवक को रौब दिखाने के मामले में दो सिपाही निलंबित

**कार्रवाई**

**कुशीनगर।** सड़क हादसे से संबंधित मुकदमे में युवक को नामजद आरोपित बनाने का भय दिखाना कप्तानगंज के सिपाही आशीष यादव व शेखर चौधरी को महंगा पड़ गया। युवक की मां की शिकायत पर एसपी धवल जायसवाल ने बुधवार को दोनों को निलंबित कर दिया।

जिला मुख्यालय पहुंची महिला ने एसपी को बताया कि कप्तानगंज उप-नगर में उनका बेटा पटरी किनारे छोटी सी दुकान चला परिवार का भरण पोषण करता है। बेटे की दुकान के सामने बीते रविवार को तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे बाइक सवार वृद्ध सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां से घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद पहुंचे पुलिसकर्मी ऑटो को थाने ले गए। अगले दिन दो सिपाही बेटे के पास पहुंचे और एक दिन पूर्व ऑटो से दुर्घटना का हवाला देकर डराने-धमकाने लगे। मंगलवार को भी दोनों दुकान पर पहुंचे और बेटे पर रौब गांठ उसे परेशान किए। घर आए बेटे की हालत देख जब उससे कारण जानना चाही तो उसने आपबीती बताई। महिला की बात सुन एसपी ने एसओ कप्तानगंज राजकुमार बरवार से प्रकरण के बारे में जानकारी मांगी। पता चला कि युवक बेकसूर है और सिपाही उसे अकारण परेशान कर रहे थे। एसपी ने बताया कि दायित्व के प्रति लापरवाही व मनमानी करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे।

# वांछित आरोपित गिरफ्तार

जासं, फाजिलनगर: पटहेरवा के फाजिलनगर कस्बे में हास्पिटल रोड स्थित एक दवा की दुकान के पास से एक वांछित आरोपित को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित चौराखास के लोहरवलिया के स्वामीनाथ के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पति समेत ससुराल के छह पर दहेज उत्पीड़न का केस

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति और ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और डेढ़ साल पूर्व फोन से तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पीड़िता की तहरीर की पर पुलिस पति, सास ,ससुर सहित 6 लोगों पर दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। तमकुही राज थाना क्षेत्र के मायके में रह रही विवाहिता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी शादी 12 वर्ष पूर्व फाजिलनगर कस्बे में मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी।

# कसया में फूल माला बेचने को लेकर मारपीट 14 लोग घायल

**जागरण संवाददाता, कसया** : नगर के राम जानकीनगर वार्ड में सीएचसी के सामने बुधवार की देर शाम फूल माला बेचने को लेकर दो दुकानदार परिवार के बीच जमकर मारपीट हुई। कैंची और ईंट-पत्थर चला। सड़क पर आधे घंटे तक भगदड़ की स्थिति बनी रही। दोनों तरफ से 14 लोग घायल हो गए। इनमें चार महिलाएं शामिल हैं। वार्डवासी सलीम व हसनैन चचेरा भाई हैं। दोनों फूल, माला बेचते हैं। दोनों की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सड़क किनारे दुकान है।

शाम सात बजे कम-अधिक व महंगा-सस्ता फूल-माला बेचने को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में मारपीट में बदल गया। दोनों पक्ष की महिलाएं और बच्चे मौके पर पहुंच गए और एक-दूसरे पर टूट पड़े। किसी ने कैंची चलाया तो कोई ईंट पत्थर चलाने लगा। मामले को लेकर सड़क पर भगदड़ मच गई। आधे घंटे तक हंगामा चला। आस-पास के दुकानदारों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।

एक पक्ष से सगीर, नवाज असरफ, सितारा खातून, फैज अली, सलमा खातून, सब्बू, अमन और दूसरे पक्ष से कलीम, अजमत अली, तेजारफ अंसारी, सहिदा खातून, मरियम, आदिल सहित 14 लोग घायल हुए हैं। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। दोनों पक्षों से तहरीर लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस को देखते ही भाग गए पेड़ काट रहे धंधेबाज

**जासं, नेबुआ नौरंगिया:** क्षेत्र के हरपुर माइनर की पटरी पर बुधवार को दोपहर में धंधेबाज पेड़ काट रहे थे। उसी दौरान पुलिस की गाड़ी आती देख रस्सा आदि छोड़कर भाग गए। मामले की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम धंधेबाजों की तलाश में जुट गई।

नेबुआ नौरंगिया थाने के पटेरा गांव में हत्या सूचना पर माइनर की पटरी के रास्ते प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मौके पर जा रहे थे। उनकी गाड़ी देख लकड़ी तस्कर भाग निकले। मामले की जानकारी होने पर वन दारोगा रामध्यान पांडेय ने स्थलीय निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि माइनर की पटरियों से लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं। वन दारोगा ने बताया कि पेड़ काटने वाले धंधेबाजों की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें पड़ लिया जाएगा।



हरपुर माइनर की पटरी पर काटे गए पेड़ की जड़ • जागरण



हरपुर माइनर की पटरी पर अधकटा पेड़ व रस्सा • जागरण

क्रांति चौराहा संवाददाता के अनुसार ढोलहां के समीप हरपुर माइनर की पटरियों से एक माह में 12 हरे पेड़ चोरी से काटे जा चुके हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वनकर्मियों की उदासीनता के कारण धंधेबाजों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। रेंजर श्रीप्रकाश पांडेय ने शिव नारायण पाठक के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि चोरी से पेड़ काटने वालों का पता लगाया जा रहा है। जो लोग भी इसमें लिप्त होंगे उन्हें चिह्नित करने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले के आरोपित किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे।

# जनपद को मिला साइबर थाना, सीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

- आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा थाना : एसपी
- सिर्फ साइबर अपराध से जुड़े मामलों का होगा निस्तारण

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** कुशीनगर को बुधवार को साइबर थाने की सौगात मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस आफिस स्थित नए साइबर थाने का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान एसपी धवल जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, एएसपी रितेश कुमार सिंह, अभिनव त्यागी सहित सामाजिक कार्यकर्ता व पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस आधुनिकीकरण को लेकर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में नित नए कदम उठाए जा रहे हैं। पिछली सरकारों ने इस दिशा में आवश्यक कदम नहीं उठाए। सरकार पुलिस को आधुनिक संसाधन मुहैया करा रही है। जिसका परिणाम है कि अपराधियों में भय का माहौल है। कहा कि साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर अब प्रभावी अंकुश लगेगा। थाना खुलने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साथ प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर थाने का आनलाइन लोकार्पण किया। इसी क्रम में कुशीनगर में संचालित पर्यटन थाने का भी शुभारंभ किया गया। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि नया थाना पुलिस आफिस में संचालित होगा।



साइबर थाना के वर्चुअल लोकार्पण के समय पुलिस लाइन सभागार में मंचासीन दाएं से भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, एसपी धवल जायसवाल, एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी, एएसपी उत्तरी रितेश कुमार सिंह • जागरण

इसमें एक निरीक्षक, एक मुख्य आरक्षी के साथ ही तीन पुरुष व दो महिला आरक्षियों की तैनाती कर दी गई है। थाना खुलने से अब साइबर अपराध की घटनाओं में कमी आएगी। ऐसे मामलों में मुकदमा पंजीकृत कर प्रशिक्षित टीम जांच करेगी। इस टीम के जिम्मे सिर्फ साइबर अपराध से जुड़े मामलों के निस्तारण का ही कार्य होगा। आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित साइबर थाने में शीघ्र ही संख्या बल और बढ़ाया जाएगा।

# किराना की दुकान में छापेमारी 50 लाख की टैक्स चोरी उजागर



रामकोला कस्बा के पुरानी बाजार स्थित किराना व पान मसाला की दुकान में खरीद-बिक्री रजिस्टर की जांच करती जीएसटी टीम • जागरण

- गोरखपुर की जीएसटी टीम ने रामकोला में की बड़ी कार्रवाई
- जांच पूरी कर फर्म को दिया जाएगा नोटिस: डिप्टी कमिश्नर

जागरण संवाददाता, रामकोला (कुशीनगर): कस्बा की पुरानी बाजार स्थित पान मसाला और किराना के सामान की थोक दुकान भास्कर पान मर्चेंट में बुधवार की दोपहर राज्य जीएसटी की विशेष जांच शाखा गोरखपुर की टीम ने छापेमारी की। टीम की ओर से खंगाले जा रहे खरीद-बिक्री के कागजात में प्रथम दृष्टया 50 लाख की टैक्स चोरी उजागर हुई।

डिप्टी कमिश्नर सुनील वर्मा ने एक-एक अभिलेख की जांच की। डिप्टी कमिश्नर श्रद्धा, असिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत द्विवेदी, अशोक पांडेय आदि ने पिछले पांच साल के अभिलेख देखे। डिप्टी कमिश्ननर ने बताया कि जीएसटी टीम की ओर से काफी समय से इस फर्म पर नजर रखी जा रही थी। प्राथमिक जांच में 50 लाख रुपये से अधिक की टैक्स की चोरी का मामला सामने आया है। जांच पूरी होने के बाद ही अधिकृत रूप से बताया जा सकता है कि फर्म ने कितने रुपये की टैक्स चोरी की है। शाम सात बजे तक चली जांच के बाद जरूरी अभिलेख कब्जे में लेकर टीम चली गई। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जांच पूरी कर फर्म के संचालक को नोटिस दिया जाएगा।

# धरना पर बैठे युवक का शांति भंग में चालान

जासं, कसया: थाना गेट के सामने धरना पर बैठे युवक को पुलिस ने पकड़ कर अंदर बैठाया और बाद में शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। नगर के बुद्धनगरी वार्डवासी प्रियेश गोंड बुधवार को 10 बजे धरना पर बैठे। उनका कहना है कि वह काफी दिनों से अपनी बहनों का फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के विरोध में तहसील प्रशासन से लड़ाई लड़ रहे हैं। आरोप लगाया कि लेखपाल की गलत रिपोर्ट पर फर्जी ढंग से प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

# चोरी के आरोप में युवक को दुकानदार ने पीटा

जासं, जोकवा बाजार : तुर्कपट्टी के लाला गुरवलिया में मंगलवार की दोपहर दुकान में विद्युत मोटर चोरी के आरोप में दुकानदार सहित कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर। युवक का उपचार फाजिलनगर स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है।

लाला गुरवलिया निवासीव्यक्ति की चौराहे पर हार्डवेयर की दुकान है। दो दिन पूर्व दुकान के पास लगा विद्युत मोटर चोरी हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मंगलवार को हाटा निवासी संजय यादव का आरोप है कि दुकान मालिक दो साथियों संग उसे मल्लूडीह के पास से दुकान पर ले गया तथा पिटाई की। जिससे उसका बायां हाथ टूट गया। मधुरिया चौकी की पुलिस ने फुटेज की जांच की तो पता चला कि संजय नहीं है, कोई दूसरा चोरी कर रहा था। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# फोन पर तलाक दे किया दूसरा निकाह, मुकदमा

जासं,पटहेरवा: क्षेत्र में फोन पर तीन तलाक दे पति द्वारा दूसरा निकाह करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को आरोपित सहित छह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने शाम को दी गई तहरीर में कहा है कि 12 वर्ष पूर्व उसकी शादी फाजिलनगर के महबूब आलम से हुई थी। विरोध करने पर वह मारपीट करता था तथा धमकी देता था। एक माह पूर्व मारपीट कर घर से निकाल दिया। वापस बुलाने के लिए दहेज में कार की मांग करने लगा। तीन दिन पहले रविवार को फोन पर तलाक दे दिया। अब पता चला है कि उसने दूसरा निकाह कर लिया है। एसओ राकेश रोशन सिंह ने बताया कि पति महबूब आलम के विरुद्ध तीन तलाक तथा ससुर जाकिर अंसारी, सास शकीला खातून व मकसूद आलम, रेशमा व जहीर अंसारी के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# पकड़ा गया घर में घुसा युवक

रामकोला। थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात एक युवक गांव के एक किशोरी से मिलने उसके घर चला गया। कमरे के अंदर दोनों बात कर रहे थे। इसी दौरान किशोरी की मां ने देख लिया और उसे कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाने पर चली गई। मां की तहरीर पर पुलिस ने किशोर पर छेड़खानी का केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर राजू सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# चोरी के आरोप में युवक की पिटाई, केस दर्ज

तुर्कपट्टी। थाना क्षेत्र के लाला गुरवलिया गांव में मंगलवार की दोपहर मोटर चोरी के आरोप में युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। घायल युवक का उपचार सीएचसी में चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के लाला गुरवलिया गांव निवासी विजय कुशवाहा की चौराहे पर ही हार्डवेयर की दुकान है। दो दिन पहले दुकान के पास लगा मोटर चोरी हो गया।

चोरी करने व्यक्ति का वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया था। मंगलवार को हाटा निवासी संजय यादव उसी चौराहे से कसया किसी कार्य से जा रहे थे। दुकान के मालिक विजय कुशवाहा अपने दो अन्य साथियों के साथ पीछा कर मल्लूडीह के पास रोक लिया और अपनी दुकान ले गए।

वहां मोटर चोरी के आरोप लगाकर मार पीट कर घायल कर दिया। लोगों ने बीच बचाव कर उसे फाजिलनगर सीएचसी भेज दिया। मधुरिया चौकी की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि पीड़ित संजय नहीं बल्कि कोई अन्य युवक चोरी कर रहा है। संवाद

# मनबढ़ों ने तोड़ा मंदिर का शिलापट, गांव के लोगों में आक्रोश

**जासं,भैरोगंज (कुशीनगर)** : नेबुआ नौरंगिया के नरहरिया गांव के डिबनी टोला में स्थित हनुमान मंदिर का शिलापट मंगलवार की रात मनबढ़ों ने तोड़ दिया। बुधवार सुबह इसकी जानकारी होते ही गांव के लोग आक्रोशित हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। जांच के दौरान शिलापट का एक हिस्सा गांव के पूरब गन्ने के खेत में मिला।

वर्ष 2007 में बने इस मंदिर का लोकार्पण गोरखपुर के तत्कालीन सांसद व सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। सुबह शिलापट टूटने की जानकारी गांव के लोगों को हुई। गांव के लोगों ने बताया कि जन सहयोग से बने मंदिर का आठ नवंबर 2007 को योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण किया था।

एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# मान्यता का फर्जी प्रचार, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

**जासं, कप्तानगंज**: तहसील क्षेत्र के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना मान्यता के संचालित स्कूलों के संचालक बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। अधिकांश स्कूलों में पांचवीं की मान्यता है, हाईस्कूल तक की कक्षाएं चलाने का दावा किया जा रहा है। पंफलेट के माध्यम से प्लेग्रुप से हाईस्कूल तक हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यम से पढ़ाई का प्रचार किया जा रहा है। झांसे में आकर अभिभावक अपने पाल्यों का नामांकन करा रहे हैं।

रामकोला ब्लाक के खोटही के चंद्रावती, हरिश्चंद्र कुशवाहा, अजय प्रसाद, छोटेलाल आदि ने जिला विद्यालय निरीक्षक और एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर बिना मान्यता के संचालित स्कूलों को बंद कराने की मांग की है। उनका कहना है कि वर्ष 2019-20 की शुरुआत में कुछ निजी स्कूलों को प्राथमिक व आठवीं तक की मान्यता विभाग ने दी थी। जांच में बिना मान्यता वाले स्कूलों को नोटिस जारी हुआ था। उसके बाद अधिकारी उदासीन हो गए।

# अवैध संबंध का विरोध करने पर मोबाइल पर बोला तलाक

संवाद न्यूज एजेंसी

## पति ने रचाई दूसरी शादी, पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर दर्ज किया केस

उजारनाथ। अवैध संबंध का विरोध करने पर घर में बखेड़ा खड़ा हो गया। नाराज पति ने मोबाइल पर तीन बार तलाक बोलकर दूसरी शादी रचा ली। घर पहुंची पहली पत्नी की परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर युवक ने पिटाई कर दी। पुलिस इस मामले में छह लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

तमकुहीराज की रुकशाना ख़ातून की करीब 12 साल पहले फाजिलनगर कस्बा निवासी महबूब आलम के साथ शादी हुई थी। शादी के कुछ साल बाद रूकशाना को जानकारी हुई कि पति का दूसरी महिला के साथ संबंध है और उससे एक बच्चा भी है। रूकशाना ने पति को बहुत समझाने का प्रयास किया और अवैध संबंध का विरोध किया। लेकिन, महबूब आलम ने एक नहीं सुनी।

आरोप है कि दबाव बनाने पर रूकशाना की पिटाई के साथ ही मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया और घर से निकाल दिया। मायके वालों ने इलाज कराने के बाद ससुराल ले जाने के लिए महबूब आलम को फोन किया तो वह दहेज में चार पहिया वाहन मांगने लगा और नहीं देने पर फोन पर ही तीन बार तलाक बोल दिया। अब वह दूसरी महिला से शादी रचाकर घर में रह रहा है। मायके वालों के साथ महिला पहुंची तो ससुराल वालों ने उसकी पिटाई की और घर में दाखिल नहीं होने दिया।

इसको लेकर रिश्तेदारों की मौजूदगी में पंचायत भी हुई लेकिन, युवक अपने धर्म का हवाला देते हुए तलाक देने के बाद रखने से इन्कार कर रहा है। पीड़ित महिला का आरोप है कि परिवार के लोग भी इसमें शामिल रहे। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति महबूब, सास, ससुर समेत छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। एएसपी रितेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# दुर्व्यवहार के आरोप में दो सिपाही निलंबित

**पडरौना।** कप्तानगंज थाने पर तैनात दो सिपाहियों को एसपी धवल जायसवाल ने बुधवार को निलंबित कर दिया। सिपाही आशीष यादव, शेखर चौधरी ने थाना क्षेत्र के एक गांव में यज्ञ में एक युवक के साथ दुर्व्यवहार किया था। इसकी शिकायत युवक ने एसपी से की। एसपी की जांच में शिकायत सही मिलने पर निलंबित कर दिया गया। संवाद

# वारंटी गिरफ्तार

**समउर बाजार।** क्षेत्र के गांव लोहरवलिया गांव निवासी फरार वारंटी स्वामीनाथ कोइरी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने बताया कि वह बहुत दिनों से न्यायालय में लंबित मामले की पेशी से फरार चल रहा था। कई बार समन जारी होने के बाद भी वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। न्यायालय ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संवाद

# अराजक तत्वों ने विद्यालय में की तोड़फोड़

**जासं, गोबरहीं:** कसया के अहिरौली राजा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार की रात अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ की। काफी सामान क्षतिग्रस्त कर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार गेट का ताला तोड़ कर अंदर घुसे अराजक तत्व कक्ष में बेंच क्षतिग्रस्त कर पाठ्य पुस्तक फाड़ दिए। प्रधानाध्यापिका अनीता राय बुधवार की सुबह विद्यालय पहुंचीं तो पुलिस को सूचना दीं। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई करने का झांसा देकर उड़ा दिए पांच लाख के जेवर

## हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली बाजार का मामला, सीसी टीवी फुटेज की मदद से तलाश में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

सुकरौली। सोने और चांदी का जेवर की सफाई का झांसा देकर करीब पांच लाख का जेवर मंगलवार को दो जालसाज लेकर चंपत हो गए।

कुछ देर बाद गहना बदलने का शक हुआ तो महिला ने अपने पति को जानकारी दिया। घर पहुंचा पति पत्नी को रोता देख परेशान हो गया और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस से सीसी टीवी फुटेज की मदद से जालसाज की तलाश करने में जुटी है।

सुकरौली बाजार कस्बा के वार्ड नंबर दो रामजानकी नगर निवासी छोटेलाल शास्त्री की पत्नी घर पर अकेली थी। दोपहर में दो युवक पहुंचे और अपनी बातों में महिला को फंसा लिए। दोनों युवक महिला से जेवर का साफ करने वाला



पीड़ित के घर पर मौजूद लोग। संवाद

बताया। जेवर की सफाई युवकों के झांसे में आई महिला अपना जेवर लाकर सफाई के लिए दे दिया। सफाई के दौरान जेवर बदलकर जालसाज चले गए।

इसके एवज में महिला से कुछ रुपये भी जालसाज लिए। युवकों के जाने के कुछ देर बाद महिला को जेवर बदले जाने की जानकारी हुई। किसी काम से बाजार गए पति को इसकी जानकारी फोन कर दी। पीड़ित के अनुसार सोने की तीन अंगूठी, झाला,गले की चैन समेत करीब पांच लाख रुपये का जेवर लेकर भाग निकले, जिसकी कीमत पांच लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस की जांच में घर के बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे में दोनों जालसाज जाते हुए दिखे हैं।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जालसाज सीसी टीवी फुटेज में जाते हुए दिखे हैं।

### उचक्कों के पकड़े जाने की सूचना पर पहुंचे पुलिस चौकी

सुकरौली। बुधवार को सुकरौली कस्बे में गहने की सफाई के नाम पर पांच लाख के गहने लेकर फरार होने वाले उचक्के को पकड़े जाने और पुलिस को लेकर जाने की सूचना कस्बे में किसी ने फैला दिया।नगर के चेयरमैन राजनेती कश्यप के साथ कई लोग चौकी पर पहुंच गए। इस घटना के बाद कस्बे में अफरा तफरी मची रही।चौकी इंचार्ज संदीप सिंह ने बताया कि एक दूसरे मामले में एक युवक को पुलिस पकड़कर लाई है। संवाद

# धरना दे रहे युवक का शांति भंग में चालान

कसया। नगर के बुद्ध नगरी वार्ड निवासी एक युवक का पुलिस ने शांति भंग में चालान किया है। युवक ने बताया है कि उसने शांतिपूर्ण धरना के लिए पहले ही प्रशासन को अवगत कराया था। कसया के बुद्धनगरी वार्ड निवासी प्रियेश गोंड़ बुधवार को सुबह 10 बजे कसया थाना गेट के सामने धरने पर बैठ गए। कुछ ही देर में स्थानीय पुलिस ने उसे पकड़ कर थाने के अंदर बैठाया और बाद में शांति भंग की धारा चालान कर दिया। प्रियेश गोंड़ पिछले काफी दिनों से फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने की बात को लेकर तहसील प्रशासन के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हैं। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

# हत्या में बिहार की महिला को दस साल की सजा

## फैसला

**महराजगंज, निसं।** अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव कोर्ट संख्या एक गैर इरादतन हत्या के मामले में बिहार के सिवान जिले की एक महिला को दोषी करार दिया है। उसके खिलाफ दस साल कारावास की सजा सुनाया है। 21 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर सात दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

मामला फरेंदा थाना क्षेत्र का है। वादी उदय मद्धेशिया निवासी वार्ड नंबर चार चौरहिया गोला थाना फरेंदा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह परिवार के साथ पारस अग्रहरि के मकान में किराया पर रहता है। उसी मकान में जयमाला तिवारी पत्नी नवल किशोर तिवारी वर्तमान पता पपौर, पचरूखी सिवान बिहार भी किराया पर रहती थी।

4 जून 2019 को उसकी पत्नी रानी देवी के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे के रॉड से वार कर दी। जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले में फरेंदा पुलिस गैर इरादतन हत्या समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी।

विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष मिश्र ने गवाहों की गवाही कराई। अपर सत्र न्यायाधीश पवन श्रीवास्तव ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाया।

नौतनवा के सुंडी घाट के पास मंगलवार की रात मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली, दूसरा भागते समय घायल

# नेपाल सीमा पर मुठभेड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**शिकंजा**

**नौतनवा (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद।** महराजगंज के नेपाल सीमा सुंडी घाट के पास मंगलवार की रात एसओजी और पुलिस के साथ लग्जरी कार में सवार दो बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा बदमाश भागते समय घायल हो गया है। ये दोनों नौतनवा कस्बे में बीते 20 फरवरी को कुशीनगर के रहने वाले एक कारोबारी से हुई लूट में शामिल थे। यह मामला हवाला कारोबार से जुड़ रहा है। मुठभेड़ में एक बदमाश निरंजन सिंह निवासी नंदानगर गोरखपुर की गोली लगने के बाद पुलिस ने इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि दूसरा बाबू सिंह निवासी परसिया-देवरिया भागते समय घायल चोटिल अवस्था में पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पास से 16 लाख रुपये के साथ दो तमंचा, कारतूस एवं एक लग्जरी कार बरामद की है।

नौतनवा कस्बे में बीते 20 फरवरी की सुबह 5 लाख की लूट की सूचना के बाद से पुलिस महकमें हड़कंप मच गया था। बताया जा रहा है कि कुशीनगर का रहने वाला एक व्यक्ति पैसा लेकर नौतनवा पहुंचा था। यह रकम हवाला कारोबार से जुड़ी बताई जा रही है। लूट करने वाले बदमाश अपने आप को क्राइम ब्रांच का बताकर कारोबारी को बिना नंबर प्लेट की कर में बैठा लिया था। लूट की घटना के बाद से ही एसपी सोमेंद्र मीना ने मामले के खुलासे के लिए पांच टीमें लगा रखी थी। मंगलवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर भारत नेपाल सीमा से सटे सुंडी घाट के पास पुलिस की कई टीमों ने घेराबंदी कर लिया। तभी एक लग्जरी कार दिखी। दोनों बदमाशों की नजर पुलिस पर पड़ते ही उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए एक बदमाश को पैर में गोली मार दी, जबकि दूसरा बदमाश भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने दौड़ा कर उसे भी पकड़ लिया। गोली लगने से घायल एक बदमाश को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।



पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी।



घायल आरोपी को अस्पताल ले जाती पुलिस।



नौतनवा थाने में पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए लूट के आरोपी।

" इस घटना के अनावरण में एसपी ने पांच टीमों का गठन किया था। मैनुअल व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों से चार अभियुक्त प्रकाश में आये थे। मंगलवार की रात सूचना मिली कि लूट में शामिल कुछ बदमाश नेपाल भागने की फिराक में है। जांच के दौरान रोकने पर दोनों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों को पकड़ा गया। ब्रेजा कार, दो तमंचा, जिन्दा-खोखा कारतूस व 16 लाख रुपये बरामद हुआ है। चूंकि पीड़ित ने लूट की रकम पांच लाख बताई थी, इसलिए वास्तविक रकम को लेकर पूछताछ की जाएगी।

**-आतिश कुमार सिंह,** एएसपी

## दोनों तरफ से हुई थी सात राउंड फायरिंग

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नगर पालिका नौतनवा कस्बे में कुशीनगर के युवक से लूटकांड में शामिल बदमाश व पुलिस के बीच नेपाल के सीमावर्ती स्थान सुंडीघाट में मंगलवार की रात ढाई बजे मुठभेड़ में दोनों तरफ से सात राउंड फायरिंग हुई थी। इसमें से एक गोली गोरखपुर के नंदानगर के रहने वालक बदमाश निरंजन सिंह के पैर में लगी। यह देख बदमाश भागने लगे। देवरिया के सिरौली थाना का रहने वाला दूसरा बदमाश बाबू सिंह भागने के दौरान घायल हुआ। गोली से घायल निरंजन सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरे का नौतनवा सीएचसी में इलाज हुआ। दोनों को जेल भेज दिया गया।

नौतनवा कस्बे में बीते 20 फरवरी की सुबह कुशीनगर जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक से लूट हुई थी। वह गोरखपुर से बस से आने के बाद नौतनवा कस्बे में जा रहा था। उसी दौरा ब्रेजा कार से आए बदमाशों ने अपने को क्राइम ब्रांच का बता कर लूट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित युवक ने पांच लाख रुपये लूट की तहरीर दी, जबकि लूट इससे अधिक हुई थी। बदमाशों के पास से 16 लाख रुपये बरामदगी के बाद पीड़ित की भूमिका पर भी पुलिस जांच कर रही है। मामला हवाला कारोबार से जुड़ता नजर आया। एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर नौतनवा पुलिस अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर एसओजी, स्वाट, सर्विलांस समेत पुलिस की पांच टीम तलाश कर रही है।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर।** परसामलिक थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बुधवार को अपने हमराहियों के साथ ग्राम पंचायत बभनी स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से एक 17 वर्षीय किशोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह मर्यादपुर थाना परसामलिक का निवासी है। उसके खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई

**महराजगंज।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चोरी के तीस साल पुराने मामले में अभियुक्त अशोक यादव, इंद्रजीत, रामा निवासी बेलभरिया थाना कोठीभार के खिलाफ जेल में बिताई गई अवधि की सजा से दंडित किया है। प्रत्येक पर 22-22 सौ रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में बेलभरिया के जोखू प्रसाद गुप्त ने केस दर्ज कराया था। तत्कलीन एसआई उमाशंकर मिश्र थाना ढूठीबारी ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

# मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश पहले भी भेजे जा चुके हैं जेल

नौतनवा, हिसं। कस्बे में दिनदहाड़े क्राइम ब्रांच बताकर हवाला कारोबारी से लाखों को हुई लूट के मामले में जिन दो बदमाशों को पुलिस टीम मुठभेड़ में गिरफ्तार की है, वह दोनों संगीन मामलों में पहले भी जेल जा चुके हैं।

नौतनवा पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित निरंजन सिंह पुत्र किरण शंकर सिंह निवासी नंदानगर थाना एम्स जनपद गोरखपुर का रहने वाला है। वह गोरखपुर के कैंट थाने में 2020 में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। दूसरा आरोपित बाबू सिंह पुत्र उग्रसेन सिंह निवासी परासिया थाना सिरौली जिला देवरिया का निवासी है। उसके खिलाफ 2021 में थाना भलुवानी जनपद देवरिया में ही हत्या, बलवा समेत कई गंभीर धाराओं में जेल जा चुका है।

## दो आरोपित गिरफ्त से दूर

नौतनवा लूटकांड में चार बदमाशों का नाम सामने आ चुका है। इसमें से दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दी। दो आरोपित फरार हैं। एक रणविजय सिंह उर्फ विपुल सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह नंदानगर थाना कैंट जनपद गोरखपुर और दूसरा फरार आरोपित विश्वजीत यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी आजाद नगर थाना रामगढ़ ताल जनपद गोरखपुर का निवासी है।

## घुघली, कोठीभार, महिला थाना, साइबर थाना में बना है हास्टल व बैरक

# सीएम ने साइबर थाना और बैरक का किया लोकार्पण

**वर्चुअल कार्यक्रम**

- वर्चुअल लोकार्पण का मुख्य कार्यक्रम घुघली थाने में हुआ
- मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रम का भी प्रसारण किया गया



घुघली थाना परिसर में वर्चुअल लोकार्पण का मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

महराजगंज, निज संवाददाता। मुख्यमंत्री ने बुधवार को जिले के साइबर थाना समेत तीन अन्य पुलिस स्टेशन में नव निर्मित हास्टल, बैरक व विवेचना कक्ष का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान एएसपी आतिश कुमार सिंह के अलावा जन प्रतिनिधि व पुलिस कर्मी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रम का भी प्रसारण किया गया।

जिला मुख्यालय पर महिला थाना परिसर में ही साइबर थाना बना हुआ है। इसका मुख्यमंत्री ने वर्चुअल लोकार्पण किया था। महिला थाना परिसर में बने हास्टल व बैरक का भी लोकार्पण किया गया। वर्चुअल लोकार्पण का मुख्य कार्यक्रम घुघली थाना परिसर में आयोजित हुआ। एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह के अलावा घुघली ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश जायसवाल व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष घुघली वीरेंद्र सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी थानों पर पुलिसिंग से जुड़ी अत्याधुनिक सुविधाएं बढ़ा रही है। सभी थानों पर महिला हेल्प डेस्क व साइबर सेल स्थापित है। सुविधाओं में इजाफा से क्राइम कंट्रोल में बेहतर वृद्धि हुई है। अपराधियों के हौसले पस्त हैं।

एएसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बुधवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुल 144 नए भवनों का लोकार्पण किया है। इसमें महराजगंज के घुघली, कोठीभार और महिला थाने पर बने विवेचना कक्ष और हास्टल बैरक के अलावा साइबर थाने का भी लोकार्पण शामिल है। साइबर थाने पर थानाध्यक्ष संजय मिश्रा, एसआई मृत्युंजय उपाध्याय, सत्येंद्र मल्ल, आलोक पांडेय, प्रफुल्ल यादव आदि मौजूद रहे।

# देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

निचलौल। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सिंहपुर में पुलिस ने बुधवार को छापेमारी कर एक घर से 20 शीशी देशी शराब बरामद कर एक महिला को पकड़ लिया है।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में महिला को 10 वर्ष का कारावास

- चार जून 2019 को मारपीट में हुई थी महिला की मृत्यु
- अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

जासं, महराजगंज: चार वर्ष पूर्व आनंदनगर कस्बे के वार्ड नंबर चार में मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट के बाद महिला की मृत्यु के मामले में न्यायालय ने बिहार के सिवान जिला के पचरुखी पपौर की रहने वाली जयमाला तिवारी को गैर इरादतन हत्या का दोषी सिद्ध किया है।

अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार श्रीवास्तव ने दोषी को 10 वर्ष की सजा के साथ ही 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि वार्ड नंबर चार में पारस अग्रहरी के मकान में पीड़ित और वादी उदय मद्धेशिया किराये पर रहते थे। उसी मकान में बिहार के सिवान जिला के पचरुखी पपौर के रहने वाले नवलकिशोर तिवारी अपनी पत्नी जयमाला तिवारी के साथ रहते थे।

पीड़ित की तहरीर के अनुसार चार जून 2019 को किसी बात को लेकर जयमाला और उनके पति ने उसकी पत्नी रानी पर हमला कर दिया था, जिसकी बाद में उपचार के दौरान महिला की मृत्यु हो गई थी।

इस मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में जांच पूरी करते हुए आरोप पत्र दाखिल किया था।

विचारण के दौरान नवलकिशोर तिवारी की संलिप्तता नहीं मिलने पर न्यायालय ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया, जबकि वहीं जयमाला तिवारी को दोषी सिद्ध करते हुए सजा सुनाई है।

# नेपाल से आ रहे कास्मेटिक लदे कंटेनर को पुलिस ने पकड़ा

**नौतनवा, हिंसं।** नेपाल से आ रहे एक कंटेनर में भारी मात्रा में कॉस्मेटिक को डीआरआई टीम ने पकड़ा। इसके बाद टीम कंटेनर को लेकर गोरखपुर की ओर रवाना हो गई। इस कार्रवाई से कास्मेटिक सामान के कारोबारियो में हड़कंप मच गया। स्थानीय स्तर पर कोई भी विभाग की टीम कार्रवाई में सम्मिलित होने से इनकार कर रही है।

नेपाल में निर्मित कॉस्मेटिक के समान बड़े पैमाने पर इन दिनों भारतीय बाजारों में तस्करी के माध्यम से पहुंचाया जा रहे हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम को इसकी भनक काफी दिनों पहले लग चुकी थी। नेपाल निर्मित कॉस्मेटिक के समान कुछ जिम्मेदारों की मिलीभगत से सोनौली सीमा के रास्ते वाहनों के जरिए भारतीय सीमा में लाए जा रहे हैं। अभी तक कॉस्मेटिक के सामान पगडंडी रास्तों के जरिए करियर नेपाल से भारतीय सीमा में पहुंचा रहे थे। डीआरआई विभाग की टीम को बुधवार की सुबह सूचना मिलते ही टीम ने नौतनवां थाना क्षेत्र के चण्डीथान निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाखों रूपये के कास्मेटिक सामान लदे कंटेनर वाले वाहन को रोक लिया। जांच के बाद डीआरआई टीम कन्टेनर को अपने साथ लेती गई।

# रणविजय व बाबू ने बनाई हवाला कारोबार की योजना

- रणविजय गोरखपुर व बाबू सिंह देवरिया जिले का है निवासी
- गोरखपुर जेल में एक-दूसरे के सम्पर्क में आए थे दोनों आरोपी
- हवाला कारोबार समेत अन्य घटना को अंजाम देने की बनाई थी योजना

> नौतनवा लूटकांड में शामिल चार में से दो बदमाशों को पुलिस टीम ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। दो फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार दोनों बदमाशों के आपराधिक रिकार्ड मिले हैं। पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कराई जा रही है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि इनके नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है?
>
> **-आतिश कुमार सिंह,** एएसपी

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** लूटकांड में गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ में कई जानकारी सामने आई है। इससे पूरा मामला हवाला कारोबार से जुड़ता नजर आ रहा है। नौतनवा में लूट की घटना में चार बदमाशों का नाम सामने आया है। इसमें से दो बदमाश मुठभेड़ में पकड़े जा चुके हैं। दो बदमाश फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है।

अभी तक जो बातें आई हैं उसके मुताबिक बाबू सिंह व रणविजय सिंह गोरखपुर जेल में एक-दूसरे से सम्पर्क में आए थे। जेल में ही दोनों ने हवाला कारोबार व अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की योजना बनाया था। जेल से छूटने के बाद हवाला कारोबारियों को अपने निशाने पर रखा। उनकी हर गतिविधियों की रेकी की, पुख्ता जानकारी एकत्र होने के बाद नौतनवा में लूट की घटना को अंजाम दिया।

लूट के इस मामले में पीड़ित कुशीनगर के युवक की भूमिका भी सवालों में घिर गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना के बाद वह तहरीर देने के लिए तैयार ही नहीं हो रहा था। बाद में पांच लाख रुपये लूट की सूचना दी। इसके आधार पर पुलिस केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। प्रारंभिक जांच में ही यत बात सामने आ चुकी थी कि लूट केवल पांच लाख रुपये की ही नहीं हुई थी, उससे कई गुना अधिक रकम लूटी गई थी। अब मुठभेड़ में 16 लाख रुपये की बरामदगी के बाद यह सवाल उठने लगा है कि कुशीनगर का युवक इतनी बड़ी नगदी धनराशि लेकर नौतनवा किस मंशा से आया था। पुलिस इस बिन्दु पर भी जांच कर रही है।

**पुलिस की इस टीम ने बदमाशों को दबोचा:** नौतनवा लूटकांड में शामिल दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में नौतनवा थाना के प्रभारी निरीक्षक मनोज राय, सोनौली कोतवाली के एसओ अभिषेक सिंह, बरगदवा थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह, कोल्हुई एसओ दिनेश कुमार व एसओजी प्रभारी महेन्द्र यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### सभी मतदान केंद्रों पर पहुंचने के रूट की पहचान करेगी फोर्स

# जनपद में पहली मार्च को आएगी पैरा मिलिट्री फोर्स

**लोकसभा चुनाव**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** आगामी लोकसभा चुनाव की अधिसूचना पन्द्रह मार्च के आसपास जारी होने का अनुमान है। इसको लेकर निर्वाचन व सुरक्षा इंतजाम की सभी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स आएगी। उनके रहने के लिए सभी इंतजाम पूरा कर लिया गया है। पहली मार्च को एक कंपनी सीपीएमएफ आएगी। इस फोर्स के जवान सभी थाना की पुलिस के साथ एरिया डोमिनेशन करेंगे। क्षेत्र से परिचित होने के बाद चुनाव के दौरान फोर्स के जवान सुरक्षा कमान संभालेंगे।

लोकसभा चुनाव में जिले के 71 विद्यालयों में ठहरेगी सीपीएमएफ के जवान ठहरेंगे। एसपी के निर्देश पर सभी सीओ व थानाध्यक्ष इन सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर चुके हैं। रहने व अन्य सभी सुविधाओं को देखने के बाद स्कूल प्रशासन से सहमति पत्र ले लिया गया है। एसपी सोमेन्द्र मीना ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के बाद यह पता चलेगा कि जिले में चुनावी ड्यूटी में कितनी फोर्स आएगी। फोर्स का आवंटन निर्वाचन आयोग करता है। चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की सभी तैयारी निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश में पूरी कराई जा रही है। कंट्रोल रूम का गठन किया जा चुका है।

## एडीजी जोन ने चुनाव को लेकर जिले का किया दौरा

लोकसभा निर्वाचन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बुधवार को एडीजी गोरखपुर जोन जिले का दौरा किए। श्यामदेउरवा थानाक्षेत्र के उन दो विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह को दिशा निर्देश भी दिया। पानमती देवी कन्या इंटर कालेज व खालिद मिल्ली कोटवा में एडीजी ने फोर्स के रहने की व्यवस्था के साथ-साथ रात्रि विश्राम व अन्य सुविधाओं का मुआयना किया। जिले की पुलिस को चुनाव के मद्देनजर चौकसी बढ़ाने व निर्वाचन आयोग द्वारा मांगी जा रही सभी सूचनाओं का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर जवाब देने का निर्देश दिया। इस मौके पर श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के अलावा क्षेत्र के पुलिस कर्मी रहे।

> आगामी लोकसभा चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश में सभी तैयारी पूरी की जा रही है। चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आने वाले सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के ठहरने के लिए 71 विद्यालयों का चिन्हित कर लिया गया है। सभी जरूरी सुविधाएं विकसित कराई जा रही हैं। अवैध शराब के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।
>
> **-आतिश कुमार सिंह**, एडिशनल एसपी

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

पनियरा : पनियरा थाना क्षेत्र के बभनौली चौराहे से बुधवार सुबह पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रिजवान शाह निवासी ग्राम सुमही बुजुर्ग उर्फ मेहदीया थाना तरयासुजान जिला कुशीनगर का निवासी है।

# आरोपित पर अपहरण का मुकदमा, किशोरी बरामद

**जासं, चौक बाजार :** नगर पंचायत के एक युवक पर चौक पुलिस ने अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी को छह घंटे के भीतर सोनाड़ी जंगल से बरामद कर लिया। चौक थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने मंगलवार की शाम को थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर नगर पंचायत के राम आशीष गुप्त पर उसकी नाबालिग बेटी को बहला कहीं भगा ले जाने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल अपहरण का मुकदमा पंजीकृत करते हुए किशोरी की तलाश प्रारंभ कर दी। थानाध्यक्ष चौक प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि किशोरी को सोनाड़ी जंगल से बरामद कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है, साथ ही आरोपित की तलाश की जा रही है।

# पुलिस से हुई मुठभेड़ में धराए लुटेरे, एक बदमाश को लगी गोली

20 फरवरी को नौतनवा कस्बे में कुशीनगर के रहने वाले अजय के साथ हुई थी लूट, बदमाशों में एक गोरखपुर तो दूसरा देवरिया का रहने वाला

जासं, महराजगंज: आठ दिन पूर्व नौतनवा में कुशीनगर के रहने वाले व्यापारी अजय यादव से हवाला के लूट के मामले में सोमवार की देर रात पुलिस की आरोपितों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें पुलिस ने नंदानगर दरगहिया एम्स गोरखपुर के रहने वाले निरंजन सिंह के पैर में गोली मारते हुए कुल दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से दो असलहा समेत 15.88 लाख रुपये नकद व कार बरामद हुई है। पुलिस लूट में शामिल अन्य दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

20 फरवरी को कुशीनगर कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भड़सर के रहने वाले अजय यादव के साथ कार सवार चार बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। हालांकि मामला हवाला से जुड़ा होने के कारण पीड़ित अजय ने पुलिस को मात्र पांच लाख रुपये की सूचना दी थी, जिसपर पुलिस ने कार सवार चार अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई थी। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि जांच के ही क्रम में सोमवार की रात में सूचना मिली कि लूट में शामिल आरोपित नेपाल जाने की फिराक में है, जिसपर नौतनवा थानाध्यक्ष मनोज राय, एसओजी प्रभारी महेंद्र यादव, कोल्हुई थानाध्यक्ष दिनेश कुमार और सोनौली थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह की टीम सतर्क होकर नौतनवा कस्बे में पहुंच गई। रात में करीब दो बजे एक सफेद रंग की कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने एसएसबी रोड पर उसे रोकने का प्रयास किया तो कार में सवार दो आरोपितों ने असलहा निकाल लिया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में नौतनवा थानाध्यक्ष मनोज राय ने एक आरोपित के पैर में गोली मारी, जिससे वह वहीं पर गिर पड़ा। गिरफ्तार आरोपितों में गोली से घायल नंदानगर दरगहिया एम्स गोरखपुर के रहने वाले निरंजन सिंह के रूप में हुई, जबकि वहीं दूसरा आरोपित देवरिया के सुरौली थाना क्षेत्र के परसिया जटू उत्कर्ष बाबू उर्फ राजू सिंह के रूप में हुई है।



गोली लगने के बाद आरोपित को पकड़कर लाते पुलिसकर्मी● जागरण

पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए दोनों आरोपितों के अलावा दो फरार आरोपितों की भी तलाश की जा रही है। जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। वहीं लूट के मामले में वादी द्वारा बताई गई धनराशि और लुटेरों के पास से बरामद धनराशि में भी अंतर है, जिसके क्रम में वादी से भी पूछताछ की जा रही है। गोली लगने के बाद आरोपित निरंजन का उपचार कराया जा रहा है।

सोमेंद्र मीना, पुलिस अधीक्षक

## मऊ का विपुल था मास्टरमाइंड, हवाला और नशे का भी कनेक्शन

जासं, महराजगंज: आठ दिन पूर्व नौतनवा कस्बे में कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के भड़सर खास के रहने वाले अजय के साथ हुई लूट की घटना में मऊ जिले के चिरैयाकोट थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कर्मी के रहने वाले विपुल उर्फ रणविजय सिंह मुख्य मास्टरमाइंड था। वह गोरखपुर जिले के खजनी के रहने वाले साथी विश्वजीत के साथ अभी भी फरार है। इधर मंगलवार की रात में मुठभेड़ में दो आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद जो बातें खुलकर सामने आई हैं, उससे पुलिस के जांच की अब दिशा ही बदल गई है। पीड़ित के अनुसार लूट पांच लाख की थी, जबकि मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपितों के मुताबिक लूट 35 लाख की थी, जिसमें से उनके पास से 15.88 लाख रुपये बरामद भी हुए हैं, लेकिन यह रुपये किस काम के लिए जा रहे थे, यह हवाला के रुपये थे, या फिर नशीले पदार्थों की डिलीवरी के, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस इसको और बड़ी खेप मानकर जांच में जुटी हुई है।

- पीड़ित ने पांच लाख रुपये लूट का लिखाया था मुकदमा, लुटेरे बता रहे 35 लाख
- एनडीपीएस, हत्या व आर्म्स एक्ट के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं आरोपित, पीड़ित से होगी पूछताछ





नौतनवा थाने में पकड़े गए दोनों आरोपितों के साथ पुलिस टीम● जागरण

**हत्या, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट में पहले भी जेल जा चुके हैं चारों आरोपित :** नौतनवा: नौतनवा कस्बे में लूट की घटना को अंजाम देने वाले चारों आरोपित का पुराना भी आपराधिक इतिहास रहा है। इसमें बुधवार को गिरफ्तार हुए दो आरोपितों में उत्कर्ष बाबू उर्फ राजू सिंह पर देवरिया में तीन अलग-अलग मामलों में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, धमकी व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इसी क्रम में निरंजन सिंह पर शाहपुर थाने में आर्म्स एक्ट तथा विपुल उर्फ रणविजय सिंह पर गोरखपुर के कैंट थाना में हत्या का प्रयास व मारपीट का मुकदमा दर्ज है। वहीं विश्वजीत यादव के ऊपर गोरखपुर के कैंट थाने से एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल जा चुका है।

**हवाला या फिर नशीले पदार्थों के डिलीवरी के लिए थे रुपये :** महराजगंज: बार्डर पर लंबे पैमाने पर नशे का धंधा संचालित हो रहा है। इसमें नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए अलग टीमें काम करती हैं तो उसकी धनराशि पहुंचाने का काम अलग टीम द्वारा किया जाता है। 20 जनवरी को जिस तरह से अजय यादव के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया, इससे एक बात तो साफ है कि चारों आरोपित पहले से अजय यादव के कार्य के बारे में जानते रहे हैं और रुपये लेकर गोरखपुर से आने की जानकारी होने के बाद लूट की घटना को अंजाम दे दिया था। बकौल लुटेरों लूट की रकम 35 लाख बताई जा रही है, जिससे वादी के ईमान पर भी पुलिस का शक बरकरार है। ऐसे में पुलिस इन रुपयों के बारे में भी जांच कर रही है कि आखिर यह रुपये किस कार्य के लिए लाए गए थे।

लूट की घटना में पहली सूचना पांच लाख रुपये की मिली थी, उसी के आधार पर मुकदमा भी दर्ज हुआ था। दो आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद मामले में 35 लाख रुपये लूट की बात सामने आ रही है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। वादी से भी पूछताछ हो रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं फरार विपुल उर्फ रणविजय तथा विश्वजीत की गिरफ्तारी को लेकर भी पुलिस टीमें लगी हुई हैं।

सोमेंद्र मीना, पुलिस अधीक्षक

# अपर पुलिस महानिदेशक ने किया निरीक्षण

महराजगंज। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। सीपीएमएफ बल के रुकने वाले स्थान का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया।संवाद

### लखनऊ से मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव गृह तथा पुलिस महानिदेशक का आयोजित हुआ वर्चुअली कार्यक्रम

# साइबर थाना समेत तीन थानों के हास्टल बैरक का हुआ वर्चुअली लोकार्पण



घुघली थाने पर वर्चुअली लोकार्पण कार्यक्रम के बाद उपस्थित बाएं से थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, एएसपी आतिश कुमार सिंह, घुघली ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश जायसवाल व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ( दाएं )● जागरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** जिले के साइबर थाना के अलावा महिला थाना, घुघली और कोठीभार थाने पर बनकर तैयार हो चुके हास्टल बैरक और विवेचना कक्ष का बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वर्चुअली लोकार्पण किया।

इस दौरान थानों पर उपस्थित पुलिसकर्मी और जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्य कार्यक्रम घुघली थाने पर आयोजित हुआ, जहां अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह के

**जनपद के साइबर थाना के अलावा घुघली, कोठीभार और महिला थाना पर बनकर तैयार विवेचना कक्ष और हास्टल बैरक का हुआ लोकार्पण**

साथ घुघली के ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश जायसवाल व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष घुघली वीरेंद्र सिंह की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया।

एएसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से बुधवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुल 144 नए भवनों का लोकार्पण किया है। इसमें महराजगंज के घुघली, कोठीभार और महिला थाने पर बने विवेचना कक्ष और हास्टल बैरक के अलावा साइबर थाने का भी लोकार्पण शामिल है।

इसी क्रम में साइबर थाने पर थानाध्यक्ष संजय मिश्रा, उपनिरीक्षक मृत्युंजय उपाध्याय, सत्येंद्र मल्ल, आलोक पांडेय, प्रफुल्ल यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# घर में कर रहे थे जंगली लकड़ी की चिरान, दो गिरफ्तार

- सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के दक्षिणी चौक रेंज का मामला
- मामले की जांच में जुटी वन विभाग की टीम

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के दक्षिणी चौक रेंज के वनग्राम 27 नर्सरी में बुधवार की सुबह वन सुरक्षा टीम के प्रभारी मोहन सिंह के नेतृत्व में अपनी टीम के साथ एक घर पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान टीम ने घर के अंदर जंगली लकड़ी चिरान करते हुए दो युवको को रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों आरोपितों के विरुद्ध वन विभाग की टीम कार्रवाई में जुट गई है। वन सुरक्षा टीम के प्रभारी ने बताया कि बुधवार की सुबह नौ बजे सूचना के आधार पर विजय नामक युवक के घर पर छापेमारी की गई।

मौके से सागौन के चार चिरान लकड़ी बरामद तथा चिरान करने वाले हाथ आरा के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों की पहचान पिपरिया के रहने वाले राधेश्याम और वन ग्राम 27 नंबर नर्सरी के रहने वाले संजय साहनी के रूप में हुई। जिला प्रभागीय वनाधिकारी नवीन प्रकाश शाक्य ने बताया कि मामले में आरोपितों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



वन ग्राम 27 नर्सरी में लकड़ी की चिरान के साथ हिरासत में लिया गया आरोपित और वन विभाग की टीम● जागरण

# नेपाल में असलहा लेकर प्रवेश किए कांस्टेवल को वापस लौटाया

सोनौली : लखनऊ के दो लोगों के साथ सुरक्षा में तैनात एक कांस्टेबल मंगलवार की शाम करीब पांच बजे अपने सरकारी असलहे के साथ नेपाल प्रवेश कर गया, जिसे नेपाल के बेलहिया पुलिस ने रोककर पूछताछ करने लगी। इसके बाद उसे वापस भारत वापस भेज दिया गया। सोनौली चौकी प्रभारी अनघ कुमार का बताया कि लखनऊ से आए दो लोगों को किसी से मिलने बेलहिया भंसार के पास जाना था। (जासं)

# नाबालिग भर रहे बाइक से फर्राटा, तोड़ रहे नियम

जागरण संवाददाता, निचलौल: शहर में कोचिंग सेंटर, स्कूलों में नाबालिग छात्र-छात्राएं स्कूटी और बाइक से आते-जाते हैं। नाबालिगों को यातायात संबंधित नियमों के पालन के बारे में अधिक जानकारी भी नहीं है। वह बिना हेलमेट के वाहनों को तेज गति से चलाते हैं। यही कारण है कि इनकी सड़क हादसे में मृत्यु भी हो जाती है।

दिसंबर में कटरा चौराहे पर बिना हेलमेट के बिशुनपुरा निवासी मोनू तेज गति से मंडी की तरफ जा रहा था, तभी उसकी गाड़ी की ठोकर से तीन बाइक सवार गिरकर गिर गए, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपनगर में अधिकांश बाइक सवार तेज गति से बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते हैं। इस कारण आए दिन दुर्घटना हो जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों में पुलिस विभाग द्वारा यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया जाता है, लेकिन उसका पालन कोई भी छात्र-छात्राएं नहीं कर रहे हैं। अधिकतर दुर्घटनाएं नाबालिगों के कारण हो रही हैं। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के परिवार के लोग अपने नाबालिग बच्चों के हाथ में मौत की चाबी सौंप दे रहे हैं। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों व महाविद्यालयों में कार्यशाला का आयोजन कराया जा रहा है। सभी लोगों को यातायात संबंधित जानकारी दी जाती है। जो लोग नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाती है।

## इन नियमों का करें पालन

निर्धारित लेन में अपने वाहन को चलाएं।

वाहन पार्किंग का विशेष रूप से ध्यान रखें।

ओवरटेक करने से दूरी बनाकर रखें।

सीट, बेल्ट ,हेलमेट का प्रयोग जरूर करें।

जरूरी होने पर ही हार्न बजाएं, जिससे दूसरा वाहन चालक विचलित न हो।

वाहन की गति पर नियंत्रण रखें।

वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें।

# गनर को नेपाल पुलिस ने लौटाया

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली बार्डर से सटे रूपनदेही जिले के भैरहवा भंसार कार्यालय के पास किसी से मिलने पहुंचे लखनऊ के एक व्यक्ति के साथ उसका गनर असलहा लेकर पहुंचा था, जिसे नेपाल पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद सोनौली पुलिस के पास भेज दिया।

मंगलवार देर शाम लखनऊ के दो व्यक्ति किसी काम से अपने निजी साधन से सोनौली पहुंचे थे और किसी से मिलने के लिए सभी लोग सीमा से सटे बेलहिया पुलिस चौकी के आगे पहुंचे। इस दौरान नेपाल पुलिस ने भारतीय पुलिस के पास सरकारी असलहा देखकर इसकी जानकारी सोनौली पुलिस को दी। संवाद

# चार क्विंटल प्याज बरामद, एक पकड़ा

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी डांडा हेड के जवानों ने गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 520/26 के पास से प्याज, बाइक व एक आरोपी को पकड़ लिया। बाद में नौतनवा कस्टम को सौंप दिया। असिस्टेंट कमांडेंट परमात्मा सिंह ने बताया कि डांडा हेड के जवान गश्त पर निकले थे।

भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 520/26 के पास भारतीय सीमा क्षेत्र की तरफ से कुछ लोग बाइक पर बोरा लेकर नेपाल जाने की फिराक में थे। जवानों को देखते ही तस्कर सामान छोड़कर भागने लगे। जवानों ने दौड़ाया तो एक आरोपी पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम मुकेश शाह निवासी भैरहवा नेपाल बताया। संवाद

# नवनिर्मित भवन और बैरक का सीएम ने किया वर्चुअली लोकार्पण




**घुघली थाने पर नवनिर्मित भवन व बैरक का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश, पूर्व पंचायत अध्यक्ष घुघली बीरेंद्र व एएसपी।** स्रोत-पुलिस विभाग

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को नवनिर्मित भवन व बैरक का वर्चुअली लोकार्पण किया। थाना घुघली, कोठीभार, महिला थाना, साइबर थाना में नवनिर्मित आरक्षी बैरक/हास्टल व विवेचना कक्ष का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

वर्चुअली लोकार्पण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष घुघली बीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि पुलिस कर्मियों के रहने के लिए थानों पर हॉस्टल/बैरक एवं एक-एक विवेचना कक्ष का निर्माण किया गया है, जिसका वर्चुअली मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया।

इससे पुलिस कर्मियों के साथ-साथ आने वाले फरियादियों को भी काफी राहत मिलेगी। नवनिर्मित भवन के उद्घाटन से थाना परिसर में विवेचना के कार्यों में काफी सहूलियत होगी तथा कार्मिकों के रहने की व्यवस्था बेहतर होगी।

# गैर इरादतन हत्या में 10 वर्ष कैद

## 2019 का मामला, कोर्ट ने 20 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड

**अदालत से**

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** फरेंदा कस्बे में पांच वर्ष पूर्व हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार श्रीवास्तव ने अभियुक्त को दस वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने बताया कि चौरहिया गोला आनंदनगर के उदय मद्धेशिया ने सात जून 2019 को थाना फरेंदा में तहरीर देकर बताया था कि वह परिवार के साथ पारस अग्रहरी के मकान में किराये पर रहता है। उसी मकान में जयमाला तिवारी भी रहती है। चार जून को जयमाला ने गाली देते हुए सरिया से रानी तिवारी एवं उनके पति किशोर पर हमला कर दिया। जिससे वादी की पत्नी रानी बेहोश होकर गिर गई।

लखनऊ में इलाज के दौरान 21 जून को रानी की मौत हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के अनुसार जयमाला तिवारी के विरूद्ध केस दर्ज कर 12 नवंबर 2019 को आरोप पत्र प्रेषित किया। फरेंदा कस्बा निवासी जयमाला तिवारी निवासी वार्ड नंबर चार चौरहिया गोला को सजा सुनाई है।

### चोरी के मामले में 2200 रुपये का अर्थदंड

**महराजगंज।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महराजगंज ने चोरी के मामले में तीन अभियुक्तों को 2200 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर सात दिवस का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक कोठीभार थाना क्षेत्र के गांव बेलभरिया निवासी अभियुक्त अशोक यादव, इंद्रजीत व रामा ने चार नवंबर 1994 में चोरी की थी। उसके पास से माल बरामद हुआ था। मामले में वादी जोखू प्रसाद गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष ने चोरी व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रमेश चंद्र की पैरवी पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त अशोक यादव, इंद्रजीत, रामा को 2200 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। संवाद

# रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरा युवक, मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बृजमनगंज।** रेलवे स्टेशन पर बुधवार की दोपहर में बढ़नी की तरफ से आ रही नकहा जंगल-गोमती नगर एक्सप्रेस से गिरकर जनार्दन निवासी ग्रामपंचायत सहजनवा टोला खडखोड़ी थाना बृजमनगंज की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन रेलवे स्टेशन पर धीमी होने के कारण वह उतरने का प्रयास कर रहा था।

इस दौरान पैर फिसलने से ट्रैक के अंदर चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। स्टेशन मास्टर केपी सिंह ने बताया कि शव को ट्रैक से हटाकर दूर कर दिया गया है। इसकी सूचना जीआरपी को दी गई है।



बृजमनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री की मौत के बाद लगी भीड़। संवाद

### सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**बृजमनगंज।** बुधवार दोपहर फरेंदा मार्ग के फुलमनहा चौराहे पर अनियंत्रित बाइक सवार 10 वर्षीय बालक को टक्कर मारकर फरार हो गया। घायल मोहम्मद अफ्फान निवासी ग्राम सभा महुलानी टोला चौरी अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम सभा लेहरा में वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहा था। उसे सिद्धार्थनगर जिला अस्पताल ले जाया गया। संवाद

# पुलिस मुठभेड़ में लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, 16 लाख रुपये बरामद

## 20 फरवरी को चार लुटेरों ने असलहे के बल पर लूटे थे 35 लाख, दो की चल रही है तलाश



नौतनवा में पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी। स्रोत-पुलिस विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कुशीनगर के युवक से 20 फरवरी को नौतनवा में हुई लूट मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार की रात हुई मुठभेड़ में दोनों के पास से 16 लाख रुपये, एक असलहा और कारतूस बरामद किए गए। दोनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अभी भी दो लुटेरे पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

पुलिस के मुताबिक, 20 फरवरी को नौतनवा क्षेत्र में कुशीनगर जिले का एक युवक गोरखपुर से रकम लेकर नौतनवा जा रहा था। इसी दौरान लग्जरी वाहन से आए कुछ लोगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताकर उसके पास से रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस से पीड़ित युवक ने बताया था कि उसके साथ पांच लाख की लूट हुई है, लेकिन जांच में पता चला की लुटेरों ने युवक से 35 लाख रुपये की लूट की है।

मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी। मंगलवार रात को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि नौतनवा में लूट करने वाले आरोपी बिना नंबर प्लेट की लग्जरी वाहन से नौतनवा बाईपास से गैस गोदाम होते हुए एसएसबी रोड के रास्ते नेपाल बार्डर की तरफ जाने की फिराक में हैं।

सूचना के बाद पुलिस की एक टीम बनैलिया माता मंदिर चौराहे पर वाहनों की चेकिंग करने लगी। एक टीम सुंडी के पास एसएसबी रोड पर पहुंचकर आने-जाने वालों की जांच में जुट गई। करीब दो बजे रात में एक बगैर नंबर प्लेट की लग्जरी वाहन बनैलिया माता मंदिर चौराहे पर पहुंची। उसे रोकने का इशारा किया तो चालक तेजी से खनुआ की तरफ वाहन लेकर भागने लगा। टीम ने वाहन का पीछा करते हुए इसकी सूचना थाना नौतनवा के वायरलेस सेट के माध्यम से कंट्रोल रूम को दी। वहीं घटना की सूचना एसएसबी रोड पर मौजूद दूसरी टीम को भी वायरलेस सेट से दी गई। जबकि सुंडी के पास एसएसबी रोड पर दोनों तरफ से पुलिस टीम से घिरा देखकर लुटेरों ने वाहन खड़ा कर पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने आरोपियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन लुटेरों ने पुलिस के आवाज को नजर अंदाज कर दी। इसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक लुटेरे के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के पास से लूट की करीब 16 लाख रुपये, कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार लुटेरों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम उत्कर्ष सिंह उर्फ बाबू सिंह उर्फ राजू सिंह निवासी परसिया जदू जिला देवरिया और निरंजन सिंह निवासी नंदानगर दरगहिया थाना एम्स गोरखपुर बताया है।

### नेपाल में लूट की रकम से जुआ खेलने जा रहे थे आरोपी

पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार दोनों लुटेरों ने पूछताछ में कहा कि 20 फरवरी को हुई घटना में उन दोनों के अलावा विश्वजीत यादव निवासी खजनी जिला गोरखपुर तथा विपुल सिंह उर्फ रणविजय सिंह निवासी कर्मी थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ भी शामिल थे। उन लोगों ने नौतनवा कस्बे में एक युवक से 35 लाख रुपये लूटे थे। उक्त रकम को आपस में बांट लिए थे। फिर दोनों रकम लेकर नेपाल के कैसिनो में जुआ खेलने जा रहे थे। दो फरार साथी विश्वजीत और रणविजय हिस्से की रकम लेकर पहले ही नेपाल भाग चुके हैं।

### आठ लाख रुपये में खरीदा वाहन

लूट में शामिल बरामद वाहन के बारे में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने राकेश कुमार निवासी रायपुर से करीब आठ लाख रुपये में वाहन खरीदा है। हालांकि वाहन अभी ट्रांसफर नहीं कराया है। जबकि पहचान छिपाने के लिए गाड़ी का नंबर प्लेट निकाल दिया था। इतना ही नहीं घटना के बाद गाड़ी के ऊपर काले रंग का लेमिनेशन भी करा दिया था। क्योंकि लूट के दौरान वाहन का प्रयोग किया था।

# प्रेमी को ढूंढते लुधियाना से बरगदवां पहुंची प्रेमिका

**ठूठीबारी।** दूसरी शादी करने के चक्कर में प्रेमी अपनी प्रेमिका को लुधियाना में छोड़कर पिता के साथ भाग गया। प्रेमी की तलाश करते हुए अपने छोटे बच्चे के साथ सोमवार को प्रेमिका गांव पहुंची तो परिजन उसे घर में नहीं घुसने दिए। इसके बाद वह बरगदवा थाने पहुंचकर पुलिस को अपनी व्यथा सुनाई। पुलिस ने बुधवार को परिजनों को बुलाकर तीन मार्च तक युवक को थाने पर लाने की हिदायत दी है।

## पुलिस ने परिजनों को बुलाया थाने

पीड़िता ने बताया कि वह बिहार की रहने वाली है। एक बच्चे की मां है। प्रेमी से फेसबुक के माध्यम से एक दूसरे से संपर्क में आए और दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे। 21 जनवरी 2024 में शादी किए। शादी कर प्रेमी अपने प्रेमिका बच्चे संग लुधियाना कमाने चला गया। आरोप है की साजिश के तहत युवक का पिता लुधियाना पहुंचा और उसको साथ लेकर चला गया। बरगदवा थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह के अनुसार आरोपी के परिजनों को थाने बुलाया गया था। तीन मार्च तक फरार प्रेमी को ढूंढकर थाने पर लाने के लिए हिदायत दी गई है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

# 12 लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**बस्ती (एसएनबी)।** जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कोतवाली पुलिस ने 10 तथा नगर थाने की पुलिस ने 2 लोगों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त वीके यादव उर्फ विनोद कुमार यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी बी 203 मेगा सिटी अपार्टमेन्ट संजय नगर थाना बारादरी जनपद बरेली तथा उनके साथी सत्यप्रकाश पटेल पुत्र बृजाराम चौधरी निवासी बरगदवा, वसीम पुत्र अमीन निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर, रूपम पटेल पुत्री बाबूराम निवासी सुभाषपुर थाना कलवारी, रामआशीष यादव उर्फ आशीष यादव पुत्र मनीराम यादव निवासी रक्शा थाना लालगंज, हाल मुकाम ए/2 कुशल विहार सेल्फ वेद विहार रायल गार्डन अकुंर विहार गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, स्वतन्त्र श्रीवास्तव पुत्र धर्मेन्द्र श्रीवास्तव निवासी 399 गाधींनगर उरई तहसील इन्द्रगढ उरई थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन, पीयूष पाण्डेय पुत्र जनार्दन पाण्डेय निवासी हाउस नंबर 158 बांके विहारी पुरम , विसर्क रोड थाना छपरौला जनपद गौतम बुद्ध नगर स्थाई पता ग्राम कटरिया थाना राजपुर जनपद बक्सर विहार, गुलशन फातिमा पत्नी वसीम निवासी टेमा रहमत थाना कोतवाली जनपद संतकबीरनगर, कृष्ण कुमार चौधरी पुत्र राम पियारे निवासी नकटी देही बुजुर्ग रेहरवां थाना कप्तानगंज, जगदीश चन्द्रा पुत्र आनन्द प्रसाद निवासी ब्लाक सी राजेन्द्र नगर थाना प्रेमनगर जनपद बरेली पर 3 (1) यूपी गैंगेस्टर की कार्यवाही की गयी है। प्रभारी निरीक्षक चन्दन कुमार का कहना है कि उक्त अभियुक्तो द्वारा अपने आर्थिक व भौतिक बुनियादी लाभ के लिये धोखा धड़ी कर फर्जी डिग्री देने का अपराध कारित करते थे जिससे यह कार्यवाही की गयी है। इसी प्रकार से नगर थाने की पुलिस ने भी अभियुक्त झिनमुन तिवारी पुत्र दुर्गा प्रसाद तिवारी, दीपू तिवारी पुत्र रामदीन तिवारी निवासीगण पियारेपुर थाना कलवारी पर 3 (1) यूपी गैंगस्टर की कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत छनवतिया गांव में पुरानी रंजिश के विवाद को लेकर भकोले को विपक्षी गंगाराम तथा उसके परिवार के अन्य लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित भकोले पुत्र रनजीत निवासी ग्राम छनवतिया ,थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गंगाराम पुत्र रखई, शकुन्तला देवी पत्नी गंगाराम, सुधा, मधु पुत्रीगण गंगाराम निवासीगण ग्राम छनवतिया ,थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरी

**बस्ती (एसएनबी)।** पंचायत भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अन्दर से हजारो रूपये की कीमती सामानों की चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानान्तर्गत अमिलहा गांव में बने पंचायत भवन का बीते 26 फरवरी की रात को अज्ञात चोरो द्वारा भवन का ताला तोड़कर अन्दर से दो बैटरी, इन्वर्टर, कम्प्यूटर, मानीटर, यूपीएस, कैमरे का डिस्पले, कैमरे का हार्डडिस्क आदि चोरी कर ले गये। मामले में ग्राम प्रधान मुनिराम पुत्र गिल्लू निवासी अमिलहा थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गन्ना क्रय केंद्र श्रृंगीनारी

# घटतौली को लेकर किया मार्ग जाम

परशुरामपुर (एसएनबी)। गन्ना क्रय केन्द्र श्रृगीनारी में गन्ना घटतौली से किसान आक्रोशित हो उठे। विरोध प्रदर्शन करते हुए किसानों ने तौल बन्द करा कर परसा परशुरामपुर मार्ग जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे बभनान सुगर मिल के गन्ना प्रबंधक दिनेश राय व तहसीलदार हर्रैया अनुराग सिंह ने समझा बुझाकर घटतौली की भरपाई कराने के आश्वासन देकर मामला शांत कराया।



सड़क पर गन्ना लदे वाहनों की कतार तथा प्रदर्शन करते किसान ।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर चीनी मिल युनिट बभनान के गन्ना क्रय केन्द्र श्रृगीनारी में गन्ना किसान जगप्रसाद चौधरी धर्म कांटा कराकर क्रय केन्द्र पर गन्ना बेचने गये । एक कुंतल 25 किलो की घटतौली से ट्राली कांटे पर खड़ी कर विरोध करने लगे। देखते ही देखते सैंकड़ों किसान इकट्ठा हो गये। परसा परशुरामपुर मार्ग जाम कर दिया। मिल के अधिकारियों एवं तहसील प्रशासन के हस्ताक्षेप से मामला शांत हुआ। गन्ना आयुक्त के निर्देश के बावजूद गन्ना उतरवाई के लिए ₹100 लिया जाना किसानों का शोषण है। गन्ना आयुक्त का निर्देश बेमतलब सावित हो रहा है। इस मौके पर दिवाकर मिश्र, गौरी शंकर, जगप्रसाद, कुलदीप, शिवनरायन, राकेश, आदर्श मिश्र, प्रेम, राजू, पप्पू सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के पूरा पैकोलिया गांव से जेवरात के चोरी का मामला सामने आया है। आनंद कुमार पुत्र स्व. राजकुमार निवासी पूरा पैकोलिया सोमवार की शाम लगभग पांच बजे सपरिवार स्वामी नारायण छपिया मंदिर दर्शन के लिए गये। उसी दिन शाम को साढ़े सात बजे लोग घर वापस पहुंचे। उन्होंने बेसमेंट को किराए पर दिया था। भूलवश अन्दर से बेसमेंट को बंद कराना भूल गया थे। अन्दर जाकर देखा तो बाक्स का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। एक अदद झाला, एक अदद बाली, एक हार, दो रिंग, एक सीकड़, एक नाक की कील, दो जोड़ी चांदी का पालय और लगभग नौ हजार रूपये गायब था। आनन्द कुमार ने थाने पर तहरीर दिया। थानाध्यक्ष संध्या रानी तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# शौच के लिए गये व्यक्ति की मार्ग दुर्घटना में मौत, केस

■ बस्ती।

सहारा न्यूज ब्यूरो

शौच के लिए निकले व्यक्ति की सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानान्तर्गत खड़ौआ गांव के रहने वाले चन्द्रदेव उपाध्याय (75) शौच के लिए बाहर सड़क से होकर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन के चालक ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी मौत हो गयी। मामले में मृतक के पुत्र अशोक कुमार उपाध्याय पुत्र चन्द्रदेव उपाध्याय ग्राम खडौहा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 304 ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# घर में घुसकर युवक को पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक युवक को उसके घर के अन्दर घुसकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।सोनहा थानान्तर्गत भोलापुर गांव में पुराने विवाद की बात को लेकर विपक्षी रैफीकुन्निनशा तथा उसके परिवार के लोग एक राय होकर इसराइल को गालियां देते हुए उसके घर के अन्दर घुस गये और लाठी डण्डे से जमकर मारापीटा। जाते-जाते लोगो ने इसराइल को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पीड़ित इसराइल पुत्र वहादुर निवासी भोलापुर थाना सोनहा की तहरीर र पुलिस ने आरोपी रफीकुन्निश पत्नी जमील, जैनव सायमा पुत्रीगण जमील, सुजव्वीर पुत्र जमील, मुख्तार पुत्र सुव्वा निवासीगण भोलापुर थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 147 323, 452, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करें

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह द्वारा बुधवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सर्किल सदर व सर्किल कलवारी के विवेचकों का अर्दली रूम किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने सर्किल सदर व सर्किल कलवारी के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, उप निरीक्षकों एवं विवेचकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रचलित विवेचनाओं के गुण-दोषों के बारे मे जानकारी कर जल्द से जल्द उनके निस्तारण किया जाय। उन्होंने मुकदमों को उनके गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष, त्वरित निस्तारण करने के साथ ही वादी के हितों का ध्यान रखते हुए मुकदमे में त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में मुकदमो के समस्त प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष-प्रभारी चौकी, उप निरीक्षकों-विवेचकों से उनकी राय भी ली गयी एवं शासन एवं प्रशासन के आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया।

# 50 हजार घूस लेते रोजगार सेवक धराया

## बनकटी विकास खण्ड के गेट के सामने से हुई गिरफ्तारी

## कच्चे काम की स्वीकृति के लिए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से मांगा था घूस



गिरफ्तार रोजगार सेवक

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद के विकास खड बनकटी मुख्यालय के गेट के सामने स्थित कमलेश टी स्टाल पर बुधवार की दोपहर करीब सवा बारह बजे ग्राम पंचायत आम कोईल के ग्राम रोजगार सेवक अब्दुल रहीम उर्फ जुम्मन पुत्र बेचन अली निवासी ग्राम सूरापार नेवारी, थाना लालगंज को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आम कोईल से कच्चे कार्य की स्वीकृति हेतु पचास हजार रुपये घूस के नाम पर लेते हुए एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत आम कोईल में विगत दो वर्षो से विकास कार्य बाधित है।

गांव में विभिन्न योजनाएं संचालित करने के लिए ग्राम रोजगार सेवक द्वारा प्रधान प्रतिनिधि रतन लाल यादव से बार- बार रूपयों की मांग की जा रही थी। जिसकी सूचना प्रधान प्रतिनिधि द्वारा भ्रष्टाचार निवारण टीम को दी गई, पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार टीम के सदस्य सादे कपड़ों में बुधवार की सुबह से ही मोर्चा सम्हाल कर इधर-उधर टहलने लगे। योजना के अनुसार प्रधान प्रतिनिधि द्वारा ग्राम रोजगार सेवक अब्दुल रहीम को जैसे ही रंग लगे रुपयों का बंडल दिया गया वैसे ही पहले से मौजूद टीम के सदस्यों द्वारा दबोच लिया गया।

मौके पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा दिनदहाड़े एक व्यक्ति को अन्जान लोगों द्वारा ले जाते देखकर रोकने का प्रयास किया गया तो टीम के सदस्यों द्वारा अपना पहचान पत्र दिखाते हुए पीछे हटने को कहा गया। एंटी करप्शन टीम द्वारा ग्राम रोजगार सेवक को बोलेरो में बैठाकर बस्ती की तरफ ले गए। उल्लेखनीय है कि ग्राम रोजगार सेवक की पत्नी सूरापार छतौरा से क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं।

# गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**हर्रैया (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति को पांच सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर अपराध संख्या 23/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्त जानकारी दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि वे उपनिरीक्षक अभिमन्यु सिंह हेड कांस्टेबल रामेश्वर पाण्डेय, उमेश कुमार एवं सौरभ त्रिपाठी तथा कांस्टेबल पवन यादव एवं विश्वजीत विश्वकर्मा के साथ गस्त कर रहे थे। दोपहर लगभग 01:10 बजे बेलाड़े शुक्ल मोड़ रामजानकी मार्ग लिंक रोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर तलाशी लिया गया तो उसके पास से पांच सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम झिनकान प्रजापति पुत्र सीताराम निवासी राजघाट थाना हर्रैया बताया। उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि झिनकान प्रजापति के विरूद्ध थाने पर पूर्व में अपराध संख्या 291/2023 धारा 379, 411 आईपीसी एवं अपराध संख्या 145/2020 धारा 411 आईपीसी के तहत पहले से ही मुकदमा दर्ज है।



# नौ लोगों पर गुण्डा अधिनियम की कार्रवाई

**बस्ती (एसएनबी)।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले की मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने छह तथा कलवारी पुलिस ने क्षेत्र से तीन लोगो पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही किया है।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने अभियुक्त रितेश यादव पुत्र फूलचन्द यादव, राकेश सिंह पुत्र भागवत सिंह, योगेन्द्र सिंह उर्फ नवनीत सिंह पुत्र जय सिंह, जय प्रकाश पुत्र रामराज, जय सिंह पुत्र शिवमूरत सिंह, रमेश सिंह पुत्र भगवत निवासीगण बोदवल थाना मुण्डेरवा पर 3/4 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की कार्यवाही किया है। इसी प्रकार से कलवारी थाने की पुलिस ने अभियुक्त कौशल सिंह उर्फ पिंटू सिंह, देशराज सिंह, अमन सिंह पुत्रगण श्यामबली सिंह निवासीगण इजरगढ़ थाना कलवारी के विरुद्ध 3/4 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की कार्यवाही किया है। मुकामी थाने की पुलिस का कहना है कि उक्त अभियुक्तो द्वारा आपने आर्थिक व भौतिक बुनियादी लाभ के लिये क्षेत्र में घूमकर आपराधिक गतिविधियों को संचालित करते थे तथा लूटपाट, मारपीट सहित अन्य अपराध को अंजाम दे चुके थे। इनके कृत्यों से क्षेत्र की आम जनता में भय व्याप्त था तथा पुलिसिंग व क्षेत्र की शान्ति तथा कानून व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। अभियुक्तो के विरुद्ध मुकामी थाने तथा अन्य थानों में कई मुकदमे भी पंजीकृत है। इनकी आदतो में सुधार न आता देख पुलिस को मजबूरन यह कार्यवाही करनी पड़ी।

# अब हर जिले में साइबर थाना : योगी



लखनऊ (एसएनबी)। लोकभवन में पुलिस विभाग के कार्यक्रम में बुधवार को सीएम योगी ने बताया कि यूपी देश का पहला राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाये गये थे, शेष 57 का आज शुभारंभ हो रहा है। इसके साथ ही सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि नये भारत के नये उत्तर प्रदेश में पुलिसबल के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने का जो काम 2017 से शुरू हुआ है वह तेज गति से जारी है। उन्होंने कहा कि यही प्रदेश था जहां कोई आना नहीं चाहता था।

■ सीएम ने लोकभवन में किया 57 साइबर थानों का शुभारंभ

**सबसे ज्यादा निवेश धरातल पर उतारने वाला प्रदेश बन गया है यूपी :** सीएम योगी ने कहा कि यूपी आज देश का सबसे अग्रणी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। आज हमारा यूपी सवार्धिक 10 लाख 24 हजार करोड़ रूपए के निवेश को जमीनी धरातल पर उतारने वाला प्रदेश बन चुका है। यूपी के परसेप्शन को बदलने में हमारी पुलिस की बड़ी भूमिका है।

**2310 करोड़ की इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण :** लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2310 करोड़ रूपए से अधिक के 144 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया गया। वहीं 3 थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

**उत्तर प्रदेश में जल्द होगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन :** सीएम ने कहा कि यूपी में जल्द ही स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूपी के अंदर एसडीआरएफ का गठन, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, यूपी में फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, एसएसएफ का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या श्रीरामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है। सीएम योगी ने यूपी पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते है तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए।

कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, डीजी साइबर क्राइम सुभाष चंद्र, एडीजी डॉ एन रविन्द्र सहित प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे। इसके अलावा सभी 75 जनपदों के अधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे।

# रेडियो शाखा के प्रभारियों संग आईजी ने की गोष्ठी

बस्ती (एसएनबी)। रेन्ज के रेडियो शाखा के प्रभारियों की आईजी आरके भारद्वाज ने बुधवार को रेन्ज कार्यालय बस्ती में समीक्षा गोष्ठी किया। उन्होंने शैडो एरिया की मैपिंग कर हर क्षेत्र तक रेडियो सम्पर्क बनाने हेतु निर्देश दिया। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्र के जनपदो के रेडियो शाखा के प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी करते हुए सभी प्रभारियों व उनके अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी शाखा प्रभारी को प्रत्येक माह अपनी शाखा का मासिक निरीक्षण करने, यात्रा भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति व अन्य मदों में प्राप्त धन को व्यय करने, अक्रियाशील वायरलेस सेटों को केन्द्रीय वर्कशाप लखनऊ भेज कर ठीक कराने, चुनाव के दृष्टिगत सेट की मांग भेजने, पीए सिस्टम का उपयोग करने, पुलिस से संबंधित, महिला सशक्तिकरण, ट्रैफिक आदि से संबंधित आडियो क्लिप पीए सिस्टम पर चलाने, शैडो एरिया की मैपिंग करने, प्रत्येक गांव-क्षेत्र तक कम्यूनिकेशन ठीक करने, रेडियो निरीक्षक द्वारा 6 माह में प्रत्येक थाने पर जाकर वायरलेस सेटों-उपकरण की क्रियाशीलता का निरीक्षण व भौतिक सत्यापन करने, उच्चाधिकारीगण द्वारा बतायी गयी बातों को रेडियो आपरेटर द्वारा अक्षरशः बताने, सभ्य भाषा का प्रयोग करने, लागबुक उचित तरीके से लिखने व मेनटेन करने हेतु निर्देशित किया गया । रेडियो निरीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा मासिक निरीक्षण सही तरीके से न करने व खुद जानकारी न होने पर चेतावनी दी गयी। गोष्ठी के दौरान अपर राज्य रेडियो अधिकारी, तीनों जनपदों के रेडियो शाखा के प्रभारीगण व अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण तथा रेन्ज कार्यालय के सोशल मीडिया सेल के प्रभारी निरीक्षक वीर बहादुर यादव उपस्थित रहे ।



गोष्ठी को सम्बोधित करते आईजी आरके भारद्वाज।

# मारपीट की घटनाओं में नौ पर हुई कार्रवाई

बस्ती। मारपीट की अलग-अलग तीन घटनाओं में पुलिस ने नौ लोगों पर केस दर्ज कार्रवाई की है। दुबौलिया थानाक्षेत्र के चानपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर भाना देवी का पुआल गांव के ही दिनेश उर्फ ठंडपाल, तोता व राजिन्दर ने जला दिया। उलाहना देने पर तीनों ने उल्टे उनकी पिटाई कर दी। कप्तानगंज क्षेत्र के कल्याणपुर में पुरानी रंजिश को लेकर अनिल कुमार निवासी मंझारिया के पिता की गांव के ही बनारसी ने पिटाई कर दी। सोनहा थानाक्षेत्र के भोलापुर गांव में इसराइल को गांव के ही जैनब, रफीकुन्निशा, सायमा, सुजवीर व मुख्तार ने मिलकर पिटाई कर दी।

# एंटी रोमियो टीम ने की चेकिंग



**बस्ती (एसएनबी)।** ऐन्टी रोमियो स्क्वायड टीम का. सोनू यादव, महिला का. रश्मि सिंह,महिला का. कंचन मिश्रा,महिला का. अनुष्का यादव के द्वारा थाना दुबौलिया जनपद बस्ती क्षेत्र अन्तर्गत मंझरिया, विशेस्वरगंज, झिउरा, चिलमा, शुकुलपुरा, व अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थनो पर चेकिंग किया गया। महिलाओ एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर जैसे-1090, 181, 112, 1076, 1098, 108, की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे मे बताते हुए जागरूक कर हेल्पलाइन नंबर तथा सीयूजी नंबर पर संपर्क करने हेतु बताया गया। साथ ही अनावश्यक रूप से घूम रहे करीब 25 व्यक्तियों से पूछताछ कर पांच मनचलों से माफीनामा भरवाया गया।

# फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज चलाने वालों पर गैंगस्टर

## शिकंजा

- दस लोगों पर पुलिस ने की गैंगस्टर अधिनियम में कार्रवाई
- जालसाजी के साथ इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट में दर्ज है केस

बस्ती, निज संवाददाता। फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज चला कर पर छात्र-छात्राओं के छलने वालों पर पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई कर शिकंजा कसा है। शहर कोतवाल चंदन कुमार ने पैरामेडिकल के छात्रों को फर्जी डिग्री पकड़ा कर लाखों रुपये ऐंठने वाले 10 आरोपियों पर यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बताया कि इस गैंग में बिहार के बक्सर, बरेली, जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, संतकबीरनगर व जिले के कुल दस लोग शामिल हैं। इनके उपर बरेली जिले के इज्जतनगर थाने में भी धोखाधड़ी, जालसाजी व 15 इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत केस दर्ज है।

संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक बुनियादी लाभ के लिए छात्र-छात्राओं को फर्जी डिग्री देकर उन्हें अपना निशाना बनाते हैं। गैंगस्टर के तहत निरुद्ध किए लोगों में बरेली जिले के बरादरी थाने के मेगा सिटी अपार्टमेन्ट संजय नगर निवासी बीके यादव उर्फ विनोद कुमार यादव, बरगदवा कोतवाली बस्ती के सत्यप्रकाश पटेल, टेमा रहमत थाना खलीलाबाद कोतवाली, संतकबीरनगर निवासी वसीम व गुलशन फातिमा, सुभाषपुर थाना कलवारी निवासी रूपम पटेल, रक्शा थाना लालगंज वर्तमान में कुशल विहार सेल्फ वेद विहार रायल गार्डन अकुंर विहार गाजियाबाद निवासी रामआशीष यादव उर्फ आशीष यादव, गांधीनगर, उरई थाना जालौन निवासी स्वतंत्र श्रीवास्तव, बांके बिहारीपुरम, विसरख रोड थाना छपरौला जनपद गौतमबुद्धनगर व ग्राम कटरिया थाना राजपुर जनपद बक्सर बिहार निवासी पीयूष पाण्डेय, नकटीदेही बुजुर्ग रेहरवां थाना कप्तानगंज निवासी कृष्णकुमार चौधरी व बरेली जिले के थाना प्रेमनगर के राजेन्द्र नगर मोहल्ला निवासी जगदीश चन्द्रा शामिल हैं।

## बढ़ते साइबर क्राइम पर लगेगा अंकुश, होगी तुरंत कार्रवाई

# मुख्यमंत्री ने साइबर हेल्प डेस्क का लोकार्पण किया

**वर्चुअल**

हर्रैया, हिसं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सुबह दस बजे हर्रैया थाने में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के अलावा अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दिन प्रतिदिन साइबर क्राइम बढ़ते जा रहे हैं, इस पर अंकुश लगाने के लिए थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया हैं।

अब साइबर ठगी होने पर हर्रैया पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगा। पीड़ित व्यक्ति को जल्द से जल्द न्याय मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि धोखाधड़ी से बचाने के लिए मोबाइल फोन में कोई लिंक पर तुरंत क्लिक न करें। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में लोगों को जागरूक किया है। इस दौरान उपनिरीक्षक कमलेश यादव, पवन यादव, रामसकल यादव, हरेंद्र यादव, जितेंद्र शाही सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# आज सीएम भानपुर में फायर स्टेशन का करेंगे लोकार्पण

- लखनऊ से मुख्यमंत्री करेंगे नए भवन का उद्घाटन
- 14.20 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ फायर स्टेशन

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के भानपुर तहसील मुख्यालय पर 14 करोड़ 20 लाख 32 हजार की लागत से नवनिर्मित पुलिस फायर स्टेशन का लोकार्पण गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। पहले फेज में बुधवार को लोकार्पण होना था लेकिन ऐन वक्त पर समय बदल कर गुरुवार कर दिया गया है। नए फायर स्टेशन भवन के लोकार्पण की तैयारी पुलिस व फायर बिग्रेड की ओर से आरंभ हो गई है।

इस संबंध में पूछे जाने पर एएसपी ओपी सिंह ने बताया कि भानपुर तहसील पर फायर स्टेशन भवन के निर्माण के लिए पहले 12 करोड़ 83 लाख 93 हजार रूपये स्वीकृत हुए थे। बाद पुनरीक्षित आगणन के बाद फायर स्टेशन भवन के निर्माण की लागत बढ़कर 14 करोड़ 20 लाख 32 हजार हो गई। फायर स्टेशन पूरी तरह से बन कर तैयार हो गया है। लोकार्पण की प्रतीक्षा थी। उद्घाटन की तारीख मिलते ही अग्निशमन महकमा इसकी तैयारी में जुट गया है। जिले उत्तरी क्षेत्र में फायर स्टेशन भवन की जरुरत पहले की महसूस की जा रही थी। अब आगजनी की घटना पर काबू पाने के लिए फायर टीम को बहुत ज्यादा भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

# अमरमणि की संपत्ति की कुर्की के लिए मांगी तारीख

**अपहरण का मामला**



- पुलिस ने किया डीएम लखनऊ से कुर्की की डेट तय करने का अनुरोध
- राहुल मद्देशिया अपहरण के केस में फरार चल रहे हैं पूर्वमंत्री

**बस्ती, निज संवाददाता।** बहुचर्चित राहुल मद्देशिया अपहरण केस में फरार चल रहे पूर्वमंत्री अमरमणि की ज्ञात संपत्ति की कुर्की के लिए गठित विशेष पुलिस टीम लखनऊ में डेरा डाले हुए है। वहां पर डीएम लखनऊ से कुर्की की तारीख तय करने के लिए बस्ती पुलिस ने अनुरोध किया है। इसके अलावा जनपद महराजगंज में पूर्वमंत्री की कुर्की के लिए पुलिस ने आगे की प्रक्रिया शुरु कर रखी है। फिलहाल पहले लखनऊ फिर महराजगंज में कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

इस प्रकरण की गुरुवार को सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए प्रमोद कुमार गिरि की अदालत में अगली सुनवाई की जानी है। इस मामले में पहले से ही एमपी-एमएलए कोर्ट ने कुर्की का आदेश दे रखा है। कोतवाली पुलिस की ओर से सीआरपीसी की धारा 182 के तहत अमरमणि के गोरखपुर आवास पर कुर्की की नोटिस ढाई महीने पहले ही चस्पा की जा चुकी है।

अदालत की ओर आदेश है कि फरार अभियुक्त अमरमणि की पूरे भारत में जहां कहीं भी संपत्ति हो उसका पता किया जाए। मालूम हो कि अभी तक लखनऊ व महराजगंज जिले में ही अमरमणि की अचल संपत्ति पुलिस ने ज्ञात कर पाई है।

एसपी बस्ती ने कुर्की के लिए चल-अचल संपत्तियों के आकलन के लिए पांच टीमें पहले ही गठित कर रखी है। उनके संभावित संपत्ति के ठिकानों गोरखपुर, महराजगंज से अमरमणि की प्रापर्टी का ब्योरा जुटाया जा रहा है। अब तक मिली प्रापर्टी में महराजगंज के नौतनवा में एक मकान और लखनऊ के विक्रांत खंड में 450 वर्गमीटर भूखंड जिसकी कीमत एक करोड़ 18 लाख 80 हजार रुपये कीमत की आकी गई है। इसी प्रकरण के संबंध में 13 फरवरी 24 को हाईकोर्ट इलाहाबाद में सुनवाई की तारीख है।

## यह है 22 साल पुराना अपहरण का केस

छह दिसंबर वर्ष 2001 में बस्ती कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर के धर्मराज गुप्त के बेटे का अपहरण हो गया था। तत्कालीन विधायक अमरमणि त्रिपाठी के लखनऊ स्थित आवास से पुलिस ने धर्मराज के बेटे को बरामद किया था। इस मामले में पूर्व विधायक समेत नौ लोग आरोपित रहे हैं। इनमें पूर्व विधायक अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ 82 सीआरपीसी और नैनीश शर्मा, शिवम उर्फ रामयज्ञ के खिलाफ कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# वृद्ध की मौत, गैर इरादतन हत्या का केस

- परसरामपुर थानाक्षेत्र के रोहदा गांव में मारपीट का मामला
- घायल वृद्ध की लखनऊ में इलाज के दौरान हुई मौत

**परशुरामपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** थानाक्षेत्र के रोहदा गांव में मारपीट के दौरान घायल वृद्ध की इलाज के दौरान लखनऊ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। गांव निवासी राजाराम (65) मंगलवार को अपने खेत में बनाए गए छप्पर में सो रहे थे। इसी बीच तीन लोगों ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर घायल वृद्ध को सीएचसी ले जाया गया उसके बाद जिला अस्पताल अयोध्या फिर उन्हें मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। अगले दिन सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

सूचना मिलते ही मौके पर एएसपी ओपी सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार मिश्र ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए एसएचओ को निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि मृतक की बहू अनीता देवी की तहरीर पर दलित उत्पीड़न व गैर इरादतन हत्या का केस गांव के ही बंडोले वर्मा, अरुण व एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक गांव में दो दिन पहले एक बरात में आई बोलेरो का शीशा किसी ने तोड़ दिया था। उसी बात को लेकर वाद-विवाद बताया जाता है। आरोपियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



वृद्ध की मौत पर रोहदा में पीड़ित परिवार के जानकारी लेते सीओ हर्रैया अशोक मिश्र व साथ में प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह।

### शहर में खुले शो-रूम और दुकानों के पास नहीं हैं पार्किंग की सुविधाएं, खरीदारों और राहगीरों को होती मुश्किल

# जाम से कराहते शहर में नहीं है कोई पार्किंग

**विडंबना**

**बस्ती, निज संवाददाता।** शहर के हृदयस्थली गांधीनगर पक्के बाजार को जाम से छुटकारा दिलाने का सारा प्रयास विफल साबित हो रहा है। जाम से कराहते बाजार को नगर पालिका एक अदद पार्किंग नहीं दिला पा रही है। इससे वाहन सड़क पर खड़े हो रहे और राहगीरों और खरीदारों को जाम में फंसकर जूझना पड़ रहा है। दिन हो या शाम वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते हैं।

सुबह तो कुछ हद तक गांधीनगर बाजार जाम से मुक्त रहता है, लेकिन जैसे-तैसे दिन चढ़ता है वैसे-वैसे गांधीनगर की सड़कें जाम में तब्दील होती चलती जाती हैं। टाउन क्लब से लेकर जीआईसी तक लोगों को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। बाजार में दोनों तक की पटरियों पर अवैध कब्जा, बीच सड़क में ही वाहन खड़ा करने की लोगों की आदत ने मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। बता दें कि कई बार जाम से छुटकारा दिलाने के लिए प्रयास हुए, लेकिन कुछ दिन बाद ही यह प्रयास ठंडे बस्ते में चला गया। फिर से वैसे ही बाजार के फुटपाथ पर दुकानें गुलजार हो जाती हैं, जैसे पहले रहती हैं। इससे बाहर से आने वाले खरीदारों और राहगीरों को परेशान होना पड़ता है। शादी-विवाह के मौसम में यह समस्या और बढ़ जाती है।



गांधीनगर बाजार में सड़क के बीच और फुटपाथ पर खड़े वाहन।

**1950 में हुआ था नगरपालिका का गठन :** 1950 में गठित नगर पालिका बस्ती का फैलाव लगातार हो रहा है। पहले आठ वार्डों में सिमटी नगर पालिका अब 25 वार्ड में है, लेकिन यदि सीमा विस्तार हुआ तो वार्डों की संख्या बढ़कर 30 से ऊपर हो जाएगा। वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार नगर पालिका की आबादी 1.14 लाख है, हालांकि वर्तमान में यह आबादी पौने दो लाख के करीब है। सीमा विस्तार होने पर आबादी तीन लाख के करीब पहुंच जाएगी।

**कॉमर्शियल भवनों में भी पार्किंग की सुविधाएं नहीं :** शहर में फर्नीचर, रेडीमेड कपड़े और अन्य वस्तुओं के बड़े-बड़े शोरूम हैं। इसके अलावा दर्जनों बैंक, तीन दर्जन से अधिक निजी अस्पताल और अनेक शिक्षण संस्थान हैं। इनमें किसी के पास भी अपनी खुद की पार्किंग नहीं है। खास बात यह है कि इन भवनों के मानचित्र भी नगर परिषद से पास हो गए हैं। नियमानुसार कॉमर्शियल भवन पार्किंग के बिना पास नहीं हो सकता। नगर परिषद के अधिकारियों ने आज तक न तो इनको मौके पर जाकर जांच की और न ही किसी को नोटिस जारी किया।

**यहां है अतिक्रमण :** शहरी क्षेत्र में गांधीनगर, हनुमानगढ़ी, स्टेट बैंक, कंपनीबाग, फुहारा तिराहा, रोडवेज तिराहा, अस्पताल चौराहा, करुआ बाबा, दक्षिण दरवाजा, पांडेय बाजार, मंगल बाजार, सुर्तीहट्टा में अतिक्रमण है। जहां पर फुटपाथ पर लोग कब्जा जमाए हुए हैं।

## 800 से ऊपर हैं ई-रिक्शा

जाम के मुख्य वजह बढ़ती ई-रिक्शा भी हैं। परिवहन विभाग में पंजीकृत ई-रिक्शा के अलावा तमाम ई-रिक्शा वैसे ही सड़क पर दौड़ रहे हैं। इनका रूट भी निर्धारण नहीं है। सड़क से लेकर गली-मोहल्ले में ई-रिक्शा दिखते हैं। शहर में करीब 800 से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं।

" शहर को जाम से छुटकारा दिलाने के लिए बोर्ड बैठक करके पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया जाएगा। दुकानदारों से कहा जाएगा कि पार्किंग व्यवस्था करें, अपने दायरे में दुकानें लगाएं।

**- नेहा वर्मा, चेयरमेन,** नगर पालिका, बस्ती।

# गुंडा एक्ट में दो पर कार्रवाई

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने गैंगरेप के आरोपित समेत दो को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्र ने बताया कि थाना क्षेत्र के बसडीला निवासी राहुल चौधरी उर्फ मनोज चौधरी, रोहित निवासी भानपुर, आकाश तिवारी उर्फ हिमांशु निवासी नौवागांव, प्रिंस जायसवाल निवासी असनहरा व अंकित चौधरी निवासी बडौगी को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है।



परिक्षेत्रीय कार्यालय में रेडियो शाखा के प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक करते आईजी आरके भारद्वाज।

# रेडियो इंस्पेक्टर सिद्धार्थनगर को आईजी ने दी चेतावनी

**बस्ती, निज संवाददाता।** रेंज के बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर के रेडियो शाखा के प्रभारियों के साथ आईजी आरके भारद्वाज समीक्षा गोष्ठी की। इस दौरान रेडियो निरीक्षक सिद्धार्थनगर को मासिक निरीक्षण सही तरीके से नहीं करने व खुद जानकारी नहीं होने पर उन्हें आईजी ने चेतावनी दी।

उन्होंने ने प्रभारियों से शैडो एरिया की मैपिंग कर हर क्षेत्र तक रेडियो सम्पर्क बनाने का निर्देश दिया। कहाकि सभी शाखा प्रभारी हर महीने अपनी शाखा का मासिक निरीक्षण करें। यात्रा भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति व अन्य मदों में प्राप्त धन से अक्रियाशील वायरलेस सेटों को केन्द्रीय वर्कशॉप लखनऊ भेजकर ठीक करा लिए जाएं। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सेट की डिमांड समय भेज दें। पीए सिस्टम का उपयोग करें, पुलिस से संबंधित, महिला सशक्तिकरण, ट्रैफिक आदि से संबंधित आडियो क्लिप पीए सिस्टम पर चलाएं, शैडो एरिया की मैपिंग हर एक गांव तक किए जाएं ताकि कम्यूनिकेशन ठीक रहे।



जिला जेल का औचक निरीक्षण कर बाहर निकलते एसपी, सीडीओ व मौजूद जेल अधिकारी।

# एसपी-सीडीओ ने जेल का किया औचक निरीक्षण

बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी ने सीडीओ जयदेव सीएस के संग बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल के समस्त बैरकों को खंगाला। बंदियों के सामान की जांच की गई। हालांकि इस दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। दोनों अधिकारियों ने प्रभारी जेल अधीक्षक अपूर्वव्रत पाठक को जेल की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इसके बाद परिसर में स्थित चिकित्सालय में पहुंचे जहां डाक्टर से बंदियों के इलाज के बारे में जानकारी ली।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

हर्रैया। पुलिस ने बुधवार को दोपहर एक बजे बेलाडे शुक्ल मोड़ के पास झिनकान प्रजापति को राजघाट से 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत केस दर्जकर जेल भेज दिया है। इसके खिलाफ छावनी व हर्रैया थाना में एक-एक आपराधिक मुकदमा दर्ज हैं।

# कलक्ट्रेट में ओ लेवल व सीसीसी का प्रमाण पत्र वितरित

बस्ती। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के 26 सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। यह वितरण कलक्ट्रेट सभागार में हुआ। जानकारी पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि सीडीओ जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चंद्र, सांसद प्रतिनिधि जगदीश शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि गुलाबचंद सोनकर, शैलेन्द्र दुबे, सरोज मिश्रा तथा प्रशिक्षार्थी गण उपस्थित रहे।

### जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित बनकटी ब्लॉक की घटना

# 50 हजार घूस लेते रोजगार सेवक रंगे हाथ गिरफ्तार

**कलंक के खिलाफ**

बस्ती/महादेवा। एंटी करप्शन टीम ने रोजगार सेवक को 50 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक रोजगारसेवक ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से कच्चे काम की स्वीकृति कराने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग की थी। एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाकर बुधवार को उसे घूस लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। इस मामले में जेई अरविद पाठक के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद बनकटी ब्लॉक में हड़कंप मच गया।

एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक उदय प्रताप यादव के नेतृत्व में इंस्पेक्टर महेश दुबे, विनोद यादव, निरीक्षक भीमशंकर मिश्र की टीम ने जाल बिछाकर बनकटी कस्बे के एक चाय की दुकान से घूस लेते हुए रंगेहाथों दबोच लिया। एंटी करप्शन टीम ने रोजगार सेवक अब्दुल रहीम उर्फ जुम्मन निवासी ग्राम सूरापार, थाना लालगंज को पकड़ कर उसका मेडिकल चेकअप कराया। टीम ने कोतवाली बस्ती ले जाकर निरीक्षक उदय प्रताप यादव ने तहरीर दी। इस मामले में जेई अरविंद पाठक के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है।



अब्दुल रहीम।

- एंटी करप्शन टीम ने जेई अरविंद पाठक के खिलाफ भी दर्ज कराया भ्रष्टाचार का केस
- गांव में कच्चे काम की स्वीकृति के लिए ले रहा था रिश्वत

## कच्चे काम की स्वीकृति के लिए मांगा था घूस

**महादेवा।** बनकटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत आमकोइल के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रतनलाल यादव से कच्चे कार्य की स्वीकृति कराने के लिए रोजगार सेवक अब्दुल रहीम उर्फ जुम्मन ने 50 हजार रुपये की डिमांड की थी। ग्राम पंचायत आमकोईल में पिछले दो साल से निर्माण की स्वीकृति बाधित चल रही थी। गांव में सरकारी योजनाएं संचालित करने के लिए ग्राम रोजगार सेवक बार-बार रुपयों की मांग करता था। इससे परेशान होकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने भ्रष्टाचार निवारण टीम को सूचना दी। तयशुदा कार्यक्रम के मुताबिक एंटी करप्शन टीम के सभी सदस्य बुधवार बनकटी ब्लॉक पर पहुंचे। योजना के मुताबिक प्रधान प्रतिनिधि ने ग्राम रोजगार सेवक अब्दुल रहीम उर्फ जुम्मन को जैसे ही रंग लगे रुपयों का बंडल दिया गया वैसे ही पहले से मौजूद टीम के सदस्यों ने दबोच लिया।

# भूमि विवाद में मारपीट, छह पर दर्ज हुआ मुकदमा

पैकोलिया, बस्ती :पैकोलिया थाना क्षेत्र के पिकौरा चौधरी गांव निवासी पंकज सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका भूमि विवाद संबंधी वाद न्यायालय में चल रहा है। उस भूमि पर स्थगन आदेश भी है।गांव के ही प्रमोद सिंह, जुगुल किशोर,विमल कुमार, अरविन्द कुमार, अमर नरायन सिंह व बबिता सिंह विवादित भूमि जोतने लगे।जब उन्होंने विरोध किया तो सभी ने उन पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। आरोपितों ने वहां भी पहुंचकर लाठी डंडे से उन्हें मारा पीटा और जान-माल की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक संध्या रानी तिवारी ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध मारपीट, जान-माल की धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आज प्रस्तुत हो सकता है अमरमणि की अन्य संपत्तियों का विवरण

जागरण संवाददाता, वस्ती: अपहरण के 22 साल पुराने मामले में आरोपित पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के अदालत में हाजिर न होने पर एमपी, एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद गिरि ने देश भर में उनकी संपत्तियों का पता लगाकर कुर्क करने का आदेश दिया था। पुलिस अधीक्षक के द्वारा किए गए प्रयासों की पुलिस रिपोर्ट गुरुवार को प्रस्तुत हो सकती है। इसके लिए 29 फरवरी तक का समय न्यायालय ने दिया था।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस कमिश्नर लखनऊ व पुलिस अधीक्षक महराजगंज को पत्र लिखा था। एसपी ने कुर्की के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त करने, रिसीवर तय करने व स्थानीय पुलिस बल उपलब्ध कराने को कहा था। पुलिस की प्रगति से संतुष्ट न्यायाधीश ने कुर्की के लिए 29 फरवरी तक का समय दिया था।

30 जनवरी को अदालत ने पूरे देश में अमरमणि की संपत्तियों का पता लगाने के लिए कोतवाली पुलिस को निर्देश दिया था। अनुपालन न होने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी थी। नौ फरवरी को कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर और समय देने की याचना की थी।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जो संपत्ती पता की गई है उसमें नौतनवा, जनपद महराजगंज में एक मकान है। कोई चल संपत्ती नहीं है। उप निबन्धक लखनऊ द्वितीय की रिपोर्ट दिनांक 11 दिसम्बर 2023 के अनुसार विक्रांत खंड गोमतीनगर लखनऊ में प्लाट संख्या ए 3/297 जो 450 वर्गमीटर का है। वह अमरमणि के नाम से है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.18 करोड़ हैं।

### यह था पूरा प्रकरण

छह दिसंबर 2001 को धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण हो गया था। पुलिस ने राहुल को तत्कालीन मंत्री अमरमणि के लखनऊ स्थित आवास से बरामद किया था। अपहरण कांड के नौ आरोपितों में से अमरमणि, नैनीष शर्मा, शिवम व राम यज्ञ आज तक न्यायालय में हाजिर नहीं हुए। अपहरण कांड की पत्रावली 11 फरवरी 2003 से हाजिरी में चल रही है।

# पांच के विरुद्ध हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

जासं. सोनहा, वस्ती: थाना क्षेत्र के पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक सोनहा विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि राहुल चौधरी उर्फ मनोज चौधरी पुत्र स्व. राम सुरेश निवासी बसडीला, रोहित पुत्र इंद्रेश सैनी निवासी भानपुर, आकाश त्रिपाठी उर्फ हिमांशु पुत्र पप्पू त्रिपाठी उर्फ अजय प्रकाश त्रिपाठी निवासी नौवांगांव, प्रिंस पुत्र गंगा सागर निवासी असनहरा व अंकित चौधरी पुत्र श्री प्रकाश चौधरी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# फर्जी पैरामेडिकल कालेज के मामले में संस्थापक समेत 10 पर गैंगस्टर

- सरदार पटेल सत्यांजलि पैरामेडिकल कालेज हर्दिया, बस्ती का मामला
- मेडिकल कोर्स के नाम पर लेते थे प्रवेश, देते थे फर्जी अंकपत्र
- फीस के रूप में लाखों की ठगी, एसआइटी कर रही प्रकरण की जांच

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: कोतवाली पुलिस ने फर्जी पैरामेडिकल कालेज खोलकर, जनवरी 2023 में विभिन्न मेडिकल कोर्स के नाम ठगी करने वाले संस्था के संस्थापक समेत 10 लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल चंदन कुमार ने बताया कि कुछ लोगों ने फर्जी पैरामेडिकल कालेज के जरिये छात्र छात्राओं को विभिन्न मेडिकल कोर्स के नाम पर झांसा देकर ठगी की। उनसे फीस के नाम पर लाखों रुपये ले लिया, मगर बाद में उन्हें फर्जी अंकपत्र व प्रमाण पत्र थमा दिए। आर्थिक, भौतिक व बुनियादी लाभ के ऐसे लोगों ने धोखाधड़ी कर फर्जी डिग्री देने का अपराध किया। पुलिस ने इस मामले में सरदार पटेल सत्यांजलि पैरामेडिकल कालेज हर्दिया, बस्ती के संस्थापक सत्यप्रकाश पटेल, निवासी बरगदवा, कोतवाली बस्ती, बी.के. यादव उर्फ विनोद कुमार यादव निवासी बी 203, मेगा सिटी अपार्टमेंट, संजय नगर, थाना बरादरी जनपद बरेली, वसीम, गुलशन फातिमा पत्नी वसीम निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर, रुपम पटेल निवासी सुभाषपुर थाना कलवारी जनपद बस्ती, रामआशीष यादव उर्फ आशीष यादव निवासी रक्शा थाना लालगंज, बस्ती, स्वतंत्र श्रीवास्तव निवासी 399 गांधीनगर उरई, थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन, पीयूष पांडेय निवासी 158, बांके विहारीपुरम , विसर्क रोड थाना छपरौला जनपद गौतम बुद्ध नगर, कृष्ण कुमार चौधरी निवासी नकटी देई बुजुर्ग रेहरवां थाना कप्तानगंज, बस्ती, जगदीश चन्द्रा निवासी ब्लाक सी, राजेन्द्र नगर थाना प्रेमनगर जनपद बरेली के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**फर्जी पैरा मेडिकल कालेज के मामले में दर्ज हैं चार मुकदमे**: फर्जी पैरामेडिकल कालेज खोलकर छात्र-छात्राओं से धन वसूली के मामले में कोतवाली और कप्तानगंज थाने में कुल चार मुकदमे दर्ज है। इस पूरे मामले की जांच आइजी के आदेश पर एसआइटी कर रही है। फर्जी पैरामेडिकल कालेज खोलकर विद्यार्थियों से धन वसूली के मामले में कोतवाली में दर्ज एक मुकदमे में कप्तानगंज थानाक्षेत्र के पटखौली गांव की रहने वाली शालिनी वर्मा ने तहरीर दी थी, जिसके आधार पर 11 आरोपितों को नामजद किया गया था। उनका आरोप था कि सरदार पटेल सत्यांजलि पैरामेडिकल कालेज हर्दिया बस्ती के नाम से फर्जी संस्था खोलकर एएनएम कोर्स के लिए दाखिला लिया बाद में उन्हें फर्जी अंकपत्र दे दिया। उन्होंने और जब अन्य छात्रों ने अपना पैसा वापस मांगा तो जालसाज भाग निकले। इससे पहले छात्रा लक्ष्मी गुप्ता निवासी जिगिना धाम थाना इटवा सिद्धर्थनगर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कालेज संस्थापक समेत सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# खराब वायरलेस सेटों को शीघ्र ठीक कराएं प्रभारी : आइजी




रेंज के रेडियो शाखा के प्रभारियों के साथ बैठक करते आइजी आरके भारद्वाज

जागरण संवाददाता, बस्ती: पुलिस महानिरीक्षक(आइजी) बस्ती परिक्षेत्र आर.के. भारद्वाज ने परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्र के सभी जनपदों के रेडियो शाखा प्रभारियों संग बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की। आइजी ने उन्हें अक्रियाशील (खराब) पड़े वायरलेस सेटों को केंद्रीय वर्कशाप लखनऊ भेज कर ठीक कराने, चुनाव के दृष्टिगत सेट की मांग भेजने व पीए (पब्लिक एड्रेस) सिस्टम का उपयोग करने का निर्देश दिया। आइजी ने शाखा प्रभारियों को प्रत्येक माह अपनी शाखा का निरीक्षण करने, यात्रा भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति व अन्य मदों में प्राप्त धन को व्यय करने, पुलिस से संबंधित, महिला सशक्तीकरण, ट्रैफिक आदि से संबंधित आडियो क्लिप, पीए सिस्टम पर चलाने, शैडो एरिया की मैपिंग करने, प्रत्येक गांव तक कम्यूनिकेशन ठीक करने का निर्देश दिया।

# घटतौली पर किसान हुए नाराज, आठ घंटे तौल बाधित

- बभनान चीनी मिले से जुड़े केंद्रों पर मिल रही शिकायतें
- किसानों के फोन पर पहुंचे अधिकारी, कांटा बाबू पर कार्रवाई





श्रृंगीनारी गन्ना क्रय केन्द्र पर किसानों से वार्ता करते नायब तहसीलदार शौकत अली साथ मे महाप्रबंधक गन्ना दिनेश राय किसानों ने सड़क पर रोका गन्ना लदा ट्रक • जागरण

जागरण संवाददाता, श्रृंगीनारी, बस्ती: परशुरामपुर क्षेत्र के श्रृंगीनारी गन्ना क्रय केंद्र पर गन्ना तौल में घटतौली पकड़े जाने के बाद किसान उग्र हो गए। उन्होंने आठ घंटे तक तौल बाधित करा दिया। इसके पहले भी बभनान चीनी मिल से जुड़े अन्य केंद्रों पर भी घटतौली की शिकायतें मिल चुकी हैं।

बंदरि निवासी जग प्रसाद चौधरी पुत्र मथुरा प्रसाद चौधरी ने अपनी गन्ने की ट्राली का वजन पहले धरम कांटा पर वजन करवाया, उसके बाद गन्ना क्रय केंद्र ले गए।

दोनों के तौल में लगभग डेढ़ क्विंटल का फर्क आया। इसके बाद किसानों ने तौल बंद करा दिया। उधर परशुरामपुर की तरफ से बभनान की तरफ जा रही गन्ना लदी ट्रैकों को अमौली बाजार में किसानों ने रोक दिया। लेकिन आवागमन नहीं बाधित हुआ क्योंकि एक पटरी पर वाहन आते जाते रहे। इसी बीच कुछ किसानों ने उच्चाधिकारियों को फोन किया।

लेकिन तीन बजे तक गन्ना विभाग का कोई भी जिम्मेदार क्रय केंद्र तक नहीं पहुंचा । चार बजे के आसपास हरैया के नायब तहसीलदार शौकत अली तथा ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह तथा महाप्रबंधक गन्ना दिनेश राय गन्ना क्रय केंद्र पर पहुंचे। सुबह से तौल बंद होने के कारण कई घंटे से क्रय केंद्र पर खड़े किसानों ने नायब तहसीलदार से कार्यवाही की मांग की ।

उसके बाद पुनः तौल की गयी। जिसमें घट तौली प्रमाणित हुई। उसके बाद नायब तहसीलदार ने महाप्रबंधक गन्ना से सारे स्टाफ को तत्काल हटाने तथा जिम्मेदार कांटा बाबू पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उसके बाद गन्ना क्रय केंद्र पर पर तौल कार्य शुरू किया गया।

## पांच सौ ग्राम गांजा के साथ एक धराया

हर्रैया, बस्ती : हर्रैया पुलिस ने बुधवार को को दिन में एक बजे बेलाड़े शुक्ल मोड़ के पास से झिनकान प्रजापति निवासी राजघाट, थाना हर्रैया को 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय रवाना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित के खिलाफ छावनी व हर्रैया थाने में एक-एक आपराधिक मुकदमा पहले से दर्ज है। (जासं)

## मारने पीटने के मामले में केस

बस्ती : सोनहा थाने के भोलापुर गांव निवासी इसराइल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 31 जनवरी को गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें घर में घुसकर अपशब्द कहा। विरोध करने पर मारा पीटा और जान माल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रफीकुन्निश पत्नी जमील, जमीन के पुत्र सुजव्वीर, मुख्तार सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# घूस लेते रंगे हाथे पकड़ा गया रोजगार सेवक

- एंटी करप्शन की टीम ने बनकटी से किया गिरफ्तार
- गिरफ्तार रोजगार सेवक के साथ ही जेई के विरुद्ध भी मुकदमा

**जागरण संवाददाता,,बस्ती**: खंड विकास अधिकारी बनकटी के कार्यालय के सामने एक चाय की दुकान पर बुधवार को एंटी करप्शन टीम ने आमकोईल ग्राम पंचायत के रोजगार सेवाक अब्दुल रहीम को दोपहर 12.15 बजे 50 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा। इसके बाद उसे कोतवाली बस्ती लाया गया।

पूछताछ में उसे ब्लाक के जेई अरविंद कुमार पाठक पर आरोप लगाया कि विकास कार्यों को लेकर जो भी कमीशन की धनराशि मिलती है उसे वह उनके साथ आपस में बांट लेता है। ऐसे में रोजगार सेवक व जेई दोनों के विरुद्ध कोतवाली में एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव की तहरीर पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व भादवि की धारा 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

शिकायतकर्ता व प्रधान प्रतिनिधि रतनलाल निवासी ठुकठुइंया, आमकोईल थाना लालगंज ने बस्ती मंडल की एंटी करप्शन, ट्रैप टीम को बताया था कि उनकी पत्नी मंजू देवी 2021 से ग्राम पंचायत आमकोईल की प्रधान हैं। वह अपनी पत्नी का सहयोग करते रहते हैं। ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत 2023- 24 में आमकोईल में बारात घर के सामने पोखरा खुदाई का कार्य होना था।



कोतवाली में बैठे रोजगार सेवक अब्दुल रहीम उर्फ जुम्मन ● जागरण

इसकी अनुमानित लागत 3.99 लाख रुपये थी।

इस कार्य की वर्क आइडी बनवाने के लिए प्राकलन बनवाने का प्रमाण पत्र बनवाया जाना था। इस पर ग्राम विकास अधिकारी पवन पांडेय ने दो फरवरी 2024 को हस्ताक्षर किया। इसके बाद कार्य आगे बढ़ाने के लिए रोजगार सेवक अब्दुल रहीम से पांच फरवरी को मुलाकात की गई तो उसने रिश्वत के रूप में 50 हजार रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ब्लाक के जेई अरविंद पाठक से मिला तो उन्होंने भी कहा कि रोजगार सेवक जो कह रहा है, करो। रिश्वत दे दो तुम्हारा काम नहीं हो पाएगा। शिकायतकर्ता जब पत्नी के साथ 23 फरवरी को रोजगार सेवक से फिर मिला तब भी उसने 50 हजार की मांग की। पूरी बात सुनने के बाद एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को जाल बिछाया जिसमें रोजगार सेवक फंस गया।

**एंटी करप्शन टीम को दिखाना पड़ा पहचान पत्र**

**महादेवा, बस्ती**: रोजगार सेवक को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एंटी करप्शन की टीम ट्रैप टीम प्रभारी विनोद कुमार यादव की अगुवाई में सादे कपड़ों में गई थी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार टीम के सदस्य बुधवार की सुबह से ही ब्लाक के आस पास टहल रहे थे। प्रधान प्रतिनिधि ने रोजगार सेवक अब्दुल रहीम को जैसे ही रुपये थमाए,तभी वहां पहले से मौजूद टीम के सदस्यों ने उसे दबोच लिया।

मौके पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा दिनदहाड़े एक व्यक्ति को पकड़ कर ले जाते देख उन्हें रोकने का प्रयास किया तो टीम के सदस्यों द्वारा अपना पहचान पत्र दिखाते हुए सभी को पीछे हटने को कहा। पकड़े गए रोजगार सेवक की पत्नी सूरापारा छतौरा से क्षेत्र पंचायत सदस्य भी है।

# राजस्व मुकदमों के निस्तारण में बस्ती प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में

## बस्ती मंडल में एक से तीन वर्ष के भीतर वाले 363 मामले लंबित

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** राजस्व मुकदमों के निस्तारण में पूरे प्रदेश में बस्ती मंडल और जनपद का स्थान टाप पांच में है। मंडल स्तर पर में बस्ती में एक से तीन वर्ष के बीच के लंबित वादों की संख्या सिर्फ 363 है। जबकि गोरखपुर में 14 हजार 142 वाद लंबित हैं। बस्ती मंडल में कुल वाद 1991 लंबित हैं। पांच वर्ष से अधिक के धारा 67 बेदखली के लंबित वादों की संख्या बस्ती में मात्र 541 हैं। सिद्धार्थनगर में 596 और संतकबीर नगर में इनकी संख्या 1706 है। जबकि गाजीपुर, लखीमपुर खीरी और बलियां में भी वादों की संख्या कम हुई है।

यह तस्वीर सामने आई है प्रदेश स्तर पर 27 फरवरी को मुख्य सचिव की हुई समीक्षा बैठक में। धारा 116 कुर्रा-बंटवारा में छह माह के भीतर बस्ती जनपद को बड़ी उपलब्धि मिली है। बलियां, आंबेडकर नगर, प्रतापगढ़, बस्ती और कन्नौज प्रदेश में शीर्ष के पांच ऐसे जनपद हैं, जिन्होंने बेहतर रिजल्ट दिए हैं। बस्ती में 6 हजार 309 मामले निस्तारित हुए हैं। नामांतरण धारा 34 में भी जिले की स्थिति ठीक हुई है। बस्ती मंडल में पांच मुकदमे 42 वर्ष से लंबित हैं। इनमें बस्ती के अतिरिक्त अधिकारी प्रथम के न्यायालय में नर नारायण बनाम परमात्मा प्रसाद का धारा 176 के तहत मार्च 1979, संतकबीरनगर में एसडीएम खलीलाबाद के यहां श्रीमती कुमारी बनाम अशोक का धारा 34/35 का जुलाई 1979, नायब तहसीलदार द्वितीय खलीलाबाद में नोहर बनाम अब्बास अली का धारा 34 का 1979, सिद्धार्थनगर में नौगढ़ तहसील में तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय में जुगुना देवी बनाम शेषई का धारा 201 के तहत 1979 से तथा बस्ती के अतिरिक्त अधिकारी प्रथम के न्यायालय में राम अचल बनाम मंगरू आदि का धारा 229 ख के तहत मुकदमा 1982 से लंबित है। समीक्षा में सामने आया कि बस्ती मंडल में 16 सितंबर 2023 से अब तक 23 मुकदमों को रीकाल के लिए आवेदन पत्र पड़े। इसमें से चार का निस्तारण कर दिया गया है। 23 मुकदमे लंबित हैं। मुकदमा निस्तारण के मामले में बस्ती जिला प्रदेश में दूसरे नंबर पर है। सितंबर 2023 में मुकदमा निस्तारण का प्रतिशत 83.62 रहा, जबकि 27 फरवरी को निस्तारण की स्थिति 94.43 फीसद रही। पिछले छह माह में मुकदमा निस्तारण मामले में बस्ती जनपद 10.91 प्रतिशत अधिक निस्तारण किया। पैमाइश के तहत न्यूनतम निस्तारण वाले जिलों में बस्ती शामिल नहीं है। नामांतरण निस्तारण के मामले में बस्ती जनपद पिछले छह माह में 10.85 प्रतिशत अधिक वृद्धि के साथ प्रदेश में दूसरे नंबर पर है। बस्ती जनपद में पांच वर्ष से अधिक समय वाले महज 541 मुकदमे हैं। बंटवारों के मुकदमों में बस्ती की स्थिति प्रदेश में बेहतर है। इस मामले में जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने कहा कि पुराने लंबित मामलों को निस्तारित करने पर उनका पूरा जोर है। एक वर्ष से अधिक के मामले अधिक से अधिक निस्तारण हो सकें, इसपर जोर रहा।

# सीएम ने वर्जुअल किया साइबर हेल्प डेस्क का लोकार्पण



हेल्प डेस्क का लोकार्पण देखते प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ● जागरण

**जासं,हर्रैया, बस्ती**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सुबह दस बजे हर्रैया थाना में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया । जहां पुलिसकर्मियों के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दिन प्रतिदिन साइबर क्राइम बढ़ते जा रहे हैं, इस पर अंकुश लगाने के लिए हर्रैया थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

अब साइबर ठगी होने पर हर्रैया पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगा । उन्होंने बताया कि धोखाधड़ी से बचाने के लिए मोबाइल फोन में कोई लिंक पर तुरंत क्लिक न करें। इस दौरान उपनिरीक्षक कमलेश यादव, पवन यादव, रामसकल यादव, हरेंद्र यादव, जितेंद्र शाही सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# हत्या के आरोप से संदेह का लाभ पाकर आरोपित बरी

**जासं, बस्ती :** अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्याधधीश (ईसी एक्ट) अनिल कुमार खरवार की अदालत ने सात साल पुराने मामले में हत्या कर साक्ष्य मिटाने के आरोपित सईदुल्ला उर्फ सईद और सुलेमान खां उर्फ बंटी को दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन के अनुसार घटना छह अप्रैल 2017 की सुबह साढ़े छह बजे की बताई गई है। छावनी थाने के चौकीदार जगराम ने तहरीर देकर बताया कि 28 वर्षीय युवक का शव पूरेहिन्दू व खेसुआ गांव के बीच नहर में मिला था। उसकी शिनाख्त संतकबीरनगर के दुधारा थानांतर्गत बाघनगर निवासी नूरूलहक के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की विवेचना की तो इस मामले में सईदुल्ला उर्फ सईद और सुलेमान खां उर्फ बंटी के नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संजय उपाध्याय व भारतेंदु शुक्ल ने अदालत से कहा कि इस केस में पुलिस की ओर से किया अनुसंधान अविश्वसनीय, दूषित व संदेहास्पद है। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से भी मामले की कड़ी से कड़ी नहीं जुड़ पाई। दिवंगत नूरूलहक ही था यह पुष्टी नहीं हो सका था। वहीं अभियोजन पक्ष आरोपितों का हत्या करने का उद्देश्य साबित नहीं कर पाई है। ऐसे में उन्हें दोषमुक्त किया जाना उचित होगा। अदालत ने हत्या कर सबूत छिपाने के दोनों आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया।

## गांजा लेकर जा रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**हरैया।** पुलिस ने राजघाट मोहल्ला निवासी झिनकान प्रजापति को 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध छावनी सहित अन्य थानों में चोरी के केस व अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी कि वह बाहर से गांजा लाकर थाना क्षेत्र में ग्राहकों तक पहुंचाता है। पुलिस इसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। संवाद

# आईजी ने रेडियो संपर्क को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**बस्ती।** पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्र के तीनों जनपदों बस्ती, सिद्धार्थनगर व संतकबीरनगर के रेडियो शाखा के प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की। इस दौरान सभी शाखा प्रभारी को प्रत्येक माह अपनी शाखा का मासिक निरीक्षण करने, यात्रा भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति व अन्य मदों में प्राप्त धन को व्यय करने का निर्देश दिया।

आईजी ने अक्रियाशील वायरलेस सेटों को केंद्रीय वर्कशॉप लखनऊ भेज कर ठीक कराने, चुनाव के दृष्टिगत सेट की मांग भेजने को कहा। साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग करने, पुलिस से संबंधित, महिला सशक्तिकरण, ट्रैफिक आदि से संबंधित ऑडियो क्लिप पीए सिस्टम पर चलाने को कहा। शैडो एरिया की मैपिंग कर प्रत्येक गांव और क्षेत्र तक कम्यूनिकेशन ठीक करने के निर्देश दिए।

रेडियो निरीक्षक को 06 माह में प्रत्येक थाने पर जाकर वायरलेस उपकरण की क्रियाशीलता का निरीक्षण व भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। साथ ही उच्चाधिकारी की बताई गई बातों को रेडियो ऑपरेटर की ओर से अक्षरशः पालने करने, सभ्य भाषा का प्रयोग करने, लागबुक उचित तरीके से लिखने व देखरेख करने के लिए निर्देशित किया गया। मासिक निरीक्षण सही तरीके से न करने व खुद जानकारी न होने पर रेडियो निरीक्षक सिद्धार्थनगर को चेतावनी दी गयी। गोष्ठी के दौरान अपर राज्य रेडियो अधिकारी, तीनों जनपदों के रेडियो शाखा के प्रभार व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। संवाद

# 10 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

## फर्जी पैरा मेडिकल कॉलेज का मामला : छात्राओं ने की थी शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** फर्जी पैरा मेडिकल कॉलेज संचालित करने के 10 आरोपियों पर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। यह सभी फर्जी मेडिकल कॉलेज खोलकर एएनएम, जीएनएम में प्रवेश लेते थे। कई विद्यार्थियों को फर्जी मॉर्कशीट भी दे दिए थे। विद्यार्थियों के डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करने के बाद इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था।

इसके बाद सरगना सहित सभी आरोपी गिरफ्तार किए गए थे। इस गिरोह का सरगना बीके यादव बरेली के बारादरी थानाक्षेत्र के मेगा सिटी अपार्टमेंट संजय नगर का निवासी है।

### बरेली का रहने वाला है गिरोह का सरगना

### कई विद्यार्थियों को थमा दी थी फर्जी मॉर्कशीट

कोतवाल चंदन कुमार ने बताया कि बीके यादव उर्फ विनोद कुमार यादव के गिरोह में सत्यप्रकाश पटेल निवासी बरगदवा थाना कोतवाली, वसीम निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर हैं।

रुपम पटेल निवासी सुभावपुर थाना कलवारी, राम आशीष यादव उर्फ आशीष यादव निवासी रक्शा थाना लालगंज हाल मुकाम कुशल विहार सेल्फ वेद विहार रायल गार्डन अकुंर विहार गाजियाबाद शामिल हैं।

गिरोह में स्वतंत्र श्रीवास्तव निवासी गांधीनगर उरई तहसील इंद्रगढ़ उरई थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन, पीयूष पांडेय निवासी हाउस नं 158 बांके बिहारी पुरम , विसर्क रोड थाना छपरौला जनपद गौतमबुद्धनगर, स्थायी पता ग्राम कटरिया थाना राजपुर जनपद बक्सर बिहार भी हैं।

गुलशन फातिमा निवासी टेमा रहमत संतकबीरनगर, कृष्ण कुमार चौधरी निवासी नकटी देही बुजुर्ग रेहरवां थाना कप्तानगंज और जगदीश चंद्रा निवासी ब्लॉक सी प्रेम नगर जनपद बरेली शामिल हैं।

# मारपीट में घायल की मौत, दो नामजद सहित तीन पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

परशुरामपुर। रोहदा गांव में मंगलवार की रात मारपीट में घायल बुजुर्ग की बुधवार सुबह लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की बहू ने गांव के दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

मृतक की बहू अनीता देवी पत्नी गुलाबचंद ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे गांव के ही बंडोले तथा अरुण ने उनके 65 वर्षीय ससुर राजाराम को गांव के सिवान में बुलाकर मारापीटा। अनीता देवी का आरोप है कि कुछ दिन पहले गांव की एक शादी में बोलेरो का शीशा टूटने की घटना को लेकर यह विवाद था। अनीता देवी का कहना है कि जिन लोगों ने मारा पीटा वह लोग साथ ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर पर इलाज भी कराया।

## शादी में गाड़ी का शीशा टूटने का विवाद बता रही राजाराम की बहू

हालत नाजुक होने के कारण जिला चिकित्सालय अयोध्या ले जाया गया, जहां से रेफर के बाद लखनऊ ले जाया गया। पुलिस ने बताया अनीता देवी की तहरीर पर बंडोले, अरुण निवासी रोहदा तथा एक अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# 50 हजार रुपये घूस लेते रोजगार सेवक गिरफ्तार

## पोखरे का कार्य स्वीकृति करने के लिए मांगे थे 70 हजार, एक जेई भी शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन की बस्ती इकाई की टीम ने बनकटी ब्लॉक के आम कोइल गांव के ग्राम रोजगार सेवक अब्दुल रहीम को ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि से 50 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया।



आरोपी अब्दुल रहीम।

ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित चाय की दुकान पर प्रधान के प्रतिनिधि रत्नलाल यादव को रोजगार सेवक ने बुलाया। वहां पहुंचने पर जैसे ही उसने 500 रुपये की गड्डी उसे थमाई, तभी मौजूद टीम ने दबोचा लिया। कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया है।

### 26 फरवरी को हुई थी शिकायत

ग्राम पंचायत आम कोइल में दो वर्षों से विकास कार्य बाधित है। प्रधान के प्रतिनिधि व ग्राम रोजगार सेवक के बीच खींचतान की वजह से गांव में विभिन्न योजनाएं संचालित नहीं हो पा रही थीं। इस बार प्रधान के प्रतिनिधि रतन लाल यादव से रुपयों की मांग की गई तो 26 फरवरी को उसने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में शिकायत की। इसके बाद योजनाबद्ध ढंग से टीम ने जाल बिछाया और रोजगार सेवक उसमें फंस गया।

शिकायतकर्ता रत्नलाल यादव के मुताबिक, आम कोइल गांव में 3.99 रुपये की लागत से पोखरे के कार्य की स्वीकृति के लिए रोजगार सेवक अब्दुल रहीम व जेई अरविंद कुमार पाठक ने 70 हजार रुपये की मांग की थी।

रोजगार सेवक अब्दुल रहीम उर्फ जुम्मन निवासी ग्राम सूरा पार नेवारी थाना लालगंज के जरिए 50 हजार रुपये में बात तय हुई थी। जिसे रोजगार सेवक को देने के लिए बनकटी ब्लॉक मुख्यालय पर एक चाय की दुकान पर रतनलाल यादव पहुंचे। रुपयों की गड्डी हाथ में देते ही आसपास मौजूद एंटी करप्शन टीम के ट्रैप प्रभारी विनोद कुमार यादव, यूनिट प्रभारी उदय प्रताप यादव, मुकेश कुमार दुबे, भीमशंकर मिश्र व टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

सादे कपड़ों में उसे गाड़ी में बैठाकर ले जाते देख आसपास के लोगों ने रोकने का प्रयास किया। लेकिन, टीम ने परिचय पत्र दिखाया तो वे पीछे हट गए। पकड़े गए रोजगार सेवक ने रुपये शादी के लिए उधार लेने की बात बताने लगा।

# रिश्तेदार बनकर ऑनलाइन मांग रहे रुपये, सामने आ चुके कई मामले

## पहले गलती से रुपये खाते में जाने का देते हैं झांसा, आईजी बोले- लोगों को बिना पुष्टि किए ऑनलाइन रुपये नहीं भेजने चाहिए, नहीं तो खाता हो जाएगा खाली

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। साइबर अपराधी अब रिश्तेदार बनकर रुपये मांग रहे हैं। पहले वह फर्जी मैसेज भेजकर कहते हैं कि गलती से उनके नंबर पर रुपये चले गए हैं, फिर वापस करने के बहाने चूना लगा रहे हैं।

ऐसा ही बहाना कर साइबर ठगों ने मंगलवार को 75 हजार रुपये उड़ा दिए। साइबर विशेषज्ञ बताते हैं कि यह साइबर अपराधियों का नया ट्रेंड है। इसके लिए झांसा देते हैं उपहार भेजने या फिर कैश जमा कराने का। यदि आप इनके झांसे में आ गए तो बैंक का खाता खाली होना तय है। पुलिस के पास पांच दिन में ऐसी दो शिकायत आई हैं, जिनमें एफआईआर दर्ज की गई है।

### ऑनलाइन रुपये वापस करने को कहकर करते हैं ठगी करने वाले

साइबर अपराधी ट्रू कॉलर जैसे एप की मदद से उस शख्स का नाम मालूम कर लेते हैं। इसके बाद फोन भी नाम लेकर करते हैं। ऐसे में जिसके पास फोन आया होता है, वह भ्रम में पड़ जाता है।

### केस 1 बहन का नाम लेकर सात हजार रुपये ठग लिए

छावनी क्षेत्र के खजुरी निवासी शैलेश कुमार से ठगों ने फोन करके उसकी बहन पूजा का नाम लेते हुए खुद को उसका पति बताकर भरोसे में ले लिया। फिर खाते में दस हजार रुपये भेजने की बात कही। पीड़ित के मोबाइल फोन पर दस हजार रुपये के क्रेडिट का मैसेज भेज दिया। पांच दिन बाद रुपये वापस लेने की बात कहा। करीब 3 घंटे बाद ठगों ने पुनः फोन करके हॉस्पिटल की इमरजेंसी बताकर रुपये वापस मांगे। उसने अयोध्या कस्बे के दुकानदार जयवंत से ठग के बताए नंबर पर सात हजार रुपये तीन बार में भेज दिए।

### केस 2 खुद को जीजा बताकर 20 हजार रुपये ठग लिए

सोनहा क्षेत्र के बिहारी सरदहा गांव के रंजिका शर्मा के मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद रंजिका का जीजा बताया। कहा कि मां की तबीयत खराब है। रुपयों की जरूरत है। 20 हजार भेज दीजिए। हूबहू आवाज आने पर विश्वास करके रंजिका ने रुपये भेज दिए। रुपये फोन करने वाले के खाते में जाने के बाद उसका मोबाइल नंबर बंद हो गया। इसके बाद रंजिका को समझ में आया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उनकी तहरीर पर सोनहा थाने में केस दर्ज हुआ।

### इस तरह करें बचाव

- अनजान नंबर से आ रहे फोन कॉल का जवाब देने में सतर्कता बरतें।
- अगर कोई आपका परिचित बनकर अनजान नंबर से फोन करे तो पहले उसकी सत्यता की जांच करें।
- ठगी करने वाले अक्सर आर्डर, तुरंत, अभी जैसी जल्दी का बहाना देते हैं। ऐसे में ठगों से सतर्क रहें।
- संदिग्ध मैसेज या ई-मेल में भेजे गए लिंक पर कभी क्लिक न करें।
- अज्ञात स्रोतों से मिले क्यूआर कोड को स्कैन करने से बचें।
- अपने बैंक या कार्ड से जुड़ी जानकारियां किसी को न दें।
- कुछ भी संदिग्ध लगे तो तुरंत बैंक व पुलिस से शिकायत करें।
- घबराहट से बचें। आपका डर अपराधियों का हथियार बन जाता है।

ऐसे में साइबर अपराधियों की बातों में फंसकर बैंक खाते का डिटेल बता देता है। आईजी आरके भारद्वाज ने बताया कि साइबर अपराधी इस तरह के फ्राड इधर काफी करने लगे हैं। लोगों को बिना पुष्टि किए ऑनलाइन रुपये नहीं भेजने चाहिए। ऐसा हो जाने पर तत्काल साइबर सेल को सूचित करना चाहिए।

# सीडीओ और एसपी ने जेल का किया निरीक्षण

**बस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बुधवार को जिला कारागार बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, अस्पताल, मेस आदि का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों व कैदियों से वार्ता कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

मौजूद सभी जेल कर्मियों को सख्त हिदायत दिया गया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्रवाई का निर्वहन सही तरीके से करें। किसी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि या अवांछनीय तत्व न पाए जाने के संबंध में हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान पीआरओ पुलिस अधीक्षक पवन मिश्र व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

# बाप ने लिखवाया बेटे की हत्या का मुकदमा, पुलिस ने किया जिंदा बरामद

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)।** जिस पिता ने अपने बेटे के हत्या का मुकदमा लोटन कोतवाली में दर्ज कराया था, उस तथा कथित मृतयुवक कुलदीप उर्फ रंगीलाल को लोटन कोतवाली की पुलिस ने सकुशल जिंदा बरामद कर लिया। जानकारी के मुताबिक न्यायालय के आदेश पर लोटन कोतवाली में लोटन कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम डेबा निवासी कुलदीप उर्फ रंगीलाल के हत्या से संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 181/2023 धारा 302, 201, 504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था।लोटन कोतवाली की पुलिस ने जिस युवक का हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था,उसे जीवित बरामद कर लिया है।अभियुक्त को जिंदा बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लोटन विजय शंकर सिंह, उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद,आरक्षी संजय गौतम,आरक्षी सत्येंद्र कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# 3300 करोड़ की लागत वाले 148 निर्माण कार्यों का सीएम ने किया लोकार्पण

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 3300 करोड़ से अधिक की लागत से 148 निर्माण कार्यों (थाना प्रशासनिक भवन एवं आवासीय भवन, पुलिस चौकी प्रशासनिक भवन, थाने पर हॉस्टल, मेडिकल कक्ष) आदि का लोकार्पण/शिलान्यास तथा 75 जनपदों में 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 08 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज एवं कुशीनगर में पर्यटन थाने का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल किया गया। जनपद स्तर पर थाना सिद्धार्थनगर में सांसद जगदम्बिका पाल, सदस्य विधान परिषद धव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पालिका सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थिति में लाइव प्रसारण दिखाया गया।

इस अवसर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी जनपदो में साइबर थानों का गठन हुआ है। आजकल साइबर की घटनाये काफी बढ़ गयी है। पुलिस के लोग 24 घंटे ड्यूटी करते है। पुलिस के लोग कोई भी त्यौहार नही मना पाते है, बल्कि दूसरो को सकुशल त्यौहार मनाने के लिए ड्यूटी पर तैनात रहते है। पुलिस लाइन से लेकर थाने के बैरक, हॉस्टल आदि काफी जर्जर थे जिसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा इसके समाधान के लिए कदम उठाया गया, जिससे वह अपनी ड्यूटी आसानी से कर सके और समय से लोगो की समस्याओं का समाधान करा सके। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। पुलिस के जवानो की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आधुनिक हथियार व वाहन आदि से लैस किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए हर समय तैयार रहते है। साइबर की घटना होने पर उसी थाने पर उसका समाधान होगा। जनपद मुख्यालय आने की आवश्यकता नही पड़ेगी। मुख्यमंत्री द्वारा अच्छा कदम उठाया गया है। जिससे पुलिस के जवानो व लोगो को लाभ प्राप्त होगा। जनपद में आज थाना सिद्धार्थनगर में 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना उसका बाजार 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना भवानीगंज 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना ढेबरुआ 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना खेसरहा 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना बांसी 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना पथरा बाजार 16 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना शोहरतगढ़ 40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना गोल्हौरा 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना त्रिलोकपुर 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना डुमरियागंज 40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना जोगिया उदयपुर मे श्रेणी-2 के 4 नग आवासीय भवन व जनपद सिद्धार्थनगर में साइबर क्राइम थाना का लोकार्पण/शुभारम्भ किया गया है।

इस अवसर अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह, एसपी अग्रवाल, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय, थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर, पुलिस बल के जवान आदि उपस्थित रहे।



निर्माण कार्यों का शिलापट, संबोधित करते सांसद ,जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। फोटो : एसएनबी

## एक नजर



अवार्ड लेते डा. भास्कर शर्मा फाइल फोटो

### डा. गिरेंद्र अवार्ड से नवाजे गए डा. भास्कर शर्मा

**इटवा** : होम्योपैथिक चिकित्सक डा. भास्कर शर्मा डा. गिरेंद्र पाल मेमोरियल इंटरनेशनल अवार्ड से नवाजे गए हैं। हरिद्वार के उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डा. दिनेश चंद्र शास्त्री के हाथों उन्हें स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ये अवार्ड होम्योपैथी क्षेत्र में किए गए शोध एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। उन्हें पुरस्कार मिलने पर डा. विनोद प्रसाद, डा. अफरोज खान, डा. अमित अग्रवाल, राजीव रतन राय सहित अन्य लोगों ने खुशी व्यक्त की है। जासं

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**बढ़या** : समय माता कठेला पुलिस ने बुधवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक सुरेश चंद्र ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा विशुनपुरा निवासी अकबर पुत्र सलीमुल्लाह के विरुद्ध वारंट जारी था। पुलिस टीम ने गांव के पास से गिरफ्तार किया। विज्ञप्ति

### समिति की बैठक कल

**इटवा** : प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति कपिया नकटी की बैठक शुक्रवार को समिति मुख्यालय पर आयोजित की गई है। बैठक में जन प्रतिनिधियों समेत समिति सदस्य भाग लें। समिति की मजबूती सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी समिति के मुख्य प्रवर्तक पंकज व सचिव मीना देवी ने संयुक्त रूप से दी। विज्ञप्ति

### विज्ञान दिवस पर मेधावियों को मिला सम्मान

**तुलसियापुर** : विज्ञान दिवस पर बढ़नी ब्लाक के अहिरौला में संचालित स्वामी विवेकानंद पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को बुधवार को सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने विज्ञान के कई माडल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपना दल एस के शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष रामदास मौर्या ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस दौरान बंशीलाल चौधरी, सुनील केसी राम जी मिश्रा, पंकज यादव, कुलदीप चौधरी, शिवलाल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**यहां और अन्य खबरें देंखे**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_ gorakhpur-city-news-hindi.html

# डीएम व एसपी ने बूथ स्कूलों का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)**।जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा तहसील नौगढ़ के अन्तर्गत स्थापित बूथ अपर प्राइमरी स्कूल, तेतरी बाजार, बुद्ध विद्यापीठ पीजी कालेज, सिद्धार्थनगर, जवाहर लाल नेहरू स्मारक इन्टर कालेज, नौगढ सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ के साथ किया बैठक**

निरीक्षण के दौरान-जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने निर्देश दिया कि बूथो पर आवश्यक सुविधाये समय से पूर्ण कर ले। शौचालय, रैम्प, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था आदि की व्यवस्था करा ले। इसके अलावा जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। बूथो पर बूथ संख्या का अंकन करा दिया जाये।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ललित कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय व अन्य संबधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**इसी क्रम में** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 मे जिन बूथो पर मतदान प्रतिशत बहुत कम था उन बूथो के बीएलओ तथा समस्त उपजिलाधिकारी के साथ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 मे जिन बूथो पर मतदान का प्रतिशत बहुत कम था उन बूथो को चिन्हित कर ले तथा वहां पर बीएलओ घर-घर- जाकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करे। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कमेटी बनाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, समस्त उपजिलाधिकारी, अब्दुल जव्वार तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।





बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी व बूथ का निरीक्षण करते डीएम,एसपी। फोटो : एसएनबी

# तीन लाख में उपलब्ध कराते थे परीक्षा की कुंजी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कराने के मामले में पकड़े गए आरोपित तीन लाख रुपये लेकर परीक्षा से दो घंटे पहले परीक्षा की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराते हैं। आरोपितों ने बताया कि वे एक अभ्यर्थी से 20 हजार से 50 हजार रुपये तक एडवांस लेते हैं। परीक्षा पास होने पर तीन-तीन लाख रुपये लेते हैं।

पुलिस के पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि आरोपित जितेन्द्र कुमार भारती तीन लाख रुपये व अभ्यर्थी से गारंटी के रूप में मूल मार्कशीट, ब्लैंक चेक लेकर साल्वर व अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले वाट्सअप से परीक्षा की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराता है। जितेन्द्र कुमार भारती ने बताया कि उसने अभ्यर्थियों से 20 हजार से 50 हजार रुपये तक एडवांस व अंकपत्र, प्रवेश-पत्र की छायाप्रति, ब्लैंक चेक लेकर पुलिस भर्ती परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों, साल्वरों के वाट्सअप पर उत्तरकुंजी उपलब्ध कराया था। जितेन्द्र ने बताया कि उसको प्रश्नपत्र की उत्तर कुंजी संजय गौंड़ व बिट्टू यादव ने परीक्षा से दो घंटे पूर्व वाट्सअप पर उपलब्ध कराया था। बिट्टू यादव ने बताया कि उसको प्रश्नपत्र की उत्तर कुंजी छपरा बिहार के रहने वाले अनूप पाण्डेय ने वाट्सअप पर भेजा था। संजय ने बताया कि नटराज प्रजापति ने मुझे प्रश्नपत्र की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराई थी। नटराज ने बताया कि मुझे वाट्सअप पर प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी संजय ने उपलब्ध कराया था। आरोपितों ने बताया कि हमलोग अभ्यर्थियों से पैसा, ब्लैंक चेक, मार्कशीट गारंटी के रूप में पहले से ही रख लेते हैं। परीक्षा पास होने पर तीन-तीन लाख रुपये लेने की डील हुई थी।



पुलिस टीम की ओर से पकड़े गए चार आरोपितों के साथ एसपी प्राची सिंह।

## पुलिस टीम में ये रहे शामिल

प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष तिवारी, एसटीएफ गोरखपुर यूनिट के निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, प्रभारी सर्विलांस सेल सुरेन्द्र सिंह, थाना इटवा से एसआई रमेश साहनी, रमाकांत सरोज, सर्वेश चन्द्र, आरक्षी विजय यादव, मनीष यादव, एसओजी के हेड कांस्टेबल राजीव शुक्ल, विरेन्द्र त्रिपाठी, कांस्टेबल छविराज यादव, सत्येन्द्र, रोहित चौहान, व सर्विलांस सेल के हेड कांस्टेबल जनार्दन प्रजापति, कांस्टेबल अभिनन्दन सिंह, हिन्दे आजाद रहे।

" 17 व 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा हुई थी। इसमें जिल से 10 साल्वर/अभ्यर्थी पकड़े गए थे। इसमें कई और लोग जुड़े थे। एसओजी, सर्विलांस, थानों की पुलिस की एक विशेष टीम बनाई थी। टीम ने बहुत काम किया है। इसमें हमने एटीएफ यूनिट गोरखपुर की भी मदद ली है। चार लोगों को मामले में गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 32 मार्कशीट, प्रमाणपत्र आदि बरामद हुआ है। इनसे पूछताछ की जा रही है। उप्र सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम का अपराध इन्होंने किया है। आगे इन पर गैंगेस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।

**प्राची सिंह,** एसपी

शहर 30s

# महंगाई से कराह रहा देश-प्रदेश

**बांसी।** कस्बे के आजादनगर के पूरबौली में बुधवार को समाजवादी पीडीए जन पंचायत चौपाल कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी ने कहा कि देश व प्रदेश महंगाई की मार से कराह रहा है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पुलिसिया अत्याचार की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। आज देश का संविधान खतरे में है। अब देश और प्रदेश की जनता जाग चुकी है। इस दौरान कपिल देव, बुधीराम, सैयद कुतुब, शकीर, गणेश दत्त समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# गोरखपुर से बढ़नी तक मेमू ट्रेन चलाने की मांग

**उस्का बाजार।** गोरखपुर से बढ़नी तक आने जाने के लिए मेमू ट्रेन चलाने की क्षेत्रीय नागिरकों ने रेलवे के अफसरों से मांग की है। गोरखपुर में अध्ययनरत छात्र बजरंगी, अंकित, विष्णु व मुख्यालय पर स्थित विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को प्रतिदिन आकर ड्यूटी करने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन सभी ने रेलवे के उच्चाधिकारियों से इस रूट पर मेमू ट्रेन चलाने की मांग की है।

# घर-घर जाकर मतदान के प्रति करें जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 में जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत बहुत कम था उन बूथों के बीएलओ व सभी एसडीएम के साथ डीएम पवन अग्रवाल ने बैठक की। डीएम ने निर्देशित किया कि जिन बूथों पर मतदान का प्रतिशत बहुत कम था उन बूथों को चिन्हित कर लें और वहां बीएलओ घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। डीएम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कमेटी बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम उमाशंकर, अब्दुल जब्बार आदि मौजूद रहे।

# बूथों पर समय से पूरा कर लें जरूरी सुविधाएं

**सिद्धार्थनगर।** डीएम पवन अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह ने बुधवार को नौगढ़ तहसील के अन्तर्गत स्थापित बूथ अपर प्राइमरी स्कूल तेतरी बाजार, बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज नौगढ़ का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिया कि बूथों पर जरूरी सुविधाएं समय से पूर्ण कर लें। शौचालय, रैम्प, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था आदि की व्यवस्था करा लें। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि बूथों पर बूथ संख्या का अंकन करा दिया जाए। इस अवसर पर एसडीएम डॉ.ललित कुमार मिश्र, सीओ सुजीत राय आदि मौजूद रहे।

# फरार चल रहा आरोपित धराया

इटवा। त्रिलोकपुर पुलिस ने बुधवार को मछली गांव चौराहे से अपहरण व दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पकड़ लिया। थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने बताया क्षेत्र के मनिकौरा निवासी मोनू उर्फ शब्बीर पर अपहरण व दुष्कर्म का केस दर्ज था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था।

# पुलिस कर्मियों को मिला हास्टल, बैरक व विवेचना कक्ष की सौगात

- पुलिस कर्मियों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री भी गंभीर
- साइबर अपराध होने पर संबंधित थाने पर ही समाधान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से बुधवार को वर्चुअल किए गए हास्टल, बैरक, विवेचना कक्ष, साइबर क्राइम थाना का लोकार्पण का सदर थाने में लाइव प्रसारण दिखाया गया।

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। उत्तर प्रदेश पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री ने लखनऊ से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जिले के भी पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल, बैरक, विवेचना कक्ष, साइबर क्राइम थाना का लोकार्पण किया।

सदर थाना परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से जिन भवनों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया, उनमें सदर थाना, उस्का बाजार, बांसी में 48-48 पुलिस कर्मियों के लिए, थाना भवानीगंज, गोल्हौरा, त्रिलोकपुर, खेसरहा, ढेबरुआ 32-32 पुलिस कर्मियों के लिए, थाना पथरा बाजार में 16, थाना शोहरतगढ़ और डुमरियागंज में 40-40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल एवं बैरक, थाना जोगिया उदयपुर मे श्रेणी-द्वितीय के चार आवासीय भवन व जनपद में साइबर क्राइम थाना का लोकार्पण हुआ है। सभी थानों में एक-एक विवेचना कक्ष भी शामिल है।

सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि पुलिस कर्मी 24 घंटे ड्यूटी करते हैं। कोई भी त्योहार नहीं मना पाते हैं, बल्कि दूसरों को सकुशल पर्व मनाने के लिए ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। पुलिस लाइंस से लेकर थानों के बैरक, हास्टल आदि काफी जर्जर थे, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने समाधान के लिए कदम उठाया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए हर समय तैयार रहते है। साइबर की घटना होने पर उसी थाने पर उसका समाधान होगा। जनपद मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम को शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, भाजपा के जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नगर पालिका सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान सभी ने लाइव प्रसारण भी देखा।

पूर्व चेयरमैन एसपी अग्रवाल, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय, प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह उपस्थित थे। संचालन दिलीप द्विवेदी ने किया।

# पुलिस भर्ती का पेपर लीक करने के चार आरोपी दबोचे

- आरोपियों में तीन देवरिया एक हावड़ा का रहने वाला
- एसओजी, सर्विलांस सेल व एसटीएफ की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान संवाद। एसओजी, सर्विलांस सेल, एसटीएफ गोरखपुर व इटवा पुलिस ने पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के चार आरोपितों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से अभ्यर्थियों की मार्कशीट, प्रवेश पत्र, ब्लैंक चेक, मोबाइल फोन व लैपटाप बरामद हुए हैं। आरोपितों में तीन देवरिया और एक पश्चिम बंगाल के हावड़ा का है।

पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान जिले में 10 सॉल्वर, अभ्यर्थी व मीडिएटर पकड़े गए थे। बुधवार को देवरिया के मईल के कैलानी निवासी संजय गौंड़, भटनी के बिंदवलिया निवासी नटराज, सलेमपुर के धनगड़ा के जितेंद्र भारती व हावड़ा के विट्टू को नेपाल सीमा पर स्थित कोटिया बाजार से दबोच लिया गया। > तीन लाख में कुंजी P08

## एक नजर

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिस्कोहर : त्रिलोकपुर पुलिस ने बुधवार को किशोरी को अगवा करके दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी का अपहरण कर लिया गया। 24 फरवरी की घटना के मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस आरोपित मनिकौरा निवासी मोनू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक पप्पू कुमार गुप्ता की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपित को मछली गांव तिराहे से गिरफ्तार किया गया है।

# पोलिंग बूथों को जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**जासं, सिद्धार्थनगर** : जिलाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के नेतृत्व में बुधवार को सदर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत स्थापित नगर पालिका क्षेत्र के बूथ अपर प्राइमरी स्कूल, तेतरी बाजार, बुद्ध विद्यापीठ पीजी कालेज व जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कालेज नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बूथों पर आवश्यक सुविधाएं समय से पूर्ण कर लें। शौचालय, रैम्प, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था आदि की व्यवस्था करा लें। विद्यालयों पर बूथ संख्या का अंकन करा दिया जाए। इस दौरान निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी डा. ललित कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस की सक्रियता से हत्या में जेल जाने से बचे चार निर्दोष

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: लोटन थाना पुलिस ने जिस व्यक्ति की हत्या के मामले में उसकी पत्नी सहित ससुराल के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कथित मृतक को पुलिस एक वर्ष से ढूंढ रही थी। लेकिन युवक का पता नहीं चल रहा था। आखिरकार पुलिस ने उसे गुरुवार को लोटन कस्बे से सकुशल पकड़ कर लिया। पुलिस की इस सफलता के बाद हत्या के मामले में आरोपित जेल जाने से बच गए हैं। पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा सभी लोग कर रहे हैं।



पुलिस के साथ कथित कुलदीप उर्फ रंगीलाल .सौ.पुलिस सेल

सीओ सदर सुजीत कुमार राय ने बताया कि लोटन थाना क्षेत्र के केसारी गांव निवासी कुलदीप उर्फ रंगीलाल पुत्र डेबा अपने साले महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी तौलन, मंगल, पत्नी रूपा और ससुर राम सनोहर के साथ नौकरी के सिलसिले में फरवरी 2023 में मुंबई चला गया। करीब एक माह बीतने के बाद कथित मृतक की मोबाइल से उसकी एक फांसी लगी फोटो उसके मौसी के मोबाइल पर भेजा गया। मौसी ने उस फोटो को अपने जीजा यानी मृतक के पिता डेबा के पास भेजते हुए बेटे के मौत की जानकारी दी। इसके बाद पिता ने लोटन थाना पुलिस को तहरीर देकर पत्नी, दोनों साले और ससुर पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर लोटन पुलिस ने 12 दिसंबर 2023 को सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले की जांच अभी चल रही थी कि कथित मृतक युवक लोटन कस्बे में दिखाई दिया। सूचना पर पुलिस ने उसे कस्बे से बरामद कर लिया। बरामदगी टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह, उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद, आरक्षी संजय गौतम, सत्येंद्र सिंह शामिल रहे।

**पत्नी को छोड़ने के लिए कथित मृतक ने रची थी साजिशः** पुलिस की पूछताछ में कुलदीप उर्फ रंगीलाल ने बताया कि उसका पत्नी से विवाद चल रहा था। वह उसे छोड़ना चाहता था। लेकिन जेल जाने की डर से उसे नहीं छोड़ पा रहा था। इसके बाद उसने खुद ही अपनी फांसी लगी फोटो अपने मौसी के नंबर पर भेजा।

उसकी मंशा थी कि पत्नी और ससुराल के अन्य लोग जेल चले जाएंगे तो वह खुद के बचने में लग जाएंगे और इसी बीच वह मौका देखकर पत्नी से किनारा कर लेगा। पर पुलिस ने उसके परिवार की कहानी पर विश्वास नहीं किया और अततः पुलिस की पकड़ में आ गया।

# सीएम ने किया साइबर थाने का वर्चुअल लोकार्पण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को साइबर थाने की सौगात दी। उन्होंने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में आनलाइन जिले में 13 स्थानों पर बने पुलिस हास्टल, बैरक समेत अन्य कार्यों का लोकार्पण भी किया। इसका लाइव प्रसारण सदर थाना परिसर में किया गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।



कार्यक्रम में सांसद जगदंबिका पाल, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार व अन्य लोग ● जागरण

कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर थानों का गठन हुआ है। आजकल साइबर की घटनाएं काफी बढ़ गयी हैं। पुलिस के लोग 24 घंटे ड्यूटी करते हैं। यह कोई त्योहार भी नहीं मना पाते हैं। पुलिस लाइन से लेकर थानों के बैरक, हास्टल आदि काफी जर्जर थे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। साइबर की घटना होने पर उसी थाने पर उसका समाधान होगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, सीओ सदर सुजीत कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक सदर गौरव सिंह, दिलीप द्विवेदी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पण:** मुख्यमंत्री ने जो लोकार्पण किया है उसमें साइबर थाना, थाना सिद्धार्थनगर में-48 पुलिसकर्मियों के लिए हास्टल व एक विवेचना कक्ष, उस्का में-48 पुलिसकर्मियों के लिए हास्टल, विवेचना कक्ष, भवानीगंज में-32 पुलिसकर्मियों के लिए हास्टल, विवेचना कक्ष, ढेबरुआ में 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल, विवेचना कक्ष, खेसरहा 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल, विवेचना कक्ष, बांसी में 48 पुलिसकर्मियों के हास्टल, विवेचना कक्ष, पथरा बाजार में-16 पुलिसकर्मियों के लिए हास्टल, विवेचना कक्ष, शोहरतगढ़ में-40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल, विवेचना कक्ष, गोल्हौरा में-32 पुलिसकर्मियों के लिए हास्टल, विवेचना कक्ष, त्रिलोकपुर में-32 पुलिसकर्मियों के लिए हास्टल, विवेचना कक्ष, डुमरियागंज में-40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल और एक विवेचना कक्ष, जोगिया उदयपुर में श्रेणी दो के चार आवासीय भवन शामिल है।

# साल्वर गैंग के चार और सदस्य गिरफ्तार

## एसटीएफ, एसओजी, सर्विलांस और इटवा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी



इटवा थाने पर पुलिस गिरफ्त में साल्वर गैंग के सदस्य • जागरण



आरोपितों के पास से बरामद दस्तावेज • जागरण

### पुलिस भर्ती परीक्षा

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस भर्ती परीक्षा में बुधवार को पुलिस टीम के हाथ बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने साल्वर गैंग के चार अन्य सदस्यों को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नेपाल सीमा क्षेत्र के पास स्थित कोटिया से गिरफ्तार किया है।

इनमें तीन देवरिया जिले और एक पश्चिम बंगाल का निवासी है। इसके पूर्व पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान 17 व 18 फरवरी को जिले में कुल 10 लोग फर्जीवाड़े में पकड़े जा चुके हैं। इनमें इटवा के दो परीक्षा केंद्रों पर तीन साल्वर, दो परीक्षार्थी समेत कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इनके पास से टीम ने अभ्यर्थियों की मार्कशीट, सादा बैंक चेक, स्टांप पेपर सहित अन्य सामग्री बरामद किया है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों के पकड़े जाने के बाद एसपी प्राची सिंह ने एसओजी, इटवा पुलिस व सर्विलांस टीम को एसटीएफ के साथ मामले की तह तक जाने का निर्देश दिया था। टीम की जांच में गैंग के चार और साल्वरों का नाम आया। जांच में पुलिस टीम को पता चला कि पूरा गैंग इसमें कार्य कर रहा है। परीक्षा कराने से लेकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठीका लिया जाता था।

**टीम ने इन्हें किया गिरफ्तार :** एसटीएफ व पुलिस टीम ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें जितेंद्र कुमार भारती पुत्र सुरेश निवासी धनगड़ा थाना सलेमपुर, संजय कुमार गोंड पुत्र शादा प्रसाद गोंड निवासी कैलानी थाना मईल, नटराज पुत्र सुद्धू निवासी विंदवलिया मिश्र थाना भटनी जिला देवरिया व बिट्टू कुमार यादव पुत्र विद्या यादव उर्फ विद्या राय निवासी मकान नंबर 75 जोलिया पाड़ा लेन थाना गोलबाड़ी हावड़ा, पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

### परीक्षा के दौरान पकड़े गए थे फर्जीवाड़ा में शामिल युवक

17 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान इटवा में माता प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज स्थित केंद्र पर अर्जुन कुमार यादव निवासी बटरेभारी, लौकहा, मधुबनी बिहार को पकड़ा गया। ये साल्वर देवरिया निवासी उदय प्रताप यादव के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। केंद्र के बाहर मो. अनवारूल निवासी बिहार को भी पकड़ा गया जो बिचौलियों का काम करता था। तीनों गिरफ्तार किए गए। दूसरी पाली में अलफारूक इंटर कालेज स्थित केंद्र पर सिंटू यादव निवासी शाहपुर मठिया, अतरी, गया बिहार को पकड़ा गया था, जो जनपद सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़, जम्हरिया पकड़ी निवासी राहुल दुबे के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी के बाद टीम जांच में लगी हुई थी।

**टीम में ये रहे शामिल :** आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ गोरखपुर निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष तिवारी, सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# सॉल्वरों को पकड़ने में हाथ लगा पेपर लीक करने वालों का नेटवर्क

## पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले आरोपियों से जुड़े मिले तार

संवद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों की जांच में जुटी एसओजी और इटवा पुलिस को अंदाजा नहीं था कि पेपर लीक करने वाला गिरोह भी इससे जुड़ा हुआ है।

पकड़े गए आरोपी सॉल्वर से जुड़े हुए थे। हाई सर्विलांस और कड़ी से कड़ी जोड़ने के बाद पुलिस इस नेटवर्क तक पहुंच पाई। इस गिरोह में अभी और लोगों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।

जिले में 17 और 18 फरवरी को पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा हुई थी। इसमें 10 सॉल्वर और अभ्यर्थी पकड़े गए थे। इनके खिलाफ धोखाधड़ी परीक्षा अधिनियम सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी।

एसओजी और इटवा पुलिस की टीम सॉल्वरों के नेटवर्क को पकड़ने में जुटी थी। इसी बीच पकड़े गए सॉल्वर के एक सहयोगी से कुछ आहम जानकारी मिली थी।

पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़कर आगे बढ़ी तो पता चला कि यह पेपर लीक करने में भी शामिल हैं। नेटवर्क से नेटवर्क को जोड़ते हुए पुलिस संबंधित दो को ट्रेस कर पाई। और उनकी धर पकड़ के लिए जाल बिछाने लगी।

पेपर लीक होने के बाद से वह लगातार स्थान और लोकेशन बदल रहे थे। लेकिन पुलिस टीम उनके सोच से दो कदम आगे चल रही थी। इस नेटवर्क का नतीजा यह रहा कि मुखबिर और सर्विलांस के जरिये चार आरोपी दबोच लिए गए।

पकड़े गए आरोपियों में शामिल संजय कुमार गौड़ निवासी कैलानी थाना मईल जनपद देवरिया पूर्व में भी पेपर लीक के मामले में एसटीएफ लखनऊ की हत्थे चढ़ चुका है। लखनऊ में केस दर्ज करके जेल भेजा गया था।

पुलिस को अनुमान है कि नेटवर्क संचालित यही कर रहा था। आगे की छानबीन पुलिस कर रही है और बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश होने का अनुमान है। पुलिस जांच कर रही है।



18 फरवरी को प्रकाशित खबर।

### हाई सर्विलांस के जरिए हुआ पेपर लीक करने के मामले का पर्दाफाश



आरोपियों के पास बरामद किए गए सामान। स्रोत-पुलिस

### साल भर पढ़ चुके थे प्रश्नपत्र

■ पेपर लीक करने वाले चार आरोपियों के पकड़े जाने के बाद पुलिस या नतीजे पर पहुंची है कि पकड़े गए साल भर पहले ही प्रश्न पत्र पढ़ चुके थे। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि यह देखते ही देखते सभी प्रश्नों का चंद मिनट में उत्तर दे देते। इसी के लिए उन्होंने इतने बड़े रकम की डील करके परीक्षा पास कराने का ठेका ले रखा था।

■ बरामदगी का विवरण

32 अदद मार्कशीट विभिन्न अभ्यर्थियों के, 01 अदद प्रमाण पत्र ,14 अदद ब्लैंक चेक, चेकबुक 3 अदद , पासबुक 2 अदद , स्टाम्प 7 अदद, इकरारनामा -2 अदद, उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा एप्लीकेशन फार्म-3 अदद, एडिमिट कार्ड 01 अदद, मोबाइल 6 अदद, 01 अदद लैपटॉप मय चार्जर, 6 अदद एटीएम कार्ड, श्रमकार्ड 01 अदद , पैन कार्ड 01 अदद, आधार कार्ड 10 अदद, पहचान पत्र-2 अदद, रेलवे टिकट 9 अदद ।

### पूछताछ में बताए राज

पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि जितेन्द्र कुमार भारती उपरोक्त द्वारा तीन लाख रुपये व अभ्यर्थी से गारंटी के रूप में मूल मार्कशीट, ब्लैंक चेक लेकर सॉल्वर व अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले सॉल्वर को व्हाट्सएप के माध्यम से परीक्षा की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराते हैं। जितेंद्र कुमार भारती को बताया गया कि उनके द्वारा विभिन्न अभ्यर्थियों से बीस-हजार से पचास हजार रुपये तक एडवांस तथा अंकपत्र व प्रवेश-पत्र की छायाप्रति, ब्लैंक चेक लेकर पुलिस भर्ती परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों /सॉल्वरों के व्हाट्सएप पर उत्तरकुंजी उपलब्ध कराए थे। जितेन्द्र ने पूछताछ में बताया कि उसको प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी संजय गौड़ तथा बिट्टू यादव द्वारा परीक्षा से दो घंटे पूर्व व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराई गई थी। बिट्टू यादव ने बताया कि उसको प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी छपरा बिहार के रहने वाले अनूप पांडेय द्वारा व्हाट्सएप पर भेजी गई थी। संजय द्वारा बताया गया कि नटराज प्रजापति द्वारा मुझे प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराई गई थी। नटराज द्वारा बताया गया कि मुझे व्हाट्सएप पर प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी संजय द्वारा उपलब्ध कराया गया था। तथा अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हमलोग अभ्यर्थियों से पैसा, ब्लैंक चेक, मार्कशीट गारंटी के रूप में पहले से ही रख लेते हैं। तथा परीक्षा पास होने पर तीन-तीन लाख रुपये लेने की डील हुई थी।

# बिस्कोहर में अज्ञात कारणों से जली झोपड़ी, सामान नष्ट

## नगर पंचायत के रामनगर वार्ड में मंगलवार की रात की है घटना

**बिस्कोहर।** नगर पंचायत के रामनगर वार्ड में मंगलवार की रात अज्ञात कारणों से एक झोपड़ी में आग लग गई। मोहल्ले के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान राख हो गया।

वार्ड निवासी मन्नान अली मंगलवार देर शाम को किसी के काम के चलते पड़ोसी के यहां गए थे। इसी बीच उनकी झोपड़ी में आग लग गई।

मोहल्ले के लोगों ने देखा तो शोर मचाया, जिसके बाद पहुंचे लोगों ने झोपड़ी में बंधे मवेशियों को किसी तरह से बाहर निकाल लिया। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



त्रिलोकपुर क्षेत्र की झोपड़ी में जला सामान। संवाद

सूचना पर पहुंचे चेयरमैन अजय गुप्ता व सभासद हर्षित श्रीवास्तव ने घटना की सूचना तहसील के अधिकारियों को देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। संवाद

## सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग

**बर्डपुर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के सोनबरसा निवासी बृजेश सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बर्डपुर-ककरहवा मार्ग पर बुद्ध तिराहे से नंदूपुर सोनबरसा गांव को जोड़ने वाली कच्ची सड़क पर कुछ अतिक्रमणकारियों पर कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है।

कहा कि कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। जबकि इसी मार्ग पर किसानों का खेत पड़ता है, अगर कब्जा हो गया तो किसानों को आने-जाने में दिक्कत होगी। कहा कि अतिक्रमण होने से अन्य कई समस्याएं होंगी, जिसके बारे में पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। उन्होंने जिला

सड़क से अवैध कब्जे को खाली कराने की मांग की है। संवाद

# एक साल बाद लौटा जिसकी हुई थी हत्या

## न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया था हत्या व अन्य धारा में केस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** जिले में एक अजीबोगरीब केस का खुलासा हुआ है। न्यायालय के आदेश पर लोटन कोतवाली की पुलिस ने एक युवक की हत्या करके शव छिपाने का केस एक साल पहले ससुराल वालों पर दर्ज किया था।



कुलदीप।

जिस युवक की हत्या होने की बात हो रही थी। वह जीवित निकाला। लोटन कोतवाली की पुलिस ने उसे स्थानीय कस्बे से बरामद कर लिया।

लोटन कोतवाली क्षेत्र केसरी गांव निवासी डेबा प्रसाद ने एक वर्ष पूर्व पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया था कि उसके बेटे कुलदीप उर्फ रंगीलाल को किसी ने मारपीट कर हत्या कर दी और लाश को कहीं छिपा दिया।

### पिता ने ससुरालियों पर दर्ज कराया था बेटे की हत्या का केस

जिससे बेटे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर मामले का खुलासा करने में जुट गई। लेकिन पुलिस आज तक अंधेरे में तीर चला रही थी।

जिससे एक वर्ष तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल रहा था। अचानक बुधवार को जब युवक घर पहुंचा तो सभी सन्न रह गए। अपने बेटे को पाकर माता-पिता भाव विभोर होकर रोने लगे।

लड़के को घर आकर पता चला कि उसके पिता कोतवाली में हत्या का केस दर्ज करा दिए हैं तो वह पिता को लेकर कोतवाली पहुंचकर अपने जिंदा रहने की गवाही दी।

युवक ने कोतवाली पर अपने बयान में बताया कि वह घर बिना बताए अचानक रोजी-रोटी के लिए मुंबई चला गया था। उसके पास मोबाइल न रहने के कारण घर बात नहीं कर पा रहा था।

थानाध्यक्ष लोटन विजयशंकर सिंह ने कहा कि हत्या का केस दर्ज है, पुलिस तलाश कर रही थी। युवक के आने की सूचना मिली तो उसे थाने लाकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। सीओ सदर सुजीत कुमार राय ने बताया कि युवक मिल गया है आगे की विधि कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिसकर्मियों के लिए सुविधा उपलब्ध करा रही सरकार

## सीएम ने पुलिस थानों में हॉस्टल, बैरक व विवेचना कक्ष का किया लोकार्पण

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के 13 स्थानों पर विभिन्न परियोजनाओं का वर्चुअली लोकार्पण व शिलान्यास किया। सदर थाने में सांसद जगदंबिका पाल, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, डीएम पवन अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह ने लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान जिले में पुलिस विभाग के विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ।



सदर थाना परिसर में प्रशासनिक, आवासीय, पुलिस चौकी प्रशासनिक भवन, हॉस्टल व मेडिकल कक्ष का शिलान्यास करते सांसद जगदंबिका पाल, विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माध व अन्य। संवाद

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रदेश सरकार पुलिसकर्मियों को सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करा रही है। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पूरे दिन व रात लोगों की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को सुविधा मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है।

इस दौरान जिले के थाना सिद्धार्थनगर में 48 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरक एवं एक विवेचना कक्ष, थाना उसका बाजार में 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल, बैरक एवं एक विवेचना कक्ष का लोकार्पण किया।

साथ ही थाना भवानीगंज में 32 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरक एवं एक विवेचना कक्ष, ढेबरुआ में 32 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरक एवं एक विवेचना कक्ष, खेसरहा में 32 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरक एवं एक विवेचना कक्ष, थाना बांसी में 48 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरिक एवं एक विवेचना कक्ष, पथरा बाजार में 16 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरक एवं एक विवेचना कक्ष, शोहरतगढ़ में 40 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरिक एवं एक विवेचना कक्ष का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

इसके अलावा थाना गोल्हौरा में 32 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरक एवं एक विवेचना कक्ष, त्रिलोकपुर में 32 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल बैरक एवं एक विवेचना कक्ष, डुमरियागंज में 40 पुलिस कर्मियों के लिए हॉस्टल, बैरक एवं एक विवेचना कक्ष व थाना जोगिया उदयपुर में श्रेणी दो के चार आवासीय भवन और जिला मुख्यालय पर साइबर क्राइम थाना का शुभारंभ किया गया।

# पुलिस भर्ती : पेपर लीक मामले में चार गिरफ्तार

## शोहरतगढ़ क्षेत्र के कोटिया बाजार से पकड़े गए सभी, तीन देवरिया और एक पश्चिम बंगाल का

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने के मामले में बुधवार सुबह शोहरतगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में तीन देवरिया और एक पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले का रहने वाला है। पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह बताया कि 17 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर के पकड़े जाने के बाद इटवा थाने में

### पूछताछ के बाद पकड़े गए आरोपी भेजे गए जेल

मुकदमा दर्ज किया गया था। एसओजी और इटवा पुलिस की टीम मामले की छानबीन कर रही थी। जानकारी मिली कि इस गिरोह से जुड़े लोग पेपर लीक करने में भी शामिल हैं। इसके बाद एसटीएफ गोरखपुर यूनिट, एसओजी सिद्धार्थनगर और इटवा पुलिस की टीम मामले की छानबीन में लग गई थी।

बुधवार को टीम को मुखबिर से जानकारी मिली कि पेपर लीक करने वाले लोग शोहरतगढ़ क्षेत्र के कोटिया बाजार के पास आने वाले हैं। सूचना को संज्ञान में लेते हुए संयुक्त टीम अलर्ट हो गई और नेपाल बॉर्डर के पास स्थित कोटिया बाजार गणेशपुर मार्ग पर पहुंच गई। इसी बीच सड़क के पास चार संदिग्ध दिखे। सभी पुलिस को देख हड़बड़ा गए। टीम ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ में सभी ने बताया कि पेपर लीक होने के मामले में वो शामिल हैं। पुलिस की धरपकड़ के बाद लगातार व स्थान बदलकर भाग रहे थे। >> संबंधित भीतर

### इनकी हुई गिरफ्तारी

संजय कुमार गौड़ निवासी कलानी थाना मईल(देवरिया), नटराज प्रजापति निवासी बिंदवालिया मिश्र थाना भटनी (देवरिया), जितेंद्र कुमार भारती निवासी धनगड़ा थाना सलेमपुर (देवरिया)और पश्चिम बंगाल के हावाड़ा जिले का बिट्टू कुमार यादव। इनके कब्जे से आधार कार्ड, मार्कशीट, चेक बुक सहित अन्य सामान बरामद हुए हैं।

# डीएम व एसपी ने किया बूथ का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी प्राची सिंह ने तहसील नौगढ़ के बूथ अपर प्राइमरी स्कूल तेतरी बाजार, बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज नौगढ़ का निरीक्षण किया। डीएम पवन अग्रवाल ने निर्देश दिए कि बूथों पर आवश्यक सुविधाएं समय से पूर्ण कर लें। शौचालय, रैंप, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था आदि की व्यवस्था करा लें। बूथों पर बूथ संख्या का अंकन करा दिया जाए। इस दौरान एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र, सीओ सुजीत राय उपस्थित रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

# लोस चुनाव को लेकर बढ़ी प्रशासनिक गतिविधियां



**नाथनगर (एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियां बढ़ गई है। एक दिन पूर्व चुनाव के दौरान अर्द्धसैनिक बलों को ठहराने के लिए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जहां महुली थाना क्षेत्र के विभिन्न कालेजों पर पहुंचकर जरूरी संसाधनों की व्यवस्था का हाल जाना तो वहीं बुधवार को प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र के दर्जनों बूथों पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय घोरहट, प्राथमिक विद्यालय चेरापुर, प्राथमिक विद्यालय हरदी, प्राथमिक विद्यालय रामपुर, प्राथमिक विद्यालय बन्धूपुर, प्राथमिक विद्यालय भैंसहीजोत कला, प्राथमिक विद्यालय हरपुर, प्राथमिक विद्यालय कोल्हूगाड़ा, प्राथमिक विद्यालय लुतुही तथा प्राथमिक विद्यालय भैंसही उर्फ भैसवरिया समेत कई अन्य ऐसे विद्यालयों जहां मतदान के लिए बूथ बनाए गए हैं वहां बारी-बारी से पहुंचकर बूथों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने सभी बूथों पर पेयजल, बिजली, शौचालय,चाहरदीवारी, रैम्प आदि व्यवस्था की विन्दुवार भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान जहां भी खामियां नजर आई उसके बारे में खामियों को दूर करने का निर्देश जिम्मेदारों को देते हुए खामियों के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने संबंधित गांवों के प्रधानों एवं संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से भी सलाह-मसौरा कर सत्यापन के दौरान सामने आई खामियों को दूर कराने को कहा है।

# राज्यमंत्री ने साइबर थाना का किया लोकार्पण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले में आधुनिक उपकरणों से लैस पहला साइबर थाना पुलिस लाइन में खुला है। जिसका शुभारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने फीता काटकर किया और साइबर थाने का निरीक्षण किया। इसके पूर्व पुलिस लाइन सभाकक्ष में सभी लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रोजेक्टर एवं एलसीडी टीवी के जरिए संबोधन को सुना।



साइबर थाने का फीता काटकर उद्घाटन करतीं राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम व अन्य।

इस मौके पर राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार संगठन निवारण थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन ईकाई तथा प्रयागराज व कुशीनगर में पर्यटन थाने का शुभारंभ, लोकार्पण व शिलान्यास् सचिवालय के लोकभवन स्थित ऑडिटोरियम से वर्चुअली किया है। इसी क्रम में आज संतकबीरनगर जिले के पुलिस लाइन परिसर में स्थापित साइबर थाना का शुभारम्भ किया गया है। इस थाने पर साइबर अपराध से संबंधित पीड़ितों की शिकायत दर्ज करके उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि यह जिले में आधुनिक उपकरणों से लैस पहला साइबर थाना खुला है। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साइबर अपराध की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्निकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित, पुलिस पदाधिकारी व तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर अपराध के पीड़ित लोगों को न्याय दिला सकेंगे। जहां अत्याधुनिक तरीके से साइबर अपराध के मामलों का उद्भेदन हो सकेगा। एसपी ने कहा कि साइबर थाने को कम्प्यूटर, आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा दिये गये है। साइबर थाना द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा चलाते रहेंगे। ताकि आम लोग साइबर ठगी के मामलों से बच सकें। इस दौरान जिलाध्यक्ष जगदम्बा श्रीवास्तव, सांसद प्रवीण निषाद, विधायक धनघटा गणेश चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रामललित चौधरी, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन रजनीकांत ओझा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र यादव, व्यापारी नेता अमित जैन, विनीत चड्ढा, बनर्जी लाल अग्रहरि, कपीस अग्रहरी, साइबर थाना की प्रभारी निरीक्षक श्रीमती शालिनी सिंह, पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण स्थानीय गणमान्य व जागरूक नागरिक उपस्थित रहे।

**आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे : एसपी**

# बलवा व मारपीट के मामले में दंपति समेत पांच पर केस

**बखिरा (एसएनबी)।** क्षेत्र के कुरियापार बेलहसा गांव में तीन माह पूर्व हुए मारपीट के एक मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। मुल्जिमों के प्रभाव में आकर पुलिस ने उल्टे उसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मजबूरन उसे न्यायालय से न्याय की गुहार लगानी पड़ी। घटना के तीन माह बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित महिला का आरोप है कि 18 नवम्बर 2023 को वह घर के बरामदे में अकेली बैठी थी। इसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति घर मे आकर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया, किन्तु थोड़े देर बाद ही आरोपी अपनी पत्नी समेत कुल पांच लोगों के साथ लाठी डंडा लेकर एक राय होकर उसके घर पर चढ़ आए व मां-बहन की गाली देने लगे। मना करने पर जान से मारने के लिए उसे दौड़ा लिए। जान बचाकर वह घर के भीतर भागी। आरोपीगण भी घर मे घुस आए। घर मे उसकी सास सरस्वती देवी को लात मुक्का व लाठी डंडे से अभियुक्तगण मारने पीटने लगे। शोरगुल सुनकर आए ग्रामीणों ने बीच बचाव किया। अभियुक्तगण जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना की बखिरा थाने पर सूचना दिया, किन्तु अभियुक्तों के प्रभाव में आकर पुलिस ने उल्टे उसी पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया।

# प्राणघातक हमले के दोषसिद्ध अभियुक्त को एक वर्ष के सदाचरण का आदेश

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** प्राणघातक हमला करने वाले को सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने दोषी मानते हुए एक-एक वर्ष के सदाचरण बनाए रखने का आदेश दिया है। उक्त जानकारी जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने दी है। उन्होंने बताया कि थाना धनघटा के बेछईपुर निवासी जिया लाल ने थाना धनघटा में प्रार्थना पत्र किया कि दिनांक 18.07.2010 को दिन में 11.00 बजे उनके बड़े भाई सीताराम धान की रोपाई करने हेतु खेत में मेड़बंदी व कोन की गुड़ाई कर रहे थे कि अचानक पुरानी रंजिश को लेकर तेजपुर निवासी रोशन व राम सुभग तथा हड़िया माफी निवासी राम सुभग का दामाद विजई मोटरसाइकिल से पहुंचकर उनके बड़े भाई को लाठी, डंडा, कुदाल के पासा से मारे-पीटे और गाली-गुप्ता दिए जिससे उनके भाई के सिर में गंभीर चोट आ गई और वह मौके पर अचेत होकर गिर पड़े। घटना को मौके पर तमाम लोगों ने देखा व बीच-बचाव किया जिस पर अभियुक्तगण जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में थाना धनघटा में मुकदमा पंजीत हुआ। विवेचक द्वारा विवेचना करने के बाद आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। दौरान विचारण राम सुभग की मृत्यु हो गई। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि अभियोजन की तरफ से पांच गवाहों की गवाही कराई गई जिसमें डाक्टर ने चोटहिल को आई छह चोटों को न्यायालय में पुष्ट किया तथा अभियोजन साक्षियो ने अपने-अपने बयान में घटना को पुष्ट किया।

# चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मेंहदावल।** वांछित एवं न्यायालय में हाजिर न होने वाले चार अभियुक्तों को मेंहदावल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय/जेल रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्र ने बताया कि सुनील पुत्र बेचन निवासी ग्राम बढया ठाठर, उदयराज उर्फ बुद्धु पुत्र श्याम, संतराम पुत्र मुसई निवासी ग्राम गगनाई बाबू, धर्मराज पुत्र भभूती निवासी ग्राम नटवा (कुड़वा) को गिरफ्तार कर न्यायालय किया गया है। आरोपियों को उ.नि. ददर राय, उ.नि. अनिल यादव, उ.नि. लालमणि यादव, हे.कां. बदरे आलम, कां. सोनू कुमार, कां. चन्दन ने गिरफ्तार किया है।

# दुष्कर्म के आरोपित पर गंभीर धाराओं में केस

बेलहर(एसएनबी)। बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिगा से दुकानदार द्वारा दुष्कर्म करने के मामले में बेलहर पुलिस ने दुष्कर्म के विरुद्ध दुष्कर्म, एससी/एसटी व पाक्सो समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक स ाह पूर्व एक नाबालिगा को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने २ ाया था जिसमें दो दिन पूर्व पीड़िता के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित बालिका के परिजनों का आरोप था कि हमारी नाबालिग लड़की गांव के ही एक दुकान पर मंगलवार को कुछ सामान लेने के लिए गई थी जिस पर दुकानदार ने कुछ काम करने के बहाने पुराने घर पर बुला लिया। वहां जाने के बाद जबरन दुष्कर्म करने की घटना कारित की गई जिसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तबीयत जब बिगड़ने लगी तो घटना की जानकारी परिजनों को दी जिसके बाद लड़की के पिता ने बेलहर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने आरोपित अवधेश पाठक उर्फ छोटू पाठक पुत्र रामनयन के खिलाफ एससी/एसटी, दुष्कर्म,पाक्सो समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# दो अभियुक्तों को 50-50 हजार के व्यक्तिगत बंधपत्र पर छोड़ा गया

संतकबीरनगर (एसएनबी)। मारपीट के मामले में दो अभियुक्तों एक-एक वर्ष की परिवीक्षा व 50-50 हजार ₹ के व्यक्तिगत बंधपत्र तथा 50 हजार ₹ के 02-02 प्रतिभू पर छोड़ा गया। यह आदेश न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिया है। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतकबीरनगर ने थाना धनघटा पर पंजीकृत मामले में दोषसिद्ध दो अभियुक्तों विजयी पुत्र तीरथ निवासी हड़िया थाना धनघटा तथा रोशन उर्फ कीशन पुत्र रामसुभग निवासी तेजपुर थाना धनघटा को धारा 325/34 के अपराध से दोषमुक्त किया गया। साथ ही धारा 323/34, 308/34, 504, 506 भादवि के अपराध के लिए दोषसिद्ध पाये जाने पर 01-01 वर्ष के सदाचारण की परिवीक्षा व 50-50 हजार ₹ के व्यक्तिगत बंधपत्र तथा 50 हजार ₹ के 02-02 प्रतिभू पर छोड़ा गया।

# मारपीट के मामले में सात अभियुक्तों को 70 हजार के अर्थदंड से किया गया दंडित

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। मारपीट के मामले में 07 अभियुक्तों को सात-सात वर्ष के साधारण कारावास व कुल 70 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। पुलिस मीडिया सेल ने दी है। संयुक्त निदेशक अभियोजन व मानीटरिंग सेल के संयुक्त प्रयास के फलस्वरुप न्यायालय एएसजे/ एसपीजे/ पाक्सो एक्ट प्रथम ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पंजीकृत मु.अ.सं. 1227/2009 धारा 147, 323/149, 304/149, 504, 506(2) भादवि के मामले में दोषसिद्ध 07 अभियुक्तों रामनरेश यादव पुत्र कल्पू यादव, चन्द्रशेखर यादव पुत्र रामनरेश यादव, गुलाबी देवी पत्नी रामनरेश यादव, गीता पुत्री रामनरेश यादव, कालीन्दा पुत्री रामनरेश यादव, अनीता पुत्र रामनरेश यादव तथा सुबाष पुत्र कल्पू निवासीगण नकहा थाना कोतवाली खलीलाबाद को दोषसिद्धि के आधार पर प्रत्येक को 07-07 वर्ष के साधारण कारावास व कुल 70 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्तों को एक-एक माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# डाक्टर की लापरवाही से गई मरीज की जान, परिजनों ने किया हंगामा

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** बीती रात धनघटा थाना क्षेत्र के निहैला एवं शनिचरा के बीच बाइक सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। आसपास के लोगों एवं परिजनों की मदद से घायल को पास के ही सीएचसी मलौली में भर्ती कराया गया। जहां मरीज की स्थिति गम्भीर होने पर डाक्टर ने तत्काल संयुक्त जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

> **जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड मे तड़पता रहा मरीज, कई बार डाक्टर के नम्बर पर फोन करने पर भी नहीं उठा कॉल**
>
> **जिले के निहैला गांव के निवासी थे प्राइवेट लाइमैन राम सिंह**

जिला अस्पताल में देर रात इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे मरीज का डाक्टर ने उपचार किया लेकिन सिर में काफी चोट लगने के कारण डाक्टर ने सर्जन डाक्टर को दिखाने की बात कही। जिस पर मरीज के तीमारदार ने उक्त डाक्टर के नम्बर पर फोन लगाया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो सका। परिजनों का आरोप है कि डाक्टर को कई बार फोन किया गया लेकिन वह आयें ही नहीं। जिसके कारण मरीज वार्ड में तड़पता रहा और कुछ घंटों के बाद उसने दम तोड़ दिया। मरीज की मौत के बाद परिजनों आक्रोशित हो उठे और बुधवार की सुबह अस्पताल में हंगामा करने लगे। कलेक्ट्रेट चौकी पुलिस ने किसी तरह से समझा बुझाकर परिजनों को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार थाना धनघटा क्षेत्र के निहैला गांव निवासी राम सिंह पुत्र राम करन मुखलिसपुर पावर हाउस पर लाइनमैन के रूप में कार्य करता था।



मरीज की मौत के बाद पीएम हाउस मौजूद परिजन एवं ग्रामीण।

बीते 27 फरवरी की देर रात किसी काम से बाइक लेकर निकला था। अभी वह निहैला एवं शनिचरा के बीच में पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राम सिंह के सिर मे काफी चोटें आई थीं। आसपास के लोग घायल को मलौली अस्पताल पर ले गए लेकिन राम सिंह की हालत गम्भीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन व कुछ स्थानीय लोग राम सिंह को लेकर एम्बुलेंस की मदद से संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराये। जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात डाक्टर ने मरीज का उपचार करके वार्ड में भर्ती कराया। उन्होंने परिजनों से कहा कि मरीज के सिर में काफी चोट आई है इसलिए इन्हें सर्जन डाक्टर से दिखाना जरूरी है।

उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में लगे डाक्टरों की सूची के अनुसार सर्जन डाक्टर से सम्पर्क करने की सलाह दी। जिसके बाद परिजन सर्जन डाक्टर से सम्पर्क करने लगे। परिजनों का आरोप है कि सर्जन के नम्बर पर कई बार फोन किया गया लेकिन रिसीव नहीं हो सका। जिसके कारण मरीज की जान चली गई। मरीज की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल में डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को हंगामा करने लगे। कलेक्ट्रेट पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में परिजनों द्वारा पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

### नहीं मिली है लिखित शिकायत : सीएमएस

इस संबंध में पूछे जाने पर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बीएन पाण्डेय ने कहा कि परिजनों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक परिजनों द्वारा लिखित शिकायत नहीं किया गया। लिखित शिकायत मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाया सीसी कैमरा

संतकबीरनगर। ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत बुधवार को थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने एक स्थान पर साथ कैमरें लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

# बलवा व मारपीट में दम्पत्ति समेत पांच पर केस दर्ज

**आदेश**

**बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के कुरियापार बेलहसा गांव में तीन माह पूर्व हुई मारपीट के एक मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मुल्जिमों के प्रभाव में आकर पुलिस ने उल्टे उसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मजबूरन उसे न्यायालय से न्याय की गुहार लगानी पड़ी। घटना के तीन माह बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

पीड़ित महिला सपना देवी का आरोप है कि 18 नवम्बर 2023 को वह घर के बरामदे में अकेली बैठी थी। इसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति घर में आकर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया, क़िन्तु थोड़े देर बाद ही आरोपी अपनी पत्नी समेत कुल पांच लोगों के साथ लाठी डंडा लेकर एक राय होकर उसके घर पर चढ़ आए व माँ-बहन की गाली देने लगे। मना करने पर जान से मारने के लिए उसे दौड़ा लिए। जान बचाकर वह घर के भीतर भागी। आरोपीगण भी घर में घुस आए। घर में उसकी सास सरस्वती देवी को लात मुक्का व लाठी डंडे से अभियुक्तगण मारने पीटने लगे। शोर सुनकर आए ग्रामीणों ने बीच बचाव किया। अभियुक्तगण जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

घटना की बखिरा थाने पर सूचना दी, किन्तु अभियुक्तों के प्रभाव में आकर पुलिस ने उल्टे उसी पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया। 28 नवम्बर 2023 को पुलिस अधीक्षक को पंजीकृत डाक से सूचना देने पर भी अभियुक्तों पर कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन उसे न्यायालय से गुहार लगानी पड़ी। एसओ श्याममोहन ने बताया न्यायालय के निर्देश पर कुरियापार बेलहसा निवासी आरोपीगण अंशु चौधरी, विजय चौधरी समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज विवेचना शुरू कर दी गई है।

# दुष्कर्म के आरोपित पर मुकदमा दर्ज

बेलहर। बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की से दुकानदार द्वारा दुष्कर्म करने के मामले में बेलहर पुलिस ने दुष्कर्म एससी एसटी पाक्सो समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कि बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक सप्ताह पूर्व एक नाबालिग लड़की के साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था जिसमें दो दिन पूर्व पीड़िता के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की थी।

पीड़ित बालिका के पिता का आरोप था कि उनकी नाबालिग पुत्री गांव के ही एक दुकान पर मंगलवार को कुछ सामान लेने के लिए गई थी जिस पर दुकानदार ने कुछ काम करने के बहाने पुराने घर पर बुला लिया। वहां जाने के बाद जबरन दुष्कर्म किया। जिसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। लड़की के पिता ने बेलहर थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपित अवधेश पाठक ऊर्फ छोटू पाठक पुत्र रामनयन के खिलाफ एससी एसटी, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस ने 36 वारंटी पकड़े

संतकबीरनगर। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद में वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान चल रहा है। इस अभियान में बुधवार को 36 वारंटी गिरफ्तार हुए।

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मनोज कुमार मौर्य, शिवकुमार मौर्य, गोविन्द, साधूशरण, ध्रुवचन्द उर्फ सुड्डू, प्रदीप कुमार, बृजेश कुमार, राकेश कुमार, मारकण्डेय, भजन को बखिरा पुलिस ने प्रदीप, मेंहदी हसन, छेदी, सद्दाम हुसैन, हजरत अली उर्फ लड्डन, अवधेश, शंकरा को, थाना धनघटा पुलिस ने वंशबहादुर उर्फ वंशबहाल, निर्मला पत्नी वंशबहादुर, दीपक सिंह, कृष्ण मोहन उर्फ अठई, बबिता सिंह पत्नी कुलदीप सिंह, योगेन्द्र, रमाकान्त को, बेलहरकला पुलिस ने मकबूल, कमलेश मौर्या व बहादुर को, थाना दुधारा पुलिस ने किस्मत अली, नेबूलाल, धर्मचन्द को, महुली पुलिस ने जीलाजीत को, धर्मसिंहवा पुलिस ने गोविन्द लोध को मेंहदावल पुलिस ने चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इसमें सुनील, धर्मराज, उदयराज उर्फ बुद्धू, सन्तराम को गिरफ्तार किया।

# 58 वाहनों का चालान, 64 हजार समन शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद में सख्ती के साथ यातायात नियमों का अनुपालन कराने के लिए बुधवार को चले अभियान में 58 वाहनों का पुलिस ने चालान किया। 64 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया।

# 10 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान में धनघटा पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार माधुरी पत्नी वीरेन्द्र ग्राम नकहा थाना धनघटा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# मारपीट के आरोपितों को परिवीक्षा पर छोड़ा

संतकबीरनगर। मारपीट के चार आरोपियों को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट जितेन्द्र सिंह द्वितीय की कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते हुए छह माह के परिवीक्षा पर छोड़ने का फैसला सुनाया। आरोपी प्रमोद सिंह, सुरेन्द्र सिंह, विनोद सिंह व रामजीत सिंह पर अनुसूचित जाति की गाली देते हुए मारने पीटने का आरोप लगाया गया था। एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की कोर्ट ने सभी चार आरोपितों को जान से मारने एवं एससीएसटी एक्ट के आरोप से दोषमुक्त करने का भी फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपितों को छह माह की अवधि के लिए सदाचरण कायम रखते हुए 20-20 हजार रुपए के व्यक्तिगत बन्ध पत्र एवं समान धनराशि के दो प्रतिभू पर सशर्त परिवीक्षा पर छोड़े जाने का फैसला सुनाया।

# शांति भंग की आशंका में छह आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस अभियान में कुल छह गिरफ्तार हुए। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो, दुधारा पुलिस ने दो और बखिरा पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# रेप के आरोपी को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

## फैसला

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अवयस्क के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी की कोर्ट ने दोषमुक्त करने का निर्णय दिया। आरोपी मोनू पर अवयस्क पीड़िता को उसके नानी के घर से ले जा करके दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि प्रकरण जिले के कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मामले में पीड़िता ने स्वयं अभियोग पंजीकृत कराया था। वादिनी मुकदमा ने 1 अक्टूबर 2017 को इस आशय का तहरीर दिया कि 30 सितम्बर 2017 को मोनू पुत्र गनेश ग्राम जूरी थाना कोतवाली खलीलाबाद मेरे ननिहाल आया और कहा कि तुम्हारे मम्मी की तबियत खराब है। मेरे साथ चलो। वह मुझे लेकर अपने मौसी के यहां चला गया और मेरे साथ दुष्कर्म किया और दूसरे दिन सुबह चौराहे पर छोड़ गया। जब परिवार वालों को जानकारी हुई तो 100 पुलिस को फोन किया गया। पुलिस थाने पर लेकर आई है। पुलिस ने दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत करके विवेचना के पश्चात आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन की तरफ से कुल 6 गवाह न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि चिकित्सक के बयान में दुष्कर्म होना नहीं बताया गया। एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी को दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया।

## अपहरण व दुष्कर्म के दो आरोपी हुए दोषमुक्त

संतकबीरनगर। पीड़िता के ही पक्षद्रोही होने पर अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने अपहरण व दुष्कर्म के दो आरोपियों को दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया। आरोपी पप्पू उर्फ उमेश पर अपहरण व दुष्कर्म करने तथा आरोपिता सुनीता पर वादी की अवयस्क पुत्री के अपहरण का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने आरोपियों को संदेह का लाभ प्रदत्त करते हुए दोषमुक्त करने का निर्णय दिया। मामला जिले के बखिरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। प्रकरण में पीड़िता के पिता ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप था कि 30 दिसम्बर 2010 को भोर में लगभग पांच बजे उसकी पुत्री (17) शौच के लिए घर से निकली थी। किन्तु घर वापस नहीं लौटी। उसी दिन से तलाश की जा रही थी। रिश्तेदारी एवं अन्य जगहों पर तलाश की गई तो पता चला कि सुरेन्द्र पुत्र जगदीश ग्राम मुसहर थाना रुधौली जनपद बस्ती बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस कार्य में पप्पू उर्फ उमेश पुत्र अवधराज ग्राम डुहवा थाना बेलहर कला तथा सुनीता पुत्री राजाराम ग्राम कुसुरूकला थाना बखिरा जनपद संत कबीर नगर का सहयोग रहा। पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोपी पप्पू उर्फ उमेश के विरुद्ध अपहरण व दुष्कर्म एवं सुनीता के विरुद्ध अपहरण का आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन ने विचारण के दौरान वादी मुकदमा तथा पीड़िता को गवाह के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत किया। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान से पलटते हुए कथन किया कि मेरा किसी ने अपहरण नहीं किया था और न ही मेरे साथ दुष्कर्म किया है।



महुली थाना क्षेत्र के मानपुर में एक आटा चक्की मिल पर छापेमारी करती विद्युत विजलेंस और उपकेंद्र टीम। • हिन्दुस्तान

# विद्युत विजिलेंस व पॉवर हाउस टीम ने की छापेमारी

## हड़कंप

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** विद्युत विजिलेंस और उपकेंद्र हरिहरपुर के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने बुधवार को महुली क्षेत्र के तीन गांवों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। मानपुर में एक आटा चक्की पर अवैध बिजली प्रयोग करने की पुष्टि हुई। इस करवाई से क्षेत्र में हड़कम्प की स्थिति बनी रही। देर शाम तक चली छापेमारी के बाद टीम द्वारा कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर जिला मुख्यालय पर स्थित विद्युत थाने पर दे दी गई है। मुकदमा दर्ज होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्युत विजिलेंस टीम के साथ मीटर एडीओ रविकांत, एसडीओ विद्युत पंकज कुमार संयुक्त रूप से क्षेत्र के महुलिया खुर्द, भगौतीपुर सहित अन्य गांव में छापेमारी की।मानपुर एक आटा चक्की अधिक विद्युत लोड प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। इस दौरान जेई अश्वनी पांडेय, जेई विजिलेंस विक्रांत सिंह, अजीत, सुनीता मौजूद रहीं।

# हत्या के प्रयास के आरोपी को सदाचरण का आदेश

संतकबीरनगर। सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा की अदालत ने प्राण घातक हमला करने के आरोपितों को दोषी मानते हुए एक-एक वर्ष के सदाचरण बनाए रखने का आदेश दिया। अभियोजन के अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि थाना धनघटा के बछईपुर निवासी जियालाल ने धनघटा पुलिस को बताया कि18 जुलाई 2010 को दिन में 11:00 बजे उनके बड़े भाई सीताराम खेत में काम कर रहे थे कि पुरानी रंजिश को लेकर तेजपुर निवासी रोशन व राम सुभग तथा हड़िया माफी निवासी राम सुभग का दामाद विजई मोटरसाइकिल से पहुंचे। उनके बड़े भाई को लाठी, डंडा, कुदाल से मारा-पीटा और गाली दी।

# प्रेम विवाह के बाद दहेज के लिए भगाया

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती को गांव का एक युवक ने पहले प्रेम जाल में फंसा कर उससे शादी की। फिर उससे दहेज की मांग करते हुए मार कर घर से भगा दिया। पीड़िता ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाने पर दी गई तहरीर में पीड़िता का आरोप है कि गांव का एक युवक उसको प्रेम जाल में फंसा कर उससे शादी की। फिर वह उसे लेकर मिर्जापुर ले कर चला गया। वहां से ले आ कर उसे घर छोड़ दिया।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साइबर थाने का किया वर्चुअल उद्घाटन

# साइबर थाने से आनलाइन फ्रॉड रोकने में मिलेगी मदद : मंत्री

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के साइबर थाने का बुधवार को भव्य उद्घाटन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअली शुभारंभ किया तो जिले में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम मौजूद रहीं। उनके साथ सांसद प्रवीण निषाद, धनघटा विधायक गणेश चन्द्र चौहान, जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, डीएम महेन्द्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने साइबर थाना की व्यवस्था को देखते हुए पुलिस कर्मियों को जरूरी निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार संगठन निवारण थाने, आठ जनपदों मे भ्रष्टाचार निवारण संगठन ईकाई तथा प्रयागराज व कुशीनगर में पर्यटन थाने का शुभारंभ किया। इसी क्रम में जिले में साइबर थाना का शुभारम्भ किया गया। जिले में आधुनिक उपकरणों से लैस पहला साइबर थाना खुला है। प्रभारी मंत्री ने साइबर थाने का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साइबर अपराध की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्निकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित, पुलिस पदाधिकारी व तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर अपराध के पीड़ित लोगों को न्याय दिला सकेंगे। साइबर थाने को कम्प्यूटर, आवश्यक हार्डवियर और सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा दिए गए हैं। साइबर थाना द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।




पुलिस लाइन में शुरू हुए जनपद के साइबर थाने के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी।

- ऑनलाइन और ऑफ लाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे साइबर अपराध के पीड़ित
- पुलिस लाइन परिसर में स्थापित हुआ है थाना, प्रभारी मंत्री ने किया लोकार्पण

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन बेहतर हो रही है। अपराध पर अंकुश लगाने के साथ ही अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो रही है। साइबर थाना की प्रभारी निरीक्षक शालिनी सिंह ने अतिथियों को पूरी जानकारी दी। इस दौरान एएसपी शशि शेखर सिंह, एसडीएम शैलेष दूबे, सीओ ब्रजेश सिंह, सीओ यातायात दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# 10 लीटर कच्ची के साथ नकहा की महिला गिरफ्तार

**धनघटा :** पुलिस ने बुधवार को नकहां गांव में दबिश दी। इस दौरान 10 लीटर कच्ची के साथ इसी गांव की माधुरी पत्नी वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। उप निरीक्षक अमित कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सूचना मिलने पर वह चौकीदार सरस्वती देवी के साथ दबिश दी। (जासं)

# मुख्यमंत्री योगी ने आनलाइन साइबर थाने का किया लोकार्पण



साइबर थाने में सांसद प्रवीण निषाद( बाएं से दूसरे), विधायक गणेश चंद्र चौहान( बाएं से तीसरे),एसपी सत्यजीत गुप्ता( बाएं से चौथे), डीएम महेंद्र सिंह तंवर( दाएं)से बातचीत करती प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम( बाएं)।



पुलिस लाइन के सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखती प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सांसद प्रवीण निषाद, विधायक गणेश चंद्र चौहान, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता के अलावा अन्य लोग।

- लखनऊ में सीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखे, उनके संबोधन को सुना
- सरकार विकास के साथ ही शांति और लोगों की सुरक्षा पर दे रही है विशेष ध्यान : सांसद

जासं, संतकबीर नगर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आनलाइन पुलिस लाइन स्थित साइबर थाने का लोकार्पण किया। पुलिस लाइन के सभागार में जिले की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सांसद प्रवीण निषाद, धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता ने प्रोजेक्टर के जरिए मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। उनके संबोधन को सुना।

जिले की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि इस जनपद में आधुनिक उपकरणों से लैस पहला साइबर थाना खुला है। इससे आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखनें में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रशंसनीय कार्य कर रही है। इससे माहौल में व्यापक बदलाव आया है। इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। सांसद प्रवीण निषाद ने कहा कि आज का दिन जनपद के लिए अच्छी उपलब्धि वाला दिन है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा विकास के साथ ही शांति और लोगों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम इसका परिणाम है। धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान ने कहा कि यह सरकार के प्रयासों की देन है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं बिना किसी भय के बाजार, अस्पताल सहित अन्य स्थानों पर जा रही है। सकुशल घर लौट रहीं है। पहले यह स्थिति नहीं थी। शाम ढलते ही महिलाएं घर में दुबक जाती थी। जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की नीतियों व अच्छे कार्यों से हर तबके के लोग खुश हैं। डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित आफलाइन व आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगें। प्राथमिकी दर्ज करके प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ, पुलिस पदाधिकारी व तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों की जांच करके अपराधियों को पकड़ेंगे और पीड़ितों को न्याय दिलाएंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री के साथ सांसद, विधायक, डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने साइबर थाने का जायजा लिया। इस अवसर पर एएसपी शशि शेखर सिंह, खलीलाबाद के एसडीएम शैलेश दूबे व सीओ ब्रजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात दीपांशी राठौर, साइबर थाने की प्रभारी निरीक्षक शालिनी सिंह, सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# जन सहयोग से लगवाए सात सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने स्थानीय जन सहयोग से एक स्थान पर सात सीसीटीवी कैमरे लगवाए। ऑपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने एक स्थान पर सात कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। संवाद

# एक ही परिवार के सात लोगों को सात साल की सजा

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रथम दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट ने एक ही परिवार के सात सदस्यों को गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर सात-सात साल का करावास और 11000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। ऐसा न करने अदा करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतनी होगी। अर्थ दंड की धनराशि में से आधी धनराशि मृतक के परिजन को देय होगी।

**अदालत से**

**गैरइरादतन हत्या के मामले में दोषी पाए गए**

विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वादिनी मुकदमा मुलुकराजी देवी पत्नी फूलचंद यादव द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती को इस आशय का लिखित तहरीर दिया कि उसका छोटा बेटा चंद्र प्रकाश पशु लेकर गांव के पूरब अपनी चक की तरफ जा रहा था। पशु अचानक दौड़कर रामनरेश के खलिहान में भूसे में चली गई।

इसी बात पर रामनरेश, सुभाष पुत्रगण कलपू चंद्रशेखर पुत्र रामनरेश, विनोद पुत्र सुभाष, राम नरेश की पत्नी गुलाबी देवी, अनीता, गीता कलिंदा पुत्रीगण राम नरेश लाठी-डंडा लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए 17 अप्रैल 2009 को सुबह छह बजे दरवाजे पर चढ़ आए। उसने अपशब्द कहने से मना किया तो उसे लाठी-डंडे से मारने लगे। इसके बेटे चंद्र प्रकाश को काफी चोटें आई।

चंद्रप्रकाश को लेकर सीएचसी खलीलाबाद पर ले गए। जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में चंद्र प्रकाश उपचार के दौरान ही 25 अप्रैल 2009 को मृत्यु हो गई। 17 अप्रैल 2009 एवं 26 अप्रैल 2009 को थाना खलीलाबाद पर सूचना दिया। तहरीर के आधार पर कोतवाली खलीलाबाद में केस दर्ज हुआ।

विवेचक ने राम नरेश, यादव,चंद्रशेखर यादव, गुलाबी, विनोद यादव ,गीता, कलिंदा, अनीता व सुभाष के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या में आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया था। संवाद

# हत्यारोपी का जमानत प्रार्थना पत्र जिला जज ने किया निरस्त

संतकबीरनगर। हत्या करने के,आरोपी श्रीचंद का जमानत प्रार्थना पत्र जंनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि मामला जिले के धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम मुठही खुर्द का है। प्रकरण में गोरख यादव पुत्र रामसूरत निवासी मुठही खुर्द ने अभियोग पंजीकृत कराया है। आरोप है कि 18 दिसम्बर 2023 को शाम लगभग पांच बजे ग्राम सलाहाबाद निवासी बृजेश चौधरी व सर्वेश चौधरी, अक्षय श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव ने उसके बण्डा बाजार स्थित कपड़े की दुकान से उसके नाती शिवम यादव को बर्थडे का बहाने शक्ति ढाबा रूपिन पर बुलाए। शिवम के पहुंचते ही वे लोग 7-8 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर गाली देते हुए शिवम यादव को लोहे की राड , पंच तथा हाकी से मारे। सिर पर चोट लगने के कारण वह बेहोश हो गया। लखनऊ में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दो बाल अपचारी समेत अन्य के विरुद्ध हत्या का अभियोग पंजीकृत किया।

# पुलिस ने 36 वारंटियों को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वारंटियों की धर-पकड़ के लिए अभियान चलाया। वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले आरोपी के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारंट के तहत फरार चल रहे 36 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने समस्त वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करके जेल भेज दिया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारंटी मनोज कुमार व शिवकुमार मौर्य निवासी अचकवापुर, गोविन्द व साधू शरण निवासी दुघरा, ध्रुवचन्द उर्फ सुड्डू निवासी माधोपुर, प्रदीप कुमार निवासी मरवटिया, बृजेश कुमार व राजेश कुमार निवासी गड़सरपार, मारकंडेय निवासी उमिला, भजन पुत्र टिकोरी निवासी तिवारी टोला मगहर को गिरफ्तार किया। अन्य थानों की पुलिस ने भी वारंटियों को दबोचा। संवाद

# जालसाजों ने सिपाही के खाते से सवा लाख रुपये उड़ाए, केस दर्ज

## पुलिस अधीक्षक गोपनीय कार्यालय में तैनात है आरक्षी विकास

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक गोपनीय कार्यालय में तैनात सिपाही को साइबर ठगों ने अपना निशाना बनाया। साइबर अपराधियों ने मोबाइल फोन से आरक्षी को झांसे में लेकर 120000 रूपये उड़ाए। कोतवाली पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर केस दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया।

कोतवाल ब्रजेंद्र प्रसाद पटेल ने बताया कि विकास यादव आरक्षी के पद पर गोपनीय कार्यालय में तैनात हैं। आरक्षी के मुताबिक उनका एक खाता एसबीआई खलीलाबाद और दूसरा एसबीआई शाखा हरगांव जनपद

### कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया केस

सीतापुर में है। विकास ने पिता महेश प्रसाद के खाते से चार लाख रुपये मकान निर्माण कार्य के लिए मंगवाना था। पिता का एटीएम, चेकबुक या यूपीआई खाता नहीं है।

कस्टमर केयर नंबर पर 27 फरवरी को दोपहर 2.42 बजे मोबाइल पर फोन आया। कॉल करने वाले ने अपने को एसबीआई काल सेंटर का कर्मी बताया। उनसे समस्या पूछी, जिस पर उन्होंने कहा कि मुझे पिता का खाते को यूपीआई से लिंक करने के लिए क्या करना पड़ेगा। फिर उसने प्ले स्टोर से एक एप्लीकेशन लोड कराया। मोबाइल नंबर, पिता का नाम और रिक्वेस्ट फॉर ट्रांसफर एप्रूव लिखने को बोला। इसके बाद कहा कि आपकी आवेदन प्राप्त हो गया है। कुछ समय बाद स्वीकार हो जाएगा। थोड़ी देर बाद कॉल सेंटर कर्मी ने विकास के माता का नाम लिखने को बोला। फिर उसने बोला कि रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से फोन पे एप से यूपीआई खाता बना सकते हैं।

जब खाते का बैलेंस चेक किए तो 1,60,000 रुपये के लोन होने की जानकारी मिली। फिर 100000 रुपये व 20000 रुपये कट गए। कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने सड़क हादसे में हुए मौत के मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है।

कोतवाल ब्रजेंद्र प्रसाद पटेल ने बताया कि बस्ती जनपद के वाल्टरगंज क्षेत्र के गढ़वल गांव निवासी नितेश कुमार ने तहरीर में बताया कि चार जनवरी को वह बहन ऊषा व लालती को लेकर खलीलाबाद आ रहे था। बूंधाकला के पेट्रोल पंप से आगे बढ़ने पर पीछे से आ रहे वाहन के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए साइड से ठोकर मार दिया।

वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। ऊषा और लालती का गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। हालत खराब होने पर ऊषा को लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरानऊषा की मौत हो गई। संवाद

# सड़क जाम व दुर्व्यवहार करने वाले किए जा रहे चिह्नित

## सभासद के पिता की मौत का मामला, मेंहदावल पुलिस ने केस दर्ज कराया था

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। नगर पंचायत के तुलसीपुर वार्ड की सभासद व भाजपा नेता के परिवार के बीच मारपीट में सभासद के पिता की मौत के बाद परिजन व समर्थक उग्र होकर सड़क जाम व पुलिस प्रशासन से दुर्व्यवहार पर अमादा हो गए। जिस पर पुलिस ने एसपी के निर्देश पर 24 फरवरी की रात 22 ज्ञात व 60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। अब विवेचना के दौरान उपद्रव व दुर्व्यवहार करने वाले कई लोगों को पुलिस चिह्नित कर उनका नाम आरोपी में शामिल कर रही है।

मेंहदावल नगर के तुलसीपुर वार्ड की सभासद उत्तरा निषाद और भाजपा नेता के बीच विवाद में 25 जनवरी को हुई मारपीट की घटना में सभासद के पिता रामानंद साहनी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान 22 फरवरी को उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद 23 फरवरी की देर शाम शव घर पहुंचा।

24 फरवरी को दाह-संस्कार की तैयारी कर रहे थे। मौके पर पुलिस प्रशासन भी शांति व्यवस्था के लिए तैनात थी। तभी कुछ लोगों ने राजनीतिक लाभ के लिए उकसा कर सड़क जाम करने के साथ ही पुलिस प्रशासन से दुर्व्यवहार करते हुए उपद्रव करने लगे।

ईंट-पत्थर हाथ में लेकर पुलिस कर्मियों से उलझ गए। भीड़ को उकसाने के मामले में कई लोगों को चिह्नित करते हुए विवेचना में पुलिस उनका नाम सामने ला रही है। विवेचना के दौरान शहर और अगल-बगल वार्ड के कई उपद्रवी पुलिस विवेचना की रडार पर हैं, जिनका नाम विवेचना के दौरान सामने आ रहा है।




27 फरवरी को प्रकाशित खबर।

### भूमिगत हुए उपद्रवी, 82 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज है

कानून हाथ में लेकर उपद्रव मचाने वाले और पुलिस प्रशासन से दुर्व्यवहार करने वाले अज्ञात लोगों को विवेचना के दौरान चिह्नित कर केस में शामिल किया जा रहा है। इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। – **राघवेन्द्र सिंह राठौर**, सीओ, मेंहदावल

# प्राणघातक हमले के दो आरोपी को एक-एक वर्ष सदाचरण का आदेश

**संतकबीरनगर।** सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने प्राणघातक हमला करने वाले को दोषी मानते हुए एक वर्ष के सदाचरण बनाए रखने का आदेश दिया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि थाना धनघटा के बछईपुर निवासी जियालाल ने थाना धनघटा में प्रार्थनापत्र दिया कि 18 जुलाई 2010 को उनके बड़े भाई सीताराम धान की रोपाई करने के लिए खेत में मेडबंदी व कोन की गुड़ाई कर रहे थे। अचानक पुरानी रंजिश को लेकर तेजपुर निवासी रोशन व राम सुभग और हड़िया माफी निवासी राम सुभग का दामाद विजयी बाइक से पहुंचकर उनके बड़े भाई को मारे-पीटे और गाली दी। जिसमें उनके भाई के सिर में गंभीर चोट आ गई और वह मौके पर अचेत होकर गिर पड़े। संवाद

# 58 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर-पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 58 वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई किया। इस दौरान सभी एसओ व प्रभारी यातायात की संयुक्त टीम पुलिस टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में वाहन चालकों से 64000 रुपये शमन शुल्क वसूला। संवाद

# शांतिभंग में छह लोगों का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में छह लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के खिलाफ धर-पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने जगह-जगह दबिश दी। थाना कोतवाली खलीलाबाद, दुधारा व बखिरा थाना पुलिस ने दो-दो आरोपियों को पकड़कर समस्त वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर दिया। संवाद

# मरीज की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा, लापरवाही का लगाया आरोप

## मंगलवार देर रात सीटी स्कैन सेंटर के संचालक ने नहीं उठाया फोन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल में मंगलवार देर रात दुर्घटना में घायल होकर पहुंचे मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मरीज के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। बताया जा रहा है कि मरीज का सीटी स्कैन कराने के लिए सेंटर पर परिजन कॉल करते रहे लेकिन कर्मी फोन नहीं उठाए। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही व मरीज को जबरिया भर्ती करने का आरोप लगाया है। सीएमएस ने मामले में जांच बैठा दी है।



पोस्टमार्टम हाउस पर रोते बिलखते परिजन। संवाद

> मामले की जानकारी मिली है। सीटी स्कैन सेंटर ने फोन नहीं उठाया है, जबकि 24 घंटे सिटी स्कैन की सुविधा है। सीटी स्कैन सेंटर के लखनऊ मुख्यालय से बात की गई है, इसके साथ ही पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। इसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> – डॉ. भवनाथ पांडेय
> सीएमएस

धनघटा क्षेत्र के निहैला निवासी राम सिंह (32 वर्ष) पुत्र रामदरश बिजली निगम में संविदा कर्मी है। वह मंगलवार की रात मुखलिसपुर उपकेंद्र पर साइकिल से ड्यूटी करने आ था। अभी दुबौली के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गए थे। आस पास के लोगों ने उन्हे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। इसके बाद सूचना पर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। रात करीब दो बजे घायल राम सिंह का सीटी स्कैन कराने के लिए चिकित्सकों ने लिखा। इसके बाद परिजन सीटी स्कैन संचालक को फोन करने लगे तो फोन नहीं उठा।



राम सिंह
(फाइल फोटो)

परिजनों के साथ आए रिंकू चौहान ने बताया कि सिटी स्कैन संचालक को कई बार फोन किया गया, पर वह फोन नहीं उठाए। साथ ही चिकित्सक से मरीज को किसी सर्जन से दिखाने के लिए कहा गया पर इमरजेंसी में सर्जन भी नहीं आए। मरीज की हालत बिगड़ने लगी तो रेफर करने के लिए कहा गया। लेकिन डॉक्टर ने रेफर नहीं किया। भोर में मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिजन हंगामा करने लगे और अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# प्रभारी मंत्री ने साइबर थाने का किया लोकार्पण

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। बुधवार को प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने रिजर्व पुलिस लाइन में साइबर थाने का लोकार्पण किया। इस दौरान लखनऊ से लाइन स्थित सभागार में सीएम के भाषण का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जनपद के रिजर्व पुलिस लाइन में शुरु हुए साइबर थाना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुवली लखनऊ से शुभारंभ किया।



साइबर थाने का लोकार्पण करतीं प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम। संवाद

प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने पुलिस लाइन में मौजूद रह कर साईबर थाने का शुभारंभ किया। आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाना अस्तित्व में आ गया। आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

इस अवसर पर सांसद प्रवीण निषाद, विधायक धनघटा गणेश चौहान, डीएम महेन्द्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता, एएसपी शशिशेखर सिंह आदि रहे।

# चाकू बराम्द, आरोपी गया जेल

बखिरा। जिले के बखिरा थाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध चाकू के साथ पकड़कर उसके खिलाफ ऑर्म्स एक्ट के तहत केस दर्जकर कानूनी कार्रवाई की। एसओ श्याममोहन ने बताया कि 27 फरवरी को एसआई राजीव सिंह हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश राय व मोहन चौधरी के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। सूचना मिलने पर लेदवा श्रीपाल नहर पुलिया के निकट पहुँचने पर एक व्यक्ति संदिग्ध को अपने कब्जे में लिया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान परवेज निवासी देवपुर के रूप में हुआ। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# एसओ ने मतदान बूथों का हाल जाना

**धनघटा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक महुली क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर स्थल का हाल जाना। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय घोरहट, प्राथमिक विद्यालय चेरापुर, प्राथमिक विद्यालय हरदी, प्राथमिक विद्यालय रामपुर, प्राथमिक विद्यालय बंधूपुर, प्राथमिक विद्यालय भैसही जोत कला, प्राथमिक विद्यालय हरपुर, प्राथमिक विद्यालय कोल्हूगाड़ा, प्राथमिक विद्यालय लूतुही व प्राथमिक विद्यालय भैसही उर्फ भैसवरिया का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान के दौरान आने वाली दिक्कतों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरदी रामजीत यादव, प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार, प्रधान प्रतिनिधि मोनू यादव, हेड कांस्टेबल सरवन यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# मारपीट के मामले में पांच पर केस

बखिरा। बखिरा क्षेत्र के कुरियापार बेलहसा गांव में तीन माह पूर्व हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया। पीड़िता ने पुलिस पर विपक्षियों के प्रभाव में आकर उसी के खिलाफ कार्रवाई की शिकायत कोर्ट में की थी। घंटना के तीन माह बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई शुरू कर दिया।

एसओ श्याममोहन ने बताया कि कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में सपना देवी का आरोप है कि 18 नवंबर 2023 को वह घर के बरामदे में अकेली बैठी थी। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति घर में आकर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। थोड़े देर बाद ही आरोपी अपनी पत्नी समेत कुल पांच लोगों के साथ लाठी-डंडा लेकर घर में आए। उसे मां-बहन की गाली देने लगे। मना करने पर जान से मारने के लिए उसे दौड़ा लिए। आरोपी भी घर में घुस आए। घर में उसकी सास सरस्वती देवी को मारा-पीटा।

पुलिस के मुताबिक न्यायालय के आदेश पर कुरियापार बेलहसा निवासी आरोपी अंशु चौधरी, विजय चौधरी, उमेश, दुर्विजय व उर्मिला के खिलाफ केस दर्ज किया गया। संवाद

# किशोरी से दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बेलहर।** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में बेलहर पुलिस ने आरोपी दुकानदार पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। दो दिन पूर्व पीड़िता के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की थी।

पीड़ित के पिता ने तहरीर में बताया कि पुत्री गांव के ही एक दुकान पर 20 फरवरी को सामान लेने के लिए गई थी। जिस पर दुकानदार ने कुछ काम करने के बहाने पुराने घर पर बुला लिया। जहां जाने के बाद जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बेटी की तबियत जब बिगड़ने लगी तो घटना की जानकारी परिजनों को दी।

जिसके बाद किशोरी के पिता ने बेलहर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की थी। इस संबंध में सीओ राघवेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एससी-एसटी, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। जल्द अरोपी को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

## घर में घुसकर छेड़खानी, केस

**संतकबीरनगर।** धनघटा क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर छेड़खानी का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध केस दर्जकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। पीड़ित के पिता के तहरीर के मुताबिक एक रिश्तेदार का घर पर आना जाना था। इसी बीच वह उनकी बेटी से प्रेम संबंध हो गया।

बेटी को बहला-फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने की कोशिश करने लगा। जानकारी होने पर पिता ने बेटी की शादी कही और तय दिया। जानकारी होने पर आरोपी 26 फरवरी को रात तीन बजे घर पर आया। बेटी के विरोध करने पर उसको गाली देते हुए जबरिया छेड़खानी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

# सड़क हादसे में एएनएम के पति की मौत, कोहराम

- पत्नी को कटराबाजार छोड़कर लौट रहे थे घर
- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर दर्ज किया केस

कटरा बाजार, संवाददाता। एएनएम को सीएचसी छोड़कर घर लौट रहे पति को अज्ञात लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो हुए। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन हालत नाजुक देख उन्हे लखनऊ रेफर कर दिया गया। खून अधिक बह जाने के कारण और लखनऊ पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि करनैलगंज थानाक्षेत्र के गौरवा कला की पार्वती सिंह पत्नी सूर्यनाथ सिंह कटरा बाजार स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम के पद पर कार्यरत हैं। उनके पति सूर्यनाथ सिंह पुत्र अवध किशोर सिंह उन्हे सीएचसी कटरा बाजार में छोड़कर वापस घर जा रहे थे। रास्ते में पहाड़ापुर पुलिया के पास किसी अज्ञात लोडर वाहन ने उनकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके से चालक मय वाहन भाग गया। गंभीर रूप से घायल और हालत नाजुक देख इलाज के लिए जिला अस्पताल से लखनऊ लेकर जाने के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# जानलेवा हमले के पांच दोषियों को पांच साल कैद

**अदालत से**

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश ने जानलेवा हमला करने के जुर्म में पांच अभियुक्तों को पांच वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अवनीश धर द्विवेदी के अनुसार थाना तरबगंज के अन्तर्गत ग्राम निर्मलपुरवा मौजा परियांवा निवासी हेमंत कुमार, राजेश कुमार पाण्डेय, मथुरा प्रसाद व शिवकुमार पुत्रगण कृष्णनाथ, लल्लू उर्फ अनिल कुमार पाण्डेय पुत्र सूर्य नारायण पाण्डेय, के विरुद्ध जानलेवा हमला करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपित अभियुक्तों को जानलेवा हमला करने का दोषी करार देते हुए प्रत्येक को पांच-पांच वर्ष की कैद व आठ-आठ हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।



बुधवार को इटियाथोक में बालश्रम रोकने के लिए अभियान चलाया गया।

# इटियाथोक के चार सेवायोजकों को नोटिस

इटियाथोक। जिला प्रशासन के निर्देश पर इटियाथोक बाजार में बालश्रम निरोधक अभियान चलाकर चार सेवायोजकों के खिलाफ नोटिस जारी की गई। टीम ने दुकानदारों से अनुरोध किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों से काम न लें। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, आशीष मिश्रा, विकास जायसवाल, एएचटीयू से प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक राम किशोर प्रसाद आदि रहे।

# खोरहंसा क्षेत्र में कई जगह जुए के अड्डे

खोरहंसा। स्थानीय चौकी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक जुआ के अड्डे बेखौफ संचालित हो रहे हैं। जुआ खेलते लोगो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। क्षेत्र के युवा और कई परिवार इसमें फंसकर बर्बाद हो चुके हैं।

पुलिस के मुंह लगे और जुआरियों के बीच साठगांठ मजबूत होने से स्थानीय पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनी है। क्षेत्र के पूरेतिवारी गांव के चिराग अली बगिया, पाण्डेयपुर बाजार में मत्स्य पालन केन्द्र के पास, काजी तरहर, महन्था, पूरेतिवारी गांव के में चाय की दुकान के पीछे जुआ के अड्डे गुलजार होते हैं।

# पुलिस ने दो सोना तस्कर पकड़े, कस्टम को सौंपा

**कार्रवाई**

- तस्करों के बारे में जानकारी देने से पहले कतराई पुलिस
- बरामद सोने की मात्रा को लेकर पुलिस पर उठ रहे सवाल

करनैलगंज, संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने दो सोना तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से बरामद सोना सहित अभियुक्त को कस्टम विभाग को सौंप दिया। इसको लेकर पुलिस खुद संदेह के घेरे में आ गई है।

कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को मंगलवार को क्षेत्र के सरयू घाट पुल के पास से दो सोना तस्करों मोहम्मद इशहाक पुत्र अब्दुल अजीज निवासी शब्बीर खान बिल्डिंग चीता कैंप मुंबई तथा यासमीन अंसारी पत्नी अरमान अंसारी पुराना कलेक्टरेट कंपाउंड गेट मालवानी पश्चिमी मलाड मुंबई को गिरफ्तार किया। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने इन अभियुक्तों के पास से सोने की बरामदगी 128 ग्राम बताया है। मगर बरामदगी को लेकर पुलिस की भूमिका संदेहास्पद बताई जा रही है। कोतवाल ने बताया कि उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने टीम के साथ सरयू पुल के पास से दोनों अभियुक्तों को पकड़ा है। पुलिस ने दोनों को सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का सदस्य बताया। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त और बरामद माल को कस्टम विभाग के इंस्पेक्टर अनूप कुमार तिवारी को सौंप दिया गया है। मजे की बात यह है कि पुलिस ने जिस समय इन तस्करों को गिरफ्तार किया है उसके बाद से लगातार 24 घंटे तक मामले को दबाने का भी प्रयास किया गया। मगर पुलिस के बरामदगी के बाद क्षेत्र में चर्चा होने के बाद यह बरामदगी दिखाई गई। बरामद सोने की मात्रा को लेकर क्षेत्र में पुलिस की भूमिका लोग सवाल उठा रहे हैं। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने 128 ग्राम सोने के साथ दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि खुद की है।

# फर्जी बैनामा करवाने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज के जरिए बंजर जमीन हड़पने की नीयत से बैनामा करने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक गिरीश यादव लेखपाल जानकी नगर ग्रामीण द्वारा कोतवाली नगर में सूचना दी गयी थी कि राजस्व अभिलेखों में बंजर श्रेणी की भूमि है। जिसको जवाहर लाल द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अमित अग्रवाल के नाम बैनामा करवा दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस ने थाना इटियाथोक के अगोहा निवासी आरोपी जवाहर लाल को बुधवार को धर दबोचा।

# दो प्रभारी निरीक्षक समेत 14 पुलिसकर्मी बदले

## तबादला

- परसपुर में प्रदीप और देहात कोतवाली में देवेंद्र बने प्रभारी
- एसपी ने 13 इंस्पेक्टर और एक एसआई की तैनाती बदली

गोण्डा, संवाददाता। जिले में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एसपी एसपी विनीत जायसवाल ने मंगलवार देररात दो थानों के प्रभारी समेत 14 पुलिस वालों का तबादला कर दिया है। पुलिस लाइन से देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव को देहात कोतवाली और प्रदीप कुमार शुक्ला को परसपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

एसपी ने देहात कोतवाली के कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार को अपराध शाखा भेजा है। एसओ परसपुर रहे उपनिरीक्षक शेषमणि पाण्डेय को एसजेपीयू के प्रभारी का दायित्व सौंपा है। इसके अलावा पुलिस लाइन से निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय को प्रभारी चुनाव प्रकोष्ठ, शरदेन्दू कुमार पाण्डेय को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, हरिश्चंद्र भारती को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना मनकापुर, रामपाल यादव को प्रभारी यूपी 112 जिम्मेदारी सौंपी गई। निरीक्षक चंद्रमोहन सिंह, अमित कुमार तिवारी, राजकुमार यादव, श्याम लाल यादव को भी पुलिस लाइन से अपराध शाखा में तैनाती दी गई है।

वहीं विवेक त्रिवेदी को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा से प्रभारी मीडिया सेल और अरविंद कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक थाना तरबगंज से थाना धानेपुर का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है। सभी को आमद के निर्देश दिए गए हैं।

# विवाद में युवक को पीटा, चार पर रिपोर्ट

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरहापारा मजरा सीरपुरवा निवासी शनी पुत्र रामदास ने थाने में तहरीर देकर गांव के चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने कहा कि गांव के चिरकन पुत्र गंगाराम, पंकज पुत्र चिरकन, रवि पुत्र गरीब व अमरनाथ की पत्नी ने छोटे बच्चों के विवाद को लेकर बालेश्वर गंज बाजार में अपशब्द कहते हुए मारापीटा है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# प्रभारी निरीक्षक समेत 14 निरीक्षक बदले

जासं, गोंडा : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्रशासनिक हित में पुलिस कर्मियों के कार्यों में फेरबदल किया है। पुलिस लाइन में तैनात प्रदीप कुमार शुक्ला को परसपुर व देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को देहात कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। परसपुर में तैनात रहे शेषमणि पांडेय को प्रभारी एसजेपीयू व देहात कोतवाली में तैनात अरुण कुमार को अपराध शाखा में तैनाती दी है। इसके अलावा पुलिस लाइन से नरेन्द्र प्रताप राय को प्रभारी चुनाव प्रकोष्ठ, शरदेन्दु कुमार पांडेय को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, विवेक त्रिवेदी को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा से प्रभारी मीडिया सेल, अरविंद कुमार को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक धानेपुर, हरिश्चंद्र भारती को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक मनकापुर, रामपाल यादव को प्रभारी यूपी-112, चंद्रमोहन सिंह, अमित कुमार तिवारी को तैनात किया है।

# कर्नलगंज में 128 ग्राम सोने की तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

संसू,कर्नलगंज(गोंडा): पुलिस ने दो लोगों को 128 ग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ के मुताबिक सरयू घाट पुल के पास से तस्करी कर सोना ले जा रहे मुहम्मद इशहाक निवासी शब्बीर खान बिल्डिंग चीता कैंप मुंबई व यासमीन अंसारी निवासी पुराना कलेक्ट्रेट कंपाउंड गेट मालवानी पश्चिमी मलाड मुंबई को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी पुलिस ने धारा 11 सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत की है। पुलिस ने आरोपितों और बरामद 128 ग्राम सोने को कस्टम विभाग के इंस्पेक्टर अनूप कुमार तिवारी को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि तस्करी करने वाले दोनों लोग सोना कई अन्य साथियों के साथ लैपटाप की बैट्री में रख कर ले जा रहे थे,लेकिन हिस्सेदारी के दौरान विवाद हो गया। इसके बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सर्वेश प्रसाद, नागेंद्र यादव, राघवेंद्र कुमार, आरक्षी विनीता यादव शामिल रहीं।

4

अ

अ

# जानलेवा हमले के पांच दोषियों को कारावास

- दीवार बनाने को लेकर 27 साल पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में आया फैसला
- सात आरोपितों में दो की हो चुकी है मौत, पांच-पांच साल कारावास की सजा सुनाई

संसू, गोंडा : दीवार बनाने को लेकर 27 साल पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए पांच दोषितों को सजा सुनाई है। पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने ग्राम परियांवा थाना तरबगंज निवासी हेमंत कुमार पांडेय, शिव कुमार पांडेय, अनिल कुमार पांडेय उर्फ लल्लू, राजेश कुमार पांडेय व मथुरा प्रसाद को पांच-पांच साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषितों को नौ-नौ हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। साथ ही अर्थदंड की अदायगी पर पचास फीसद राशि पीड़ित को देने का आदेश दिया है।

**दोषितों ने विस्फोटक का प्रयोग कर दीवार ढहा दी:** थाना तरबगंज के ग्राम निर्मल पुरवा परियांवा निवासी बासुदेव मिश्र ने अपने घर के पास एक दीवार का निर्माण कराया था। 13 अप्रैल 1997 की मध्य रात्रि में दोषितों ने निर्माण का विरोध करते हुए हथियारों के साथ बासुदेव मिश्र व उनके परिवारीजन पर हमला कर दिया था। मामले में दोषितों ने विस्फोटक का प्रयोग कर दीवार ढहा दी।

घटना में घायल हुए पीड़ित ने गांव के ही सात व्यक्तियों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने का मुकदमा किया था। विचारण के दौरान आरोपित रमेश व कल्पनाथ की मौत हो चुकी है जबकि दोषसिद्ध मिलने पर न्यायालय ने पांच दोषितों को सजा सुनाई है।

# आठ वर्षीय छात्र का यौन शोषण करने में चौकीदार गिरफ्तार

## कटराबाजार के संत फ्रांसिस कब्रिनी इंटर कालेज में कार्यरत था आरोपी चौकीदार

**शर्मनाक**

- छह माह पूर्व मानसिक चिकित्सक को दिखाने पर पता चली घटना
- प्रिंसिपल बोले, एक माह पहले आरोपी कर दिया था निष्कासित



कटराबाजार पुलिस की गिरफ्त में आरोपी चौकीदार।

कटरा बाजार। आठ वर्षीय मासूम छात्र का यौन शोषण करने के आरोप में शांतिनगर के मिशनरी स्कूल में कार्यरत चौकीदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि चौकीदार ने स्कूल में पढ़ रहे मासूम छात्र का अप्राकृतिक यौन शोषण किया था। इसका खुलासा पीड़ित बच्चे को मनोचिकित्सक को दिखाने को बाद हुआ।

प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि मामला नगर पंचायत कटरा से जुड़ा हुआ है। यहां का आठ वर्षीय बच्चा संत फ्रांसिस कब्रिनी इंटर कालेज में पढ़ रहा है। बताया रहा है कि करीब छह माह पूर्व बच्चा स्कूल से लौटकर आया और एकाएक गुमसुम रहने लगा। परिवार के लोगों ने काफी प्रयास किया लेकिन उसने कुछ भी नहीं बताया और स्कूल जाने से घबराने लगा। इस पर बच्चे की मां ने उसे मानसिक चिकित्सक और काउंसलर को दिखाया। इसके बाद बच्चे ने पूरी घटना की सिलसिलेवार जानकारी दी। इसकी जानकारी होते ही परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ित बच्चे की मां ने इसकी शिकायत राष्ट्रीय बाल आयोग के साथ चिल्ड्रेन हेल्पलाइन से की। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मंगलवार को पाक्सो एक्ट के साथ कई अन्य धाराओं में स्कूल के गेटकीपर चार्ल्स लाल पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। बुधवार को उप निरीक्षक सुनील कुमार ने शांति नगर निवासी आरोपी चार्ल्स लाल को मोहनीपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य फादर थाडुस बड़ा ने बताया कि अभिभावक ने उन्हें घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद आरोपी चार्ल्स लाल को एक माह पूर्व ही विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया है।

# तार गिरने से 50 बीघे फसल जली



धानेपुर के कोनिया वनकट में गन्ने की फसल में लगी आग को बुझाते ग्रामीण ● जागरण

संसू, मेहनौन (गोंडा) : बुधवार को दोपहर में शार्ट सर्किट से आग लगने से 50 बीघा गन्ना जलने से राख हो गया। वही अज्ञात कारणों से लगी आग से दो घरों की गृहस्थी जलने से राख हो गई। कोनिया बनकट के रहने वाले किसान आलोक तिवारी ने बताया कि उनके खेत के ऊपर से 11 हजार वोल्टेज की बिजली लाइन निकली है।

बुधवार की दोपहर करीब 11 बजे बिजली लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया जिससे गन्ने की फसल में आग लग गई। इसमें 50 बीघे गन्ने की फसल जलने से राख हो गई। यही नहीं, बगल में लगे सागौन के बाग में लगे छोटे-छोटे पौधे भी जल गए। दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि आग से गन्ना की फसल जली है। किसान की ओर से तहरीर नहीं मिली है। वही उपखंड अधिकारी पीयूष सिंह ने बताया की अभी उन्हें आग लगने कि सूचना नहीं मिली है।

**दो घरों की गृहस्थी जलने से हुई राख** - मेहनौन : धानेपुर के ग्राम पंचायत पूरे तेंदुआ के मजरा ढोढ़ना में मंगलवार की रात में आग लग गई जिससे दो घरों की गृहस्थी जलने से राख हो गई है। पीड़ित सीताराम ने बताया कि वह परिवार के साथ छप्पर में सो रहे थे। अचानक छप्पर से आग की लपटे उठने लगी। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया तब तक बुधराम व संतोष कुमार का छप्पर में रखा सामान जलकर राख हो गया। वही संतोष कुमार के छप्पर में आग लगने से समान व तीन बकरी झुलस गई है। ग्राम प्रधान आफताब खान ने बताया कि आग लगने की सूचना लेखपाल को दी गई है।

# मोतीगंज में संदिग्ध हालात में युवती की मौत

झंझरी (गोंडा) : मोतीगंज के बेसहूपुर के लोनियन पुरवा में संदिग्ध हालात में चांदनी की मौत हो गई। मृतका की मां सुनीता देवी ने पुलिस को सूचना दी। मोतीगंज थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि बेसहूपुर के लोनियन पुरवा गांव में चांदनी की संदिग्ध हालात में मौत होने की सूचना मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। (संसू)

# तलाशे नहीं मिल रहे चुनाव में लगे वाहनों के मालिक

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। संभागीय परिवहन विभाग ने विधानसभा चुनाव 2017 में अधिग्रहण किए गए वाहनों के मालिकों को भुगतान करने की तैयारी की है। महकमे को भुगतान के लिए 5 लाख 47 हजार रुपये के बजट की स्वीकृति भी मिल गई है। पर भुगतान में समस्या आ रही है। वाहन मालिकों के मोबाइल नंबर या तो बंद हैं या उन्होंने अपने मोबाइल नंबर बदल लिए हैं। इससे वाहन मालिक तलाशे नहीं मिल रहे हैं।

वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में मतदान के दौरान लगाए गए वाहनों के मालिकों को सात साल बाद भुगतान मिलेगा। विधानसभा चुनाव में जिले में पंजीकृत 192 वाहनों के मालिकों ने अपने वाहन लगाए थे। जिन्हें जल्द ही 2200 से 3500 रुपये तक भुगतान किया जाएगा।

पुलिस महकमे में जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारी के लिए लगाए गए वाहनों की पुलिस महकमे के पास लॉगबुक नहीं है, पुलिस लाइन की जिम्मेदारी प्रतिसार निरीक्षक की होती है।

## साल 2017 के चुनाव में लगे वाहनों का होना है 5.47 लाख का भुगतान

“ वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में लगाए गए वाहनों के मालिकों को भुगतान के लिए 5 लाख 47 हजार रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। जिससे 192 वाहनों मालिकों के बैंक खातों में ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। वाहन मालिकों के मोबाइल नंबर बदलने से उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। -बबिता वर्मा, एआरटीओ प्रशासन

# किशोरी के अपहरण का आरोपी लखनऊ में गिरफ्तार

गोंडा। किशोरी के अपहरण के आरोपी को लखनऊ पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लखनऊ के चौक थाने में विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। लखनऊ कमिश्नरेट की चौक कोतवाली पुलिस ने बुधवार को आरोपी मोहम्मद शरीफ को पक्का पुल से गिरफ्तार कर लिया। शरीफ गोंडा जिले में मोतीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सीहागांव लोकईपुरवा का मूल निवासी है। (संवाद)

# मारपीट में 11 लोगों पर मुकदमा

इटियाथोक (गोंडा)। मारपीट के आरोप में 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। धर्मेई के मोहम्मद बकरीद ने आरोप लगाया है कि जुबेर, आशिया, जरीना व मुन्ना ने भूमि विवाद के चलते मारपीट की। बचाने आए बेटे मोहम्मद सैफू को भी मारा पीटा। सैफू के सिर में चोट आई। पुलिस ने मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। उधर तारी परसोहिया के निरगुन ने आरोप लगाया है कि वह बाइक से जा रहा था। तभी पड़ोस के विनोद, सोना, शालिनी व रोशनी रास्ते में भैंस को नहला रहे थे। रास्ते से हटने के लिए कहने पर मारपीट की। (संवाद)

# बिजली तार की चोरी का आरोपी धरा

गोंडा। कोतवाल नगर राजेश सिंह ने बताया कि विद्युत तार की चोरी के आरोपी शोएब निवासी बशीरनगर कोतवाली नगर को बुधवार को मेवातियान मोहल्ले से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि इससे पहले आरोपी अशरफ व असलम को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, मनकापुर पुलिस ने बुधवार को चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपना नाम प्रदीप कुमार ग्राम झलमल निवासी बताया। आरोपी के पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। (संवाद)

# जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि जालसाजी के आरोपी जवाहर लाल को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि कोतवाली नगर के जानकी नगर ग्रामीण के लेखपाल गिरीश यादव ने जानकी नगर में स्थित बंजर भूमि को आरोपी जवाहर लाल ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर अमित अग्रवाल निवासी रानी बाजार के नाम से बैनामा करा दिया था। मामले में आरोपी जवाहरलाल के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया था। (संवाद)

# फर्जीवाड़े की शिकायत एडीजी से

तरबगंज (गोंडा)। तरबगंज थाना क्षेत्र के देवरदा गांव निवासी जमील अहमद ने एडीजी जोन गोरखपुर से मिलकर फर्जीवाड़ा व जालसाजी की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि आवश्यक दवा व उधारी के लिए गांव के ही एक व्यक्ति से जमीन गिरवी रखने के मामले में सौदा हुआ था। करीब एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में से एक बीघा जमीन आरोपी को गिरवी रखकर बदले में उससे 3.40 लाख रुपये लेने की बात हुई थी। 31 जुलाई 2023 को उप निबंधक कार्यालय में हुए इकरारनामे के दौरान आरोपियों ने 1.40 लाख का चेक व दो लाख की जगह 20 हजार रुपये बकाया दिखाकर जालसाजी की। अब जमीन हड़पने के लिए दी हुई रकम लेने से इन्कार कर रहे हैं। (संवाद)

# नाबालिगों से ले रहे थे काम, चार को नोटिस

गोंडा। इटियाथोक बाजार में बुधवार को डीएम के निर्देश पर श्रमविभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, एएचटीयू यूनिट की संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। इस दौरान चार सेवायोजक के खिलाफ नोटिस जारी किया गया। वहीं 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों वा किशोरों से काम न लेने की अपील की गई। (संवाद)

# जमीन का झांसा दे ठगे 1.35 लाख

**गोंडा।** धानेपुर के जोतिया गांव के गोकरन प्रसाद शुक्ला से उसके ही भतीजे ने जमीन दिलाने का झांसा देकर 1.35 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी न तो जमीन दे रहा है और न ही रकम लौटा रहा है। पीड़ित ने एसपी से मिलकर गुहार लगाई। एसपी ने रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया है। (संवाद)

# बालक से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कटराबाजार (गोंडा)।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बेटे के साथ कुकर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने कहा कि उसका आठ वर्ष का बेटा शांतीनगर के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता है। शांतिनगर निवासी स्कूल परिसर स्थित दुकानदार चार्ल्स लाल (53) उसके बेटे के साथ दिसंबर से कुकर्म कर रहा था। महिला ने बताया कि बेटे के बताने के बाद उसने स्कूल प्रबंधन से शिकायत की। कोई कार्रवाई न होते देख उसने चाइल्ड हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। टीम ने बुधवार को आरोपी को मोहनी पुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। (संवाद)

# दोषी ने जेल में बिताई अवधि की सजा

**गोंडा।** मादक पदार्थ गांजा रखने के मामले में दोषी कृष्णकुमार यादव को

**अदालत से**

जेल में बिताई अवधि का कारावास और चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवीन चिर कुमारित्वा ने सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक अनुपम शुक्ला ने बताया कि सात फरवरी 2022 को कोतवाली देहात पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम गुलरिहा बहलोलपुर के रहने वाले कृष्ण कुमार यादव को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। (संवाद)

# जेल भेजा गया आरोपी बाबू

संवाद न्यूज एजेंसी

**सीएमओ दफ्तर के वरिष्ठ सहायक की घूस लेते रंगे हाथ हुई थी गिरफ्तारी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति लाभ के एवज में वनकर्मी से ली थी पांच हजार की रिश्वत**

गोंडा। वन विभाग कर्मी से पांच हजार की घूस लेते हत्थे चढ़े सीएमओ दफ्तर के बाबू को एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को गोरखपुर के भ्रष्टाचार स्पेशल कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर कोतवाली नगर में तीन घंटे पूछताछ की थी। मगर इससे पहले के बाबू कारनामों को उजागर नहीं कर सकी।



धर्मेश कुमार राय। (फाइल फोटो)

बता दें कि कोतवाली देहात क्षेत्र के विशुनपुर बैरिया गांव निवासी वन विभाग कर्मी रघुराज सोनकर ने सीएमओ दफ्तर में चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। चिकित्सा प्रतिपूर्ति पटल देख रहे वरिष्ठ सहायक धर्मेश कुमार राय ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति पास कराने के लिए उससे पांच हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत उसने एंटी करप्शन संगठन के प्रभारी धनंजय सिंह से की थी।

प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह की टीम ने मंगलवार को जाल बिछाकर सीएमओ दफ्तर से वरिष्ठ सहायक धर्मेश कुमार राय को पांच हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया था। कोतवाली नगर में आजमगढ़ निवासी आरोपी बाबू धर्मेश कुमार राय निवासी ढढनी नसरूद्दीपुर थाना तहबतपुर आजमगढ़ के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

## डिप्टी सीएम ने दिया लिपिक को निलंबित करने का निर्देश

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आरोपी लिपिक धर्मेश कुमार राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया। डिप्टी सीएम ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक व एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी। इसमें बताया कि सीएमओ कार्यालय गोंडा में एंटी करप्शन की ओर से वरिष्ठ लिपिक को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार संबंधी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से आरोपी को निलंबित करने का निर्देश दिया जाता है। डिप्टी सीएम ने लिखा कि सरकार को छवि धूमिल करने वाले किसी भी स्वास्थ्यकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षाबलों के ठहराव की व्यवस्था का लिया जायजा

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बुधवार को उतरौला रोड स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावव के दौरान इस कॉलेज में पैरामिलिट्री फोर्स ठहरेगी। जवानों के ठहरने के लिए किए जा रहे प्रबंधों का उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। (संवाद)

# कोतवाल देहात और परसपुर थानाध्यक्ष की छिनी कुर्सी

**दो थानाध्यक्षों समेत 14 निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल**

**एपी ने देर रात दिए नई तैनाती के आदेश**

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार की देर रात दो थानाध्यक्षों समेत 14 निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। जिसमें कोतवाल देहात और परसपुर थानाध्यक्ष की कुर्सी छिन गई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन से निरीक्षक देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात बनाया है, जबकि कार्यवाहक कोतवाल देहात रहे अरुण कुमार को अपराध शाखा में भेजा है। पुलिस लाइन से ही प्रदीप कुमार शुक्ल को प्रभारी निरीक्षक थाना परसपुर बनाया गया है। थानाध्यक्ष परसपुर रहे शेषमणि पांडेय को प्रभारी एसजेपीयू बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन से निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय को प्रभारी चुनाव प्रकोष्ठ, पुलिस लाइन से ही निरीक्षक शरदेंदु कुमार पांडेय को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा बनाया है। प्रभारी न्यायालय सुरक्षा रहे विवेक त्रिवेदी को प्रभारी मीडिया सेल, थाना तरबगंज के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना धानेपुर व पुलिस लाइन से निरीक्षक हरिश्चंद्र भारती अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनकापुर बनाए गए हैं। इसके अलावा पुलिस लाइन से निरीक्षक रामपाल यादव को प्रभारी यूपी-112, पुलिस लाइन से ही निरीक्षक चंद्रमोहन सिंह, निरीक्षक अमित कुमार तिवारी, निरीक्षक राजकुमार यादव व निरीक्षक श्यामलाल यादव अपराध शाखा भेजे गए हैं। (संवाद)

# कमर में बांध नेपाल से लाई थी सोना महिला तस्कर, साथी आया गिरफ्त में

## सरयू पुल पर पुलिस ने घेरा तो निकालकर फेंक दिया, 128 ग्राम सोना बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

करनैलगंज/गोंडा। नेपाल से तस्करी कर सोना लाने की सूचना पर कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने सरयू पुल के पास महिला तस्कर समेत दो लोगों को घेर लिया। इस पर दोनों ने सोना फेंक दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 128 ग्राम सोना बरामद हुआ है। पूछताछ में गिरफ्तार महिला और उसके साथी ने बताया कि दोनों नेपाल से कमर में बांधकर सोना लाए थे। मुंबई जाने वाले थे। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों को कस्टम इंस्पेक्टर अनूप तिवारी के हवाले कर दिया।

कोतवाली करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि सूचना मिली थी कि नेपाल से एक महिला अपने साथी संग तस्करी कर सोना लेकर बस से आ रही है। दोनों लखनऊ के रास्ते मुंबई जाने की फिराक में हैं। इस पर




करनैलगंज कोतवाली में गिरफ्त में सोना तस्करी के आरोपी। - संवाद

मंगलवार दोपहर क्षेत्र के सरयूघाट पुल के पास बसों की चेकिंग की गई तो एक बस में बताए गए हुलिया की पहचान कर एक महिला समेत दोनों को बस से उतार लिया गया। तलाशी से पहले ही दोनों ने सोना निकाल कर फेंक दिया। मौके पर 128 ग्राम सोना बरामद हुआ। इसकी कीमत करीब 12 लाख रुपये है।

पूछताछ में महिला ने अपना नाम यासमीन अंसारी पत्नी अरमान अंसारी निवासी पुराना कलेक्ट्रेट कंपाउंड गेट नंबर पांच मालवानी पश्चिमी मलाड मुंबई तथा मोहम्मद इशहाक निवासी शब्बीर खान बिल्डिंग चीता कैंप मुंबई बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यासमीन व इशहाक ने पूछताछ में बताया कि दोनों सोने की तस्करी करते हैं। नेपाल से सोना खरीदा था, जिसे कमरे में कपड़े से बांधकर बस से बलरामपुर वाया गोंडा, लखनऊ जा रहे थे। लखनऊ से मुंबई के लिए रवाना होते।

### पूरे दिन होती रही ढाई किलो सोना पकड़े जाने की चर्चा

सोना तस्करी में पकड़ी गई महिला और उसके साथी के पास से ढाई किलो सोना बरामद होने की चर्चा क्षेत्र में पूरे दिन होती रही। चाय व पान की गुमटी से लेकर चौक चौराहों पर लोग सोना बरामदगी को लेकर सवाल उठाते रहे। लोगों में बरामदगी को लेकर जुबानी जंग भी होती रही। कोई बरामदगी को सही तो कोई गलत बता रहा था। चर्चा तो यह भी रही कि पुलिस ने एक मकान में छापा मारकर दोनों को दबोचा है। पुलिस ने चर्चाओं को सिरे से नकार दिया।

# सीएम ने दी साइबर क्राइम थाने की सौगात

## साइबर अपराधों पर कसेगी नकेल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जिले में साइबर क्राइम थाना व 17 थानों में साइबर हेल्पडेस्क का वर्चुअल उद्घाटन किया। अब जिला स्तर पर साइबर अपराध की वारदात पर पुलिस कार्रवाई कर सकेगी। इसके अलावा जिले के 17 थानों की पुलिस भी साइबर अपराध से पीड़ित लोगों की सुनवाई कर सकेगी। अभी तक साइबर क्राइम थाना डीआईजी कार्यालय से संचालित हो रहा था। अब उसे कोतवाली देहात की एक बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया है।

एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि वर्ष 2020 में मंडल स्तरीय साइबर थाना डीआईजी कार्यालय में संचालित हो रहा था। जिसे जिला स्तरीय तब्दील कर दिया गया है। नया साइबर अपराध थाना कोतवाली देहात के एक भवन में संचालित किया गया है। इसमें प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश यादव, निरीक्षक हंजला अंसारी, मुख्य आरक्षी मोहन यादव, आरक्षी अजय यादव व आदित्य शाह की नियुक्ति की गई है। बताया कि 17 थानों में हेल्पडेस्क पर एक महिला व एक पुरुष आरक्षी की तैनाती की गई है। यहां साइबर अपराध से पीड़ित लोग अपने क्षेत्रीय थानों में आकर शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

### साइबर थाने सहित 17 थानों में किया साइबर हेल्पडेस्क का वर्चुअल शुभारंभ

### अब तक डीआईजी कार्यालय में संचालित था अब कोतवाली देहात में खुला साइबर थाना




गोंडा के देहात कोतवाली परिसर स्थित जिला स्तरीय साइबर अपराध थाना। - संवाद

## वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। साइबर क्राइम लगातार बढ़ रहा है, इस पर अंकुश के लिए साइबर क्राइम थाने की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दी। उन्होंने आम जनता को साइबर अपराध से राहत दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाने का निर्देश दिया। थाने में इंस्पेक्टर के साथ ही पुलिस कर्मी 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। प्रभावितों की एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेंगे।

रिजर्व पुलिस लाइन में संचालित किए गए थाने का सीएम ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। जिले में जल्द ही साइबर थाना भवन के निर्माण की रणनीति भी बनी। इसके लिए सरकार ने बजट का इंतजाम किया है। बताया जा रहा है हाईटेक साइबर क्राइम थाना पर करीब दो करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसका बजट शासन ने तय कर दिया है। सदर विधायक पल्टूराम व तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री आम जनता को बेहतर माहौल देने के साथ ही अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए काम कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम पर अंकुश के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। सुपर प्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक थाने में पुलिस कर्मियों को सजग किया गया है। लोगों को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### अभी रिजर्व पुलिस लाइन में होगा थाने का संचालन, जल्द होगा भवन का निर्माण




पुलिस लाइन में साइबर थाने का शुभारंभ करते जनप्रतिनिधि व एसपी केशव कुमार। - संवाद

### प्रत्येक थाने के पांच इंस्पेक्टर होंगे दक्ष

साइबर क्राइम पर अंकुश के लिए जिले से पांच इंस्पेक्टर राज्य स्तर से प्रशिक्षित किए जाएंगे। जो प्रत्येक थाने के पांच-पांच इंस्पेक्टर या उपनिरीक्षक को प्रशिक्षित करेंगे। ऑनलाइन साइट्रेन पोर्टल पर साइबर क्राइम से जुड़ी सामग्री उपलब्ध है। जिसके जरिए पुलिस कर्मियों को विशेषज्ञ बनाएगा। जिससे वह लोगों को फौरी तौर पर सहूलियत दे सकें।

- **एक करोड़ हो चुके बरामद, कई सोशल अकाउंट कराए बंद :** साइबर क्राइम के मामलों में जिले की पुलिस ने कई काम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीते साल साइबर सेल ने साइबर ठगी में उड़ाए गए एक करोड़ 99 हजार रुपये वापस कराए हैं। वहीं साइबर ठगी के लिए प्रयोग में लाए जा रहे 317 मोबाइल नंबर बंद कराए हैं। इसके साथ ही 38 फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट भी बंद कराए हैं। लोगों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

## सीएम ने पुलिस लाइन में खोले गए साइबर थाने का किया वर्चुअल उद्घाटन, अधिकारियों ने सुना संवाद

# साइबर थाना खुला, अपराधियों की खैर नहीं

बदलता बलरामपुर

बलरामपुर, संवाददाता। सीएम योगी ने बुधवार को पुलिस लाइन में खोले गए साइबर थाने का वर्चुअल उद्घाटन किया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के मध्यम से जनप्रतिनिधियों व पुलिस अधिकारियों ने उनका संवाद सुना। सदर विधायक ने शिला से पट हटाकर उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की। यह थाना खुलने से साइबर अपराधियों पर नकेल कसना आसान होगा। साइबर अपराध का शिकार हुए लोग इस थाने में अपना केस दर्ज करवा सकेंगे। मौजूद जन प्रतिनिधियों ने साइबर थाने की स्थापना को जिले की बड़ी उपलब्धि बताया।

सीएम योगी ने पुलिस लाइन में स्थापित साइबर थाने का वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। वह बोले कि अपराध के तौर तरीकों में बदलाव आया है। सरकार अपराधियों की हर चुनौती से निपटने का तैयार है। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि सीएम योगी के शासनकाल में अपराधियों के हौसले पस्त हो चुके हैं। तमाम अपराधी जिला छोड़कर चले गए हैं। साइबर क्राइम का प्रचलन बढ़ रहा है। सरकार उनके मंसूबों को फेल करने में लग गई है। जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी ने साइबर थाने की स्थापना को सरकार का महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि नेपाल सीमा से सटे इस जिले में साइबर थाने की महती जरूरत थी। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल बोले कि एसपी केशव कुमार ने साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए जिले में जागरूकता अभियान चला रखा है। साइबर क्राइम का ग्राफ यहां नीचे है। आदर्श नगर पालिका चेयरमैन डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि साइबर थाना खुलने से जिलावासियों को काफी सहूलियत मिलेगी। साइबर क्राइम से जुड़े लोगों के हौसले पस्त होंगे। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह बोले कि सीएम योगी ने सभी को समान रूप से सुरक्षा दिए जाने का संकल्प पूरा कर दिखाया है।

**सत्येन्द्र बहादुर को सौंपा गया साइबर थाने पर प्रभार :**एसपी केशव कुमार ने बताया कि सत्येन्द्र बहादुर को साइबर थाने का प्रभार सौंपा गया है। एसआई, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबलों की नियुक्ति की गई है। काम बढ़ने के सापेक्ष पुलिस कर्मियों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। कहा कि साइबर क्राइम से बचने के लिए पहले से ही जागरूकता अभियान चल रहा है। जिसकी गति को और तेज किया जाएगा। साइबर क्राइम सम्बन्धी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नम्बर-1930 पर दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त जिले में साइबर हेल्प लाइन नम्बर-78398550004 व 78398550002 पर सहायता ली जा सकती है।



शिलापट खोलकर साइबर थाने को उद्घाटन करते सदर विधायक व अन्य।

### सीएम योगी ने पुलिस कर्मियों का बढ़ाया हौसला

सीएम योगी के संबोधन पर जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने ताली बजाकर थाना खोलने के निर्णय का स्वागत किया। सीएम ने अपने संबोधन में पुलिस का हौसला बढ़ाया। कहा कि 2017 के पहले पुलिस कर्मी खुद को असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन आज ऐसा नहीं है। यूपी पुलिस ने प्रदेश को सुरक्षा का नया आयाम दिया है। वर्दी देखकर बड़े-बड़े अपराधियों को पसीना निकल आता है। योगी का संबोधन सुनते समय पुलिस अधिकारियों के चेहरे पर चमक थी। साथ ही जनप्रतिनिधि भी खुशी जाहिर कर रहे थे।

# कानून की जानकारी देकर किया गया जागरूक

चौपाल

बलरामपुर, संवाददाता। थाना कोतवाली नगर की पुलिस ने चौपाल लगाकर छात्राओं को कानून की जानकारी दी गई। अपराधियों पर कार्रवाई के तरीके, क्षेत्र में नजर बनाए रखना तरीके जैसे तमाम जानकारियां दी गई।

थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस टीम जिले की जनता के लिए 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहती है। ड्यूटी का समय पूरा होने पर जब दूसरे कर्मचारी ड्यूटी पर आ जाते हैं तभी पहले से तैनात कर्मचारी अपनी ड्यूटी से हटते हैं। कहा कि मोबाइल टीम की भी व्यवस्था थाने में है। आपातकालीन स्थिति में मोबाइल टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचती है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर पर भी फोन करने पर आपातकालीन पुलिस मौके पर पहुंचकर अपराधियों पर लगाम लगती है। निरीक्षक संतोष कुमार ने कहा कि थाने पर महिला हेल्प डेक्स की व्यवस्था है जहां पर 24 घंटे महिला पुलिस की ड्यूटी रहती है। कोई भी महिला छात्र अगर अपनी समस्या को लेकर महिला हेल्प डेक्स पर पहुंचती है तो त्वरित कार्रवाई की जाती है। उप निरीक्षक मोहम्मद वसीम खान, अविरल शुक्ला ने छात्राओं को थाने पर अन्य जानकारी भी दी। उप निरीक्षक श्रवण चंद्र सिंह, उप निरीक्षक अजीत त्रिपाठी, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, दीवान पंकज पांडेय मौजूद रहे।


थाना कोतवाली नगर में मौजूद छात्राओं के साथ पुलिस टीम।

# सलाखों के पीछे उगाई फसल, शाक-भाजी प्रदर्शनी में प्रदेश में जिला अव्वल

## जिला कारागार को जिमीकंद व गांठगोभी में पहला, मूली में तीसरा स्थान

श्लोक मिश्र • बलरामपुर:

कहते हैं कि पश्चाताप बड़े से बड़े अपराधियों के हृदय को परिवर्तित कर देता है। इंसान जब चाहे जिंदगी में नई शुरुआत कर अपनी राह बदल सकता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों ने। विभिन्न अपराधों में जेल की सलाखों के पीछे कैद बंदियों को जेल प्रशासन ने उद्यम की नई राह दिखाई। कैदियों ने पसीना बहाया, तो जेल परिसर की जमीन भी फल व सब्जियों की खेती से लहलहा उठी।

कैदियों द्वारा उगाई गई फल व सब्जियों को बीते दिनों राज्यपाल भवन में आयोजित फल-पुष्प व शाक-भाजी प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया, तो सुखद परिणाम सामने आए। प्रदेश के अन्य जनपदों को पीछे छोड़कर बलरामपुर कारागार के जिमीकंद व गांठगोभी को पहला स्थान मिला। वहीं, मूली को तीसरे स्थान के लिए चुना गया। इस उपलब्धि से जेल प्रशासन गदगद है।



राज्यपाल भवन में प्रमाणपत्र के साथ जेल अधीक्षक आरके सिंह व अन्य • सौ. जेल प्रशासन

जिला कारागार में वर्तमान में 433 कैदी विभिन्न अपराधों में निरुद्ध हैं। इनमें से करीब 25 कैदी 10 एकड़ में फल व सब्जियों की खेती करते हैं। जेल के अंदर दो एकड़ व बाहर आठ एकड़ में कैदी खेती करते हैं।

परिसर के बाहर अधिकांश क्षेत्रफल में आलू और थोड़ी बहुत अन्य सब्जियों की खेती की जाती है। वहीं, अंदर गाजर, मूली, जिमीकंद, कद्दू, टमाटर, गांठगोभी समेत अन्य सब्जियों की खेती की जाती है। सब्जियों के साथ कैदी यहां विभिन्न प्रकार के फूलों को भी उगाते हैं। आठ एकड़ में करीब 13 व अंदर 12 कैदी खेती करते हैं। जेलर शैलेश सिंह सोनकर ने बताया कि कैदियों की मेहनत से सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। राज्यपाल भवन में आयोजित प्रदर्शनी में पुरस्कार मिलने से जेल प्रशासन के साथ कैदी भी उत्साहित हैं।

**पहले भी मिल चुका स्थान**: जेल अधीक्षक आरके सिंह ने बताया कि बीते वर्ष भी बलरामपुर जेल प्रशासन को दूसरा स्थान मिला था।

# कीमती वृक्षों के कटान का लगाया आरोप

रेहरा बाजार। गोंडा वन प्रभाग के रेहरा रेंज अन्तर्गत किशुनपुर ग्रिंट बीट में सागौन के कीमती वृक्षों को काटे जाने का आरोप लगाया गया है। दावा है कि एक पखवारे के बीच बीट से दो दर्जन सागौन के पेड़ काटे गए हैं। रेंजर का कहना है कि उन्हें वृक्षों के अवैध कटान की कोई जानकारी नहीं है। प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन रेंजर ने दिया है।

रेहरा बाजार निवासी धीरेन्द्र यादव ने बताया कि संगठित गिरोह के लोग किशुनपुर ग्रिंट बीट को अपना निशाना बनाए हुए हैं। मौका मिलते ही वे कीमती वृक्षों को काटकर उठा ले जाते हैं। यह खेल पिछले कई महीनों से चल रहा है।

# तेंदुए के हमले से सांड़ घायल, ग्रामीणों ने खदेड़ा

संवादसूत्र, गौरा चौराहा (बलरामपुर): बेनीनगर गांव में मंगलवार की रात तेंदुए ने सांड़ पर हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के हांका लगाने पर तेंदुआ खेतों की तरफ भाग गया। तेंदुए के हमले में साड़ के पिछले हिस्से में गहरा घाव हो गया है।

बेनीनगर गांव के उत्तर की ओर रात में तेंदुए ने सांड़ को दौड़ा लिया। सांड़ पर पंजों से कई वार किए। उसे पकड़ने के प्रयास में तेंदुआ गांव के किनारे तक पहुंच गया। सांड़ की आवाज सुनकर ग्रामीण पूर्णमासी, डीपी भारती, अनूप, दिलीप, सुशील, पप्पू, अजीत, रामफेर यादव आदि लाठी-डंडा, टार्च लेकर शोर मचाने लगे। टार्च की रोशनी में तेंदुआ खेतों की ओर भाग गया।

ग्रामीणों ने बताया कि बेनीनगर गांव के आसपास कोई जंगल नहीं है। एक सप्ताह पूर्व इसी गांव में तेंदुआ ने गाय को मारा था। वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उच्चधिकारियों से पत्राचार किया गया है आदेश मिलते ही तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

# अस्पताल से मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

जासं, बलरामपुर: जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती मरीजों व तीमारदारों के मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान चौक चूड़ी मार्केट निवासी रितिक के रूप में हुई है। उसके पास चोरी के पांच मोबाइल बरामद किए गए हैं।


चोर रितिक

क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन राय ने बताया कि जिला मेमोरियल अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों के मोबाइल चोरी होने की घटना बढ़ गई थी। बीते मंगलवार की रात आरोपित ने सर्जिकल वार्ड से पांच मोबाइल चोरी किए थे। सीसी कैमरे की फुटेज में आरोपित अपने मुंह पर रुमाल बांधे दिख रहा था। बुधवार को पब्लिक ने आरोपित को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। पूछताछ में आरोपित ने मोबाइल चोरी की बात स्वीकार की है।

# जांच में फर्जी मिले अस्पताल, कार्रवाई में कांप रहे हाथ

जासं, बलरामपुर: आमजन की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले फर्जी अस्पताल संचालकों की पौ बारह है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मेहरबानी से पंजीकरण, चिकित्सक व आवश्यक संसाधनों के बगैर ही तथाकथित अस्पताल फल फूल रहे हैं। तुलसीपुर में बिना पंजीकरण चल रहे नारायण क्लीनिक के नाम से प्रसिद्ध केशर क्लीनिक व दूसरे स्थान पर चल रहे तीन माह पूर्व सील अवध नर्सिंग होम पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने छापेमारी की थी। सीएचसी अधीक्षक के साथ बिना डिग्री की तथाकथित चिकित्सक ने अभद्रता की, लेकिन अफसरों ने कार्रवाई का डंडा नहीं चलाया। इससे पहले कई फर्जी अस्पतालों को सील करने की कार्रवाई तो हुई, लेकिन उन्हें पूरी तरह बंद कराकर दोषियों को सजा दिलाने में अधिकारियों के हाथ कांप रहे हैं।

**धड़ल्ले से चल रही अवैध क्लीनिक:** तुलसीपुर तहसील के सामने नारायण क्लीनिक का संचालन होता था। यहां के चिकित्सक की मृत्यु के बाद तथाकथित महिला चिकित्सक केशर ने अपनी दुकान शुरू कर दी। तबसे यह केशर क्लीनिक के नाम से संचालित है। सीएचसी अधीक्षक डा. सुमंत सिंह चौहान ने 24 फरवरी की रात यहां छापेमारी की तो अप्रशिक्षित लोग एक महिला का प्रसव कराते मिले। क्लीनिक के पंजीकरण के कागजात मांगने पर नहीं दिखा सके। छापेमारी के बाद विभागीय अधिकारियों ने चुप्पी साध ली। इससे मरीजों की जान से खेलने वालों के हौसले बुलंद हैं।

**बीयूएमएस की डिग्री पर चल रहा नर्सिंग होम:** नवंबर 2023 में सादुल्लाहनगर के रोशन हास्पिटल जच्चा बच्चा केंद्र में बीयूएमएस चिकित्सकों द्वारा आपरेशन के बाद गर्भवती की मौत पर जमकर हंगामा हुआ था। स्वजन के हंगामा करने पर डा. कारसाज अहमद, डा. परवेज अहमद, आफताब व डा. शादाब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच पूरी होने के बाद अस्पताल का पंजीकरण निरस्त कर सीज कर दिया गया। वहीं पचपेड़वा में इसी नाम से दूसरा अस्पताल चला रहे डा. कारसाज अहमद पर कार्रवाई से अधिकारी कतराते रहे। इसी बीच अस्पताल में डा. कारसाज के सर्जन होने का दावा करता साइन बोर्ड हटा दिया गया। अब इसमें सीएचसी गैंसड़ी के आयुष्मान विंग में तैनात डा. रोशन आरा का नाम महिला चिकित्साधिकारी के रूप में अंकित है। मजे की बात यह है कि आए दिन अस्पतालों का निरीक्षण करने के लिए प्रसिद्ध मुख्य चिकित्साधिकारी सब कुछ जानकर भी अस्पताल तक जाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।

**दर्ज कराया जाएगा मुकदमा:** सीएमओ डा. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि बिना पंजीकरण क्लीनिक व अस्पताल चलाने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। शीघ्र ही मैं स्वयं अभियान चलाकर अस्पतालों के पंजीकरण व मानकों की जांच करूंगा।




तुलसीपुर में तहसील के सामने चल रहा केशर क्लीनिक • जागरण



संचालित रोशन हास्पिटल एवं जच्चा-बच्चा केंद्र • जागरण

# सीएम ने दी साइबर क्राइम थाने की सौगात

## साइबर अपराधों पर कसेगी नकेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**साइबर थाने सहित 17 थानों में किया साइबर हेल्पडेस्क का वर्चुअल शुभारंभ**

**अब तक डीआईजी कार्यालय में संचालित था अब कोतवाली देहात में खुला साइबर थाना**

गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जिले में साइबर क्राइम थाना व 17 थानों में साइबर हेल्पडेस्क का वर्चुअल उद्घाटन किया। अब जिला स्तर पर साइबर अपराध की वारदात पर पुलिस कार्रवाई कर सकेगी। इसके अलावा जिले के 17 थानों की पुलिस भी साइबर अपराध से पीड़ित लोगों की सुनवाई कर सकेगी। अभी तक साइबर क्राइम थाना डीआईजी कार्यालय से संचालित हो रहा था। अब उसे कोतवाली देहात की एक बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया है।




गोंडा के देहात कोतवाली परिसर स्थित जिला स्तरीय साइबर अपराध थाना। -संवाद

एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि वर्ष 2020 में मंडल स्तरीय साइबर थाना डीआईजी कार्यालय में संचालित हो रहा था। जिसे जिला स्तरीय तब्दील कर दिया गया है। नया साइबर अपराध थाना कोतवाली देहात के एक भवन में संचालित किया गया है। इसमें प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश यादव, निरीक्षक हंजला अंसारी, मुख्य आरक्षी मोहन यादव, आरक्षी अजय यादव व आदित्य शाह की नियुक्ति की गई है। बताया कि 17 थानों में हेल्पडेस्क पर एक महिला व एक पुरुष आरक्षी की तैनाती की गई है। यहां साइबर अपराध से पीड़ित लोग अपने क्षेत्रीय थानों में आकर शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

## वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

**अभी रिजर्व पुलिस लाइन में होगा थाने का संचालन, जल्द होगा भवन का निर्माण**

बलरामपुर। साइबर क्राइम लगातार बढ़ रहा है, इस पर अंकुश के लिए साइबर क्राइम थाने की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दी। उन्होंने आम जनता को साइबर अपराध से राहत दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाने का निर्देश दिया। थाने में इंस्पेक्टर के साथ ही पुलिस कर्मी 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। प्रभावितों की एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेंगे।




पुलिस लाइन में साइबर थाने का शुभारंभ करते जनप्रतिनिधि व एसपी केशव कुमार। संवाद

रिजर्व पुलिस लाइन में संचालित किए गए थाने का सीएम ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। जिले में जल्द ही साइबर थाना भवन के निर्माण की रणनीति भी बनी। इसके लिए सरकार ने बजट का इंतजाम किया है। बताया जा रहा है हाईटेक साइबर क्राइम थाना पर करीब दो करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसका बजट शासन ने तय कर दिया है। सदर विधायक पल्टूराम व तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री आम जनता को बेहतर माहौल देने के साथ ही अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए काम कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम पर अंकुश के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। सुपर प्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक थाने में पुलिस कर्मियों को सजग किया गया है। लोगों को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### प्रत्येक थाने के पांच इंस्पेक्टर होंगे दक्ष

साइबर क्राइम पर अंकुश के लिए जिले से पांच इंस्पेक्टर राज्य स्तर से प्रशिक्षित किए जाएंगे। जो प्रत्येक थाने के पांच-पांच इंस्पेक्टर व उपनिरीक्षक को प्रशिक्षित करेंगे। ऑनलाइन साइट्रेन पोर्टल पर साइबर क्राइम से जुड़ी सामग्री उपलब्ध है। जिसके जरिए पुलिस कर्मियों को विभाग दक्ष बनाएगा। जिससे वह लोगों को फौरी तौर पर सहूलियत दे सकें।

- **एक करोड़ हो चुके बरामद, कई सोशल अकाउंट कराए बंद :** साइबर क्राइम के मामलों में जिले की पुलिस ने कई काम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीते साल साइबर सेल ने साइबर ठगों से उड़ाए गए एक करोड़ 99 हजार रुपये वापस कराए हैं। वहीं साइबर ठगी के लिए प्रयोग में लाए जा रहे 317 मोबाइल नंबर बंद कराए हैं। इसके साथ ही 38 फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट भी बंद कराए हैं। लोगों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

# सीएम ने की साइबर क्राइम थाने की आनलाइन शुरुआत

जासं, बलरामपुरः साइबर अपराध के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने के लिए रिजर्व पुलिस लाइंस में साइबर क्राइम थाना स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से साइबर क्राइम थाने का शुभारंभ किया।

आधुनिक उपकरणों व हाईटेक संसाधनों से लैस इस थाने में साइबर अपराध के मामले दर्ज किए जाएंगे। अब तक पुलिस अधीक्षक आवास परिसर में साइबर सेल व थानों पर साइबर हेल्प डेस्क में शिकायतें दर्ज की जाती थीं।

**प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम की तैनाती कर शुरू क्रियान्वयनः** मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ला एंड आर्डर प्रणाली को मजबूत करने के लिए साइबर थाने का शुभारंभ किया है। इससे लोगों को साइबर अपराधों के मामले में अब न्याय पाने में और भी बेहतर सुविधा मिलेगी।




रिजर्व पुलिस लाइन में साइबर क्राइम थाना के शुभारंभ पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक केशव कुमार (दाएं) व जनप्रतिनिधिगण • जागरण

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि अब तक जनपद में साइबर सेल संचालित था। इसे वृहद रूप देते हुए साइबर क्राइम थाना शुरू किया गया है। इसके लिए प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम की तैनाती कर क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया है। आधुनिक उपकरणों और हाईटेक संसाधनों से लैस इस थाने में साइबर अपराध के मामले दर्ज किए जाएंगे।

**साइबर सेल जागरूक करने संग वापस दिला रहा रुपये :** एसपी ने कहा कि साइबर सेल न सिर्फ लोगों को जागरूक कर रहा है, बल्कि लोगों को उनके रुपये भी वापस करा रहा है। एक वर्ष में साइबर सेल ने 42 लाख रुपये ठगों के बैंक खातों से बरामद किए हैं। 36 इंटरनेट मीडिया अकाउंट व साइबर अपराधों में प्रयुक्त 259 मोबाइल नंबरों को भी बंद कराया गया है। 500 से अधिक गुमशुदा मोबाइल लोगों को लौटाए गए हैं। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, नगर पालिका चेयरमैन डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला मंत्री तरुण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटक से बताईं डायल 112 की खूबियां

संवाद न्यूज एजेंसी



सदर तहसील में नुक्कड़ नाटक से लोगों को डायल-112 के बारे में किया जा रहा जागरूक। स्रोत-विभाग

बलरामपुर। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ से बुधवार को सदर तहसील गेट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लखनऊ से आए कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को यूपी पुलिस डायल 112 की खूबियां गिनाते हुए इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी।

टीम लीडर राम बहोर तिवारी ने अवधी गीत सुनाकर पुलिस द्वारा पीड़ित को त्वरित सहायता के बारे में जानकारी दी। बताया कि डायल 112 टीम की सक्रियता के चलते अपराध और आपराधिक घटनाओं को रोकने में पुलिस को काफी मदद मिलती है।

ऐसे में आपात स्थिति में लोग डायल 112 पर जरूर फोन करें। कहा कि वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, महिलाएं व बच्चे किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर फोन करके तत्काल पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा गंभीर मरीज भी मदद के लिए फोन कर सकते हैं। यूपी डायल 112 के प्रभारी राम वशिष्ट ने बताया कि यह टीम नौ दिनों तक जिले में रहेगी। जनपद के अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को डायल 112 के उपयोग के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# दहेज हत्या के दोषियों को आज सुनाई जाएगी सजा

बलरामपुर। जिला सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने नवविवाहिता की हत्या के मामले में सास, ससुर, जेठ व जेठानी को दोषी करार दिया है। जिला जज ने बृहस्पतिवार को निर्णय सुनाए जाने की तिथि नियत की है। सरकारी अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि चारों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। चारों दोषियों को आज न्यायालय में तलब किया गया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

हिन्दुस्तान

# नशीली गोलियों के साथ एक युवक गिरफ्तार

## सख्ती

**बहराइच।** फखरपुर थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक विन्देश्वरी यादव, उपनिरीक्षक राज नारायण त्रिपाठी व पुलिस बल ने वजीरगंज कुंडासर रोड पर बाइक सवार बौंडी थाने के अलीपुर दरौना निवासी छोटे उर्फ सानिफ को रोका। तलाशी में 250 अल्प्राजोलम नशीली टेबलेट बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज जेल भेजा गया है।

**किशोर अधिनियम में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार :** देहात कोतवाली में तैनात दरोगा विकास कुमार वर्मा व पुलिस बल ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। पुलिस ने पयागपुर थाने के शिवदहा निवासी रमेश यादव, खुथुर्वा ब बईनी निवासी संदीप यादव, देहात कोतवाली के चेतरा निवासी सांवली को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

**मवेशी वध मामले में वीडियो वायरल होने पर केस :** रामगांव थाने के रेहुवा मंसूर में मवेशी के वध का एक वीडियो वायरल हो रहा था। एसओ शशि कुमार राणा ने बताया कि इस मामले में सोमवार को घनश्याम शुक्ला की तहरीर पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत तीन को नामजद कर केस दर्ज किया गया है।

## कोर्ट से गैर हाजिर आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। रुपईडीहा थाने मे तैनात दरोगा विजय कुमार, मुख्य सिपाही अभिषेक द्विवेदी, सिपाही निरुपम दुबे ने केवलपुर के दशहरा बाग में दबिश दी। इंसान अली को आबकारी अधिनियम के तहत वारंट होने पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्तान

# राष्ट्र विरोधी गतिविधि पर एटीएस रखेगी पैनी नजर



पुलिस लाइन में साइबर थाने के उद्घाटन पर मौजूद जन प्रतिनिधि व एसपी

## लोकार्पण

**बहराइच, संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर अब पैनी नजर रखी जाएगी। नानपारा में एटीएस भवन बनकर तैयार हो गया है, तो साइबर अपराधी भी पुलिस की गिरफ्त से बच नहीं पाएंगे। सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए साइबर थाना व एटीएस भवन संग अरबों रुपये की कई परियोजनाओं का बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअली लोकार्पण व शिलान्यास किया।

नेपाल के समानांतर बहराइच की 101 किलोमीटर खुली सीमा लग रही है। अतिसंवेदनशील सीमा को देखते हुए योगी सरकार ने रुपईडीहा में एटीएस फील्ड युनिट स्थापना की घोषणा की थी। युनिट के गठन के साथ ही भवन निर्माण को 169.73 लाख बजट भी दिया गया था। इसके अलावा साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जल्द ही पुलिस परिसर में साइबर थाने का भी संचालन शुरू किया गया है। इसके अलावा 191.61 लाख की लागत से पुलिस अधीक्षक आवास, 684.83 लाख की लागत से थाना मटेरा के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। 2130.50 लाख की लागत से पुलिस लाइन, बहराइच में टाइप-ए के 32 आवास, 752.22 लाख की लागत से पयागपुर, 748.29 लाख की लागत से कैसरगंज, 1048.89 लाख से नानपारा व 768.18 लाख की लागत से महसी में अग्निशमन केन्द्र महसी का निर्माण कराया गया है।

इसके अलावा पुलिस जवानों के परिवार संग रहने के लिए 193.47 लाख की लागत से पुलिस लाइन में 32 महिलाओं के लिए हॉस्टल, 937.40 लाख की लागत से पुलिस लाइन में 150 पुरुष हॉस्टल, 159.57 लाख की लागत 32 क्षमता के हास्टल बैरेक एवं विवेचना कक्ष, ट्रांजिस्ट हाल का निर्माण, सुजौली में 122.56 लाख की लागत से 16 क्षमता, रामगांव में 188.95 लाख की लागत से 40 क्षमता की लागत से 40 क्षमता के पुरुष महिला कर्मियों के लिए हॉस्टल बनाया जा रहा है।

# नीलगाय की हत्या के तीन आरोपितों को पुलिस ने दबोचा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • जागरण

जासं, बहराइच : रामगांव इलाके में नीलगाय की हत्या का प्रयास कर सद्भाव बिगाड़ने के तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरार अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस टीमें छापेमारी कर रही है। घटना से हिंदू संगठनों में आक्रोश भी व्याप्त था। छह लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि अकबरपुरवा रेहुआ मंसूर निवासी निसार अहमद, लेंगड़ व सुफियान अपने अन्य साथियों के साथ नीलगाय को पकड़कर उसका वध करने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान किसी युवक ने आरोपितों की करतूत वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी। रेहुआ मंसूर निवासी घनश्याम शुक्ल की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। अकबरपुरवा रेहुआ मंसूर निवासी निसार अहमद, लेंगड़ व सुफियान को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया था। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

# ई-रिक्शा की 12 बैट्री चोरी

बहराइच : नानपारा कोतवाली इलाके में एक ही रात तीन ई-रिक्शा से 12 बैट्री चोरी कर ली गई। कोतवाल मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि जुबलीगंज निवासी गौरव कुमार बंसल नानपारा-बहराइच मार्ग स्थित कालीकुंडा मंदिर के पास पानी का प्लांट चलाते हैं।उनके प्लांट पर दो ई-रिक्शा खड़े थे। मंगलवार रात चोरों ने ई-रिक्शों से आठ बैट्री चोरी कर ली। घटना बाहर लगे सीसी कैमरे में भी कैद हो गई है। चोर चार पहिया वाहन से आते व बैट्री चुराते दिखाई पड़े। कतर्निया रोड पर भी एक ई-रिक्शे से चार बैट्री चोरी की गई। (जासं)

# अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**बहराइच।** अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष सिंह ने बताया कि अभियुक्त ननके उर्फ वाहिद निवासी ग्राम सिसैया दलेल खान थाना कौड़िया जिला गोंडा के विरुद्ध थाना दरगाह की पुलिस के द्वारा केस दर्ज किया गया था। आरोप है कि बालिका के साथ छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने अप्रैल 2020 को मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें अभियुक्त द्वारा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट में अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दिया था। न्यायाधीश वरुण मोहित निगम द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के बाद अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दी। (संवाद)

# वनरोज को पकड़ने वाले तीन गिरफ्तार

**बहराइच।** रामगांव थाना क्षेत्र में हत्या के लिए खाबड़ लगाकर वनरोज (नीलगाय) को पकड़ने वाले तीन आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर के मजरा अकबरपुरवा गांव में हत्या के उद्देश्य से खाबड़ लगाकर कुछ लोगों ने वनरोज को पकड़ा था। जिससे क्षेत्र के हिंदू संगठनों में रोष था और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका थी। थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने तीन नामजद व तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश शुरू की थी। पुलिस ने तीनों नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि निसार अहमद, लंगड़ उर्फ सज्जाद व सुफियान को गिरफ्तार किया गया है। शेष की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# पत्नी पर हमले का आरोपित गिरफ्तार

संसू, जरवलरोड(बहराइच) : ग्राम पंचायत बंभौरा निवासी महिला पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। बंभौरा बंगरेपुरवा निवासी गुड़िया मंगलवार को जरवलरोड स्थित एचडीएफसी बैंक के निकट गली से निकल कर अपने घर जा रही थी। गली में सन्नाटा देख अचानक पीछे से पहुंचे पति ने धारदार हथियार से उसके गले पर वार कर दिया। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों को एकत्र होने लगे तो आरोपित फरार हो गया था। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने बताया कि मामले में जिला बाराबंकी थाना रामसनेहीघाट ग्राम बसईगापुर निवासी रामाधार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री ने किया एटीएस और साइबर थाने का लोकार्पण

## वर्चुअली किया भवन का उद्घाटन, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर एटीएस लगाएगी प्रभावी अंकुश

जासं, बहराइच : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच पुलिस लाइन में बने साइबर थाना और पुलिस आवास का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके साथ बाबागंज में स्थापित एटीएस थाना का लोकार्पण हुआ। इस मौके पर सांसद अक्षयवरलाल गौड़, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल और नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा के अलावा एसपी वृंदा शुक्ला व एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

अब जिले में पांच कोतवाली समेत थानों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। पुलिस लाइन में साइबर थाने का निर्माण हुआ है। इसके अलावा 32 नए आवास बने हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका उद्घाटन लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकास के साथ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने में लगी है। इस मौके पर सांसद ने कहा कि नेपाल सीमा पर एटीएस थाना स्थापित होने से देश विरोधी गतिविधियां रुकेंगी। विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि पुलिस आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रही है। एसपी ने कहा कि बाबागंज में स्थापित एटीएस यूनिट से राष्ट्र विरोधी तत्व अपनी मंशा में कामयाब नहीं हो सकेंगे।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. पवित्रमोहन त्रिपाठी, सीओ पयागपुर हीरालाल कनौजिया, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया मौजूद रहे।

**05** कोतवाली भी जिले में हैं स्थापित

**02** की वृद्धि से 20 हुई जिले में थानों की संख्या

**01** थाने की स्थापना से नियंत्रित होगा साइबर अपराध





परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पुलिस लाइन में परियोजनाओं का लोकार्पण करते सांसद अक्षयवर लाल गौड व मौजूद विधायक सुरेश्वर सिंह, रामनिवास वर्मा, अनुपमा जायसवाल, एसपी वृंदा शुक्ल • जागरण

**करोड़ों की लागत के 21 कार्य स्वीकृत** : उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद गोंडा 191.61 लाख रुपये की लागत से पुलिस अधीक्षक आवास, लोक निर्माण विभाग 684.83 लाख रुपये की लागत से थाना मटेरा के प्रशासनिक भवन का निर्माण, उप्र पुलिस आवास निगम लखनऊ 2130.50 लाख रुपये की लागत से पुलिस लाइन में टाईप-ए के 32 आवास, 752.22 लाख रुपये की लागत से अग्निशमन केंद्र पयागपुर, 748.29 लाख रुपये की लागत से अग्निशमन केंद्र कैसरगंज, 768.18 लाख रुपये की लागत से अग्निशमन केंद्र महसी का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके अलावा 169.73 लाख रुपये की लागत से एटीएस फील्ड यूनिट भवन तथा 1048.89 लाख की लागत से अग्निशमन केंद्र नानपारा का कार्य पूर्ण है। सीएंडडीएस यूनिट-28 गोंडा ने 193.47 लाख रुपये की लागत से पुलिस लाइन में 32 महिलाओं के लिए हास्टल/बैरेक, 937.40 लाख की लागत से पुलिस लाइन में 150 पुरुष के लिए हास्टल/बैरेक, थाना रुपईडीहा में 159.57 लाख रुपये की लागत 32 पुरुष/महिला कर्मियों के लिए हास्टल एवं विवेचना कक्ष, ट्रांजिस्ट हाल का निर्माण, थाना सुजौली में कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड, बहराइच द्वारा 122.56 लाख की लागत से 16 क्षमता, थाना रामगांव में 188.95 लाख रुपये की लागत से 40, थाना सुजौली में 108.98 लाख की लागत से 48, थाना कोतवाली देहात में 108.98 लाख की लागत से 48, थाना रिसिया में 159.57 लाख की लागत से 32, थाना हरदी में 159.57 लाख की लागत से 32, थाना कोतवाली कैसरगंज में 108.77 लाख की लागत से 48, थाना फखरपुर में 122.58 लाख की लागत से 16, थाना जरवलरोड में 188.95 लाख की लागत से 40 तथा थाना खैरीघाट में 188.96 लाख की लागत से 40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरेक, विवेचना कक्ष एवं ट्रांजिस्ट हाल का निर्माण चल रहा है।

# अव्यवस्था देख चढ़ा एसपी का पारा, दी हिदायत

जासं, बहराइच : पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने बुधवार को अचानक महिला थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान भवन की रंगाई-पुताई व मरम्मत के निर्देश थानाध्यक्ष शीला यादव को दिए। थाना परिसर में सभी जगह अत्यधिक धूल मिट्टी एवं अव्यवस्थित ढंग से रखा हुआ फर्नीचर देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की। परिसर के अंदर व बाहर साफ-सफाई रखने व उगी घास को कटवाने की हिदायत दी। आवासीय भवन जर्जर स्थिति में देख मरम्मत कराने के साथ आगंतुकों के लिए पानी पीने की कोई व्यवस्था करने का निर्देश दिया। थाने में सीसी कैमरों को गलत दिशा में लगा देखा तो उसे सही दिशा में लगवाने के निर्देश दिया, ताकि उपयोगी फुटेज प्राप्त हो सके। जिन दंपतियों के काउंसलिंग की कार्यवाही चल रही है, उसका समयबद्ध निस्तारण करने को कहा।

# ठेलिया से घर वापस लौट रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पयागपुर (बहराइच)।** थाना क्षेत्र निवासी एक मजदूर बुधवार को ठेलिया से पुरानी ईंट की ढुलाई कर रहा था। ढुलाई के बाद घर वापस लौटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जता रही है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतपेड़िया के मजरा धोबियनपुवा निवासी जिलेदार (42) ठेलिया चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बुधवार की सुबह वे पुरानी ईंट की ढुलाई करने के लिए झाला तरहर गए थे। जहां से ढुलाई कर वापस आते समय उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी कलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। (संवाद)

# महिला थाने में मिली गंदगी व घास




**बहराइच में महिला थाने का निरीक्षण करतीं एसपी।** स्रोत : विभाग

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक ने बुधवार की दोपहर महिला थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने में फर्नीचर अव्यवस्थित ढंग से रखे मिले और गंदगी भी मिली। जिसपर एसपी ने पुलिसकर्मियों को फटकार लगाते हुए बेहतर साफ-सफाई रखने व रंग-रोगन करवाने के लिए निर्देशित किया।

एसपी वृंदा शुक्ला के निरीक्षण में महिला थाना परिसर में जगह-जगह धूल मिट्टी व बड़ी घासें उगी मिलीं। यही नहीं अव्यवस्थित ढंग से फर्नीचर रखे मिले। जिसपर एसपी ने नाराजगी जताते हुए थाना प्रभारी शीला यादव को बेहतर साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसपी ने थाना आए फरियादियों से बातचीत की और पुलिसकर्मियों की कार्रवाई का हाल जाना। एसपी ने सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की, कुछ कैमरे गलत दिशा में लगे मिले और जरूरी फुटेज नदारद रहीं। उन्होंने कैमरों की दिशा सही करने को निर्देशित किया। आवासीय भवन जर्जर दिखने पर तत्काल मरम्मत करने, आगंतुकों के लिए पानी पीने के लिए तत्काल वाटर डिस्पेंसर लगाने के लिए निर्देशित किया। (संवाद)

# पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला पति गिरफ्तार

**जरवलरोड।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंभौरा बंगेरपुरवा निवासी गुड़िया पर एचडीएफसी बैंक के पास उनके पति रामाधार ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। जिसे बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी बृजराज प्रसाद ने बताया कि आरोपी पति बाराबंकी जिले के थाना रामसनेही घाट के बसईगापुर निवासी रामाधार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है। (संवाद)

# पीड़ितों को वापस करवाए मोबाइल

**बहराइच।** दरगाह थाना प्रभारी हरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि फजील अहमद व राशिद अहमद ने प्रार्थना पत्र देकर मोबाइल खोने की तहरीर दी थी। जिसपर आईएमईआई नंबर से मोबाइल का पता लगाकर पीड़ितों को सुपुर्द कर दिया गया। (संवाद)

# गुंडा अधिनियम का वारंटी गिरफ्त में

**बहराइच।** कोतवाल देहात बृजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि चंदनापुर सिकड़िया निवासी लौंडऊ पर बौंडी थाने में गुंडा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज था। न्यायालय की ओर से वारंट जारी होने के बाद भी आरोपी फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। (संवाद)

# 32 आवासीय भवन व साइबर थानों की सौगात

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से किया 21 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले की पुलिसिंग को और चुस्त-दुरुस्त करने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले को साइबर व एटीएस थाने की सौगात दी। साथ ही 32 आवासीय भवन का भी शुभारंभ किया। वहीं, विभिन्न थानों में महिला व पुरुष आरक्षियों के लिए हॉस्टल निर्माण का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

**सीमा के पास मजबूत होगा सुरक्षा घेरा**



पुलिस लाइन में शिलापट का लोकार्पण करते सांसद व विधायक। -संवाद

पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस लाइन के सामने साइबर थाने का व बाबागंज में एटीएस फील्ड युनिट भवन का निर्माण किया गया है। इसके पास ही पुलिसकर्मियों के परिवार सहित रहने के लिए टाइप- ए के 32 आवासीय भवन बनाए गए हैं। जिनका बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअली शुभारंभ किया। इसको लेकर नवनिर्मित आवासीय भवन के पास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से परियोजनाओं के शिलालेख का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में एटीएस थाने के शुभारंभ से सुरक्षा चाक-चौबंद होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में अपराधियों पर कार्रवाई के साथ ही पुलिस संसाधनों को भी उच्चीकृत किया जा रहा है।

**अग्निशमन केंद्रों का निर्माण पूर्ण :** एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं में 21 कार्य स्वीकृत हुए थे। जिसमें 191.61 लाख की लागत से पुलिस अधीक्षक आवास, 684.83 लाख की लागत से थाना मटेरा के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य जारी है। वहीं, 2130.50 लाख की लागत से पुलिस लाइन में टाईप-ए के 32 आवास, 169.73 लाख की लागत से एटीएस फील्ड यूनिट भवन निर्माण का कार्य पूरा हो गया है और उसका मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। साथ ही 752.22 लाख की लागत से अग्निशमन केंद्र पयागपुर, 748.29 लाख की लागत से अग्निशमन केंद्र कैसरगंज, 768.18 लाख की लागत से अग्निशमन केंद्र महसी व 1048.89 लाख की लागत से अग्निशमन केंद्र नानपारा का भी कार्य पूर्ण है।

### महिला व पुरुष आरक्षियों के लिए बन रहे हॉस्टल

एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि 193.47 लाख की लागत से पुलिस लाइन में 32 महिलाओं के हॉस्टल, 937.40 लाख की लागत से पुलिस लाइन में 150 पुरुष हॉस्टल, 159.57 लाख की लागत से थाना रूपईडीहा में 32 क्षमता का महिला-पुरुष हॉस्टल, थाना सुजौली में 122.56 लाख की लागत से 16 क्षमता का हॉस्टल, थाना रामगांव में 188.95 लाख की लागत से 40 क्षमता के हॉस्टल का निर्माण कार्य जारी है।

साथ ही थाना कोतवाली देहात में 108.98 लाख की लागत से 48 क्षमता, थाना रिसिया में 159.57 लाख की लागत से 32 क्षमता, थाना हरदी में 159.57 लाख की लागत से 32 क्षमता, कोतवाली कैसरगंज में 108.77 लाख की लागत से 48 क्षमता, थाना फखरपुर में 122.58 लाख की लागत से 16 क्षमता, थाना जरवलरोड में 188.95 लाख की लागत से 40 क्षमता व थाना खैरीघाट में 188.96 लाख की लागत से 40 क्षमता के पुरूष-महिला कर्मियों के हॉस्टल, विवेचना कक्ष व ट्रांजिट हॉल का निर्माण कार्य जारी है। कार्यक्रम में एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा, एएसपी डॉ. पवित्र मोहन व अन्य मौजूद रहे।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-02-2024

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया, इस मौके पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया

# साइबर थाने और एटीएस यूनिट का लोकार्पण

**सुविधा 1**

श्रावस्ती, संवाददाता। भिनगा में स्थापित साइबर क्राइम थाना और एटीएस यूनिट का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया। साइबर थाना स्थापित करने से साइबर अपराधों पर अंकुश लगेगा।

वर्तमान समय में साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शासन की ओर से साइबर अपराधों तथा इनमें लिप्त अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाई करने के लिए सभी जिलों में साइबर थानों की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भिनगा में साइबर थाने का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। इस थाने में



साइबर थाने के लोकार्पण पर मौजूद अधिकारी

जिले की साइबर अपराध से संबन्धित सभी शिकायतों का पंजीकरण किया जायेगा तथा थाने स्तर से ही विवेचना कर साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्यवाई की जायेगी। इसके लिए इस थाने में साइबर अपराध की जानकारी रखने वाले पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। साइबर क्राइम पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी चन्द्रहास मिश्रा को दी गई है। एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि साइबर थाने का सीयूजी नम्बर 6389983097 है। जिस पर

- साइबर अपराधों पर लगाया जायेगा अंकुश
- साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी

साइबर क्राइम सहायता के लिए सीयूजी नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। क्षेत्राधिकारी साइबर सन्दीप कुमार वर्मा का मोबाइल नम्बर 7839000212 है। इसी क्रम में सभी थानों पर साइबर क्राइम हेल्पडेस्क भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने के साथ ही साइबर थाना पर शिकायत दर्ज करायें। नवनिर्मित साइबर क्राइम थाना के उद्घाटन के उपरान्त साइबर अपराध से सम्बन्धित एक मामला भी दर्ज किया गया।

## एटीएस का भी उद्घाटन हुआ

**2**

श्रावस्ती। श्रावस्ती में एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) फील्ड यूनिट भवन का भी वर्चुअली उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की मौजूदगी में उद्घाटन समारोह का भव्य तरीके से आयोजन किया गया।

उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन को सुना गया। एसपी ने बताया कि जनपद श्रावस्ती भारत नेपाल सीमा से सटा हुआ है। एटीएस यूनिट संचालन से राष्ट्र विरोधी गतिविधियां रुकेंगी और राष्ट्रविरोधी तत्व अपनी मंशा में कामयाब नहीं हो

- एटीएस फील्ड यूनिट भवन का भी वर्चुअली उद्घाटन किया गया

सकेंगे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अवधेश कुमार पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख गिलौला प्रतिनिधि गिरीश चन्द्र पाण्डेय, उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष श्री दीनानाथ गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी साइबर सन्दीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी एटीएस वासुदेव राणा, प्रभारी साइबर थाना चन्द्रहास मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक व तमंचा संग गिरफ्तार

**श्रावस्ती, संवाददाता।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी को देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की एक बाइक बरामद की गई है। आरोपी पर मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक सिरसिया भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सलीम कुरैशी पुत्र सुलेमान कुरैशी निवासी अमकोलवा पोस्ट डफालीपुरवा थाना विश्वेशरगंज जनपद बहराइच को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। आरोपी के पास से एक नाजायज देशी कट्टा 315 बोर,

- पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया
- आरोपी बोला मोटर साइकिल हमने पयागपुर बहराइच से चोरी की थी

02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर और एक अदद पैशन प्रो मोटर साइकिल के साथ पकड़ा है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि दो व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल लेकर भिनगा से आ रहे है और भरथा कला होते हुए नेपाल जायेंगे। इस पर पुलिस ने पीछा किया। इस पर पीछे बैठा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। मोटर साइकिल चालक को पकड़ लिया। जिसकी पहचान सलीम कुरैशी पुत्र सुलेमान कुरैशी के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी से कबूल किया है कि अपने शौक पूरे करने के लिए मोटर साइकिल चोरी करते हैं और नेपाल में बेचते है। आरोपी ने बताया कि यह मोटर साइकिल हम लोगों ने थाना पयागपुर बहराइच से चोरी की थी।

# 'साइबर थाने से अपराधियों पर होगी त्वरित कार्रवाई'

- मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से साइबर थाना व एटीएस फील्ड यूनिट भवन का किया लोकार्पण

जासं, श्रावस्ती : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भिनगा स्थित जिला पुस्तकालय के निकट नवनिर्मित आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के फील्ड यूनिट भवन व पुलिस लाइन स्थित साइबर पुलिस थाने का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। डीएम कृतिका शर्मा व एसपी घनश्याम चौरसिया ने दोनों भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा।

डीएम ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसमें लिप्त अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी जिलों में साइबर क्राइम पुलिस थानों की स्थापना की जा रही है। पुलिस लाइन परिसर में अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त साइबर क्राइम पुलिस थाने का लोकार्पण किया गया है। इससे लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाया जा सकेगा। पीड़ितों को न्याय मिलेगा। एसपी ने कहा कि थाने में साइबर अपराध से संबंधित सभी शिकायतों का पंजीकरण किया जाएगा। थाने स्तर से ही विवेचना कर साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साइबर क्राइम पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी चंद्रहास मिश्रा को दी गई है। इनका सीयूजी नंबर-6389983097 है। इसके अलावा सीओ साइबर संदीप कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नंबर 7839000212 है। आतंकवाद निरोधक दस्ता फील्ड यूनिट की शुरुआत होने से राष्ट्रविरोधी गतिविधियां रुकेंगी। विधायक पुत्र अवधेश कुमार पांडेय, समाजसेवी गिरीश चंद्र पांडेय, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी एटीएस वसुदेव राणा मौजूद रहे।

## महिलाओं और वालिकाओं को वताए उनके अधिकार

श्रावस्ती : मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों व शक्ति मोबाइल टीम ने सिरसिया क्षेत्र के बकटवा व सोनवरसा गांव पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून की जानकारी दी। साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया।(वि)

## थाने का किया निरीक्षण

श्रावस्ती : एसपी घनश्याम चौरसिया ने मल्हीपुर थाने का निरीक्षण किया। थाना कार्यालय पहुंचकर विभिन्न अभिलेखों की जांच की। अभिलेखों का रखरखाव व परिसर की सफाई देखी। परिसर में खड़े लावारिस व मुकदमाती वाहनों का आपरेशन क्लीन के तहत निस्तारण के निर्देश दिए।(वि)

## तमंचा संग वाइक चोर वंदी

श्रावस्ती : सिरसिया पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान तेंदुआ रतनपुर मुख्य नहर पुल के पास से बहराइच जिले के विशेश्वरगंज क्षेत्र के अमकोलवा निवासी सलीम कुरैशी को दबोच लिया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक व तमंचा बरामद किया गया है।(वि)

## दवोचे गए पांच वारंटी

श्रावस्ती : मल्हीपुर थानाध्यक्ष जयहरि मिश्र ने पुलिस टीम के साथ बरगदहा निवासी वारंटी बाबूराम, सोरहिया के बहाब खां, रहूफ, फत्तेपुर के चंदर व पोंदिली गांव के भानू को दबोच लिया। गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय पर प्रस्तुत किया गया।(वि)

# शिकायत पर डीएम ने किया नक्शे की मिलान



स्थलीय सत्यापन करतीं डीएम। स्रोत : सूचना विभाग

**श्रावस्ती।** राजस्व कर्मियों की ओर से बनाए जा रहे रियल टाइम खतौनी व नक्शा दुरुस्ती में लापरवाही की शिकायत पर डीएम कृतिका शर्मा मंगलवार शाम पटखौली पहुंचीं। रियल टाइम खतौनी निर्माण में कहीं अंश निर्धारण तो कहीं पति व पिता सहित खातेदार के नाम में त्रुटि है। जिसकी शिकायत इकौना तहसील क्षेत्र के पटखौली के किसान ने की थी। आरोप था कि गाटा संख्या 1247 व 1275 के मध्य नक्शा सही नहीं है। शिकायत पर डीएम ने नक्शा संशोधन का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने नक्शे की मिलान कराई। कमी मिलने पर तहसीलदार इकौना विपुल सिंह, नायब तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी व लेखपाल सहित अन्य को नक्शा सुधारने का निर्देश दिया। (संवाद)